2 राजधानी
कोविड से बचाव की व्यवस्था को दुरुस्त रखें

6 अभिमत
टेक्सास प्रकरण में पाकिस्तानी हाथ

10 विदेश
यूक्रेन तनावः युद्ध शुरू नहीं करेगा रूस

11 विविध
सांस्कृतिक क्षेत्र पर लाकडाउन का असर

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 100
लखनऊ, शनिवार, 29 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



रोहित की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट सुरक्षित
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

## भाजपा ने जारी की 91 उम्मीदवारों की एक और सूची

# शाही-सिद्धार्थनाथ समेत कई मंत्री मैदान में

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ


**भाजपा** ने आज अपने उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की है। जिसमे कुल 91 उम्मीदवारों के नाम है। भाजपा की इस सूची में भी लखनऊ के प्रत्याशियों के नाम नहीं है। अभी भी लखनऊ की कई सीट पर पेंच हैं। इसके साथ ही उन्नाव में विधानसभा अध्यक्ष पंडित हृदयनारायण दीक्षित की सीट पर भी अभी संशय है। श्री दीक्षित उन्नाव की भगवंतनगर से विधायक हैं। वह नौवीं से लेकर 12वीं विधानसभा के गठन में लगातार चुनाव जीते, इसके बाद उनको 2017 में सफलता मिली। प्रदेश में अभी भाजपा को सहयोगी दलों को भी कई सीट देनी है।


प्रदेश में भाजपा की कई जिलों में लगभग एक.दो सीटों पर सस्पेंस बना है। इनमें मऊ व आजमगढ़ से लेकर बलिया तक कई सीट हैं। समाजवादी पार्टी के बाद भाजपा ने भी प्रतापगढ़ के कुंडा से निर्दलीय दबंग विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ प्रत्याशी उतार दिया है। सिंधुजा मिश्रा यहां पर राजा भैया को चुनौती देंगी। पूर्व मंत्री अनुपमा जयसवाल को बहराइच के बहराइच सदर से प्रत्याशी बनाया गया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शलभ मणि त्रिपाठी को देवरिया की

● राजा भैया के खिलाफ उतारा प्रत्याशी हृदयनारायण दीक्षित की सीट पर भी अभी संशय

● हैदरगढ़ से बैजनाथ रावत का टिकट कटा

सदर सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। सुलतानपुर की कादीपुर सुरक्षित सीट से भाजपा ने पुराने चेहरे को तरजीह दी है। यहां से विधायक राजेश गौतम इस बार भी उम्मीदवार हैं। भाजपा ने बाराबंकी के हैदरगढ़ से विधायक बैजनाथ रावत का टिकट काट दिया है। उनकी जगह पर दिनेश रावत को उतारा है। पार्टी ने बाराबंकी सदर और हैदरगढ़ से नया प्रत्याशी उतारा है। रामनगर से शरद अवस्थी, कुर्सी से साकेन्द्र प्रताप वर्मा, दरियाबाद से सतीश शर्मा, सदर से अरविंद मौर्य, हैदरगढ़ से दिनेश रावत और जैदपुर से अमरीश रावत को प्रत्याशी बनाया है। बहुजन समाज पार्टी तथा समाजवादी पार्टी के गढ़ माने जाने वाले आजमगढ़ में भाजपा ने दस विधानसभा में से नौ पर प्रत्याशी घोषित किए हैं। गोपालपुर से सत्येंद्र राय, आजमगढ़ से अखिलेश मिश्र,









निजामाबाद से मनोज यादव, दीदारगंज से कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा, लालगंज से नीलम सोनकर, मेंहनगर से मंजू सरोज। पुराने चेहरों में अखिलेश मिश्र गुड्डू तथा कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा हैं। वर्ष 2017 में मेंहनगर से भाजपा एवं सुभासपा गठबंधन में सुभासपा की प्रत्याशी रहीं मंजू सरोज अब भाजपा का चेहरा हैं। भाजपा ने इकलौती सीट फूलपुर.पवई से अभी किसी को उम्मीदवार नहीं बनाया है। समाजवादी पार्टी ने यहां से भाजपा विधायक अरुणकांत के पिता रमाकांत यादव को टिकट दिया है। नीलम सोनकर पहली बार विधायक बनने के लिए चुनाव लड़ेंगी। वह लालगंज सुरक्षित सीट से वर्ष 2014 में भाजपा से सांसद चुनी गईं थीं। वर्तमान में भाजपा संगठन में प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। योगी सरकार में मंत्री सुरेश पासी को सुलतानपुर के जगदीशपुर राजेंद्र प्रताप सिंह मोती को प्रतापगढ़ से पट्टी सिद्धार्थ नाथ सिंह को प्रयागराज के इलाहाबाद पश्चिम से नंद गोपाल नंदी को, प्रयागराज के इलाहाबाद दक्षिण रमापति शास्त्री को, गोंडा के मनकापुर से जय प्रताप सिंह को, सिद्धार्थनगर के बांसी से सतीश द्विवेदी को, सिद्धार्थनगर के इटवा से जयप्रकाश निषाद को, देवरिया के रुद्रपुर से सूर्य प्रताप शाही को, देवरिया के पथरदेवा से उपेंद्र तिवारी को बलिया के फेफना से उम्मीदवार बनाया गया है।

इसके अलावा बिसवां से निर्मल वर्मा तिलोई से मयंकेश्वर सिंह सलोन से अशोक कोरी सरेनी से धीरेन्द्र बहादुर सिंह जगदीशपुर से सुरेश कुमार पासी कादीपुर से राजेश गौतन भोगनीपुर से राजेश सचान तिंदवारी से रमाकेश निषाद रामपुर खास से नागेश प्रताप सिंह छोटे सरकार् बाबागंज से केशव पासी कुंडा से सिंधुजा मिश्रा पट्टी से राजेन्द्र प्रताप सिंह श्मोतीश् मंझनपुर से लाल बहादुर फाफामऊ से गुरु प्रसाद मौर्य फूलपुर से प्रवीण कुमार पटेल मेजा से नीलम करवरिया इलाहाबाद पश्चिम से सिद्धार्थनाथ सिंह इलाहाबाद दक्षिण से नंद कुमार गुप्ता श्नंदीश् कोरांव से आरती कोल कुर्सी से साकेन्द्र प्रताप वर्मा रामनगर से शरद कुमार अवस्थी बाराबंकी से अरविंद मौर्य जैदपुर से अमरीश रावत दरियाबाद से सतीश चंद्र शर्मा रुदौली से रामचंद्र यादव हैदरगढ़ से दिनेश रावत मिल्कीपुर (अजा) से बाबा गोरखनाथ बीकापुर से अमित सिंह चौहान अयोध्या से वेद प्रकाश गुप्ता गोसाईगंज से आरती तिवारी जलालपुर से सुभाष राय बलहा से सरोज सोनकर मटेरा से अरुण वीर सिंह महसी से सुरेश्वर सिंह बहराइच से अनुपमा जायसवाल पयागपुर से सुभाष त्रिपाठी कैसरगंज से गौरव वर्मा भिनगा से पदमसेन चौधरी श्रावस्ती से रामफेरन पांडेय तुलसीपुर से कैलाश नाथ शुक्ला गैसड़ी से शैलेश कुमार सिंह उतरौला से राम प्रताप श्शशिकांत वर्माश् बलरामपुर से पलटूराम मेहनौन से विनय कुमार द्विवेदी गोंडा से प्रतीक भूषण सिंह कटरा बाजार से बावन सिंह करनैलगंज से अजय कुमार सिंह तरबगंज से प्रेम नरायण पांडेय मनकापुर से रमापति शास्त्री गौरा से प्रभात कुमार वर्मा कपिलवस्तु से श्यामधनी राही बनसी से जय प्रताप सिंह इटवा से डा. सतीश चंद्र द्विवेदी डुमरियागंज से राघवेन्द्र प्रताप सिंह हरैया से अजय कुमार सिंह कप्तानगंज से चंद्र प्रकाश शुक्ला बस्ती सदर से दयाराम चौधरी महादेवा से रवि कुमार सोनकर खलीलाबाद से अंकुर राज तिवारी धनघटा से गणेश चंद्र चौहान फ्रेंदा से बजरंग बहादुर सिंह पनियारा से ज्ञानेन्द्र सिंह कैम्पियारगंज से फतेहबहादुर सिंह पिपराइच से महेन्द्र पाल सिंह सहजनवा से प्रदीप शुक्ला खजनी से श्रीराम चौहान बांसगांव से विमलेश पासवान चिल्लूपार से राजेश त्रिपाठी फजिलनगर से सुरेंद्र कुशवाहा कुशीनगर से पीएन पाठक हाटा से मोहन वर्मा ( शेष पेज 9 )

## उप्र स्थानीय निकाय विधान परिषद सीटों के लिए दो चरणों में होंगे चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/लखनऊ

● द्विवार्षिक चुनाव दो चरणों में तीन और सात मार्च को

● पहले चरण में 29 और दूसरे चरण में छह निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान होगा मतगणना 12 मार्च को

**चुनाव** आयोग ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में 35 स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्रों की 36 विधान परिषद सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव दो चरणों में 3 और 7 मार्च को होंगे। इसके सदस्यों का कार्यकाल 7 मार्च को समाप्त हो रहा है। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि मथुरा-एटा-मैनपुरी स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्र में दो सीटें हैं, जिसके लिए अलग-अलग चुनाव होंगे। पहले चरण में 29 और दूसरे चरण में छह निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान होगा। मथुरा-एटा-मैनपुरी स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्र के लिए पहले चरण में मतदान होगा जिसमें दो सदस्य हैं। तीन मार्च को होने वाले पहले चरण के मतदान की अधिसूचना 4 फरवरी को जारी की जाएगी, जबकि दूसरे चरण के लिए 7 मार्च को होने वाले मतदान की अधिसूचना 10 फरवरी को जारी की जाएगी। मतगणना 12 मार्च को होगी।

विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच लोकल बॉडी एमएलसी के चुनावों का ऐलान कर दिया गया है। प्रदेश के 36 स्थानीय निकायों में 2 चरणों में चुनाव करवाया जाएगा। लोकल बॉडी एमएलसी के चुनाव में पहले चरण में 3 मार्च को वोट डाले जाएंगे। इस चरण में एमएलसी की 30 सीटों के भाग्य का फैसला होगा। दूसरे चरण में 7 मार्च को वोटिंग होगी। इस चरण में 6 सीटों के लिए मतदान किया जाएगा। दोनों चरण की वोटिंग के बाद 12 मार्च को नतीजे घोषित किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि लोकल बॉडी एमएलसी चुनाव में जनता सीधे वोट नहीं करती है।

इसके बजाए ग्राम प्रधानए बीडीसी मेंबर, ज़िला पंचायत सदस्य और नगर निकायों के सभासद इसके लिए वोटिंग करते हैं। विदित हो कि राज्य सभा की तरह एमएलसी का कार्यकाल भी 6 साल का होता है। इन्हें राज्यों का ऊपरी सदन और असेंबली को निचला सदन कहा जाता है। असेंबली से बिल पास होने के बाद विधान परिषद में जाते हैं। जहां पर गहनता से प्रत्येक मुद्दे पर चर्चा की जाती है। वहां से पास होने के बाद ही उन्हें पास होने के लिए गवर्नर को भेजा जाता है।

## युवाओं के हौसलों को कोई रोक नहीं सकता

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को स्टार्ट-अप से लेकर खेल की दुनिया में युवाओं के सामर्थ्य की सराहना करते हुए कहा कि जिस देश का युवा राष्ट्र प्रथम की सोच के साथ आगे बढ़ने लगता है तो उसे दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती है। राजधानी स्थित करियप्पा ग्राउंड में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संस्थान को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और इस सिलसिले में एक उच्च स्तरीय समीक्षा समिति भी गठित की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले दो साल में देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में एक लाख नए कैडेट बनाए गए हैं।

एनसीसी में लड़कियों की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, आज सेना में महिलाओं को बड़ी जिम्मेदारियां मिल रही हैं। एयरफोर्स में देश की बेटियां लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं। ऐसे में हमारा प्रयास होना चाहिए कि एनसीसी में भी ज्यादा से ज्यादा बेटियां शामिल हों। युवाओं में नशे की लत पर चिंता जताते हुए



प्रधानमंत्री ने युवा कैडेटों से इसके खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने का अनुरोध किया और इसकी शुरूआत अपने परिसर से करने को कहा। उन्होंने कहा, जिस स्कूल-कॉलेज में एनसीसी हो, एनएसएस हो वहां पर ड्रग्स कैसे पहुंच सकती है। आप कैडेट के तौर पर खुद ड्रग्स से मुक्त रहें और साथ ही साथ अपने कैंपस को भी ड्रग्स से मुक्त रखें।

आपके साथी, जो एनसीसी या एनएसएस में नहीं हैं, उन्हें भी इस बुरी आदत को छोड़ने में मदद करिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक ओर डिजिटल प्रौद्योगिकी और सूचना से जुड़ी अच्छी संभावनाएं हैं तो दूसरी ओर भ्रामक सूचनाओं के खतरे भी हैं। इसलिए आम आदमी किसी अफवाह का शिकार न हो, ए भी जरूरी है। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स से इसके लिए जागरूकता अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने उनसे वोकल फॉर लोकल अभियान में भी बड़ी भूमिका निभाने की गुजारिश की। उन्होंने कहा, अगर भारत के युवा ठान लें कि जिस चीज के निर्माण में किसी भारतीय का श्रम लगा है, किसी भारतीय का पसीना बहा है, सिर्फ वही चीज इस्तेमाल करेंगे, तो भारत का भाग्य बदल सकता है।

प्रधानमंत्री ने खुद एनसीसी से जुड़े होने पर गर्व महसूस करते हुए कहा, मुझे गर्व है कि मैं भी कभी आपकी तरह ही एनसीसी का सक्रिय कैडेट रहा हूं। मुझे एनसीसी में जो ट्रेनिंग मिली, जो जानने सीखने को मिला, आज देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन में मुझे उससे असीम ताकत मिलती है। कैडेटों के युवा होने का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज इस समय जितने भी युवक-युवतियां एनसीसी या एनएसएस में हैं, उसमें से ज्यादातर इस शताब्दी में ही पैदा हुए हैं और उन्हें ही भारत को 2047 तक सफलता की ओर ( शेष पेज 9 )

## जिनके कार्यकाल में बिजली नहीं, वे अब मुफ्त देने का वादा कर रहे हैं: योगी



**भाषा।** मेरठ (उप्र)

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि जिनके कार्यकाल में बिजली नहीं आती थी, वे अब बिजली मुफ्त देने का वादा कर रहे हैं। वह जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर हस्तिनापुर के अयोध्यापुरी में प्रभावी मतदाता संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि जिनके कार्यकाल में बिजली नहीं आती थी, अब वही लोग बिजली मुफ्त करने का वादा कर रहे हैं। योगी ने कहा कि ऐसे लोगों को विकास अच्छा नहीं लगता। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में ही किसानों को 14 दिन में गन्ना मूल्य का भुगतान मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में दंगाइयों का सम्मान किया गया और उस दौरान महिलाओं तथा बेटियों की सुरक्षा का किसी ने ख्याल नहीं किया लेकिन अब भाजपा के पांच साल का फर्क साफ नजर आ रहा है।

योगी ने कहा कि उन्होंने पांच साल में 45,00000 गरीबों को आवास देकर सबको सुरक्षा और सबको सम्मान की भावना से काम किया। उन्होंने कहा कि केवल भाजपा सरकार ही काम कर सकती है। मुख्यमंत्री ने सभी से मतदान के दिन पहले मतदान बाद में जलपान करने की अपील की। मेरठ पहुंचे मुख्यमंत्री ने इससे पहले मेडिकल कॉलेज में कोविड वार्ड का निरीक्षण करने के बाद बाद संवाददाताओं से कहा कि भारत का कोविड प्रबंधन पूरे देश में सराहा गया और टीके के बारे में शुरूआत में लोगों ने भ्रम फैलाया। उन्होंने कहा कि कोविड रोधी टीके को भाजपा का ( शेष पेज 9 )

## सपा आई तो 300 यूनिट बिजली मुफ्त



**भाषा।** मुजफ्फरनगर (उप्र)

**समाजवादी** पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि सपा-रालोद गठबंधन उत्तर प्रदेश में किसानों के खिलाफ कोई गलत कानून लागू नहीं होने देगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा)-रालोद के सरकार में आने पर 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी और सिंचाई शुल्क भी माफ होगा। सपा प्रमुख ने कहा कि उनके गठबंधन की सरकार के आने पर किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद के लिए सरकार की तरफ से जो इंतजाम करने पड़ेंगे, वे किए जाएंगे। अखिलेश ने यह भी कहा कि उनकी सरकार आने पर ऐसी व्यवस्था की जाएगी कि किसानों को गन्ने के भुगतान के लिए इंतजार न करना पड़े। वह यहां राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रमुख जयंत चौधरी के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित ( शेष पेज 9 )

### बिना कारण रोका गया मेरा हेलीकॉप्टरः अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया कि बिना कोई कारण बताए उनके हेलीकॉप्टर को दिल्ली में रोककर रखा गया है जिससे वह चुनाव संबंधी कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए मुजफ्फरनगर नहीं जा पाने के कारण दिल्ली में फंसे हैं। अखिलेश ने शुक्रवार को ट्वीट किया मेरे हेलीकॉप्टर को अभी भी बिना किसी कारण बताए दिल्ली में रोककर रखा गया है और मुजफ्फरनगर नहीं जाने दिया जा रहा है। जबकि भाजपा के एक शीर्ष नेता ने अभी यहाँ से उड़ान भरी है। सपा प्रमुख ने कहा, हारती हुई भाजपा की ए हताशा भरी साजिश है। उल्लेखनीय है कि अखिलेश यादव का राष्ट्रीय लोकदल के प्रमुख जयंत चौधरी के साथ मुजफ्फरनगर में साझा संवाददाता सम्मेलन करने और कुछ अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

### मलिहाबाद से सुशीला सरोज और मोहनलालगंज से अमरीश पुष्कर को टिकट

**लखनऊ( पीएनएस )।** उत्तर प्रदेश चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने उम्मीदवारों की एक और लिस्ट जारी कर दी है। शुक्रवार को पार्टी ने आठ उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है। गुरुवार को भी सपा की तरफ से 56 उम्मीदवार मैदान में उतारे गए थे। आज पार्टी की ओर से जारी की गई सूची के अनुसार कासगंज पटियाली से नादिरा सुल्तान, बदायूं से रईस अहमद, सीतापुर सिधौली से हरगोविंद भार्गव, कानपुर देहात की सिकन्दरा से प्रभाकर पाण्डेय, कानपुर नगर की कानपुर कैंट से मो. हसन रूमी, बांदा से मंजुला सिंह को टिकट दिया गया है। समाजवादी पार्टी ने लखनऊ की नौ में से दो सीटों पर भी अपने उम्मीदवार तय कर दिए। मलिहाबाद सुरक्षित सीट पर मोहनलालगंज की पूर्व सांसद सुशीला सरोज को सपा ने उम्मीदवार बनाया ( शेष पेज 9 )

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,200 | ↓ 76 | |
| निफ्टी | 17,101 | ↓ 08 | |
| सोना | 47,777 | ↓ 423 | /10g |
| चांदी | 61,652 | ↓ 1105 | /kg |

### क्विक न्यूज

**डॉ. वी अनंत नागेश्वरन नए मुख्य आर्थिक सलाहकार बने**



**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को अर्थशास्त्री वी अनंत नागेश्वरन को मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) नियुक्त किया। क्रेडिट सुइस ग्रुप एजी और जूलियस बेयर ग्रुप के साथ काम कर चुके और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े नागेश्वरन अब के वी सुब्रमण्यम का स्थान लेंगे, जिन्होंने अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद दिसंबर 2021 में सीईए का पद छोड़ दिया था। एक सरकारी बयान में कहा गया कि नागेश्वरन ने शुक्रवार को सीईए का पद संभाल भी लिया।

## कोरोना के चलते स्कूल-कालेज छह फरवरी तक रहेंगे बंद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** का संक्रमण के चलते राज्य में स्कूल-कालेजों में अवकाश फिर बढा दिया गया है। गृह विभाग ने स्कूल और कालेज को आगामी छह फरवरी तक बंद करने का आदेश दिया है। अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, प्रदेश के सभी स्कूल और कालेज छह फरवरी तक बंद रहेंगे। इस दौरान आनलाइन कक्षाएं चलती रहेंगी। इससे पहले सरकार ने 30 जनवरी तक शिक्षण संस्थानों को बंद करने का आदेश दिया था। कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए योगी आदित्यनाथ ने आज ताजा हालात की समीक्षा में छह फरवरी तक स्कूलों को बंद करने का निर्देश दिया था। जिसके बाद शासन की तरफ से आदेश जारी किया गया है। विदित हो कि कोविड की तीसरी लहर के दस्तक देने के बाद विगत 16 जनवरी तक स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया था। कोविड का प्रकोप जारी रहने पर शिक्षण संस्थानों को फिर 23 जनवरी तक बंद कर दिया गया था। इसके बाद शासन ने स्कूलों की बंदी की अवधि को बढ़ाकर अब 30 जनवरी कर दिया। अब फिर से सभी स्कूल और कालेजों को छह फरवरी तक बंद करने का आदेश दिया है।

## महाराष्ट्र के बारह भाजपा विधायकों का निलंबन असंवैधानिकः सुप्रीम कोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि सदन या विधानसभा के किसी सदस्य को चालू सत्र की शेष अवधि से ज्यादा के लिए निलंबित करने से कुल मिलाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रभावित होगी क्योंकि इससे मामूली बहुमत वाली या गठबंधन सरकार को अलोकतांत्रिक तरीके से विपक्षी दलों की संख्या में हेरफेर का अवसर मिल सकता है। कथित तौर पर पीठासीन अधिकारी से दुर्व्यवहार के कारण महाराष्ट्र विधानसभा से एक साल के लिए निलंबित किए गए 12 भाजपा विधायकों की याचिकाओं पर अपने फैसले में न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की तीन सदस्ईय पीठ ने कहा कि एक साल के लिए निलंबन निष्कासन, अयोग्यता या इस्तीफे से बद्तर है।

पीठ ने कहा, हमें इन रिट याचिकाओं को स्वीकार करने में कोई संकोच नहीं है और



जुलाई 2021 में हुए संबंधित मानसून सत्र की शेष अवधि के बाद तक के लिए इन सदस्यों को निलंबित करने वाला प्रस्ताव कानून की नजर में असंवैधानिक, काफी हद तक अवैध और तर्कहीन है। पीठ ने कहा कि अतः, इस प्रस्ताव को कानून में निष्प्रभावी घोषित किया जाता है, क्योंकि यह उस सत्र की अवधि के बाद तक के लिए था, जिसमें यह प्रस्ताव पारित हुआ था। शीर्ष अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता जुलाई 2021 में शेष सत्र की अवधि समाप्त होने पर और उसके बाद विधानसभा के सदस्य होने के सभी लाभों को पाने के हकदार हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि चालू सत्र की शेष अवधि से अधिक के लिए निलंबन के कारण संबंधित सदस्य की अनावश्यक गैरमौजूदगी बुनियादी लोकतांत्रिक मूल्यों का उल्लंघन होगी और इससे भी महत्वपूर्ण यह कि विधानसभा में निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व नहीं किया जाएगा। अपने 90 पन्नों के फैसले में पीठ ने कहा, यह निष्कर्ष के लिए पर्याप्त है कि एक साल का निलंबन निष्कासन, अयोग्यता या इस्तीफा से भी बद्तर है- जहां तक सदनाविधानसभा के समक्ष प्रतिनिधित्व करने वाले निर्वाचन क्षेत्र के अधिकार का संबंध है।

पीठ ने कहा कि विधायिका में अपने सदस्यों को चालू सत्र की अवधि से परे निलंबित करने की शक्ति देने वाले किसी भी स्पष्ट प्रावधान के अभाव में, विधायिका की अंतर्निहित शक्ति को केवल आवश्यक सीमा तक और प्रासंगिक समय पर सदन के कार्यों के उचित अनुपालन के लिए ही लागू किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र विधानसभा नियमों के नियम 53 का उल्लेख किया, जो सदस्य ( शेष पेज 9 )

## एससी/एसटी को प्रोन्नति में आरक्षण का मामला

# मानदंड तय करने से उच्चतम न्यायालय ने किया इनकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जातियों (एससी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) को प्रोन्नति में आरक्षण देने के लिए कोई मानदंड तय करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बी आर गवई की तीन सदस्ईय पीठ ने कहा कि राज्य सरकारें एससीाएसटी के प्रतिनिधित्व में कमी के आंकड़े एकत्र करने के लिए बाध्य हैं।

पीठ ने कहा, बहस के आधार पर हमने दलीलों को छह बिंदुओं में बांटा है। एक मानदंड का है। जरनैल सिंह और नागराज मामले के आलोक में हमने कहा है कि हम कोई मानदंड निर्धारित नहीं कर सकते। पीठ ने कहा, परिमाणात्मक आंकड़ों को एकत्रित करने के लिहाज से हमने कहा है कि राज्य इन आंकड़ो को एकत्रित करने के लिए बाध्य हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि एससीाएसटी के अपर्याप्त प्रतिनिधित्व के संबंध में सूचनाओं को एकत्रित करने को पूरी सेवा या श्रेणी से जोड़कर नहीं देखा जा सकता बल्कि इसे उन पदों की श्रेणी या ग्रेड के संदर्भ में देखा जाना चाहिए जिन पर प्रोन्नति मांगी गई है।

पीठ ने कहा, यदि एससीाएसटी के प्रतिनिधित्व से संबंधित आंकड़े पूरी सेवा के संदर्भ में होते हैं तो पदोन्नति वाले पदों के संबंध में परिमाणात्मक आंकड़ो को एकत्रित करने की इकाई, जो कैडर होनी चाहिए, निरर्थक हो जाएगी। सही अनुपात में प्रतिनिधित्व के संदर्भ में शीर्ष अदालत ( शेष पेज 9 )

# कोविड से बचाव की व्यवस्था को दुरुस्त रखें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ






**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोरोना संक्रमण से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को निरन्तर सुदृढ़ रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में संक्रमण से बचाव के मद्देनजर विशेष सतर्कता एवं सावधानी बरतना आवश्यक है। उन्होंने कोविड प्रोटोकॉल का पूर्णतया पालन कराए जाने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश तेजी से शत प्रतिशत टीकाकरण की दिशा में अग्रसर है। अब तक 25 करोड़ 51 लाख से अधिक कोविड टीके का सुरक्षा कवच नागरिकों को प्रदान किया जा चुका है। कोरोना वैक्सीनेशन से बचे पात्र व्यक्तियों का तेजी से टीकाकरण किये जाने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि विधान सभा निर्वाचन के प्रथम चरण के मतदान से पूर्व 100 प्रतिशत पात्र लोगों को टीके की पहली डोज और 75 प्रतिशत पात्र नागरिकों को दूसरी डोज लगाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के उद्देश्य से संचालित विशेष सर्विलांस अभियान के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। इसे और प्रभावी बनाया जाए। निगरानी समितियों.आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों की टीम घर.घर जाएं। परिवार के सभी सदस्यों के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त करे। संक्रमण की दृष्टि से संदिग्ध लोगों तथा लक्षणयुक्त व्यक्तियों को निःशुल्क मेडिसिन किट उपलब्ध कराई जाए। कोविड टीकाकरण से छूटे लोगों को चिन्हित कर वैक्सीनेशन कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पताल में उपचार करा रहे कोविड पॉजिटिव मरीजों के परिजनों से सीएम हेल्प लाइन के माध्यम से नियमित अन्तराल पर संवाद किया जाए। होम आइसोलेशन में स्वास्थ्य लाभ ले रहे कोविड मरीजों से संवाद कर उन्हें मेडिकल परामर्श दवाएं आदि सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाराणसी में संत रविदास जी की स्मृति में आयोजित होने वाले पारम्परिक मेले के दृष्टिगत सभी आवश्यक प्रबन्ध कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि मेले में कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पिछले 24 घण्टों में राज्य में कोरोना संक्रमण के 7,907 नए मामले सामने आए हैं। इस अवधि में 14,993 व्यक्तियों को सफल उपचार के उपरान्त डिस्चार्ज किया गया। वर्तमान में प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 65263 है। पिछले 24 घण्टे में प्रदेश में 1 लाख 80 हजार 883 कोरोना टेस्ट किए गए। अब तक राज्य में 9 करोड़ 88 लाख 84 हजार 193 कोविड टेस्ट सम्पन्न हो चुके हैं। राज्य में गत दिवस तक 25 करोड़ 51 लाख 7 हजार से अधिक कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी हैं। 9 करोड़ 95 लाख 44 हजार से अधिक लोगों को टीके की दोनों डोज देकर कोविड सुरक्षा कवच प्रदान किया जा चुका है। इस प्रकार लगभग 67.52 प्रतिशत लोग कोविड टीके की दोनों डोज ले चुके हैं। 14 करोड़ 57 लाख 80 हजार से अधिक लोगों ने कोविड वैक्सीन की पहली डोज प्राप्त कर ली है। यह संख्या टीकाकरण के लिए पात्र प्रदेश की कुल आबादी की 98.89 प्रतिशत है। विगत दिवस तक 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के 87 लाख 33 हजार से अधिक किशोरों ने टीका कवर प्राप्त कर लिया हैए जो टीकाकरण के पात्र किशोरों की संख्या का 62.32 प्रतिशत है। इसी प्रकार 10 लाख 49 हजार से अधिक पात्र लोगों ने प्रिकॉशन डोज भी प्राप्त कर ली है, जो पात्र लोगों का लगभग 80 प्रतिशत है।

# अखिलेश यादव का हेलीकॉप्टर रोके जाने पर सपा की कड़ी प्रतिक्रियाएं

## ● निर्वाचन आयोग से कार्रवाई की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने कहा है कि भाजपा सरकार और उसके इशारे पर कुछ प्रशासनिक अधिकारी विपक्ष की आवाज को दबाने की साजिशों में हद से बाहर जा रहे है। निर्वाचन आयोग को इस बात का संज्ञान लेकर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हेलीकाप्टर को दिल्ली से मुजफ्फरनगर के कार्यक्रम में जाने के लिए घंटो क्यों रोका गया, लोकतंत्र के साथ ऐसा खिलवाड़ हुआ तो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की बात बेमानी हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के हेलीकाप्टर को बिना किसी कारण बताए दिल्ली में घंटो रोककर रखा गया और मुजफ्फरनगर जाने में अवरोध किया गया जबकि भाजपा के एक शीर्ष नेता को वहां से उड़ने दिया गया। यह जताता है कि हारती हुई भाजपा की ये हताशा भरी साजिश है। अखिलेश यादव पूर्व मुख्यमंत्री हैं । ऐसी स्थिति उत्पन्न होने से उनकी सुरक्षा को गम्भीर खतरा भी है। चौधरी ने कहा कि इस घटना से यह सच सामने आ गया है कि भाजपा सरकार की मंशा विपक्ष को चुनाव प्रचार से हर तरह से रोकने की है। वह तानाशाही तरीके से विपक्ष खासकर समाजवादी पार्टी के कार्यक्रमों में अवरोध पैदा करने की साजिशें रचने में आगे हैं। वैसे भी भाजपा नेतृत्व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के खिलाफ आए दिन अमर्यादित और अभद्र टिप्पणियां करने से बाज नहीं आ रहा। भाजपा के कारण लोकतंत्र और संविधान दोनों को गम्भीर खतरा है। विपक्ष के अधिकारों पर कुठाराघात किया जा रहा है। देश से अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति बन रही है। भाजपा लोकतंत्र में चुनावों की निष्पक्षता पर भी अपने कारनामों से प्रश्नचिह्न लगा रही है। भाजपा के सघन जनसम्पर्कए सभाओंए बैठकों पर कहीं रोक नहीं है जबकि सपा को कोविड नियमों का पालन करते हुए चुनाव प्रचार से रोका जा रहा है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की मांग है कि निर्वाचन आयोग भाजपा सरकार के लोकतंत्र विरोधी आचरण का तुरन्त संज्ञान लेकर उसकी मनमानी रोके। यह संविधान और संवैधानिक दायित्वों के निर्वहन का गम्भीर प्रश्न है।

## भाजपा-सपा चुनाव को हिन्दू-मुस्लिम व जातीय रंग देना चाहते हैं: मायावती



**लखनऊ।** यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के बीच जिन्ना से लेकर कैराना के उठ रहे मामले को देखते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने दोनों पार्टियों पर चुनाव को हिन्दू.मुस्लिम व जातीय रंग देने का आरोप लगाया है। साथ ही मायावती ने इससे जनता को सतर्क रहने की सलाह भी दी है। शुक्रवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि यूपी विधानसभा चुनाव में जिस प्रकार से धर्म व जाति की राजनीति हावी है व मीडिया में भी ऐसी ख़बरें भरी पड़ी रहती हैं उससे ऐसा लगता है कि यह सब सपा व बीजेपी की अन्दरुनी मिलीभगत के तहत ही हो रहा है और वे चुनाव को हिन्दू.मुस्लिम व जातीय नफ़रती रंग देना चाहती हैं। जनता सतर्क रहे।

# युवाओं को बेरोजगार रखने से कुछ राजनीतिक दलों को हो रहा है फायदा

## ● कांग्रेस महासचिव ने युवाओं के साथ किया वर्चुअल संवाद, भर्ती विधान में शामिल पार्टी की प्रतिज्ञाओं पर की चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस** के भर्ती विधान युवा घोषणाष् पत्र को लेकर कांग्रेस महासचिव और प्रभारी उत्तर प्रदेश प्रियंका गांधी ने फेसबुक लाइव के माध्यम से संवाद किया और भर्ती विधान में शामिल पार्टी की प्रतिज्ञाओं चर्चा की। प्रियंका गांधी ने कहाए मैंने उत्तर प्रदेश एक कई हिस्सों में युवाओं से संवाद कियाए उनके बीच से कई मुद्दे निकलेए उनकी क्षमताओं के बारे में पता चलाए इसके बाद चर्चा.संवाद कर यह भर्ती विधान तैयार किया गया। युवाओं से बात करते हुए उन्होंने कहा हमने भर्ती विधान निकाला है। इसके पीछे सोच क्या थी यूपी में जहां भी जाती हूं युवाओं के यही मुद्दे हैं कि हम युवाओं के लिए आप क्या करेंगी उन्होंने कहा भर्तियों में युवा अपना समय खर्च करते हैं मां बाप पैसे खर्च करते हैं छात्र मेहनत करते हैंए लेकिन नियुक्तियां नहीं हो रही हैं। कभी घोटाला हो जाता हैए कभी पेपर लीक हो जाता है पासिंग ग्रेड बदल दिया जाता है। इस तरह छात्र प्रताड़ित हो रहे हैं। सबसे ज्यादा नौजवान यूपी में हैं हर जगह नौजवान मुझसे पूछते हैं कि दीदी रोजगार के लिए क्या करेंगे हमारा विकास नहीं हो रहा है हमारे लिए सरकार क्या करेगी मैं ऐसे छात्रों से मिलती हूं जिन्होंने अपने जीवन के पांच साल सात साल सरकारी नौकरी की तैयारी में निकाल दिए हैं। नियुक्तियां नहीं हो रही हैं, पेपर लीक हो रहा है घोटाला हो जाता है। इसलिए हमने नौजवानों के लिए एक अलग विधान बनाया। अपने भर्ती विधान में हमने बताया कि हम 20 लाख नौकरियां देंगे कैसे। अगर एक नौजवान अपना बिजनेस शुरू करना चाहता हैए तो उसकी सहायता कैसे करेंगे। नौकरियों की जो हालत है उसे लेकर उत्तर प्रदेश में युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य कैसे सही रहेए इसके लिए भी हमने प्रावधान किए हैं। प्रयागराज में मैं निषादों से मिलीए तो पता चला कि नदी पर जो अधिकार होता था निषादों काए या उनको रोजगार मिलता था अब उसपर उनका हक़ नहीं है। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस बार-बार कह रही है कि जातिवाद और सांप्रदायिक राजनीति से जनता का विकास नहीं होगाए लोगों को रोजगार नहीं मिलेगा। जो लोग 70 साल की बात कर रहे हैं उन्हें पता होना चाहिए कि आईआईटीए एम्स जैसे संस्थान कांग्रेस ने ही बनाए हैं। बीते साल साल में भाजपा सरकार ने बनाया तो कुछ नहींए हाँ बेचा जरूर है। अब रेलवे का प्राइवेटाइजेशन करेंगे तो नौकरियां ख़त्म ही ही होगी। उन्होंने कहा लोकतंत्र में सबसे बड़ी शक्ति युवाओं के हाथ में ही है उस शक्ति को युवा ठीक से समझेंगे और उसका उपयोग करेंगे तभी आगे बढ़ पाएंगे। देश में ऐसी राजनीति फैल रही है जो युवाओं को बहकाने का काम कर रही है। चुनाव के समय बात होनी चाहिए कि नौकरी कहाँ से देंगे युवाओं बच्चों की शिक्षा के लिए क्या करेंगे। भाजपा चुनाव के समय रोजगार की बात इसीलिए नहीं करती है क्योंकि न तो उसने कुछ किया और न ही उसका कुछ करने का इरादा है। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश में नेता जान रहे हैं कि लोग पानी नल सड़क विद्यालय की स्थिति को देखकर नहीं बल्कि जाति के आधार पर वोट दे रहे हैं।

## कौड़ियों के दाम पर एयर इंडिया का सौदा सरकारी सम्पत्ति की बहुत बड़ी लूट: प्रमोद तिवारी

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि कल का दिन ष्भारत माताष् के लिए एक और दुःखद तथा दुर्भाग्यपूर्ण दिन था जब भारतीय जनतापार्टी सरकार ने आसमान की आन. बान और शान हमारा महाराजा (एयर इण्डिया) जो देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी हमारी शान और पहचान था जिस पर देश के तमाम महामहिम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री विदेशों में दौरों पर जाते थे उसे नीलाम करके एयर इण्डिया को एक अन्य पूंजीपति ष्टाटाष् को पहले बेंचा था और अब कब्जा दखल भी दे दिया। उन्होंने कहा कि अब भारत सरकार की अपनी कोई एयर लाइन्स नहीं बची है, यदि एयर इण्डिया की सम्पत्तियों का आंकलन किया जाय तो वह खरबों में बैठती है किन्तु विनिवेश के नाम पर जिस तरह कौड़ियों के दाम उसे बेंचा गया है वह सरकारी सम्पत्ति की बहुत बड़ी लूट है।

# मोदी सरकार ने 'वन रैंक, वन पेंशन' के नाम पर धोखा दिया: पृथ्वीराज चव्हाण



## ● महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने सेना के हितों पर कांग्रेस का श्वेत पत्र जारी किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महाराष्ट्र** के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा है कि मोदी सरकार और भाजपा ने एक तरफ़ तो सेना की कुर्बानी सेना के शौर्य का इस्तेमाल अपने राजनैतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए किया, दूसरी ओर सेना और सैनिकों के हितों पर कुठाराघात किया। श्वन रैंकए वन पेंशनश् के नाम पर धोखाए सेना के पदों को न भरनाए सेना की मूलभूत सुविधाओं को भी छीन लेनाए विसंगतियों को जानबूझकर नज़रंदाज करनाए सिविलियन कर्मचारियों के मुकाबले सेना से भेदभाव करनाए पूर्व सैनिकों के पुनर्वास व रोज़गार पर चोट पहुंचाना तथा सैन्य शक्ति को कमज़ोर करना मोदी सरकार में सेना का मनोबल तोड़ने की साजिशों का हिस्सा है। चव्हाण शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय पर प्रेसवार्ता को कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने मोदी राज में सेना और सैनिकों को लेकर हो रहे अपमान पर श्वेतपत्र ष्शौर्य के नाम पर वोट सेना के हितों पर चोटष् भी जारी किया।

पायनियर वर्गीकृत

## सूचना

मैं कमलेश यादव पत्नी आर्मी नंबर 1514 0956 हवलदार नाम दर्शन कुमार , यूनिट 198 फील्ड रेजीमेंट निवासी 628F/128A टीका पुरवा सी ब्लॉक इंदिरा नगर लखनऊ घोषणा करती हूं कि मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा जन्मतिथि गलती से 03/06/1980 लिख गया जबकि मेरा सही जन्मतिथि 23/01/1981 है जो कि सत्य है

## आवश्यकता है

**सरदार सिंह शिवराज सिंह महाविद्यालय रघुवरनगर, धोंधी-सीतापुर-261207**

**आवश्यकता है**

**प्राचार्य/विभागाध्यक्ष (बी.एड. विभाग)**

**शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान-** यू0जी0सी एवं लखनऊ विश्वविद्यालय मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति व चार फोटो एवं आधार कार्ड के साथ आवेदन करें।

**प्रबन्धक**

**मो0 9653089100, 8090992449**

## आवश्यकता

**सीतापुर शिक्षा संस्थान, कनवाखेड़ा रस्यौरा, सीतापुर (सम्बद्ध लखनऊ विवि, लखनऊ)**

आवश्यकता : - बी0कॉम (02 पद सहा. आचार्य) तथा बी0एस-सी0 (पी. सी.एम. तथा बायो ग्रुप) पाठ्यक्र हेतु (05 पद सहा0 आचार्य)योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय नियमावली के अनुरूप। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन के साथ अपने समस्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियॉ एवं दो फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 14 दिन के अन्दर आवेदन करें।

**नोट :-** सम्बन्धित विषय से परास्नातक के साथ पी0एच0डी0 अथवा नेट की अर्हता अनिवार्य।

**सम्पर्क सूत्र :-**

1. 9450908295, 2. 8931828126

**E-Mail. ID :-**

sss.kanwakhera@gmail.com

# 25 हजार का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सहारनपुर** की टपरी डिस्टलरी में सौ करोड़ रुपये की टैक्स चोरी के मामले में शुक्रवार को एसटीएफ ने शराब कारोबारी अजय जायसवाल के पार्टनर व मुख्य साजिशकर्ता मनोज कुमार जायसवाल को लखनऊ से गिरफ्तार किया। मनोज की गिरफ्तारी पर 25000 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

उल्लेखनीय है कि बीते साल 3 मार्च को शराब फैक्ट्री को.आपरेटिव कंपनी लिए टपरीए सहारनपुर से लोकल आबकारी डिस्ट्रीब्यूटर्सए ट्रान्सपोर्टर एवं फैक्ट्री में नियुक्त आबकारी अधिकारियों की मिलीभगत से भारी मात्रा में अवैध शराब निकाली जा रही थी। जिससे प्रत्येक माह करोड़ो रुपये की टैक्स चोरी कर राज्य सरकार को भारी राजस्व की हानि पहुंचाई जा रही थी। एसटीएफ ने इस गिरोह का खुलासा करते हुए आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था। इसी अभियोग में वांछित सरगना ट्रान्सपोर्टर एवं 25,000 रुपये के इनामी अभियुक्त सत्यवान शर्मा को हरियाणा प्रान्त से 30 जुलाई 2021 को एवं कम्पनी का टेक्निकल हेड कमल डेनियल को उत्तराखण्ड से दिनांक 11.8.2021 को एवं कम्पनी का सेल्स हेड एवं लाइजनिंग आफिसर अश्वनी कुमार उपाध्याय को 23 सितम्बर 2021 एसटीएफद्वारा गिरफ्तार किया गया था ए जो 25-25 हजार रुपये के पुरस्कार घोषित वांछित अपराधी थे । प्रकरण में एसटीएफ द्वारा अब तक कुल 13 अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है । इसी अभियोग में सीएल .2 गोदाम कानपुर व उन्नाव के अनुज्ञापी अजय जायसवाल के पार्टनर व मुख्य साजिशकर्ता मनोज कुमार जायसवाल की गिरफ्तारी के प्रयास चल रहे थे। एसटीएफ को उसके लखनऊ में आने की सूचना मिली। एसटीएफ की टीम ने सूचना के आधार पर लखनऊ के लोरेटो कान्वेंट स्कूल के पास ओवरब्रिज के नीचे से मनोज कुमार जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह सीएल .2 गोदाम कानपुर व उन्नाव के अनुज्ञापी अजय जायसवाल के परिवार का सदस्य एवं शराब व्यवसाय में 25 प्रतिशत का हिस्सेदार है। को-ऑपरेटिव कम्पनी टपरी सहारनपुर का सेल्स हेड एवं इस कम्पनी के मालिक प्रणय अनेजा के ही फाइनेन्स कम्पनी स्टैलर कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड डी .10 ए ओखला फेस .1 दिल्ली के लाइजनिंग आफिसर अश्वनी उपाध्याय ने उससे सम्पर्क कर टपरी फैक्ट्री से एक ही बिल्टी पर दो बार शराब निकालने की बावत बात किया। संतुष्ट होने पर मनोज कुमार जायसवाल की प्रणय अनेजा से दिल्ली स्थित कार्यालय पर गोपनीय मीटिंग जनवरी 2021 में करवायी थी। फैक्ट्री से सीएल .2 गोदामों पर शबनम अंगूरी ब्राण्ड की देशी शराब भेजवाने एवं उसका पेमेण्ट कम्पनी के खाते में कराने एवं कम्पनी के अन्य कागजी कार्यवाही को पूरा कराने की जिम्मेदारी अश्वनी कुमार उपाध्याय की थी । टपरी को . ऑपरेटिव फैक्ट्री में नियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से ट्रांसपोर्ट के ट्रकों के माध्यम से नजदीक के डिस्ट्रीब्यूशन पॉइंट पर 2 दिन के 1 गेटपास पर 2 चक्कर और उन्नाव और कानपुर के डिस्ट्रीब्यूशन पॉइंट पर 4 दिन के 1 गेटपास पर 2 चक्कर लगाकर एक ही बिल्टी पर एक्साइज टैक्स की बड़ी चोरी की घटना अंजाम दी जाती थी। फैक्ट्री से गाड़ी की निकासी के दौरान फैक्ट्री के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा फैक्ट्री के सीसीटीवी कैमरे को बंद कर दिया जाता था व ट्रांसपोर्ट कम्पनी के ट्रक ड्राइवरों द्वारा ट्रक में लगे जीपीएस को भी ऑफ कर दिया जाता है जिसके कारण गाड़ियों के फेरों की जीपीएस लोकेशन लॉग नहीं होती थी।

# बसपा ने 53 उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** विधानसभा के चौथे चरण के चुनाव को लेकर बसपा ने शुक्रवार को 53 उ मीदवारों की एक और सूची जारी की है। सूची में पांच महिलाओं सहित 16 मुस्लिम उम्मीदवारों को बसपा ने टिकट दिया है। खास बात यह है कि भाजपा नेता और पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री अम्मार रिजवी के बेटे मीसम अ मार रिजवी को भी बसपा ने टिकट दिया है। वहीं कभी स्वामी प्रसाद मौर्य के करीबी रहे बीएन मौर्य की बेटी अंजलि को ऊंचाहार से टिकट मिला है। पार्टी की तरफ से जारी सूची के मुताबिक पीलीभीत जिले की बीसलपुर सीट से अनीस खां उर्फ फूलबाबू को टिकट मिला है। वहीं लखीमपुर जिले की पलिया सीट से डॉ जाकिर हुसैन निघासन सीट से मनमोहन मौर्य गोला गोकर्णन सीट पर शिखा वर्मा श्रीनगर सुरक्षित से मीरा बानो धौरहरा से आनंद मोहन त्रिवेदी लखीमपुर से मोहन बाजपेयी कस्ता सुरक्षित से सरिता वर्मा मोह मदी से शकील अहमद सिद्दीकी को टिकट मिला है। सीतापुर जिले की महोली सीट से डॉ राजेन्द्र प्रसाद वर्मा सीतापुर से खुर्शीद अंसारी हरगांव सुरक्षित से रानू चौधरी लहरपुर से मो जुनैद अंसारी बिसवां से हाशिम अली महमूदाबाद से मीसम अम्मार रिजवी मिश्रिख सुरक्षित से श्याम किशोर को उम्मीदवार बनाया गया है। हरदोई जिले की सवायजपुर सीट से राहुल तिवारी शाहाबाद से अहिबरन सिंह लोधी गोपामऊ सुरक्षित से सर्वेश कुमार जनसेवा सांडी सुरक्षित से कमल वर्मा विलग्राम मल्लावां से कृष्ण कुमार सिंह उर्फ सतीश वर्मा बालामऊ सुरक्षित से तिलक चंद्र राव संडीला से अब्दुल मन्नान को टिकट मिला है। उन्नाव जिले की बांगरमऊ सीट से रामकिशोर पाल सफीपुर सुरक्षित से राजेन्द्र गौतम मोहान सुरक्षित से विनय चौधरी उन्नाव से देवेंद्र सिंह भगवंतनगर से प्रेम सिंह चंदेल पूर्व से विनोद कुमार त्रिपाठी को टिकट मिला है। लखनऊ जिले की मलिहाबाद सुरक्षित सीट से जगदीश रावत बक्शी का तालाब से सलाउद्दीन सिद्दीकी सरोजनीनगर से मो जलीस खां लखनऊ पश्चिम से कायम रजा खान लखनऊ उत्तरी से मो सरवर मालिक लखनऊ पूर्वी से आशीष कुमार सिन्हा लखनऊ मध्य से आशीष चंद्र श्रीवास्तव लखनऊ कैंट से अनिल पांडेय मोहनलालगंज सुरक्षित से देवेंद्र कुमार सरोज को टिकट मिला है। रायबरेली जिले की बछरांवा सुरक्षित सीट से लाजवंती कुरील हरचंदपुर से शेर बहादुर सिंह लोधी रायबरेली से मो अशरफसारणी से ठाकुर प्रसाद यादव ऊंचाहार से अंजली मौर्या को टिकट मिला है। बाँदा जिले की तिंदवारी सीट से जयराम सिंह बबेरू से रामसेवक शुक्ला नरैनी सुरक्षित से गया चरण दिनकर बाँदा से धीरज प्रकाश राजपूत को टिकट मिला है। फतेहोऊर जिले की जहानाबाद सीट से आदित्य पांडेय बिंदकी से सुशील कुमार पटेल फतेहपुर से अयूब अहमद अयाहशाह से चंदन सिंह उर्फ चन्द्रसेन पाल हुसैनगंज से फरीद अहमद और खागा सुरक्षित से दशरथ लाल सरोज को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है।

# एमएसएमई सेक्टर का विकास योगी सरकार के लिए बना चुनाव में बडा हथियार

## पांच वर्षों में 95 लाख इकाइयों को मिला ऋण, बेरोजगारी की दर में हुई कमी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सरकार** ने बीते पांच वर्षों के दौरान एमएसएमई सेक्टर में कारोबार करने के लिए 95 लाख इकाइयों को वित्त पोषित करते हुए 2.50 लाख करोड़ रुपए से अधिक का ऋण मुहैया कराया है। यह ऋण पांच योजनाओं में दिया गया है। जिसके चलते 3.28 करोड़ लोग को एमएसएमई सेक्टर में रोजगार मिला है।

यूपी के कारोबारियों वर्ग में एमएसएमई सेक्टर एक बड़ी ताकत बन गया है और राज्य में बेरोजगारी की दर में 17.9 प्रतिशत की कमी हुई है। पश्चिम उत्तर प्रदेश की 58 विधानसभा सीटों पर पहले चरण में 10 फरवरी को मतदान होना है। हर राजनीतिक दल जनहित के मुद्दों से लेकर लोकलुभावन घोषणाएं करते हुए चुनाव प्रचार में जुटा है। ऐसे में सूक्ष्मए लघु व मध्यम दर्जे के उद्योगों ;एमएसएमईद्ध को बढ़ावा देने के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार के किए गए प्रयास विभिन्न राजनीतिक दलों पर भारी पड़ रहे हैं। एमएसएमई सेक्टर में यह बदलाव योगी सरकार के शासनकाल में हुआ हैण् अखिलेश सरकार में यह सेक्टर पूरी तरह से उपेक्षित रहा था। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2016-17 में 6,35,583 एमएसएमई इकाईयों को 27,202 करोड़ रुपए का ऋृण उपलब्ध कराया गया था। योगी सरकार में इस सेक्टर की तस्वीर बदली हैण् प्रदेश सरकार की औद्योगिक नीतियों के चलते इस सेक्टर में लगातार निवेश बढ़ रहा है। हर जिले में नई एमएसएमई इकाइयों की स्थापना हो रही है। कोरोना के वैश्विक संकट के दौरान भी इस सेक्टर में करीब डेढ़ लाख से अधिक नई इकाइयां इस सेक्टर में लगाई गईण् अब देश की 14.2 प्रतिशत एमएसएमई इकाइयां यूपी में हैं। इस सेक्टर में बीते पांच वर्षों के दौरान 3.28 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है। सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए गए विशेष ध्यान के चलते यूपी में एमएसएमई के कारोबारियों का बीजेपी के लिए एक नया कोर वोट बैंक तैयार हो गया है कारोबार जगत से जुड़े लोग यह कह रहे हैं कि आगामी चुनावों में यह सेक्टर भी अहम भूमिका निभा रहा हैण् कारोबारियों के इस दावे की वजह भी है। योगी सरकार ने इस सेक्टर के विकास पर खास ध्यान दिया है। उनके प्रयासों से इस सेक्टर को कारोबार करने के लिए ऋृण मुहैया कराने पर जोर दिया गयाण् तो इस सेक्टर में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी इकाई लगाने में रूचि दिखाई। प्रदेश सरकार ने कोरोना संकट के दौरान भी कोई एमएसएमई इकाई बंद नहीं होने दीण् तब सरकार के जीवन और जीविका को बचाने के लिए इंडस्ट्रियल लॉकडाउन नहीं किया। सरकार का यह फैसला सूबे की एमएसएमई इकाइयों के लिए संजीवनी साबित हुआ है, नए उद्यमियों ने इस त्रासदी में भी उद्यमिता का परिचय देते हुए नई इकाइयां स्थापित की सरकार के आंकड़े इसे उजागर करते हैं। आंकड़ों के अनुसारए एमएसएमई सेक्टर के माध्यम से प्रदेश लगातार बीते तीन वर्षों से 1.14 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात कर रहा है। इस सेक्टर पर योगी सरकार द्वारा दिए गये ध्यान के चलते ही यह संभव हुआण् सरकारी आंकड़ों से भी इसे समझा जा सकता है।

वित्त वर्ष 2016.-17 में सपा सरकार के दौरान 635583 एमएसएमई को 27,202 करोड़ रुपए का ऋण मुहैया कराया गया था जबकि 2017 में सत्ता परिवर्तन होते ही योगी सरकार में वित्त वर्ष 2017-18 में 787572 एमएसएमई को 41,193 करोड़ रुपए का ऋण उपलब्ध कराया गया। वित्त वर्ष 2018.19 में 1024265 एमएसएमई उद्यमियों को 47764 करोड़ रुपए और 2019.20 में 1745472 एमएसएमई उद्यमियों को 62,831 करोड़ रुपए का लोन दिया गया वित्त वर्ष 2020-21 में 3480596 एमएसएमई इकाइयों को 63038 करोड़ रुपए का ऋण मुहैया कराया गया है। कुल मिलकर बीते पांच वर्षों के दौरान एमएसएमई सेक्टर में कारोबार करने के लिए 95 लाख इकाइयों को वित्त पोषित करते हुए 2.50 लाख करोड़ रुपए से अधिक का ऋण मुहैया कराया है। जिसके चलते 3.28 करोड़ लोगों को इस सेक्टर में रोजगार मिला, इतनी बड़ी संख्या में इस सेक्टर में लोगों को मिले रोजगार की वजह से बेरोजगारी की दर में 17.9 प्रतिशत की कमी हुई है। एमएसएमई की सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार बीते पांच वर्षों में इस सेक्टर में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिला और इस सेल्टर को मंदी का शिकार नहीं होना पड़ा कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि यूपी के एमएसएमई सेक्टर में सरकार के प्रयासों से मजबूती आयी है।

# संविदा पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह के सरगना सहित दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एसटीएफ**ने विभिन्न सरकारी विभागों में संविदा पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर सैकड़ों बेरोजगारों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले संगठित गिरोह के सरगना सहित 2 जालसाजों को ठाकुरगंज थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। एसटीएफ को जानकारी मिली कि विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर सैकडों बेरोजगारों से करोड़ों की ठगी करने वाले संगठित गिरोह द्वारा जनपद मथुरा निवासी त्रिभुवन सिंह से उनके पुत्र व पुत्री को सीआरपीएफ में हेड कांस्टेबल के पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर लगभग 25 लाख रुपये ठगी की गयी व माप तौल लिखित परीक्षा स्वाथ्य परीक्षण कराने के लिए कूट रचित दस्तावेज देकर डीआईजी सीआरपीएफ अजमेर राजस्थान भेजा गया तो वहां पता चलाकि यहां पर कोई भर्ती नहीं है। जिसके सम्बन्ध में त्रिभुवन सिंह द्वारा 27 अगस्त 2021 को थाना रिफाइनरी जनपद मथुरा में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। एसटीएफ इस धोखाधड़ी में शामिल जालसाजी के बारे में छानबीन कर रही थी और सटीक जानकारी के आधार पर ठाकुरगंज चौराहे के पास सदगुरु सहाय रोड गोदाम के बेसमेण्ट से राजेश गुप्ता और अभिषेक गुप्ता निवासी मकान नं-6 कन्हैया माधव पुरी कालोनी दुबग्गा लखनऊ को गिरफ्तार किया।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# मुख्यमंत्री का ओएसडी बनकर अफसरों से ठगी करने वाला जालसाज गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**फर्जी** तरीके से खुद को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश का एचडी बताकर अफसरों से लाखों की ठगी करने वाले जालसाज अजय कुमार मिश्रा को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है।

एसटीएफ उप्र शासन तथा विभिन्न जनपदों के अधिकारियों से यह शिकायत प्राप्त हो रही थी कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के यहां कार्यरत विभिन्न ओएसडी के नाम पर अलग अलग जनपदों के अलग अलग विभागों के अधिकारियों को फोन पर धौंस जमाकर धन उगाही की जा रही है। इस संबंध में एसटीएफ की टीम लगातार छानबीन कर रही थी। इस दौरान एसटीएफ को सूचना मिली कि इसके पीछे अरविंद कुमार मिश्रा नामक जालसाज का हाथ है। जो उप्रए मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड एवं ओडिशा प्रान्त के विभिन्न स्थानों से कॉल कर रहा है। इसी क्रम मे ज्ञात हुआ कि पूर्व में अजय कुमार मिश्रा उर्फ अरविन्द कुमार मिश्रा थाना कोतवाली नगर, जनपद बहराइच, थाना मंझनपुर, जनपद कौशाम्बी व थाना विघूना, जनपद औरैया से ऐसे ही अपराधो मे गिरफ्तार होकर जेल गया था, जो जमानत पर छूट कर पुनः सक्रिय है। जिसके सम्बन्ध मे ज्ञात हुआ कि वर्तमान में झारखण्ड के पूर्वी सिंहभूम, छत्तीसगढ़ के रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर तथा ओडिशा प्रान्त के जनपद कालाहाण्डी व बलनगीर क्षेत्र मे घूम घूम कर छिपकर अपराध कर रहा है। इस सूचना पर एसटीएफ की टीम ओडिशा प्रान्त के जनपद कालाहाण्डी के कस्बा केसिंगा से अजय उर्फ अरविन्द कुमार मिश्रा को उसकी सहमति व सहयोग से पूछताछ के लिए एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ लेकर आई। यहां पर हुई विस्तृत पूछताछ के बाद अपराध की पुष्टि होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के उपरांत यह भी ज्ञात हुआ कि इसके विरुद्ध थाना बेनीगंज, जनपद हरदोई, थाना कोतवाली, जनपद देवरिया थाना उतरौला, जनपद बलरामपुर, थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत आदि कई जनपदों में पंजीकृत अभियोगों मे इसकी तलाश है। अजय उर्फ अरविन्द कुमार मिश्रा ने पूछताछ पर बताया कि वर्ष 2003 मे में जूनियर हाईस्कूल अमेठी में अपने वास्तविक नाम अजय कुमार मिश्रा नाम से कक्षा-8 की परीक्षा में पढ़ रहा था किन्तु फेल हो गया था। वर्ष 2015 में मुख्यमंत्री का ओएसडी बनकर कॉल करके ठगी करने के मामले में जेल गया था।

## कूड़ाघरो से दिन में दो बार उठे कूड़ाः महापौर संयुक्ता भाटिया

**लखनऊ।** महापौर संयुक्ता भाटिया ने जोन 7 में स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 ईकोग्रीन द्वारा डोर टू डोर कूडा कलेक्शन, डपिंग पॉइंट्स से कूडा उठानए डपिंग पॉइन्टस को समाप्त करने के लिए बैठक कर ईकोग्रीन एवं नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया। शुक्रवार को महापौर ने इंदिरानगर के जोनल अधिकारी प्रज्ञा सिंह से नगर निगम के एसएफआई को समस्त कूडाघरो पर 2 बजे से पहले कूडा उठान हो जाने के कड़े निर्देश दिए। साथ ही कूडा उठान के बाद वहाँ पर झाड़ू लगवा कर सफाई कराने एवं चूना एवं ब्लीचिंग का छिड़काव कराने के लिए भी कहा। महापौर ने उक्त कूडाघरो से सुबह के अतिरिक्त शाम को भी कूडा उठाने के निर्देश दिए। साथ ही कूडा उठान के बाद डिजिटल डायरी बनाने के लिए भी निर्देशित किया। इकोग्रीन द्वारा बताया गया कि जोन 7 के 13 वार्डो में कुल 15 कूडाघर है 4 कॉम्पेक्टर है और 1 खराब हैए साथ ही वार्डो में 70 प्रतिशत डोर टू डोर कूडा कलेक्शन हो रहा है।

## गुडम्बा व ठाकुरगंज क्षेत्र मे चेकिग के दौरान बरामद हुए 17 लाख 81 हजार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**चुनाव** आयोग के सख्त निर्देशों के बाद अब राजधानी पुलिस की सक्रियता जोर पकड़ती नज़र आ रही है। चेकिंग के दौरान दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों क्रमशः गुडम्बा व ठाकुरगंज क्षेत्र में पुलिस ने 17 लाख 81 हजार 170 रूपए बरमद किए। अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी प्राची सिंह के निर्देशन में गुडंबा पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक बोलेरो से 11 लाख 50 हजार रुपए की नकदी बरामद मौके से तीन लोगों को पकड़ लिया।

अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी प्राची सिंह के मुताबिक शुक्रवार को इंस्पेक्टर गुडंबा सतीश चन्द्र साहू दल.बल के साथ टेढ़ी पुलिया के पास चुनाव आयोग के सख्त निर्देशों का पालन करते हुए संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे कि इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि यूपी 32 केवी 61791 नंबर की एक बोलेरो वाहन आ रही है, जिसमें भारी मात्रा में नकदी है। वाहन की तलाशी के बाद 11 लाख 50 हजार रुपए की नकदी मिली।


इंस्पेक्टर के मुताबिक पकड़े गए तीनों लोगों ने पूछताछ में अपना नाम कटरा मेदनीगंज जनपद प्रतापगढ़ निवासी राजेंद्र कुमार पटेल, गणेशगंज सलोन रायबरेली निवासी रोहित व इमरान बताया। वहीं दूसरी ओर इंस्पेक्टर ठाकुरगंज हरिशंकर चन्द की टीम ने शुक्रवार को चेकिंग के दौरान क्वालिस वाहन से छह लाख 31 हजार 170 रुपए बरामद किए। सहायक पुलिस आयुक्त चौक आईपी सिंह के निर्देशन में इंस्पेक्टर ठाकुरगंज हरिशंकर चन्द की टीम ने शुक्रवार को चेकिंग के दौरान बंधा रोड स्थित पंप स्टेशन के पास से क्वालिस वाहन से आ रहे तीन लोगों को रोककर तलाशी ली तो पुलिस दंग रह गई। पुलिस को क्वालिस वाहन से छह लाख 31 हजार 170 रुपए की नकदी बरामद हुई।

## इटौंजा में अधेड़ की गला काटकर हत्या

**लखनऊ।** राजधानी के इटौंजा इलाके में एक अधेड़ की गला काटकर हत्या कर दी गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है इटौंजा के ग्राम पंचायत असनहा का मजरा भिखारीपुर निवासी 55 वर्षीय अमृत लाल यादव वर्तमान समय में गांव से बाहर कु भरावां रोड किनारे ग्राम समाज की जमीन पर झोपड़ी बनाकर करीब छह साल से अकेले रह रहे थे। बताया जा रहा है कि अमृत लाल की पत्नी मानसिक रूप से बीमार रहती थीए जिसके कारण करीब 25 साल पहले उन्होंने पत्नी को छोड़ दिया था। इंस्पेक्टर के मुताबिक अमृत लाल के पांच भाई रामविलासए परशुरामए दशरथए सुभाष व जगतपाल इटौंजा इलाके में ही रहते हैं। उनका कहना है कि शुक्रवार की सुबह करीब 8 बजे अमृत लाल का भतीजा उमेश यादव चाचा से मिलने उनकी झोपड़ी पर गया था। उसने अंदर जाकर देखा तो चाचा वहां नहीं थे। उमेश उन्हें ढूंढते हुए झोपड़ी के पीछे गया तो वहां चाचा का खून से लथपथ शव पड़ा था।

# ओम प्रकाश राजभर के खिलाफ मुकदमे की अर्जी

विधि संवाददाता। लखनऊ



**एसीजेएम** भव्या तिवारी ने सुभासपा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के खिलाफ दाखिल मुकदमे की एक अर्जी पर थाना चिनहट से रिपोर्ट तलब करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 31 जनवरी को होगी। अदालत के समक्ष यह अर्जी वकील प्रमोद पांडेय ने दाखिल की है। इस अर्जी में राजभर पर भाजपा नेताओं के खिलाफ भड़काऊ व अमर्यादित बयान देने का कथित आरोप लगाया गया है। अर्जीकर्ता का कहना है कि राजभर का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वह मंच से कह रहे हैं कि भाजपा का कोई नेता वोट मांगने आएए तो उसे जूते मारो। अर्जीकर्ता का आरोप है कि उनका यह व्यक्तव्य सामाजिक समरसता और वैमनश्यता फैलाने का एक सुनियोजित साजिश है। जो आपराधिक कृत्य है। लिहाजा इस मामले में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया जाए।

## अवैध धर्मातंरण के मामले में मुल्जिमों की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ ( विसं )।** एटीएस की विशेष जज कल्पना ने अवैध धर्मातंरण के मामले में निरुद्ध मुल्जिम प्रकाश रामेश्वर कावड़े उर्फ आदमए भुप्रिय बन्दो उर्फ अर्सलान मुस्तफाए उमर व डा. कृणाल अशोक चौधरी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने ने प्रथम दृष्टया मुल्जिमों के अपराध को गंभीर करार दिया है। अभियोजन के मुताबिक देश के विभिन्न प्रान्तों से कई अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। 20 जून 2021 को इस मामले की एफआईआर थाना एटीएस में उपनिरीक्षक विनोद कुमार ने दर्ज कराई थी। इस मामले में आरोप पत्र भी दाखिल है। जिसके मुताबिक अभियुक्तों द्वारा एक साजिश के तहत धार्मिक उन्मादए विद्वेष तथा नफरत फैलाकर देशव्यापी अवैध धर्मातंरण गिरोह का संचालन किया जा रहा था। इनके तार अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी जुड़े हैं। इसके लिए इन्हें विदेशों से हवाला के जरिए रकम भेजी जा रही थी।

## जेल अधीक्षक के खिलाफ मुकदमे की अर्जी

विधि संवाददाता। लखनऊ

**सीजेएम** रवि कुमार गुप्ता ने एक विचाराधीन बंदी की मौत के मामले में जेल अधीक्षक समेत छह लोगों के खिलाफ दाखिल मुकदमे की अर्जी पर थाना गोसाईगंज से रिपोर्ट तलब करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 22 फरवरी को होगी। अदालत के समक्ष यह अर्जी बंदी रुपेश की पत्नी लाली देवी ने वकील कृष्णकांत शुक्ल के माध्यम से दाखिल की है। अर्जी में रुपेश को प्रताड़ित कर मारने का कथित इल्जाम लगाया गया है। 26 अक्टूबरए 2021 को रुपेश की जेल में मौत हो गई थी। इस अर्जी में जेल उपाधीक्षकए जेल के डॉक्टरए मुख्य बंदी रक्षकए ऑन डॅयूटी बंदी रक्षक व राइटर को भी विपक्षी पक्षकार बनाया गया है। साथ ही सभी विपक्षीगणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश देने की मांग की गई है।

**कोरोना महामारी के मद्देनजर चुनाव टालने की याचिका खारिज**

लखनऊ(विसं)। कोरोना महामारी के मद्देनजर विधान सभा चुनाव टालने की मांग वाली एक जनहित याचिका हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दी है। पीठ ने कहा है कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है। उसके कार्य में हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। जस्टिस एआर मसूदी एवं जस्टिस सुरेश कुमार गुप्ता की पीठ ने यह आदेश ऋषि कुमार त्रिवेदी की याचिका पर दिया है।

**शाइन सिटी के एकाउंटेंट की जमानत अर्जी खारिज**

लखनऊ(विसं)। एडीजे पीएम त्रिपाठी ने प्लाट का कब्जा नहीं देने व निवेश की गई रकम भी वापस नहीं करने के एक मामले में निरुद्ध शाइन सिटी के एकाउंटेंट मोहम्मद शकील की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया इसके अपराध को गंभीर करार दिया है। 14 नवंबरए 2019 को इस मामले की एफआईआर अमित द्विवेदी समेत छह लोगों ने थाना गोमतीनगर में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील अरुण पांडेय के मुताबिक मुल्जिम पर लोक लुभावन प्रचार प्रसार कर फर्जी दस्तावेजों के जरिए कम्पनी में धोखे से लोगों का धन निवेश कराने व हड़पने का आरोप है। दो अक्टूबरए 2021 को इस मामले में इसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था।

## थानाध्यक्ष आशियाना को नोटिस जारी, अदालत ने किया तलब

**लखनऊ( विसं )।** एसीजेएम शान्तनु त्यागी ने मुकदमों से संबधित अर्जी पर आख्या नहीं भेजने के मामले में कड़ा रवैया अपनाया है। उन्होंने इस संदर्भ में थानाध्यक्ष आशियाना को नोटिस जारी कर व्यक्तिगत रुप से तलब किया है। उनसे पूछा है कि क्यों और किन परिस्थितियों में मांगी गई आख्या प्रेषित नहीं की जा रही है। 31 जनवरी को 11 बजे व्यक्तिगत रुप उपस्थित होकर स्पष्टीकरण दें। उन्होंने इसके साथ ही इस नोटिस की एक प्रति अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए पुलिस कमिश्नर को भी भेजने का आदेश दिया है।

## ट्रक की टक्कर से मासूम बच्ची की मौत

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी मासूम बच्ची को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिजनौर थाना क्षेत्र के बिजनौर कस्बा निवासी मंगरु अपनी पत्नी सुरमिलाए सात वर्षीय बेटी आस्था और चार वर्षीय बेटी अदिति राजपूत उर्फ रीना को लेकर शुक्रवार को एक बर्थडे कार्यक्रम में शामिल होने सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा स्थित रिश्तेदारी जा रहे थे।

## दो गैंगेस्टर गिरफ्तार

**माल।** अधिकारियों के निर्देशन में आरोपियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत गैंगेस्टर एक्ट में वांछित दो आरोपियों को पुलिस ने उनके गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को थाना अध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने अपनी टीम के साथ गैंगेस्टर एक्ट के वांछित दो आरोपियों को दबिश देकर गांव से दबोच लिया।

## गैंगेस्टर ऐक्ट में वांछित दस दस हजार के इनामिया दो बदमाश गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की पीजीआई पुलिस ने वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे और दस दस हजार रुपए के इनामियां दो बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दियाएउनके पास से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार अंकुर पुत्र स्व संकटा उम्र 29 वर्ष निवासी बंगाली टोला खरिका तेलीबाग थाना पीजीआई लखनऊ व दिलीप कुमार उर्फ कप्तान पुत्र पलुवा उम्र 28 वर्ष निवासी नया खेड़ा तेलीबाग थाना पीजीआई लखनऊ को पुलिस टीम ने वृंदावन योजना रायबरेली रोड सेक्टर 8 में उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह कहीं भागने की फिराक में थे। गिरफ्तारी के समय उनके पास से एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

## पीजीआई के तेलीबाग मे मिला अधेड़ का शव

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के तेलीबाग में अधेड़ व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला एसूचना पर पहुची तेलीबाग चौकी पुलिस ने शव की पहचान कराईएजिसमें उसकी पहचान राजू भटनागर 50 वर्ष के तौर हुई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगो के अनुसार राजू भटनागर घूमता रहता था और खाने पीने के लिए दूसरों पर निर्भर था। चौकी प्रभारी तेलीबाग के मुताबिक अधेड़ की मौतए ठंड लगने से हुई।

**COLLEGE OF INNOVATIVE MANAGEMENT & SCIENCE**
(Running: BBA, BCA, B.Com, B.Com.(H), B.Ed.)
Associated by University of Lucknow, Lucknow

Application are invited for the post of **Lecturer** in following Course
**(1) Bachelor of Business Administration (BBA)**
**Eligibility Criteria:** As per Lucknow University Norms Eligible candidates are requested to send their bio-data with photocopies of all documents through email/registered post within 07 days from date of advertisement.

**Address: Management Park, Vipul Khand-6, Gomti Nagar, Lucknow - 226010 Contact No. 9889010040, 8417003515, 0522-3500547**
**www.cims.edu.in, cimsedu7@gmail.com**

## भाषा यूनिवर्सिटी में अगले सेमेस्टर की कक्षाएं 31 जनवरी से

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 31 जनवरी से अगले सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू होंगी। इस बाबत शुक्रवार को को कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय के सभी संकाय अध्यक्षों विभागाध्यक्षों एवं विषय प्रभारियों के साथ एक बैठक भी की। बैठक में कुलपति ने सभी अधिष्ठाताओं से विभागों के पाठ्यक्रमों की स्थिति का जायज़ा लिया एवं उन्हें निर्देशित किया कि वह अपने संकायों की समय. सारणी तैयार कर 31 जनवरी से अगले सेमेस्टर की कक्षाएँ आरंभ करें। बैठक में यह भी प्रस्तावित किया गया कि कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुए विश्विद्यालय की परीक्षाओं को 5 फरवरी से आरंभ किया जाए। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि इन परीक्षाओं का आयोजन शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार किया जाएगा।

## विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों ठगे, मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विदेश** में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की जालसाजी करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है चंदौली निवासी गुलशेर सिद्दीकी के मुताबिक उनके मोबाइल पर एशियन मरीन प्लेसमेंट एजेंसी की तरफ से एक मैसेज आया था। गुलशेर के अनुसार नंबर मिलाने पर एजेंट विनोद से बात हुई थी, जिसने कुवैत में नौकरी लगवाने का दावा किया था। इसके साथ ही विभूतिखंड स्थित एजेंसी के दफ्तर पर मिलने के लिए बुलाया था, जहां आलम शेख और मोहित से उनकी मुलाकात हुई थी। एजेंसी के लोगों ने बताया था कि वीजा और हवाई टिकट के लिए 70 हजार रुपये देने होंगे। यह बात सुन कर गुलशेर रुपये देने को तैयार हो गए थे। उन्होंने पासपोर्ट भी दिया था। पीड़ित के मुताबिक उसकी ही तरह दिलशाद, सुमंत कुमार, चंदन सिंह, अंकित सिंह, आलमगीर शेख और शेख अहमद भी एजेंसी के दफ्तार पहुंचे थे। सभी लोग चारबाग स्थित एक होटल में रुके थे। 25 जनवरी को एजेंसी के दफ्तर पहुंचने पर आलमशेख ने सभी को वीजा और हवाई टिकट देते हुए 27 जनवरी को दिल्ली पहुंचने के लिए कहा था। गुलशेर अन्य लोगों के साथ ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। रास्ते में ऑनलाइन चेकइन करने के लिए दिलशाद ने एयरलाइन की वेबसाइट खोली थी। चेकइन के लिए एयर टिकट का नंबर डालने पर टिकट कैंसिल होने का पता चला। इसके बाद गुलशेर और दिलशाद ने एजेंसी संचालकों को फोन मिलाया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। ठगी का पता लगते ही सभी लोग लखनऊ लौट आए। वह लोग विभूतिखंड स्थित एजेंसी के दफ्तर पहुंचे थे, जहां ताला लटकता मिला। इस पर युवक हंगामा करने लगे। सूचना मिलने पर विभूतिखंड पुलिस भी पहुंच गई, जिसके बाद ठग आलम शेख, मोहित गुप्ता व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## हिंदी में इंजीनियरिंग की पाठ्यपुस्तकों का लेखन शुरू करेगा एकेटीयू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय हिंदी में इंजीनियरिंग की पाठ्यपुस्तक लेखन के लिये कार्य शुरू करेगा। साथ ही कोर्स से सम्बन्धित पुस्तकों के प्रकाशन के लिए विवि में प्रेस की स्थापना भी की जाएगी। इसके लिए विवि स्तर पर प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। शुक्रवार को यह जानकारी विवि के कुलपति प्रो पीके मिश्रा ने नैक के आवेदन के संदर्भ में समीक्षा बैठक के दौरान दी है।

बैठक में विवि के डायरेक्टरए आईक्यूएसी प्रो मनीष गौड़ ने नैक के आवेदन की तैयारियों पर एक प्रस्तुतिकरण किया। विवि के कुलपति प्रो पीके मिश्रा ने कहा कि विवि जल्द ही नैक एक्रीडिशन के लिए आवेदन करेगा। उन्होंने बैठक में कहा कि विवि ज्यादातर इंडिकेटरों में अच्छी स्थिति में है। उन्होंने कहा कि जिन इंडिकेटर पर कार्य करने के आवश्यकता हैं उन्हें बेहतर किया जायेगा। उन्होंने कहा इसी क्रम में गैर. शासकीय अनुदानों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य किया जाएगा। साथ ही शिक्षकों को शोधए शिक्षण और नवाचार के लिए सीड मनी देने के लिए बजट में प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को पीएचडी एवं पोस्ट डोक्टोरल फेलोशिप के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रो मिश्रा ने कहा कि रूरल एवं एग्रो इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए समस्त संस्थानों को गाँव गोद लेने की अनिवार्यता की जायेगी। साथ ही साथ ग्रामीण अंचलों में अनिवार्य रूप से उद्यमिता विकास के लिए कार्य करने हेतु संस्थानों को प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विवि परिसर में वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने के लिए कार्ययोजना तैयार की जाएगी। साथ ही सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए भी कार्य किया जाएगा। उधर उप्र शासन एवं एकेटीयू की दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार योजना के अंतर्गत संचालित कार्यो की समीक्षा शुक्रवार को विवि के कुलपति प्रो पीके मिश्रा ने की।

## कार चालक युवक से लूट करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में कार सवार बेखौफ बदमाशों ने शुक्रवार को दिनदहाड़े एक कार चालक को रोककर उसकी पिटाई कर दी और हजारों रुपए की नगदी छीन लिया। पीड़ित कार चालक ने विरोध करते हुए शोर मचाया तो उसकी चीख पुकार सुनकर वहां मौजूद ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने एक बदमाश को मौके से धर दबोचा। जबकि उसके अन्य साथी कार सहित भागने में सफल रहे। इस मामले में पुलिस पकड़े गए बदमाश को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है। उन्नाव जिले के शुक्लागंज स्थित ऋषि नगर निवासी प्रमोद कुमार रावत एक टीवी चैनल में स्थानीय पत्रकार है। प्रमोद के मुताबिक शुक्रवार को वह अपनी कार से अपने कार्यालय के काम से लखनऊ आया था। आरोप है कि इस दौरान बदमाशों ने उसकी पिटाई भी कर दी। प्रमोद एयरपोर्ट वीआईपी तिराहे के पास ट्रैफिक्र पुलिस कर्मियों के पास पहुंचा और शोर मचाने लगा। उसका शोर सुनकर सभी कार सवार बदमाश वहां से भाग निकले। जबकि ट्रैफिक्र पुलिस कर्मियों ने उनके एक साथी को दौड़ाकर धर दबोचा।

**Format C-2**

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

As per the judgement dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP(Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation and Ors. Vs. Union of India & Anr.) Name of the Political Party: **AAM AADMI PARTY** Name of the Election: **Legislative Assembly Election-2022** Name of State/UT: **UTTAR PRADESH**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | | 5 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No | Name of Candidate | Name of Constituency | Pending Criminal Cases | | | Details about cases of conviction for Criminal Offences | |
| | | | Name of Court | Case No.& Status of the Case(s) | Section of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Punishment Imposed |
| 1. | Ashughosh Kumar Nirmal | Shikarpur | Rouse Avenue, Delhi | CC/0000186/ 2019 | 420 IPC, 120B r/w 461, 467, 468, 471, 13(1) d, 13 (2) IPC CHARGES FRAMED on 23.12.2019 | NA | NA |
| 2. | Bijendra | Shamli | MM Court, Andheri, Mumbai | a) PW/00023 71/2013 b) PW/00019 93/2016 | a) 354,504,509 IPC b) 448,427 IPC | NA | NA |
| 3. | Prem Singh | Agra Cantt. | No summons | a) 141/2021 | 188, 269, 279 IPC & 3, 4 DM Act. 1897. | NA | NA |
| 4. | Ramjani | Agra South | a) ADJ 03, Agra. b) S.C.ST Court, Agra. | a) 343/2003 b) 225/2004 c) 928/2016 d) 141/2021 | a) 308/323/504/506, b) 323/324/504/ of 3(i) SC ST ACT, c) 323/325/524/506 d) 188/269/270 IPC | NA | NA |
| 5. | Satvir | Syana | a) Village Court, Bulandshahr b) MM-2/ Shahadara/ Delhi | a) 145/2017 b) 422/2015 | a) 304 IPC (Charges Framed) b) 323/325/341 | NA | NA |
| 6. | Sanjay | Dadri | D&S Court, Surajpur | 287/16 | 135, Electricity Act. | NA | NA |
| 7. | Monika Thapar | Aligarh | C.J.M, Aligarh | 196/2021 | 332, 353, 504 IPC | NA | NA |
| 8. | Davendra | Budana | ACJM 02, Muzaffarnagar | 2408/2021 | U/S 3, 4 of PDPP Act. | NA | NA |
| 9. | Prahlad Singh Chaudhary | Chhata | a) J.M Chhata Mathura | 416/2018 | a) 3,4-PDPP Act | NA | NA |

मुख्य सचिव ने की पेंशन शिकायतों की समीक्षा

# पुरानी की तुलना में नयी पेंशन व्यवस्था में कर्मियों का फायदा

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**पेंशन** से संबंधित शिकायतों के मद्देनजर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने अपर मुख्य सचिव कार्मिक एवं अपर मुख्य सचिव वित्त के साथ बैठक कर राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली ;एनपीएसद्ध एवं पुरानी पेंशन स्कीम के अंतर्गत सेवानिवृत्ति होने वाले कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम की तुलना में प्राप्त हो रहे लाभों की तुलनात्मक रूप से गहन समीक्षा की।

समीक्षा में पाया गया कि पुरानी पेंशन स्कीम की तुलना में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) कर्मचारियों के हित में ज्यादा लाभकारी है। सेवानिवृत्ति के उपरान्त प्राप्त होनी वाली धनराशि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत काफी अधिक है तथा प्राप्त होने वाली धनराशि को अन्य बचत योजनाओं में निवेश करके और भी अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। एनपीएस के अन्तर्गत ग्रेच्युटीए



अवकाश नगदीकरण एवं सामूहिक बीमा योजना पूर्व की भांति अनुमन्य है। एनपीएस से आच्छादित किसी कार्मिक की मृत्यु सेवा काल में होने पर मृतक के आश्रितों को यह विकल्प उपलब्ध है कि वे पुरानी पेंशन योजना में अनुमन्य पारिवारिक पेंशन अथवा एन पी एस में से किसी एक का चुनाव कर सकते हैं। एनपीएस से आच्छादित कर्मचारियों के मृतक आश्रित का सेवायोजन भी संगत नियमों के अधीन अनुमन्य है। एनपीएस के अन्तर्गत पेंशन खाते के अतिरिक्त जीपीएफ की भांति भी खाता खोलने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में कर्मचारी को वेतन का 10 प्रतिशत अंशदान देना होता है जबकि राज्य सरकार 14 प्रतिशत अपना अंशदान देती है, कर्मचारी चाहे तो अपना अंशदान बढ़ा सकते हैं। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में रिस्क को न्यूनतम स्तर का किया गया है। जमा धनराशि का 85 प्रतिशत गवर्नमेन्ट सिक्योरिटी में जिसमें कोई रिस्क नहीं है तथा 15 प्रतिशत प्रोफेशनल फण्ड मैनेजर के माध्यम से निवेश किया जाता है। वर्तमान में एनपीएस के अन्तर्गत जमा धनराशि का ग्रोथ करीब 9.5 प्रतिशत तक है, जबकि जीपीएफ में मात्र 7.1 प्रतिशत का ग्रोथ मिल रहा है। बैठक में समूह (ग) एवं समूह (घ) के कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर मिलने वाले लाभों का तुलनात्मक चार्ट वित्त विभाग द्वारा प्रस्तुत किया गयाए इससे बिल्कुल स्पष्ट है कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) राज्य कर्मचारियों के हित में ज्यादा लाभकारी है। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति तथा कैशलेस इलाज की सुविधा पूर्ववत मिलती रहेगी। मुख्य सचिव ने वित्त विभाग को निर्देश दिये कि इस सम्बन्ध में स्पष्ट सूचना सभी कार्मिक संगठनों के अध्यक्ष को भेजा जाये, जिससे किसी भी प्रकार के संशय की गुंजाइश न रहे।

# प्रदेश में कैंसर के इलाज को और बेहतर बनाने की अनूठी पहल

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

- साचीस को मिला एक्सेस हेल्थ इंटरनेशनल व रोश इंडिया हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट का साथ

**प्रदेश** के कमजोर वर्ग के लोगों को कैंसर का बेहतर इलाज मुहैया कराने की दिशा में शुक्रवार को एक नई पहल शुरू हुई है जो गुणवत्तापूर्ण इलाज प्रदान करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। इसके तहत स्टेट हेल्थ एजेंसी साचीस का एक्सेस हेल्थ इंटरनेशनल और रोश इंडिया हेल्थ केयर इंस्टीट्यूट के बीच एक करार हुआ है। करार के तहत एक्सेस हेल्थ इंटरनेशनल और रोश इंडिया हेल्थ केयर इंस्टीट्यूट प्रदेश में कैंसर के गुणवत्तापूर्ण इलाज और देखभाल के लिए महत्वपूर्ण मानक तय करने के साथ ही कैंसर अस्पतालों के क्षमता वर्धन का भी काम करेंगे।

इस मौके पर प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सचिव रवींद्र कुमार ने साचीस एक्सेस हेल्थ इंटरनेशनल और रोश इंडिया हेल्थ केयर इंस्टीट्यूट की इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे कैंसर के इलाज को और गुणवत्तापूर्ण बनाया जा सकेगा। महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ एनसी प्रजापति ने कहा कि देश में हर वर्ष कैंसर से लगभग सात लाख मौत होती हैं। कैंसर के इलाज में मुख्य समस्या कैंसर की पहचान में देरी है, जिससे समय पर इलाज संभव नहीं हो पाता। वर्तमान में प्रदेश के जिलों में स्थापित मेडिकल कॉलेज कैंसर पीड़ितों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैंए लेकिन उन्हें पूंछ का अभावए विशेषज्ञों की कमी और दवाओं की अनुपलब्धता जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की अधिशाषी निदेशक डॉ सुधा चंद्रशेखर ने सेवाओं की गुणवत्ता पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट गाइडलाइन ;एसटीजीद्ध के तहत आयुष्मान भारत योजना के लिए विशेष गाइडलाइन तैयार की गई है जिससे विभिन्न सम्बद्ध अस्पतालों में सेवाओं की गुणवत्ता को बनाए रखने और उनके दुरुपयोग को रोकने में मदद मिलेगी।



आईएएस चंद्र विजय सिंह ने प्रबंध निदेशक मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड का कार्यभार ग्रहण किया

## एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स ने मुख्य सचिव से की स्कूल खोलने की मांग

**लखनऊ।** एसोसिएशन ऑफप्राइवेट स्कूल्स उत्तर प्रदेश ने प्रदेश के मुख्य सचिव को शुक्रवार को पत्र भेजकर बच्चों के हित में प्रदेश के लगभग 1 माह से बंद पड़े स्कूलों को अविलम्ब खोलने का आदेश जारी करने की माँग की है। यह जानकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष अतुल कुमार ने दी है। अतुल कुमार ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण स्कूलों को तो बंद कर दिया गया किन्तु मार्केटए सब्जी मण्डीए दुकानोंए बसए रेलए पार्क आदि को खुला रखा गया और यहाँ पर जो भीड़ हाल के समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी है उससे साफदिखता है कि इन सार्वजनिक स्थानों पर कोविड प्रोटोकॉल का बिलकुल ही पालन नहीं किया जा रहा है। जब कि सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया जहाँ कि कोविड प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है। अतुल कुमार ने कहा कि अभी बीच में जब स्कूल खोले गये थे तो उस समय ना केवल बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से चल रही थी बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में एक भी बच्चे को कोरोना होने की खबर नहीं आई थी। ऐसे में स्कूलों को बंद किया जाना बच्चों के साथ न्यायपूर्ण नहीं है। अतः सरकार को प्रदेश के सभी स्कूलों को खोलने का आदेश देकर बच्चों के साथ न्याय करना चाहिए।

## पश्चिम विधान सभा से आम आदमी पार्टी सहित चार ने किया नामांकन

**लखनऊ।** विधान सभा चुनाव के नामांकन के दूसरे दिन चार प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया। पश्चिम विधान सभा से आम आदमी पार्टी प्रत्याशी राजीव बक्शी एवं राष्ट्रीय राष्ट्रवादी पार्टी की प्रत्याशी कांति पांडेय ने पर्चा दाखिल किया। वहीं नौ विधान सभा के लिए 77 नामांकन पत्र खरीदे गए। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के नामांकन जारी रहा। ज़िला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक प्रकाश द्वारा बताया गया कि आज कुल 4 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। सरोजनीनगर विधानसभा से राष्ट्रीय राष्ट्रवादी पार्टी के प्रत्याशी प्रताप चंद्र, विधानसभा 171 पश्चिम से आम आदमी पार्टी प्रत्याशी राजीव बक्शी एवं राष्ट्रीय राष्ट्रवादी पार्टी की प्रत्याशी कांति पांडेय और विधानसभा कैंटोनमेंट से निर्दलीय प्रत्याशी श्यामपाल द्वारा नामांकन दाखिल किया। हालांकि सपा, भाजपा, कांग्रेस के प्रत्याशियों ने नामांकन नहीं किया। उन्होंने बताया की विधानसभा 168 मलिहाबाद में 5, विधानसभा 169 बक्शी का तालाब में 8, विधानसभा 170 सरोजनीनगर में 3, विधानसभा 171 लखनऊ पश्चिम में 9, विधानसभा 172 लखनऊ उत्तर में 9, विधानसभा 173 लखनऊ पूर्व में 7, विधानसभा 174 लखनऊ मध्य में 11, विधान सभा 175 कैण्टोनमेंट में 9, विधान सभा 176 मोहनलालगंज में 3 नामांकन पत्रों का वितरण किया गया।

## पंजाब नेशनल बैंक ने मनाया लाला लाजपत राज की 157वीं जयंती

**लखनऊ।** पंजाब नेशनल बैंक के अंचल कार्यालय लखनऊ में शुक्रवार को बैंक के संस्थापक लाला लाजपत राज की 157वीं जयंती धूम धाम से मनायी गई। इस अवसर पर महाप्रबंधक संजय गुप्ता ने अंचल कार्यालय परिसर में उपस्थित स्टाफ सदस्यों को सम्बोधित करते हुये कहा कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लाला लाजपतराय ने आजादी के आन्दोलन के दौरान स्वदेशी की प्रेरणा से प्रभावित होते हुये ही पहले स्वदेशी बैंक के रूप में पंजाब नेशनल बैंक की स्थापना की थी। आज पूरे देश में लाला लाजपतराय जी को श्रेद्धे. पंजाब के नाम से जाना जाता है तथा हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिये। इस अवसर पर बैंक ने लखनऊ के फुटबाल रहमान हसन अस्करी को सम्मानित किया गया जिन्होंने की एक पैर पर लंबे समय तक फुटबाल रखने का रिकार्ड बनाया है जिसके लिए उनका नाम गिनीज़ बुक ऑफवर्ल्ड रिकार्ड में शामिल किया गया है। पीएनबी के आर सी सनवाल क्रिकेट क्लब लखनऊ टीम के सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विवेक कुमार, उप महाप्रबंधक लखनऊ पूर्व मण्डल के मण्डल प्रमुख पवन सिंह, लखनऊ पश्चिम के मण्डल प्रमुख एएच? किंड़र एवं सभी स्टाफसदस्य उपस्थित रहे।



# सपा का जेल और बेल का खेल विकास पर भारीः भाटिया

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**आजम** खान जेल में हैं, दो साल से बेल नहीं मिल रही है। इनके ऊपर 165 मुकदमे हैं। उनके पुत्र अबदुल्ला बेल पर अभी आए हैं और किसानों की जमीन हड़पना चाहते हैं। ये लोग जेल और बेल से उत्तर प्रदेश के विकास को डिरेल करना चाहते हैं। यह बातें भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शुक्रवार को प्रदेश मुख्यालय पर पत्रकार वार्ता में कहीं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश में गुंडाराज की जगह रामराज्य कायम किया। पहले की सरकार में पुलिस आजम खान की भैंसे ढूंढ़ने तो जा सकती थीए पर महिला की अस्मिता के लिए नहीं खड़ी हो सकती थी। इसका आदेश ऊपर से आता था। आज वर्दी का रसूख है। माफिया और बाहुबली आज सलाखों के पीछे हैं। दो हजार करोड़ की संपत्ति जब्त हुई है। जिसकी संपत्ति पर बुलडोजर चलाया गयाए सपा उसे टिकट दे रही है। जो कैराना में पलायन करा रहे थेए सपा उनको टिकट देती है। श्री भाटिया ने कहा कि सपा ने 2012 में जो वादे अपने घोषणापत्र में किया थाए उसे भी हमने ही पूरा किया। उनका चरित्र है कि ऐसा कोई सगा नहीं हैए जिसे सपा ठगा नहीं। जब भाजपा सरकार आई तो गन्ना किसानों का 11 हजार करोड़ रुपये बकाया था। पिछले पांच वर्षों में हमने इस बकाये के साथ डेढ़ लाख करोड़ का भुगतान किया। उन्होंने कहा कि सपा का वादा था कि लागत मूल्य पर 50 फीसदी जोड़कर एमएसपी दिया जाएगा। कर्ज माफी की जाएगी। उन्होंने तो नहीं किया पर योगी सरकार ने 36 हजार करोड़ का कर्ज माफकिया। सपा का वादा था कि किसानों की फसल का बीमा करेंगे। किसानों को मुआवजा के एवज में एक रुपये का चेक दिया गया जबकि हमारी सरकार ने फसल बीमा योजना में 2208 करोड़ की क्षतिपूर्ति की।

# सपा और बसपा के कई नेता भाजपा में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह के समक्ष समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी के प्रमुख नेताओं तथा सामाजिक क्षेत्र के प्रमुख व्यक्तियों सहित उनके समर्थकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

पार्टी के राज्य मुख्यालय पर शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह तथा पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व ज्वाइनिंग कमेटी के अध्यक्ष डा. लक्ष्मीकान्त वाजपेई के समक्ष बहुजन समाज पार्टी के विधान परिषद दल के पूर्व उपनेता, पूर्व उपसभापति विधानपरिषद, बसपा के प्रदेश महासचिव व पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रभारी सुरेन्द्र कश्यप (शामली), बहुजन समाज पार्टी के पूर्व विधायक, बसपा के सहारनपुर मण्डल में पिछड़ा वर्ग भाईचारा संगठन के संयोजक, गुर्जर विद्या प्रचारिणी सभा रामपुर के अध्यक्ष, मुख्य जोन इंचार्ज सहारनपुर मण्डल महिपाल सिंह (सहारनपुर) समाजवादी पार्टी से पूर्व विधायक मिथिलेश पाल (मुजफ्फनगर), पूर्व विधान परिषद सभापति चौधरी सुखराम सिंह यादव के पुत्र तथा समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य पूर्व राज्यसभा व विधान परिषद के सदस्य, शौर्य चक्र विभूषित स्वर्गीय चौधरी हरमोहन सिंह के पौत्र हरमोहन सिंह जनकल्याण समिति के अध्यक्ष मोहित यादव कानपुर, प्रदेश अध्यक्ष लोधी महासंघ, समाजवादी पार्टी नेता उत्तम चन्द लोधी, पूर्व एमएलए व एमएलसी, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय हुकुम सिंह के पौत्र, ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह बिसेन पूर्व विधायक व प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री स्वर्गीय चिरंजन स्वरूप के पुत्र समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव स्वरूप केएम वैक्सीन एण्ड मेडिसिन्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के निर्देशक दीपक तिवारी पूर्व एजी, प्रथम उच्च न्यायालय इलाहाबाद, पूर्व मैनेजर एयर इंडिया संजय सिंह जादव जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय सचिव गोस्वामी समाज अमित प्रसाद गोस्वामी समाजवादी पार्टी महानगर महासचिव डा पूनम केशरी (लखनऊ) अधिवक्ता व व्यूसाधना के सम्पादक शशांक सिंह चंदेल डा गुलशेर खान गाँधी हिन्दू युवा वाहिनी पूर्व महानगर संयोजक अंशिता शुक्ला व पूर्व जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्र प्रताप सिंह यादव ने बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

## अखिलेश हताशा मेंः स्वतंत्र देव



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार को कहा कि सपा नेता अखिलेश यादव को सामने दिख रही हार से हताशा में हैं। इसलिए उन्होंने अभी से बहाना बनाना शुरू कर दिया है। वह कभी पत्रकारों तो कभी जनताए कभी पुलिस तो कभी हेलीकॉप्टर वालों पर अपनी कमियों का दोष मढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख की नौटंकी अब चलने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यहां रोज नए प्रपंचों के प्रदर्शन से काम चलने वाला नहीं है। जनता आपको और आपकी पार्टी की अदूरदर्शिता से भली भांति परिचित है। इसलिए वह आपकी इन हरकतों से अपना इंटरटेनमेंट तो कर सकती है इसे गंभीरता से लेने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि जब जनता साथ न हो तो खीझ इस प्रकार ही निकलती है। पिछले चुनाव में तो परिवार वालों ने आपकी खीझ झेली और बर्दाश्त की थीए अब जनता पर खीझ न उतारें।

## बसपा ने तीसरे चरण की दो सीटों पर बदले प्रत्याशी

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**एक** दिन पूर्व बसपा की तरफसे जारी तीसरे चरण की सूची में शामिल दो उम्मीदवारों को पार्टी ने बदल दिया है। जबकि तीसरे चरण की 6 अन्य सीटों पर प्रत्याशियों की सूची जारी की है। बसपा की तरफसे जारी सूची में फिरोजाबाद सीट से पूर्व घोषित प्रत्याशी बबलू कुमार राठौर की जगह शाजिया हसन को टिकट दिया है। जबकि सिरसागंज सीट से डॉ राघवेंद्र सिंह के स्थान पर पंकज मिश्रा को टिकट दिया है। वहीं फर्रूखाबाद की अमृतपुर सीट से अमित कुमार सिंह उर्फ राहुल कुशवाहा भोजपुर से आलोक वर्मा को टिकट दिया है। इसी तरह औरैया की बिधूना सीट से गौरव सिंह कानपुर देहात की भोगनीपुर से जुनैद खान कानपुर नगर की आर्यनगर सीट से डॉ आदित्य जायसवाल और महोबा की चरखारी सीट से विनोद कुमार राजपूत को टिकट दिया है।

# आर्यावर्त बैंक से जुड़े ग्राहकों को लाभान्वित करने की योजना बनेः एसबी सिंह



**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**आर्यावर्त** बैंक क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ द्वारा 73 वें गणतंत्र दिवस समारोह का गौरवमयी आयोजन स्टाफ ट्रेनिंग कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जस्टिस डी. पी सिंह उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में देश की प्राचीन सामाजिक अर्थव्यवस्था के बारे मे विस्तार से बताया एवं नयी पीढ़ी को देश हित में किए जा रहे कार्यो में बढ़ चढ़ कर योगदान देने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्यावर्त बैंक के अध्यक्ष एसबी सिंह द्वारा की गई। अध्यक्ष ने अपने उदबोधन मे उपस्थित स्टाफ सदस्यों एवं वी सी से जुड़े क्षेत्रीय प्रबंधको से कस्टमर रिकनेक्ट के माध्यम से पात्र ऋणियो को मुख्य धारा से जोड़ने का आहवाहन किया। कार्यक्रम में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत बैंक से जुड़े ग्राहकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से मनाने की घोषणा अध्यक्ष द्वारा की गई। 26 जनवरी 2022 से दिनांक 25 फरवरी 2022 तक एक माह में सभी पात्र खाताधारकों से संपर्क करते हुए उन्हें बैंक की योजना के माध्यम से वापस मुख्य धारा में लाया जाना है। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं द्वारा गणतंत्र दिवस के बारे में अपने उद्गार व्यक्त किये गए।

# यूपी में घटी कोरोना संक्रमण दर, 7909 नए केस

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**उत्तर प्रदेश** में विधानसभा चुनाव की तेजी के साथ ही कोरोना वायरस संक्रमण की दर अब धीमी हो गई है। बीते 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 7907 नए रोगी मिले। वहीं 14993 मरीज स्वस्थ हुए हैं। राजधानी लखनऊ में 1172 नए केस सामने आए हैं।

जनपद लखनऊ में मिले 1172 कोविड पॉजिटिव मरीजों में 669 पुरुष एवं 503 महिला रोगी है। आज कुल 2412 व्यक्ति कोविड संक्रमण से स्वस्थ हुए हैं। डा राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थानए गोमतीनगर लखनऊ मे भर्ती 72 वर्षीय मरीज जो लखनऊ के निवासी थेए डायबिटीज मालाइटिस एवं हाइपरटेशन से ग्रसित होने के कारण मौत हो गई। साथ ही पीजीआई में भर्ती 62 वर्षीय महिला की मौत हुई है। महोबा की रहने वाली महिला मरीज का एमवीआर हार्ट



- लखनऊ में 1172 नए केस सामने आए

डिजीज का ऑपरेशन हुआ था। आज जनपद के चिनहट में 149 अलीगंज में 198 आलमबाग में 156 इन्दिरानगर में 121 सिल्वर जुबली में 83 सरोजनीनगर में 93 एनके रोड में 44 रेडक्रास में 89 टुड़ियागंज 37 कोविड धनात्मक रोगी मिले हैं। इसके अतिरिक्त ट्रेवल के 97 कान्टेक्ट के 338 आईएलआई के 245 प्री.सर्जिकल के 41 एचसीडब्लू के 6 एएनसी के 2 एवं कमाण्ड हास्पिटल के 5 में कोविड पॉजिटिव रोगी पाये गये हैं। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 180883 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 98884193 सैम्पल की जांच की गयी हैं। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टों में 14993 लोग तथा अब तक कुल 198570 लोग कोविड.19 से ठीक हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोविड के नये मामलों की तुलना में ठीक होने वालो की संख्या लगातार अधिक आ रही है। उन्होने बताया कि

## संक्रमण दर के हिसाब से होगी जिलों में कोरोना की जांच

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**कोरोना** संक्रमण में आई गिरावट को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अब संक्रमण दर के हिसाब से जांच की दिशा शुरू करने का निर्णय लिया है। जिस जिले में संक्रमण दर ज्यादा होगीए वहां उस हिसाब से जांच की रूपरेखा तय कर क्रियान्वयन किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक अब संक्रमण दर के हिसाब से कोरोना की आरटी.पीसीआर व एंटीजेन जांच होगी। यदि संक्रमण दर 10 फीसदी चल रही है तो कम से कम 10 हजार से अधिक जांच करनी होगी। वहीं यदि संक्रमण दर पांच फीसदी है तो कम से कम पांच हजार जांच करनी होगी। कोरोना की अधिक से अधिक लोगों की जांच से संक्रमण को पकड़ने में मदद मिलती है। अभी लखनऊ में एक संक्रमित के संपर्क में आने वाले 50 से 55 लोगों की जांच की जा रही है। लखनऊ में अभी भी 11 सौ से अधिक लोग कोरोना संक्रमित मिल रहे हैं। इसके मुकाबले 18 से 20 हजार लोगों की जांच कराई जा रही है।

17 जनवरीए 2022 को प्रदेश में कोरोना के कुल एक्टिव मामले 1ए06ए616 थे जो घटकर अब कुल 65ए263 एक्टिव मामले रह गये है। 63ए076 लोग होम आइसोलेशन में है। प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल 27 जनवरीए 2022 को एक दिन में 1644450 वैक्सीन की डोज दी गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कल तक 18 वर्ष से अधिक लोगों को कुल पहली डोज 145780643 दी गयी जो उनकी जनसंख्या का 98.89 प्रतिशत है। 18 वर्ष से अधिक लोगों को दूसरी डोज 99544146 दी गयीए जो उनकी जनसंख्या का 67.52 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के अब तक 8733333 वैक्सीन की प्रथम डोज दी गयी हैए जो उनकी जनसंख्या का 62.32 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि अब तक 1049732 प्रीकॉशन डोज दी गयी है।

# शलभ के काव्य संग्रह 'कहीं धूप, कहीं छाँह' का हुआ ई-लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**राजधानी** की साहित्यिक संस्था विविधा के तत्वावधान में देश के जाने .माने वरिष्ठ हास्य .व्यंग्य कवि, गज़लकार, गीतकार और गायक राजेश अरोरा शलभ की 17वीं पुस्तकए काव्य संग्रह 'कहीं धूप, कहीं छाँह' का ई-लोकार्पण शुक्रवार को साहित्यकार एवं पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान उदय प्रताप सिंह और उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के पूर्व अध्यक्ष एवं देश के सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार गोपाल चतुर्वेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर शलभ को उनकी 17वीं पुस्तक के प्रकाशन पर वीडियो एवं आडियो संदेशों द्वारा शुभकामनाएं एवं बधाई दीएजिनमें उदय प्रताप सिंह व गोपाल चतुर्वेदी सहित दिल्ली से सुविख्यात कवि पद्मश्री अशोक चक्रधर व पद्मश्री सुरेन्द्र शर्मा, गुरुग्राम (हरियाणा) से वरिष्ठ साहित्यकार एवं हिंदी साहित्य निकेतन, बिजनौर के प्रबंध निदेशक डा. गिरिराज शरण अग्रवाल एपटना (बिहार) से बिहार साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा. अनिल सुलभ, मुंबई (महाराष्ट्र) से सुविख्यात भजन गायक अनूप जलोटा, सुप्रसिद्ध नवकेतन स्टूडियो के प्रोड्यूसर डाइरेक्टर केतन आनंद एसाहित्यकार एवं टीवी एंकर डा. शैलेश श्रीवास्तव, अंतराष्ट्रीय साहित्य एवं कला मंच, मुरादाबाद के अध्यक्ष डा. महेश दिवाकर, लखनऊ से उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी की पूर्व चेयरपरसन पद्मश्री प्रो. आसिफ़ा ज़मानी, मशहूर रंगकर्मी और फ़िल्म अभिनेता डा. अनिल रस्तोगी, विद्वान हिंदी मर्मज्ञ डा.सूर्य प्रसाद दीक्षित, सुप्रसिद्ध संगीतकार केवलकुमार, सुप्रसिद्ध लोक गायिका पद्मा गिडवानी, सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका सुनीता झिंगरन, सुविख्यात वरिष्ठ हास्य व्यंग्य कवि सूर्यकुमार पांडेय व श्याम मिश्र, आकाशवाणी और लखनऊ दूरदर्शन के पूर्व महानिदेशक डा. सतीश ग्रोवर, दूरदर्शन, लखनऊ के पूर्व निदेशक व प्रसिद्ध नाट्य लेखक सुशील कुमार सिंह, वर्तमान सहायक निदेशक व विपुलम् संस्था के संस्थापक आत्म प्रकाश मिश्र, एज़ाज़ रिज़्वी इंस्टीट्यूट ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के प्रबंध निदेशक आसिफ रिज़्वी और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के पूर्व प्रबंध निदेशक एस. के. वर्मा के अतिरिक्त बोस्टन, अमेरिका के विश्व हिंदी मंच के प्रेसीडेंट (अध्यक्ष) प्रोतेश श्रीवास्तव एवं मेम्बर एक्ज़ीक्यूटिव (कार्यकारिणी सदस्य) पॉपी चरनालिया व मिस्टर अली सम्मलित थे। शलभ की यह 17वीं पुस्तक और 23वीं साहित्यिक कृति है। पुस्तकों के अतिरिक्त उनके गीत, गज़ल और हास्य. व्यंग्य रचनाओं के 6 एलबम भी प्रकाशित हो चुके हैं। प्रस्तुत पुस्तक उन्होंने कोरोना काल में लिखी और उन समस्त ज्ञात .अज्ञात लोगों को समर्पित की है, जो इस महामारी से कालग्रस्त होकर असमय ही इस संसार को छोड़कर चले गये। पुस्तक में पांच खंडों में विभिन्न विधाओं की रचनाएं हैं।



# प्रत्याशियों के चुनावी कार्यो के लिए अलग से खुलेंगे बैंक खाता

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

- 10 लाख से ऊपर की नकद निकासी और जमा की सूचना उपलब्ध कराएंगे आयकर विभाग को

**विधानसभा** सामान्य निर्वाचन 2022 के तहत ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी बैंक कोऑर्डिनेटर की बैठक की गई। प्रत्याशियों के चुनावी कार्यों के लिए अलग से बैंक खाता खुलवाना अनिवार्य है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश सभी बैंक 1 लाख से अधिक नकद की सन्देहास्पद निकासी और जमा की निगरानी करेंगे। वहीं सभी बैंक 10 लाख से ऊपर की नकद निकासी और जमा की सूचना उपलब्ध आयकर विभाग को कराएंगे। प्रत्याशियों और उनके आश्रितों के खातों की भी निगरानी की जाएगी। शुक्रवार को विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 की तैयारियों पर ज़िला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक प्रकाश ने कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त बैंक कोऑर्डिनेटर के साथ बैठक की। बैठक में ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बैंकर्स को बताया गया कि सभी बैंक प्रतियाशियो के चुनाव कार्यों के लिए अलग से खाता खोलेंगे। प्रतियाशियो द्वारा चुनाव के सभी खर्चे इसी खाते से किये जाएंगे। सभी बैंक प्रतियाशियो और उनके कार्यकर्ताओं को अलग से बैंकिंग सुविधा प्रदान करेंगे। साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी बैंकों को निर्देश दिया गया कि सभी बैंक 10 लाख से ऊपर की नकद निकासी और जमा की निगरानी करेंगे और इसकी जानकारी आयकर विभाग को देंगे। साथ ही सभी बैंक 1 लाख से अधिक नकद की सन्देहास्पद निकासी और जमा की भी निगरानी करेंगे और उसकी जानकारी ज़िला निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। यदि प्रतियाशी के आश्रितों के खातों में निरंतर 1 लाख से ऊपर की निकासी या जमा होती है तो इसकी भी जानकारी ज़िला निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही निर्देश दिया गया कि काफी समय से निष्क्रिय पड़े डोरमेंट खातो की भी निगरानी करना सुनिश्चित किया जाए कि कोई खाता अचानक से सक्रिय तो नहीं हुआ है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी बैंकों को मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से 'अबकी बार 80 प्रतिशत पार, साथ में कोरोना से नहीं होगी हार' स्लोगन के होर्डिंग व बैनर लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी पूर्वी, सीटीओ, समस्त बैंक के कोऑर्डिनेटर व अन्य विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया।

## एटीएम वैन ही नकदी ले जाएंगी

**एटीएम** वैन व अन्य के द्वारा नकदी ले जाने के पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि बैंक यह सुनिश्चित करेंगे कि एजेंसियों से प्राप्त नकदी ले जाने वाली गाड़िया किसी भी परिस्थिति में बैंक की नकदी के अतिरिक्त किसी अन्य पक्ष की नकदी नहीं ले जाएगी। नकदी ले जाने वाले कार्मिक जो गाड़ियों में साथ जाएंगे सम्बंधित एजेंसियों द्वारा उन्हें जारी पहचान पत्र अपने साथ रखेंगे। साथ ही यदि नकदी लेजाने वाली गाड़ियों को अगर निरीक्षण के लिए रोक जाता है तो वह कंपनी व एजेंसी दस्तावेज़ों और मुद्रा के प्रत्यक्ष निरीक्षण द्वारा यह स्पष्ट कर सकने की स्थिति में होने चाहिए कि उन्होंने वह नकदी बैंकों के एटीएम को नकदी भरने या बैंकों की कुछ अन्य शाखाओं या मुद्रा पेटी में नकदी पहुंचाने के लिए बैंक के अनुदेशों पर नकदी ले जा रहे है।

# सपा अपने काम के आधार पर कभी वोट मांगने नहीं आई

**भाषा।** शाहजहांपुर

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव की जिन्ना वाली टिप्पणी पर परोक्ष रूप से चुटकी ली। नड्डा ने हालांकि मोहम्मद अली जिन्ना का नाम नहीं लिया। प्रभावी मतदाता संवाद को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, "ऐसा क्यों है कि अखिलेश यादव को आज भारत के विभाजन के लिए जिम्मेदार व्यक्ति की याद आती है, आखिर क्यों उन्हें सरदार वल्लभभाई पटेल की याद नहीं आती हैं, जिन्होंने देश को एकजुट किया। गौरतलब हैं कि 31 अक्टूबर, 2021 को हरदोई में आयोजित एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में, यादव ने महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल और मुहम्मद अली जिन्ना की बराबरी की थी। उन्होंने कहा था, सरदार पटेल, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और (मुहम्मद अली) जिन्ना ने एक ही संस्थान में पढ़ाई की और बैरिस्टर बने। उन्होंने (भारत को) आजादी दिलाने में मदद की और कभी किसी संघर्ष से पीछे नहीं हटे।

समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए नड्डा ने दावा किया, सपा के घोषणापत्र में भू-माफिया, बालू माफिया, अपहरण माफिया और उद्योग माफिया हैं,उनकी सरकार में महिलाएं असुरक्षित थीं, कानून व्यवस्था की स्थिति बहुत खराब थी। आज माफिया या तो आत्मसर्मपण कर रहे हैं या जेल जा रहे हैं, या उत्तर प्रदेश छोड़ रहे हैं। सपा के उम्मीदवार या तो जेल में हैं या जमानत पर हैं। नड्डा ने शुक्रवार को विपक्षी दलों समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस पर निशाना साधा और भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाई। नड्डा ने कहा, समाजवादी पार्टी काम के आधार पर वोट मांगने कभी नहीं आई, वह तो हर बार चुनाव में नए वादे करते और आगे बढ़ जाते



परंतु भारतीय जनता पार्टी रिपोर्ट कार्ड के आधार पर ही आगे बढ़ी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूछा कि क्या समाजवादी पार्टी 2017 में काम के आधार पर वोट मांगने आई। उन्होंने कहा कि हर बार सपा चुनाव के वक्त नए-नए वादे करके आती है और बाद में आगे बढ़ जाती है परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिखाया है कि अब पार्टी रिपोर्ट कार्ड के आधार पर ही आगे बढ़ेगी और भाजपा ने जो कहा है वह करके भी दिखाया है।

उन्होंने मतदाताओं से कहा, आप चुनाव में वोट देने जा रहे हैं तो आपके पास चुनने का आधार क्या है, तो एक बार तौल कर देखिए कि किसने क्या कहा था और वह पूरा हुआ या नहीं हुआ। नड्डा ने दावा किया कि भाजपा ने जो कहा उसे पूरा किया। नड्डा ने दावा किया कि भाजपा ने जो कहा उसे पूरा किया। उन्होंने किसानों की चर्चा करते हुए कहा, अभी पिछले दिनों किसानों के कई नेता बन गए और उन्होंने अपने को नेता कहलवाया, इससे किसानों की हालत खराब होती रही। उन्होंने कहा, जो काम किसानों के लिए नरेंद्र मोदी ने किया वह अभी तक किसी ने नहीं किया है। 2014 से पहले 22 हजार करोड़ रुपए का कृषि बजट होता था लेकिन अब यह बजट एक लाख 23 हजार करोड़ रुपए का होता है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने दस वर्ष में 51 हजार करोड़ रुपए कर्ज माफ किया परंतु भाजपा सरकार में अब तक 10 करोड़ 50 लाख किसानों के खाते में एक लाख 80 हजार करोड़ रुपए प्रधानमंत्री किसान निधि के जरिए भेजा है। उन्होंने किसानों के कल्याण के लिए चलाई गई योजनाओं का आंकड़ा वार ब्यौरा दिया। बसपा प्रमुख मायावती पर आरोप लगाते हुए नड्डा ने कहा, मायावती की सरकार में उत्तर प्रदेश में 22 चीनी मिलें बिकीं तथा 19 बंद हो गईं, वहीं अखिलेश यादव की सरकार में 11 चीनी मिलें बंद हो गईं।

उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ के शासन में तीन चीनी मिलें बढ़ गई हैं तथा एक लाख 40 हजार करोड़ रुपए गन्ने का भुगतान किसानों को किया गया जिसमें अखिलेश यादव की सरकार के दौरान बाकी 11 हजार करोड़ रुपए का भुगतान भी शामिल है। नड्डा ने शाहजहांपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राज्य सरकार के संसदीय कार्य व वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के लिए शहर के खिरनी बाग मोहल्ले में मतदाताओं से संपर्क करके वोट मांगा।

## सहारनपुर में आज चुनाव प्रचार करेंगे अमित शाह

**सहारनपुर (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को सहारनपुर के दौरे पर आएंगे और विधानसभा और सहारनपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करेंगे। यह जानकारी भाजपा के एक नेता ने शुक्रवार को दी। सहारपुर से भाजपा उम्मीदवार एवं पूर्व विधायक राजीव गुम्बर ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को मुजफरनगर से सड़क मार्ग से देवबंद आएंगे। उन्होंने बताया कि शाह देवबंद में आधा घण्टा रुककर भाजपा प्रत्याशी ब्रजेश सिंह के समर्थन में जनसम्पर्क करेंगे और उसके बाद सहारनपुर रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि शाह सहारनपुर ग्राम कोटा के इन्द्रप्रस्थ कालेज के कार्यक्रम में मतदाताओं के साथ सवांद करेंगे। उन्होंने बताया कि शाह सायं साढे पांच बजे दिल्ली रोड पर स्थित एक होटल के हॉल में पार्टी के पदाधिकारियों ओर कार्यकर्ताओ के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद शाह शारदा नगर में जनसम्पर्क करेंगे और फिर दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

# मौनी अमावस्या स्नान को लेकर परखीं व्यवस्थाएं

● मंडलायुक्त ने किया मेला क्षेत्र का निरीक्षण, दिए निर्देश



**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**माघमेले** के तृतीय स्नान पर्व मौनी अमावस्या के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों की समीक्षा के दृष्टिगत मंडलायुक्त संजय गोयल ने आज मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभागों द्वारा की गई तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए उन्होंने संगम नोज के विभिन्न स्थानों पर मेला प्राधिकरण द्वारा अनुमन्य नावों की रेट लिस्ट लगाने तथा किला घाट के निकट एक एडिशनल वॉच टावर एवं पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। यह निर्देश श्रद्धालुओं को नाविकों द्वारा ठगी से बचाने तथा किलाघाट की तरफ भ्रमण कर रहे श्रद्धालुओं की निगरानी बढ़ाने के दृष्टिगत लिए गए हैं। इसके अतिरिक्त जल पुलिस के अधिकारियों को सभी नाविकों से बोटिंग के दौरान श्रद्धालुओं को अनिवार्य रूप से लाइफ जैकेट्स पहनाने के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करवाने को भी कहा है। नाविकों द्वारा अनुपालन ना करने पर उनकी बोट सीज़ करने के निर्देश दिए हैं।

निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने मेले के विभिन्न सेक्टरों पर कोविड हेल्प डेस्क की संख्या बढ़ाते हुए संगम नोज के आसपास एक थर्मल स्कैनिंग सेंटर स्थापित करने के भी निर्देश दिए हैं। जिससे उनकी विजिबिलिटी और बेहतर हो सके एवं श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की कठिनाई न हो। साथ ही अधिक भीड़भाड़ वाले घाटों के समीप सफाई गैंग की संख्या बढ़ाकर कूड़ा उठाने के कार्य को और सक्रियता से करने के निर्देश दिए हैं। मंडलायुक्त ने घाटों पर हर हालत में पूर्ण सफाई सुनिश्चित करने को कहा है। मंडलायुक्त ने पब्लिक टॉयलेट कंपलेक्स का भी औचक निरीक्षण कर वहां कार्यरत सफाई कर्मियों से बातचीत की। शौचालयों में अपेक्षा अनुसार सफाई ना पाए जाने पर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सफाई कर्मियों को समय समय पर सफाई किट उपलब्ध कराने तथा सारे शौचालयों एवं यूरिनल्स को साफ रखने के निर्देश दिए हैं।

मंडलायुक्त ने मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आई ट्रिपल सी वीविंग सेंटर एवं कोविड कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया तथा मेले में सुरक्षा एवं कोविड की दृष्टि से की जा रही कार्यवाही की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने पुलिस विभाग के तैनात अधिकारियों को मौनी अमावस्या के स्नान के दृष्टिगत और तन्मयता से एवं अन्य विभागों के अधिकारियों से बेहतर समन्वय बनाते हुए काम करने को भी कहा है।निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त रवि रंजन मेला अधिकारी अरविंद कुमार चौहान पुलिस अधीक्षक मेला राजीव नारायण मिश्रा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा नानक सरन उपस्थित रहे।

# भीषण सड़क हादसा, तीन लोगों की दर्दनाक मौत,एक घायल



**संवाददाता।** खीरों रायबरेली

**खीरों** थाना क्षेत्र भरवलिया में शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इसमें 3 लोगों की मौके पर मौत हो गई व एक घायल है। खीरों थाना क्षेत्र भरवलिया में गुरुवार को एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार सफारी गाड़ी साइकिल सवार को बचाने में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, सफारी में सवार 4 लोगो मे तीन लोगों जिया,अरशद,चास्मि की मौके पर मौत हो गई आशिफ कि हालत गंभीर स्थानीय लोगो ने गंभीर रूप से घायल युवक को एम्बुलेंस की सहायता से भेजा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज भेज दिया हैं। फतेहपुर जिले के रहने वाले है सभी सफारी गाड़ी सवार फतेहपुर से लखनऊ जा रहे थे सफारी गाड़ी सवार खीरों थाना क्षेत्र भरवलिया गांव के पास लखनऊ फतेहपुर हाईवे पर हुआ दर्दनाक सड़क हादसा। खीरों ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सांड़ से टकराकर कार पलटी चालक की मौत, सात घायल

**भदोही (भाषा)।** जिले के औराई थाना इलाके मे राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को सांड़ से टकराकर एक कार के पलट जाने से इसके चालक की मौत हो गई और इसमें सवार सात अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हादसा आज सुबह उस समय हुआ जब वाराणसी से एक कार में सवार होकर आठ लोग प्रयागराज स्थित अपने घर जा रहे थे। उन्होने कहा कि औराई थाना क्षेत्र के घाटमपुर गांव के पास तेज रफ्तार कार एक सांड़ से टकराकर पलट गई। औराई कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सेठ ने बताया कि दुर्घटना में कार चालक बृजभान यादव (26) की मौके पर मौत हो गई। उन्होने कहा कि घायल हुए सात लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां से सभी को प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया है जिनमे से चार की हालत गंभीर बताई जाती है। थाना प्रभारी ने कहा कि चालक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

## राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने को लेकर आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**भाषा।** मुजफ्फरनगर

**उत्तर प्रदेश** में मुजफ्फरनगर जिले के तेवड़ा गांव में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के आरोप में आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ककरोला थाने के प्रभारी (एसएचओ) सुनील शर्मा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ शुक्रवार को राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया जिसमें लोग राष्ट्रीय ध्वज का कथित रूप से अपमान करते दिख रहे हैं। वीडियो में कथित रूप से दिख रहा है कि कुछ लोग गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम के दौरान एक गाड़ी के पीछे रखे ऑडियो कंसोल पर बैठे हैं और उनके जूते झंडे को छू रहे हैं।

# सात तस्करों की संपत्ति जब्त

**संवाददाता।** बरेली

**बरेली** पुलिस ने आज मादक पदार्थ के 7 तस्करों की करोड़ों की संपत्ति जप्त कर ली। भमोरा थाने के गांव मिलक मजारा निवासी अवधेश पुत्र हरिप्रसाद सोमवती पत्नी अवधेश और पार्वती पत्नी हरिप्रसाद को पुलिस ने पिछले साल 27 अगस्त को 1 किलोग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया था तब अवधेश और हरिप्रसाद पुलिस को देख कर अपने पास ली हुई अफीम को लेकर फरार हो गए थे तब पुलिस ने उनके विरुद्ध भी मुकदमा दर्ज कर लिया और अवधेश को पिछले साल 5 सितंबर को 950 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार कर और जेल भेजाइस संबंध में दर्ज मुकदमे के बाद अभियुक्त के विरुद्ध जांच के दौरान स्पष्ट हुआ कि गिरफ्तार किए गए सभी तस्कर लंबे समय से अवैध रूप से तस्करी कर रहे थे और इन्होंने लगभग 46261709 रुपए की संपत्ति जमा कर ली है जिसे एनडीपीएस एक्ट के तहत फ्रीज किया गया। अवधेश प्रसाद, हरप्रसाद, पार्वती, प्रवेश कुमारी, सोमवती, सरवन और रूपकिशोर की चल अचल संपत्ति ज़ब्त की गई है।

## 25000 का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**बरेली।** लगभग 10 महीनों से फरार चल रहे 25000 के इनामी बदमाश को पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना के बाद गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा उसके पास से अवैध स्मैक और रुपए भी बरामद हुए। फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गांव पढेरा निवासी वाजिद उर्फ खन्ना को पुलिस ने आज फरीदपुर थाना क्षेत्र में ढकनी गांव की नहर की पुलिया के आगे रजपुरी जाने वाले मार्ग पर गिरफ्तार किया। बदमाश के पास से तलाशी के दौरान 60 ग्राम स्मैक और 300 रुपए नगद बरामद हुए पुलिस के अनुसार पिछले साल 13 मार्च को वाजिद के साथी नासिर खान को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

# भाजपा ने तीसरी बार धीरेंद्र बहादुर सिंह पर जताया भरोसा

● कांग्रेस प्रत्याशी न घोषित होने से हो रही तरह-तरह की चर्चाएं

**संवाददाता।** लालगंज, रायबरेली

**182** सरेनी विधानसभा चुनाव अब दिलचस्प मोड़ में पहुंच गया है। कांग्रेस को छोडकर बाकी सभी पार्टियों ने अपने उम्मीदवारो की घोषणा कर दी है। भाजपा की आज जारी लिस्ट में धीरेंद्र बहादुर सिंह पर ही पार्टी ने फिर से भरोसा जताते हुए उन्हे अपना उम्मीदवार बनाया है। लगातार तीसरी बार भाजपा ने धीरेंद्र बहादुर सिंह पर अपना विश्वास जाहिर करते हुए तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया है। उनकी नाम की लिस्ट जारी होते ही जहां उनके समर्थको में हर्ष की लहर दौड़ गई वही अन्य दावेदारो में मायूसी भी छा गई। एक ओर जहां भाजपा से धीरेंद्र बहादुर सिंह, समाजवादी पार्टी से देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ राजा अजय तथा बसपा से ठाकुर प्रसाद यादव अधिकृत प्रत्यासी घोषित हो चुके है। जबकि कांग्रेस ने अभी तक अपने पत्ते नही खोलें है। जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में मायूसी झलकने लगी है। नामांकन प्रक्रिया प्रारम्भ होने के बावजूद पार्टी द्वारा प्रत्यासी न घोषित करना कार्यकर्ताओं में हतासा पैदा कर रहा हैं। कांग्रेस के गढ़ में प्रत्यासी की घोषणा न होने के अनेक सियासी मायने माने जा रहे है।

कांग्रेस के पूर्व विधायक व वर्तमान में टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे अशोक सिंह ने चुनाव न लडने की इच्छा जताते हुए पार्टी नेतृत्व को एक खत भी लिखा है। सोशल मीडिया में वायरल लेटर को लेकर तरह-तरह की चर्चायें हो रही है। कुछ लोग उन्हे दूसरी पार्टी से टिकट का दावेदार मान रहे तथा कुछ कांग्रेस नेतृत्व से उनकी नाराजगी इसकी वजय बता रहे है। फिलहाल के परिदृश्य में उनकी दावेदारी सबसे मजबूत थी जिसका प्रमुख कारण उनका व्यक्तिगत वोट बैंक भी था। लेकिन उनके चुनाव न लडने की इच्छा के चलते अन्य दावेदारो की बाछें खिल गई है। सभी संभावित उम्मीदवार अपनी-अपनी टिकट पक्की होने की बात कह रहे है। लेकिन आने वाले वक्त में ही यह पता लग पायेगा कि कांग्रेस आखिर किस पर अपना भरोसा जतायेगी।

## जिले में भाजपा ने खोले पत्ते, चार में से दो सीटों पर प्रत्याशी घोषित



मयंकेश्वर शरण सिंह सुरेश पासी

**अमेठी।** जिले में भाजपा ने भी प्रत्याशियों को लेकर अपने पत्ते खोल दिए हैं। इससे पूर्व कांग्रेस सपा व बसपा ने अपने प्रत्याशी घोषित किए हैं। लोगों को भाजपा के प्रत्याशियों का इंतजार था। जिले की 4 सीटों में से 2 सीटों पर अपने पुराने सिटिंग विधायकों पर ही भरोसा जताया है। तिलोई से मयंकेश्वर शरण सिंह व जगदीशपुर सुरक्षित से प्रदेश में मंत्री सुरेश पासी पर पार्टी ने एक बार फिर भरोसा जताते हुए प्रत्याशी बनाया है। वहीं जिले की दो सबसे महत्वपूर्ण सीटों गौरीगंज, अमेठी पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं। सूत्रों की माने तो एक दो दिन में इन सीटों पर भी प्रत्याशी घोषित कर दिए जाएंगे। उक्त दोनों सीटों पर प्रत्याशियों की लंबी लाइन है। जिससे भाजपा नेतृत्व को प्रत्याशी चुनने में काफी गहन मंथन करना पड़ रहा है। मौजूदा समय में भाजपा का अमेठी में सिटिंग विधायक है, वही गौरीगंज में सपा का कब्जा है।

# पारंपरिक ज्ञान व सांस्कृतिक मूल्यों को समावेशित करने की आवश्यकता: प्रो दुबे

● मोनिका पाण्डेय को मिला कुलाधिपति स्वर्ण पदक

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**उत्तर प्रदेश** राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय का 16 वां दीक्षान्त समारोह शुक्रवार को सरस्वती परिसर स्थित अटल प्रेक्षागृह में आयोजित हुआ। समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि गुजरात गांधीनगर से आए कुलपति प्रो रमाशंकर दुबे एवं मुविवि की कुलपति प्रो सीमा सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। दीक्षान्त समारोह में कुलाधिपति स्वर्ण पदक क्षेत्रीय अध्ययन केन्द लखनऊ की एमए योग की छात्रा मोनिका पाण्डेय को दिया गया। विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक स्नातकोत्तर वर्ग में विद्या शाखाओं के छह टापर्स को दिया गया। दीक्षान्त समारोह में विभिन्न विद्या शाखाओं में सर्वाधिक अंक



मोनिका पांडेय को उपाधि देते कुलपति प्रो. दुबे और कुलपति प्रो. सीमा सिंह

प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों को 21 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। जिनमें 10 स्वर्ण पदक छात्रों तथा 11 स्वर्ण पदक छात्राओं को दिये गये। दीक्षान्त समारोह में सत्र दिसम्बर 2020 तथा जून 2021 की परीक्षा के सापेक्ष उत्तीर्ण लगभग 19151 हजार शिक्षार्थियों को उपाधि प्रदान की गयी। जिसमें 11225 पुरूष तथा 7926 महिला शिक्षार्थी हैं। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने राजभवन से वर्चुअल तौर पर की। मुख्य अतिथि प्रो रमाशंकर दुबे कुलपति गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय गाँधीनगर ने दीक्षान्त भाषण देते हुए कहा कि शिक्षा आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण का एक सशक्त माध्यम है। भारत को हर क्षेत्र में समृद्ध बनाने के लिए उच्च शिक्षा एक अनिवार्य कारक है। उच्च शिक्षा के स्तर से ही समाज की स्थिति एवं उसकी उन्नति का पता चलता है।

वर्तमान उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए भारत के पारंपरिक ज्ञान एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सहेज कर समावेशित करने की आवश्यकता है। शिक्षण संस्थाओं की पहचान में गुणवत्तायुक्त और नवाचारयुक्त शोध का बहुत महत्व है। शोध एवं अन्वेषण के फ्लस्वरुप ही कृषि विज्ञान चिकित्सा प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति आई है। उन्होंने छात्रों को मूल मंत्र देते हुए कहा कि शिक्षा जीवन पर्यंत जारी रहने वाली सारस्वत प्रक्रिया का नाम है। प्रो दुबे ने कहा कि कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। ऐसे में सफ्लता अवश्य मिलेगी।दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता कर रहीं कुलाधिपति और प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने दीक्षान्त समारोह में राजभवन से ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर विश्वविद्यालय उपाधि डिजीलॉकर का ऑनलाइन उद्घाटन किया।

# ...और जश्न में तब्दील हो गई मंत्रणा बैठक

**संवाददाता।** अयोध्या

**आगामी** विधानसभा चुनाव में व्यूह रचना को लेकर शुक्रवार को आयोजित मंत्रणा बैठक देखते ही देखते जश्न में तब्दील हो गई। सूचना तंत्र से एक सूचना क्या मिली, बैठक में मौजूद लोगों के चेहरे खिल उठे और अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता को बधाई देने वालों का तांता लग गया। मौका था पूरा ब्लॉक की मड़ना ग्राम सभा स्थित ब्लाक प्रमुख शिवेंद्र सिंह के आवास पर आयोजित मंत्रणा बैठक का जिसका नेतृत्व अयोध्या विधायक श्री गुप्ता तथा संचालन स्वयं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री सिंह कर रहे थे। मंत्रणा बैठक में इस बात पर गहनता से विमर्श किया जा रहा था कि कैसे विधानसभा की किलेबंदी कर प्रतिद्वंदी प्रत्याशियो को मात दी जाए कि इसी बीच शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्रत्याशियों की सूची जारी होने और सूची में अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता का नाम शामिल होने की खबर आ गई।यह खबर मिलते ही बेहद संजीदगी से चल रही बैठक का




माहौल उल्लास में और यह उल्लास जश्न में तब्दील हो गया। इस बीच बैठक में मौजूद पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री सिंह के नेतृत्व में बारी बारी से अयोध्या विधायक श्री गुप्ता का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हें विजय श्री हासिल होने को लेकर शुभकामनाएं दी।

इस जश्न के बीच ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री सिंह ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा विधायक श्री गुप्ता को दोबारा बतौर प्रत्याशी चुना जाना इनकी स्वच्छ छविएसरल व्यक्तित्व लोकप्रियता व इनके प्रति अटूट विश्वास का प्रमाण है।हमें एकजुट होकर शीर्ष नेतृत्व के इस विश्वास पर खरा उतरना होगा।स्वागत से अभिभूत विधायक श्री गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा शीर्ष नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पूरी तन्मयता के साथ चुनावी तैयारी में लग जाने का आह्वान किया।बैठक में गन्ना समिति चेयरमैन दीपेंद्र सिंहएसभी प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पहली बार मताधिकार को लेकर उत्साहित युवा चुनेंगे अपनी सरकार

● मतदाता सूची में नाम शामिल होने और वोट डालने के लिए युवाओं ने साझा की खुशियां









**मनीष द्विवेदी।** प्रयागराज

**फरवरी** में होने वाला लोकतंत्र का महापर्व विधानसभा चुनाव सभी के लिए बेहद अहम है लेकिन यह चुनावी पर्व युवाओं के लिए खासा उत्साह और लोकप्रिय होने वाला है। क्योंकि युवा वर्ग ही इस चुनाव को कई मायने में खास बनाने वाले हैं। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए हाल में ही कई युवाओं ने पुनरीक्षण अभियान में अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराया है। ऐसे में उनका उत्साही होना लाजिमी भी है। युवाओं में अभी से मतदान के लिए जोश दिखाई दे रहा है। इन युवाओं ने सुबह सबसे पहले वोट डालने के बाद ही कोई और काम करने की शपथ ली है। शहर पश्चिमी के प्रीतमनगर मोहल्ले में रहने वाले शिवांश पांडेय विधानसभा चुनाव को लेकर काफी उत्साहित हैं। उनका कहना है कि अब वह 22 साल के हो गए हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में उन्होंने मतदाता फॉर्म भरा था लेकिन स्वीकार नहीं हो सका था। इस बार उन्होंने फार्म ठीक से भरा है और नाम भी मतदाता सूची में आ गया है। इस बार वह अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। हालांकि वोट डालने के लिए उन्होंने अपनी मां साधना पांडेय और एजी ऑफिस में वरिष्ठ लेखाधिकारी आनंद कुमार पांडेय से पूछा है कि वोट कैसे डालेंगे। शिवांश पांडेय का कहना है कि वह विधानसभा चुनाव में पहली बार वोट डालेंगे। शहर दक्षिणी विधानसभा के एडीए कॉलोनी नैनी में रहने वाले सोमदेव मिश्रा जो कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय में स्नातक के छात्र हैं। उनकी भी उम्र भी इसी सितंबर में 21 साल हो गई।

उन्होंने भी इस बार मतदाता बनने के लिए फॉर्म भरा था। उनका नाम मतदाता सूची में शामिल हो गया है। वह भी पहली बार विधानसभा चुनाव के लिए वोट करेंगे। सोमदेव मिश्र ने इसके लिए पिता ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सिविल लाइंस प्रयागराज में गणित के प्रवक्ता आचार्य विनोद कुमार मिश्र रूद्र और मां उमा मिश्र का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों की प्रेरणा से ही उनका नाम मतदाता सूची में शामिल हो पाया है।

सोमदेव मिश्र का कहना है कि उनकी बहन गरिमा मिश्रा अभी 16 साल की ही हैं लेकिन वह भी लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में वोट डालने के लिए खासा उत्साहित हैं। गरिमा कहती हैं कि हर चुनाव में वह केवल घरवालों को वोट डालने के लिए जाते देखती हैं तो उन्हें भी वोट डालने की इच्छा होती है। उन्हें इंतजार है कि वह जल्द 18 साल की हों तो वह भी वोट डालने के लिए परिवार वालों के साथ बूथ पर जाएं।

शहर पश्चिमी विधानसभा के राजरूपपुर मोहल्ले में रहने वाले शुभम सिंह यादव 21 साल के हो गए हैं। उन्होंने भी मतदाता बनने के लिए फॉर्म भरा था। जिनका फॉर्म स्वीकार हो गया है। उन्हें भी मतदाता बनकर मतदान करने का उत्साह है। शुभम सिंह यादव ने तय किया है कि मतदान के दिन सुबह ही वह अपने पिता कृष्णा सिंह यादव और माता सुमन यादव के साथ वोट डालने के लिए बूथ पर जाएंगे। उनका कहना है कि वह बूथ पर सबसे पहले पहुंच कर मताधिकार का प्रयोग करेंगे। शहर दक्षिणी विधानसभा के माधवपुर पट्टी खरकौनी नैनी यमुनापार में रहने वाले वेद प्रकाश त्रिपाठी 22 साल के हो गए हैं। उन्होंने भी अपना मतदाता पहचान पत्र बनवा लिया है। वह भी इस बार के विधानसभा चुनाव में वोट डालेंगे। उन्होंने अपने बड़े भाई सूर्य प्रकाश त्रिपाठी जो डीडीयू जीकेवाई में सेंटर हेड हैं उनके साथ मतदान के दिन जाकर वोट डालने का फैसला किया है।

# बालों का निर्यात

## संबंधित उद्योग अनुपस्थित

**भारत** बालों का निर्यात करता है, पर भारत में बाल उत्पाद उद्योग नहीं है। मनुष्यों के बाल समस्या का कारण बन सकते हैं, पर अब भारत सरकार यथार्थ के प्रति जागरूक हो रही है। भारत के पास यह ऐसा उत्पाद है जो कभी कम नहीं पड़ेगा, मुफ्त मिलता है तथा इसका दुनिया भर में निर्यात होता है। लेकिन भारत को इस संपदा का कोई लाभ नहीं मिलता है क्योंकि वह बाल उत्पाद उद्योग का नेतृत्व नहीं करता है और केवल निर्यातक है। अप्रैल-नवंबर के बीच बालों का निर्यात 144.6 मिलियन डालर था। महामारी के कारण इसमें 2020-21 में 15.28 मिलियन डालर की कमी आ गई है। निर्यात पर व्यापक स्मगलिंग का भी प्रभाव पड़ा है। स्मगलर कटे बाल एकत्र कर उनको अवैध रूप से कुछ पूर्वी एशियाई देशों को भेज देते हैं। आरोप है कि वहां बालों का प्रसंस्करण कर उनको चीन भेजा जाता है जहां उनके विग व हेयरपीस बना कर अच्छे मुनाफे पर निर्यात किया जाता है। बाल उत्पाद निर्यातक तथा राजस्व खुफिया निदेशालय सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद स्मगलिंग नहीं रोक सके हैं। अनुमान है कि अब भी लगभग 16,000 टन मानव बाल स्मगल होते हैं। आखिरकार इस सप्ताह विदेश व्यापार महानिदेशालय ने मानव बालों को नियंत्रित निर्यात श्रेणी में डाल दिया है। इससे वास्तविक निर्यातकों को लाभ हो सकता है। लेकिन समय आ गया है कि उद्योग बालों का निर्यात करने के बजाय बाल उत्पादों का निर्यात करे। निर्यात उत्पादों में मूल्य संवर्धन पर भी चर्चा हो रही है। विदेशी



मुद्रा प्राप्त करने के लिए विग व हेयरपीसों का निर्यात हो सकता है और अब इसे यथार्थ में बदलना चाहिए।

भारत में दुनिया के 80 प्रतिशत सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले बाल पाए जाते हैं। ये सब पूजास्थलों पर दान में प्राप्त होते हैं। तिरुमला मंदिर भारत में इसका सबसे बड़ा स्रोत है। यदि बालों का निर्यात बंद कर दिया जाए तो भारत का बाल उत्पाद निर्यात वार्षिक 3 बिलियन डालर हो सकता है और कुछ सालों में यह बढ़ कर 6 बिलियन डालर तक पहुंच सकता है। महत्वपूर्ण बात है कि निर्यात बंद करने से पिछले कुछ सालों में खोए गए 8.6 लाख रोजगार वापस आ सकते हैं और यह नए रोजगार भी पैदा कर सकता है। भारत के लिए बाल उद्योग मे नेतृत्व प्राप्त करना कठिन नहीं है। हालांकि, इसके लिए बाल संग्राहकों, एग्रीगेटरों, उत्पाद निर्माताओं व निर्यातकों में जिम्मदारी की भावना होना चाहिए जिसका फिलहाल अभाव है। उदाहरणार्थ, गैर-मंदिर क्षेत्रों जैसे सैलूनों व गांवों से बाल संग्रह अभी संगठित नहीं है। सुनियोजित संग्रह से कबाड़ियों को नियमित रोजगार मिल सकता है। इससे पाइपों व सीवरों में बाल फंसने की घटनायें कम होंगी तथा बढ़ता प्लंबिग खर्च घटेगा। भारत को उन देशों से प्रतियोगिता करने के लिए संश्लेषित बाल सामग्री और उत्पादों का निर्यात भी करना चाहिए जहां प्राकृतिक बालों की कमी है। लेकिन संश्लेषित बाल उत्पाद बनाने वाले पालीमर के उत्पादन से पर्यावरणीय समस्यायें भी सामने आ सकती हैं और यह एक समस्या है। भारतीय निर्माताओं को बाल उत्पादों के जीवन चक्र के बारे में भी शोध करने की आवश्यकता है। वर्तमान समय में बालों का जीवन कम होता है और उनको कचरा समझा जाता है। यदि रिसाइक्लिंग, रिकंडीशनिंग व पुनः निर्माण की चक्रीय अर्थव्यवस्था बनाई जाए तो इससे बालों की मांग नियंत्रित करने में भी सहायता मिल सकती है।

# टेक्सास प्रकरण में पाकिस्तानी हाथ

अफगानिस्तान में अमेरिकी-नाटो बलों की अनुपस्थिति में पूरे देश में दुष्ट तत्व पाक-समर्थित आतंकियों व आत्मघाती हमलावरों को प्रशिक्षण देने लगे हैं।



**नंदिनी सिंह**
(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं)



टेक्सास के एक यहूदी पूजास्थल सिनोगाग में हुए बंधक संकट को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 'आतंकी घटना' कहा था। चार बंधकों की रिहाई तथा उनको बंधक बनाने वाले हमलावर की मौत से इस खतरनाक संकट से मुक्ति मिली। इसने एक बार फिर अलकायदा और पाकिस्तान के बीच संबंध उजागर किए हैं। एफबीआई ने बंधक बनाने वाले की पहचान ब्रिटिश नागरिक मलिक फ़ैजल अकरम के रूप में की है। वह अमेरिकी जेल से 'लेडी अलकायदा' कही जाने वाली आतंकी की रिहाई की मांग कर रहा था जो पाकिस्तान में जन्मी तंत्रिकाविज्ञानी आइफा सिद्दीकी है। तथाकथित लेडी अलकायदा के मामले ने पाकिस्तान सरकार, अलकायदा और तालिबान के बीच संपर्क उजागर किए हैं क्योंकि इस्लामाबाद ने अमेरिकी जेल से आइफा सिद्दीकी की रिहाई के लिए आतंकी समूहों से हाथ मिलाए थे। बंधक बनाने वाले मलिक फ़ैजल अकरम ने टेक्सास के सिनोगाग पर सबथ में हमला बोला और गोली से उड़ा देने तक वह लोगों को बंधक बनाए रहा।

वह 'लेडी अलकायदा' की रिहाई की मांग करता रहा जो अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों की हत्या के प्रयास के लिए संघीय जेल में 86 साल की सजा काट रही है। यह जेल बंधक बनाने वाले स्थान से 30 मील से भी कम दूरी पर है। सिद्दीकी को 2008 में अफगानिस्तान में साइनाइड तथा ब्रुकलिन ब्रिज व इम्पायर स्टेट बिल्डिंग पर हमले की योजनाओं के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसे अमेरिका प्रत्यर्पित कर 2010 में सजा दी गई। उसकी रिहाई की मांग से पाकिस्तानी अवस्थापना की मिलीभगत वाले एक आतंकी व जिहादी समूह का खुलासा हुआ है। अमेरिकी नागरिकों को बंधक बनाने वाले पाकिस्तान व अफगानिस्तान के आतंकी समूहों ने अमेरिकी सरकार को सिद्दीकी की रिहाई के बदले अमेरिकी नागरिक छोड़ने का प्रस्ताव किया था। इस संकट से स्पष्ट है कि अलकायदा, तालिबान व पाकिस्तान सरकार के बीच कैसी मिलीभगत है और वे एक दूसरे की सहायता कर रहे हैं। समान लक्ष्यों से वे आतंकी नेटवर्कों को सक्रिय रखते हैं।

पाकिस्तान में सिंध स्थित कराची के एक सुन्नी परिवार में पैदा आफिया अध्ययन के लिए अमेरिका गई थी। 9-11 के बाद वह कुछ समय के लिए पाकिस्तान लौटी। 2003 में अफगान युद्ध के दौरान 9-11 हमलों के गिरफ्तार दोषियों में शामिल तथा गुंआंटानामो जेल में बंद पाकिस्तानी इस्लामवादी उग्रवादी खालिद शेख मुहम्मद ने आसिफा को अलकायदा की फाइनेंसर व संदेशवाहक बताया था। उसे बाद में एफबीआई ने अपनी आतंकी सूची में रखा और वह इसमें शामिल एकमात्र महिला थी। पाकिस्तानी उसे 'राष्ट्रीय सम्मान व उत्पीड़न' का प्रतीक मानते हैं और खबरिया मीडिया ने शुरुआत से ही लगातार उसकी सुनवाई को 'फर्जी' व 'राजनीतिक' बताया है। जुलाई, 2019 में वाशिंगटन की यात्रा पर गए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने सुझाव दिया था कि सिद्दीकी को पाकिस्तानी डाक्टर शकील अफरीदी के बदले रिहा किया जा सकता है। शकील पर आरोप है कि उसने अमेरिकनों को ओसामा बिन लादेन की पहचान की पुष्टि की थी और इसके बाद हुए हमले में लादेन मारा गया। इसके पहले अमेरिका में पाकिस्तानी दूतावास ने तीन सदस्यीय बचाव समिति बनाई थी जो सुनवाई के दौरान अलकायदा आतंकी का बचाव करने वाले सरकारी बचावकर्ताओं की सहायता कर रही थी। पाकिस्तान सरकार ने सुनवाई में सिद्दीकी की सहायता करने वाले तीन वकीलों को 2 मिलियन डालर भुगतान भी किया था। इससे स्पष्ट हो जाता है कि पाकिस्तान सरकार कैसे खुलेआम अलकायदा आतंकियों का समर्थन करती है, अलकायदा आतंकियों को पालती-पोसती तथा उनका प्रयोग करती है। इस बीच वह अमेरिकनों को झूठे आश्वासन भी देती रही कि अलकायदा के सफाए में उनका साथ दे रही है। यह स्थिति 2021 में अफगानिस्तान में तालिबानों के मजबूत होने तक बनी रही। आतंकी समूहों ने आफिया की सजा का बदला लेने के लिए अनेक हमले किए थे इससे स्पष्ट होता हे कि विदेशी नागरिकों व अन्य धर्मानुयाइयों पर हमलों के मामले में अलकायदा, तालिबान, तहरीके तालिबान पाकिस्तान, हक्कानी नेटवर्क या जेईएम सभी एक हैं। वे पाकिस्तानी अवस्थापना के सहयोग से 'इस्लाम के दुश्मनों' पर निशाना लगाते हैं।

तहरीके तालिबान पाकिस्तान-टीटीपी प्रमुख हकीमुल्ला महसूद द्वारा आफिया की सजा के बदले में 2009 में अफगानिस्तान के कैंप चपमान पर हमले का वीडियो जारी किया था जिसमें सीआईए के सात वरिष्ठ अधिकारी मारे गए थे। 2010 में टाइम्स स्क्वायर कार बम प्रयास के एक दिन बाद महसूद द्वारा जारी वीडियो में सिद्दीकी का बदला लेने का वादा किया गया था। इस हमले में पाकिस्तान में जन्मे फैजल शहजाद का हाथ था जिसके संबंध जैशे मुहम्मद व हकीमुल्ला महसूद से थे। तालिबान ने लेडी अलकायदा की सजा के बदले 2009 में पकड़े गए अमेरिकी सैनिक बोवे बरगदाही को मारने की धमकी दी थी। बरगदाही को बाद में गुआंटानामो जेल में बंद पांच लोगों की रिहाई के बदल 2014 में छोड़ा गया था। सितंबर, 2010 में तालिबान ने अफगानिस्तान में स्काटिश सहायता कर्मी लिंडा नारगोंव का अपहरण कर लिया था और जोर दिया था कि उसकी रिहाई केवल सिद्दीकी के छोड़े जाने पर ही होगी।

लेकिन बाद में एक दुर्घटना में नारगोंव की मौत हो गई थी। जुलाई, 2011 में तहरीके तालिबान के उप-प्रमुख वलीउर रहमान ने घोषणा की थी कि वे सिद्दीकी के बदले दो स्विस नागरिकों को रिहा कर सकते हैं जिनका बलूचिस्तान से अपहरण किया गया था। यह स्विस युगल मार्च, 2012 में भागने में सफल रहा था। दिसंबर, 2011 में अलकायदा नेता अयमान अल जवाहिरी ने अमेरिकन सहायता कार्यकर्ता वारेन वीनस्टीन के बदले सिद्दीकी की रिहाई की मांग की थी जिसे अगस्त, 2011 में पाकिस्तान में पकड़ा गया था। वीनस्टीन जनवरी, 2015 में एक ड्रोन हमले में दुर्घटनावश मारा गया था।

अलकायदा, तालिबान, टीटीपी व अनेक अन्य संबंधित संगठन अमेरिकनों व यूरोपियनों का अपहरण कर उनके बदले सिद्दीकी की रिहाई की मांग करते रहे हैं। ऐसे में टेक्सास सिनोगाग घटना अनेक सालों से जारी घटनाओं की श्रृंखला में नवीनतम है। पाकिस्तान द्वारा सिद्दीकी की रिहाई पर लगातार जोर देने से यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या उनकी रिहाई के लिए किए जाने वाले अपहरण व बंधक बनाने की प्रक्रिया पाकिस्तान के कहने पर थी या इनके प्रति पाकिस्तान की सहमति थी?


इन आतंकी गतिविधियों में पाकिस्तान की भूमिका अधिकाधिक संदिग्ध होती जा रही है। अन्य देशों में पकड़े जाने पर पाकिस्तान पाक-मूल के आतंकियों से अपना पल्ला झाड़ता रहा है, पर उसने आफिया के मामले में ऐसा कुछ नहीं किया। अगस्त, 2009 में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी ने अपने आवास पर सिद्दीकी की बहन से मुलाकात कर उनको आश्वासन दिया था कि पाकिस्तान से अमेरिका से उनकी रिहाई की मांग करेगा। 2010 में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने अफगानिस्तान व पाकिस्तान में विशेष अमेरिकी दूत रिचर्ड होलब्रूक से सिद्दीकी को पाकिस्तान-अमेरिका कैदी अदला-बदली समझौते के अंतर्गत पाकिस्तान प्रत्यर्पित करने की प्रार्थना की थी। यह जिहादियों व पाकिस्तान के बीच मिलीभगत का स्पष्ट प्रमाण है क्योंकि इन कैदियों में अलकायदा के साथ प्रतिबंधित जैशे मुहम्मद के कैदी भी शामिल थे जिन्होंने पाकिस्तान में भी आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया था।

टेक्सास सिनोगाग का नवीनतम बंधक संकट तथा अफ-पाक में लेडी अलकायदा की रिहाई की मांग करने वाली अफ-पाक में हुई ऐसी ही घटनाओं से स्पष्ट है कि अलकायदा का खतरा बना हुआ है। अफगानिस्तान पर तालिबानी कब्जे से स्थिति और गंभीर हुई है। अफगानिस्तान में अमेरिकी-नाटो बलों की अनुपस्थिति में पूरे देश में दुष्ट तत्व पाक-समर्थित आतंकियों व आत्मघाती हमलावरों को प्रशिक्षण देने लगे हैं। इनका समर्थन पाकिस्तान सरकार व आईएसआई कर रहे हैं। यह खतरनाक परिदृश्य है और दुनिया इसके प्रति जितनी जल्दी जागरूक हो उतना ही अच्छा होगा।

# यूपी में चुनावी वादों की भरमार

"एक समझदार मतदाता से अपेक्षित है कि वह मतदान पूर्व गारंटी की संकीर्ण सीमा से परे लोकतंत्र को स्वस्थ और जीवंत बनाए रखने के लिए एक उचित विकल्प चुनें।"

**वीरेंद्र सिंह रावत**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



उत्तर प्रदेश में चुनावी बुखार तेज होने के साथ, प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त उपहार देने के चुनाव पूर्व वादे चुनावी राज्य के क्षितिज को भर रहे हैं। समाजवादी पार्टी (सपा) ने वादाखिलाफी का बीड़ा उठाया है। कांग्रेस और तुलनात्मक रूप से नई प्रवेश करने वाली आम आदमी पार्टी (आप) ने भी जोश के साथ फ्रीबी पॉट में मसाला डाला है। ये मुफ्त बिजली, बेरोजगारी भत्ता, लक्षित वर्गों के लिए पेंशन, फसल ऋण माफी, लड़कियों के लिए मुफ्त दोपहिया वाहन आदि से संबंधित हैं।

यह देखते हुए कि यूपी में लगभग 28 मिलियन बिजली उपभोक्ता हैं, जिनमें से घरेलू कनेक्शन में 24 मिलियन शामिल हैं, वादा किया गया है। प्रतिस्पर्धी राजनीतिक दलों द्वारा मुक्त सत्ता के लिए मीडिया और जनता में समान रूप से अधिकतम चर्चा पैदा कर दी है। दिल्ली में अपने लाभकारी अनुभव से एक पत्ता लेते हुए, जहां वह सत्ताधारी पार्टी है, ,क ने सत्ता में आने पर घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है। इसने यूपी सरकार बनाने पर बकाया बिजली बिल माफ करने और किसानों को मुफ्त बिजली देने का भी वादा किया।

इसके अलावा, दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी लाभार्थियों को 5,000 रुपये प्रति वर्ष बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की थी। चुनाव पूर्व गणित में पीछे नहीं रहने के लिए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी सभी घरों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने का ऐलान किया. यादव ने केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ हालिया विरोध प्रदर्शन के दौरान मारे गए किसानों के परिजनों को 25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का वादा किया।



इस बीच, कांग्रेस ने वादा किया है कि अगर राज्य में तीन दशक से अधिक के राजनीतिक जंगल के बाद सबसे पुरानी पार्टी अगली यूपी सरकार बनाती है तो लड़कियों को स्मार्टफोन और इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन दिए जाएंगे। इसके अलावा, पार्टी ने विधवाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए पेंशन बढ़ाने, आशा (मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए मानदेय बढ़ाने, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, साल में तीन मुफ्त गैस सिलेंडर आदि की बात की है।

दिलचस्प बात यह है कि राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) ने अगली सरकार बनाने पर पीएम-किसान सम्मान निधि योजना के तहत अनुग्रह भुगतान को 6,000 रुपये से बढ़ाकर 12,000 रुपये करने का वादा किया है। इस बीच, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अभी तक अपना आधिकारिक चुनावी घोषणापत्र जारी नहीं किया है, जिसे पार्टी %संकल्प पत्र% कहती है। पार्टी को 2017 के यूपी चुनावों में फसल ऋण माफी के अपने चुनाव पूर्व वादे से काफी फायदा हुआ था। सत्ता में आने के बाद, योगी आदित्यनाथ की भाजपा सरकार ने 4 अप्रैल, 2017 को अपनी पहली कैबिनेट बैठक में लगभग 36, 000 करोड़ रुपये के फसल ऋण को माफ करने की मंजूरी दी थी, जिससे 8.6 मिलियन छोटे और सीमांत किसानों को लाभ होने का अनुमान था। प्रमुख फसल ऋण माफी योजना को पार्टी के लिए गेम चेंजर बताया गया।

2021-22 के लिए लगभग 8,500 करोड़ रुपये के अपने हालिया अनुपूरक बजट में, योगी सरकार ने पिरामिड वर्गों के निचले हिस्से के लिए लगभग 4,000 करोड़ रुपये आवंटित किए, जैसे कि असंगठित कामगार, जिसमें खेत मजदूर, बटाईदार, और रेहड़ी-पटरी वाले शामिल हैं। सामाजिक सुरक्षा भुगतान या डोल। इसके अलावा, वरिष्ठ नागरिकों और किसानों की पेंशन योजनाओं के लिए 670 करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जिसमें उनके भुगतान को 500 रुपये से बढ़ाकर 1,000 रुपये प्रति माह कर दिया गया। इससे राज्य में 56 लाख से अधिक बुजुर्गों को लाभ होने का अनुमान है। विकलांगों के लिए वित्तीय अनुदान को दोगुना कर दिया गया और शिक्षामित्रों के मानदेय में 2,000 रुपये प्रति माह की वृद्धि की गई। मुफ्त उपहार समाज की अधूरी आकांक्षाओं और जरूरतों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि दूसरी ओर, उन्होंने चुनाव पूर्व प्रलोभनों की प्रवृत्ति पर लाभ प्राप्त करने के लिए एक कलंक लगाया। एक समझदार मतदाता से यह अपेक्षा की जाती है कि वह मतदान पूर्व गारंटी की संकीर्ण सीमा से परे भारतीय लोकतंत्र को स्वस्थ और जीवंत बनाए रखने के लिए अपना वोट डालने से पहले एक सूचित विकल्प चुनें।

## आप की बात

### परीक्षा में धांधली

आरआरबी-एनटीपीसी के परीक्षा-परिणाम में धांधली का आरोप लगाते हुए बिहार और उत्तर प्रदेश के छात्र आंदोलित हैं। गुस्साए अभ्यर्थियों ने एकाधिक ट्रेनों को भी आग के हवाले कर दिया, सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाकर अपनी मांगें मनवाना क्या उचित है! निस्संदेह, विरोध एक ऐसा माध्यम है, जिसके द्वारा लोग अपनी शिकायत या नाराजगी जाहिर करते हैं, मगर यह भी सच है कि किसी भी हिंसक विरोध का समर्थन नहीं किया जा सकता।सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाकर अपनी मांगें मनवाना क्या उचित है?! सरकारी महकमों में बड़े पैमाने पर पद खाली हैं, मगर सरकारें उन्हें भरने की प्रक्रिया शुरू नहीं करतीं, जिसे लेकर बार-बार सवाल उठते रहे हैं। अगर कुछ विभागों में रिक्तियां निकलती भी हैं, तो उनकी प्रक्रिया इतनी विलंबित कर दी जाती है कि अभ्यर्थी वर्षों उसके इंतजार में बैठे रहते हैं। सरकारी नौकरियों में भारी रिश्वत लेकर पिछले रास्ते से नियुक्तियां देना आम बात है !उस पर आरक्षण सामान्य छात्रों के अवसर बहुत कम कर देता है !और उक्त आंदोलन में चुनावी बेला में विपक्षी दलों ने तुरंत फुरंत अपना सपोर्ट दे दिया! राष्ट्रीय संपत्ति की हानि से उन्हें कोई लेना देना नहीं है!

- **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### जहरीली शराब से मौतें

**जहरीली** शराब देश मे हर वर्ष जहरीली शराब पीने से हजारों लोगों की मौतें होती है। कुछ सामूहिक मामलों की खबरे ही प्रकाश में आने के बाद कार्रवाईयां होती है। रायबरेली में जहरीली शराब पीने से 12लोगों की मौत और अनेको लोग अस्साल में भर्ती है।प्रदेश में सख्त कानून लागू होने के बावजूद भी अवैध शराब के व्यवसाय में लिप्त लोगो पर लगाम नही लग पा रही है। इसके पूर्व भी कई जिलों में शराब पीने से मौत होने की घटनाएं हो चुकी है। देशी शराब के ठेके पर जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत हुई। आबकारी विभाग और स्थानीय पुलिस प्रशासन पर सवाल उठ रहे है। जहां लोग अवैध बिक्री और तस्करी पुलिस विभाग और आबकारी विभाग के बिना मुश्किल मानते है। घटित घटनाओं में आबकारी विभाग और कुछ पुलिस कर्मियों को निलंबित कर खानापूर्ति कर दी जाती है।कोई भी सूबे में अबतक जहरीली शराब मामले में प्रभावी कार्यवाही नही हुई। जिससे अवैध शराब का कारोबार चलता रहता है। सरकारी ठेके पर यदि जहरीली शराब बिकेगी तो लोगों के विश्वास को भी धोखा मिल रहा है।सरकारी ठेके से उन्हें प्रमाणित शराब ही मिलनी चाहिये।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### पुरस्कार का अपमान

**अत्यंत** दुखद है कि बुद्धदेव भट्टाचार्य, जो 11 वर्षों तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे उन्होंने पद्म भूषण लेने से मन कर दिया। जबकि सरकारी सूत्रों के अनुसार उनकी पत्नी से फ़ोन पर बात करके उनको इस पुरूस्कार के बारे में अवगत करा दिया गया था उसके बावजूद बुद्धदेव भट्टाचार्य ने घोषणा होने के पश्चात जिस तरीके से पुरूस्कार लेने से इंकार किया उससे इतने बड़े पुरस्कार का भी अपमान होता है। भले ही उनकी विचारधारा भाजपा की विचारधारा से नहीं मिलती हो लेकिन राष्ट्रीय पुरूस्कार इन सब राजनीती और विचारधार से ऊपर होते हैं। वैसे वह पहले वामपंथी नेता नहीं है जिन्होंने राष्ट्रीय पुरुस्कार ठुकराए हों, उनसे पहले एम् इस नम्बूदरीपाद, ज्योति बासु भी ऐसा कर चुके है। जहां तक गुलाम नबी की बात है तो उनके कई साथियों ने इसकी प्रशंसा की वहीं जयराम रमेश ने कटाक्ष करते हुए इसकी आलोचना की जिससे कांग्रेस के दो धड़े सामने आ गए। चूंकि आज़ाद उन 23 नेताओं में से एक हैं जिन्होंने सोनिआ गांधी को पत्र लिखकर नेतृत्व बदलाव की बात की थी।

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**यह** हमारा पवित्र राष्ट्रीय कर्तव्य है कि हमारे वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों द्वारा सुझाई गई सावधानियों का पालन करें।

- **रामनाथ कोविंद**
राष्ट्रपति



**अफगान** लड़कियों को स्कूलों में लौटना चाहिए, महिलाओं को पर जाना चाहिए। हमारा धर्म इसकी अनुमति देता है।

- **हामिद करज़ई**
पूर्व अफगान राष्ट्रपति



**मैं** इस पुरस्कार (पद्म) के बारे में कुछ नहीं जानता। अगर उन्होंने मुझे यह पेशकश करने का फैसला किया है, तो मैं इसे स्वीकार करने से इंकार कर देता हूं।

- **बुद्धदेब भट्टाचार्य**
पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री

पायनियर
उत्तर प्रदेश चुनाव






# वोटरों का निर्दलीयों पर घटता भरोसा

कमल दुबे। लखनऊ

**लोकतंत्र** में जनता की आवाज विधानसभा में उनके चुने प्रतिनिधि बुलंद करते हैं लेकिन चुनाव दर चुनाव निर्दलीयों से मतदाताओं का भरोसा घटा है। आंकड़े गवाह हैं कि सूबे की सबसे बड़ी पंचायत में निर्दलीयों की मौजूदगी लगातार कम हुई है। राजनीति विशेषज्ञ इसे दलीय व्यवस्था की मजबूती बता रहे हैं तो राजनेता इसको लोकतंत्र की मजबूती।

इस विधानसभा चुनाव के लिए जब सभी दल सत्ता तक पहुंचने के लिए अपनी ताकत झोंके हैं। ऐसे में बिना दल के चुनाव में किस्मत आजमाने वालों की संख्या घटती नजर आ रही हैं। ऐसा नहीं कि निर्दलों के चुनाव में भागीदारी नहीं की बल्कि जनता ने उन पर भरोसा कम ही जताया है। वर्ष 2002 में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों पर नजर डाले तो देखेंगे कि यूपी के 403 विधानसभा क्षेत्रों में से 14 में निर्दलीयों ने परचम फहराया था। इनमें कैराना से मदन भैया अनूपशहर से होशियार सिंह सिकन्दराऊ से अमर सिंह यादव, फर्रुखाबाद से विजय सिंह, राजपुर से महेश चन्द्र, रारी से धनंजय सिंह, मऊ से मुख्तार अंसारी, बरहज से दुर्गा प्रसाद मिश्रा, पिपराइच से जितेन्द्र जायसवाल, मोहनलालगंज से आरके चौधरी, मलिहाबाद से कौशल किशोर, बरेली से शहजिल इस्लाम, पुवांया से मिथलेश कुमार और हसनपुर से देवेन्द्र नागपाल जीते थे। प्रदेश के हर हिस्से की जनता ने अपने बीच में रहने वाले लोगों को विधानसभा



चुनाव में भेजने का मत दिया था।

2007 में गठित 15वीं विधानसभा में निर्दल चुनाव जीतने वाली की संख्या में कमी आयी और जनता की कसौटी पर आठ जन प्रतिनिधि भी खरे उतरे और विधानभवन की दहलीज में दाखिल हो सके। इनमें रायबरेली से अखिलेश सिंह, कुंडा से रघुराज प्रताप सिंह, बिहार सुरक्षित से विनोद कुमार, सहजनवा से यशपाल सिंह, शिकोहाबाद से अशोक यादव, जसराना से राम प्रकाश यादव, मुरादनगर से राजपाल त्यागी और मुजफ्फराबाद से इमरान मसूद बिना किसी दल के चुनाव जीतने में कामयाब हुए थे। 15वीं विधानसभा में पहली बार किसी गैर कांग्रेसी सरकार को विधानसभा में पूर्ण बहुमत मिला और बसपा अध्यक्ष मायावती पूर्ण बहुमत की पांच वर्ष तक सरकार चलाने में कामयाब हुई।

2012 में गठित 16वीं विधानसभा में एक बार फिर निर्दलीय विधायकी जीतने वालों की संख्या कम होकर छह ही रह गयी। इस चुनाव में फर्रुखाबाद से विजय सिंह, बाबागंज से विनोद कुमार, कुंडा से रघुराज प्रताप सिंह, सकलडीह से सुशील सिंह, सैयदराजा से मनोज कुमार व दुद्धी से रूबी प्रसाद ने बिना किसी दल के सहारे जनता का समर्थन लेकर जीत हासिल की। इस चुनाव में समाजवादी पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला और बसपा दूसरे व भाजपा तीसरे नम्बर की पार्टी बन गयी थी।

17वीं विधानसभा की तस्वीर ही अलग थी। इस बार तो सिर्फ तीन निर्दलीय ही माननीय बन पाये थे और प्रदेश में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिला। समाजवादी पार्टी तब सत्ता से बाहर होकर दूसरे पायदान पर आ गयी थी। तब सिर्फ कुंडा से रघुराज प्रताप सिहं, बाबागंज से विनोद कुमार और गोरखपुर के नौतनवां से अमनमणि त्रिपाठी ही निर्दल चुनाव जीत पाये थे। इस बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकार का नेतृत्व किया और 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव में इस बार कुंडा से लगातार जीत दर्ज करने वाले विधायक रघुराज प्रताप सिंह ने अपना जनसत्ता दल बना लिया है। ऐसे में 18वीं विधानसभा में निर्दलीय विधायकों की संख्या कितनी होगी यह तो नतीजों से पता चलेगा।

# साइबर स्पेस पर थिरकती चुनावी राजनीति

## ● दिग्गज भी निर्भर हैं नई तकनीक पर

कमल दुबे। लखनऊ

**कोरोना** महामारी ने अगर दुनियाभर को भारी दर्द दिया है तो वही उसने जीने का नया रास्ता भी दिखाया है। वर्क फ्राम होम हो या फिर वर्चुअल कार्यक्रमों का आयोजन हो। सब कुछ कोरोना महामारी की देन है। देश के सबसे बड़े राज्य यूपी में हो रहा विधानसभा का चुनाव भी पहली बार नये अन्दाज यानी कि साइबर स्पेस में लड़ा जा रहा है।

आयोग ने पहले ही शुरुआती दिनों में रैलियों और पदयात्रा सहित कार्यक्रमों पर रोक लगा दी है। ऐसे में चुनाव मैदान से ज्यादा साइबर स्पेस में लड़ा जा रहा है। चुनाव के मद्देनजर सभी दलों ने वाररूम तैयार कर रखे हैं। अपने साइबर योद्धाओं के जरिये विजय की उम्मीद लगाये बैठे हैं। भारतीय जनता पार्टी हो या फिर समाजवादी पार्टी। बीएसपी से लेकर कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी तक अपने शीर्ष नेताओ के फालोवरों की संख्या बढ़ाने में लगे हैं। कुछ नेताओं ने तो अपने ट्विटर व इंस्टाग्राम से लेकर फेसबुक तक को मैनेज करने के लिए निजी स्तर पर लोगों को लगा रखा है। बात करें भारतीय जनता पार्टी की तो फेसबुक से लेकर ट्विटर पर भाजपा के नेता सबसे ज्यादा हैं। कई नेताओ के फालोवर पिछले कुछ दिनों में बढ़े हैं।

भाजपा के शीर्ष नेताओ में पीएम नरेन्द्र मोदी का बोलबाला है। पीएम की एक ट्वीट सीधे करोड़ों



फालोवर तक जाती है। इसके साथ ही पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को ट्विटर पर पीएम के बाद सबसे ज्यादा 28 मिलियन लोग फालो करते हैं। बात यूपी के नेताओ की करें तो इसमें यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ सबसे आगे है। उन्हें ट्विटर पर 16.9 मिलियन लोग फालो करते हैं। इसी क्रम में केशव मौर्य को 3.4 दिनेश शर्मा को 2.2 व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह को 1.1 मिलियन लोग फालो करते हैं। इसमें वह फालोवर भी शामिल हैं जो पार्टी के सभी टॉप लीडरशिप को फालों करते हैं।

भाजपा के शीर्ष नेताओ की तरह ही यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की भी धाक है। उनकी एक ट्वीट को 15.5 मिलियन लोग फालो करते हैं। इस मामले में कांग्रेस नेता व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी को 19.5 मिलियन लोग फालो करते हैं और ट्विटर पर लोकप्रिय नेताओ में फालोवर के लिहाज से वह पीएम मोदी व अमित शाह के बाद तीसरे स्थान पर आते हैं। यूपी कांग्रेस की प्रभारी व पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी भी साइवर स्पेस में अपनी जगह बनाये हैं। उनकी हर ट्वीट 4.4 मिलियन लोगों तक जाती है। इस मामले में हर दिन वह औसतन दस से ज्यादा ट्वीट करती हैं।

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व यूपी की पूर्व सीएम मायावती भी ट्विटर पर बेहद सक्रिय रहती हैं। आये दिन विपक्षी दलों पर हमले के लिए वह साइबर प्लेत्तटफार्म का सहारा लेती हैं। खास तौर पर कोविड काल में उन्होंने ट्विटर को एक मंच के रूप में इस्तेमाल किया है। इसी दल के राष्ट्रीय महासचिव एससी मिश्रा को 42 हजार से ज्यादा लोग ट्विटर पर फालो करते हैं। आम आदमी पार्टी के नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह इस मामले में 1.7 मिलियन फालोवर के साथ अपने दल के नेताओ में अग्रणी हैं।

अब दलों की बात करें तो भाजपा ने सबसे पहले 2014 के लोकसभा चुनाव में साइबर रूम बनाया और तभी से उनकी मीडिया टीम लगातार इस प्लेटफार्म के जरिये पार्टी और सरकार की आवाज को जनता के बीच ले जाती है। यूपी में युवा मतदाताओं की संख्या काफी ज्यादा है। पहली बार के मतदाता बने युवा भी अच्छी संख्या में हैं। यह मतदाता आमतौर पर सोशल मीडिया का भी जमकर इस्तेमाल करते हैं। हर दिन वह औसतन दो घंटे फेसबुक से लेकर ट्विटर व इंस्ट्राग्राम को देते हैं। ऐसे में इन मतदाताओ को आकर्षित करने के लिए कुछ नेता ट्विटर पर तेजी से आये हैं और कई दलों ने तो फेसबुक व ट्विटर पर 20 हजार फालोवर का मानक ही प्रत्याशी के लिए लगा रखा है। भाजपा के साथ ही कांग्रेस, समाजवादी पार्टी के भी अपने वाररूम हैं। इनमें कार्यकर्ताओ के माध्यम से साइबर स्पेस के जरिये अपनी बात को तेजी से रखने का काम हो रहा है। कोरोना काल में आयोग ने बड़ी रैलियों पर अभी रोक लगा रखी है। ऐसे में पीक टाइम कर भाजपा से लेकर सपा, बसपा कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के ट्वीट खासतौर पर देखे जा सकते हैं। किसी नेता की ज्वाइनिंग हो या फिर प्रत्याशियों के टिकटों का ऐलान। सब इसी मंच पर होने लगा है और उसको तेजी से वायरल भी कराया जा रहा है। ट्वीट व रिट्वीट से लेकर लाइक को इसका मानक बनाया जाने लगा है। चुनाव में किस दल को इसका फायदा सबसे ज्यादा मिला यह तो नतीजों के बाद ही तय होगा।

# दलितों को अपने पाले में करने की सभी दलों में होड़



अभिषेक रंजन। लखनऊ

**यूपी की** राजनीति में दलितों का वोट सरकार बनवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यही कारण है कि सभी दल इस वोट बैंक को अपने पाले में करने के लिए हर जतन कर रहे हैं लेकिन बीजेपी ने दलितों को लेकर जो चरखाा दांव चला है उससे विपक्षी दल परेशान हो गए हैं। इस दांव को बीजेपी अपने विभिन्न अभियानों के जरिए मूर्त रूप दे रही है। साथ ही बीजेपी ने अपने टिकट बंटवारे में जो रणनीति अपनाई है उससे प्रमुख विपक्षी दल सपा हैरान है। पश्चिम यूपी में सर्वाधिक सीटें जीतकर आई बीजेपी ने पहले और दूसरे चरण के मतदान को लेकर अपने टिकट बटवारे में दलितों को तव्वजो तो दी ही साथ ही टिकट काटने में कैची भी थोड़ी संभाल कर चलाई है। कांग्रेस के लड़की हूं लड़ सकती हूं के स्लोगन के मुकाबले बीजेपी ने भी महिलाओं के प्रतिनिधित्व को प्राथमिकता दी है। इसमें दलित समाज की महिलाओं को भी टिकट दिया है।

इन सबके बीच बीते 14 जनवरी को सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में झुंगिया गेट फर्टिलाइजर रोड स्थित दलित समाज के अमृतलाल भारती के घर सहभोज में शामिल होकर जाति के नाम पर जारी राजनीति के इस दौर में सामाजिक समरसता का बड़ा संदेश दिया। सीएम योगी ने जमीन पर बैठकर प्रेमभाव से खिचड़ी खाई और अपने दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और गुरु ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ की उस परंपरा को और समृद्ध किया

## ● बीजेपी के चरखा दांव से विपक्षी दल हैरान

## ● पश्चिम यूपी में सरकार व संगठन के मंत्रियों-पदाधिकारियों ने डाला डेरा

जिसे उन्होंने जातीय भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में आगे बढ़ाया था। भारती के यहां आयोजित सहभोज में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री ने बिना किसी औपचारिकता के जमीन पर बैठकर भोजन किया। पत्तल में परोसी गई खिचड़ी और कुल्हड़ में पानी। यूपी में सीएम योगी द्वारा दलित के घर भोजन करने जाने को विपक्षी दलों ने चुनावी स्टंट बताया है। विपक्षी दल भी दलितों को साधने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं। दलितों के घर भोजन करने की रणनीति में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी पीछे नहीं हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पहली बार समाजवादी आंबेडकर वाहिनी का गठन कर दिया है। आंबेडकर जयंती पर अयोध्या की तरह दलित दीपावली मनाने का ऐलान किया था। हाथरस कांड के एक साल पूरा होने पर अखिलेश अपने कार्यकर्ताओं से हर महीने की 30 तारीख को हाथरस की बेटी का स्मृति दिवस मनाने के लिए कह चुके हैं। बीएसपी प्रमुख मायावती का तो कोई भाषण दलितों के हक की बात के बिना पूरा ही नहीं होता। वह दलित महापुरुषों के मान-सम्मान की बात करने के साथ खुद को भी दलितों के सम्मान से जोड़ती हैं। इसलिए यूपी विधानसभा चुनाव में सभी पार्टियों के दलित प्रेम की वजह साफ दिखाई देती है।

अब अगर बीजेपी के दलित एजेंडे की बात करें तो केंद्र से लेकर योगी सरकार के मंत्री और संगठन के लोग दलितों के घर मोदी-योगी सरकार के काम-काज की रिपोर्ट लेकर उनके घर पहुंच रहे हैं और सहभोज कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। सरकार और संगठन के लोग दलितों के घर जाकर उन्हें बीजेपी का पटका पहनाकर फोटो खिचवा रहे हैं। बीजेपी ने टिकट बटवारे से लेकर दलितों के घर पहुंचने की रणनीति का असर अब दिखे लगा है। पश्चिम यूपी में बीजेपी के नेतओं की आमद तेज हो गई है। बीजेपी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा नगीना, मुजफ्फरनगर, गजरौला,अमरोहा, मुरादाबाद व मेरठ विधानसभाओं के पदाधिकारियों के साथ बैठकें की और दलितों के घर-घर जाकर संपर्क अभियान को तेज कर दिया है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अलीगढ़, बुलन्दशहर में घर-घर सम्पर्क करके चुनाव प्रचार किया तो वहीं बुलन्दशहर में सामाजिक व्यक्तियों के साथ बैठक कर रहे है। इन सामाजिक व्यक्तियों में बीजेपी दलितों का प्रतिनिधित्व अधिक करवाती है। इसी प्रकार से बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष देवबंद में घर-घर सम्पर्क व प्रमुख सामाजिक व्यक्तियों के साथ बैठक कर रहे हैं। दोनों डिप्टी सीएम व सांसद और केंद्रीय मंत्रियों ने पश्चिम यूपी में डेरा डाल दिया है।

# अवसरवादिता की चाहत में बदलती गई इनकी निष्ठा

सतीश सिंह। लखनऊ

**इस बार** उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव का रण सज चुका है। सभी दलों के अधिकतर प्रत्याशी मैदान में आ चुके हैं तो कुछ आने वाले हैं। इनमे कई ऐसे नेता हैं जिनकी कोई विचारधारा नहीं है सिर्फसरकार के साथ बने रहना ही इनकी महत्वाकांक्षा है। यह बात दीगर है कि उनके पार्टी की सरकार बहुमत न होने के चलते न बन पाई हो पर सियासत के केंद्र में यह हमेशा बने रहना चाहते हैं। इसमें बसपा से निकले नेताओं की एक सूची है। जिन्होंने 2012 से बसपा से चुनाव लड़ा तो 2017 में भाजपा में अब 2022 में सपा से मैदान में ताल ठोंक रहे हैं।

लगातार तीन चुनावों में अलग अलग पार्टियों से लड़ने वालों में प्रमुख रूप से स्वामी प्रसाद मौर्य, डॉ. धर्म सिंह सैनी, दारा सिंह चौहान, रोशनलाल वर्मा, भगवती प्रसाद सागर, ब्रजेश कुमार प्रजापति जैसे लोग शामिल है। बसपा छोड़ने के बाद इन नेताओ ने भाजपा का दामन थामा। चुनाव लड़े और विधायक बने फिर मंत्री। पांच साल भाजपा सरकार के साथ रहते हुए मलाई काटी और चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही इनकी विचारधारा समाजवादी हो गई। यानी तीसरे चुनाव में लगातार 2012 फिर 2017 और अब 2022। अब इस चुनाव में दलबदल करने वाले कितने जीतेंगे या फिर कितने किनारे लगेंगे यह तो चुनावी नतीजों के सामने आने के बाद पता चल पाएगा। पर लगातार तीन विधानसभा चुनाव अलग अलग पार्टियों से चुनाव लड़ने वाले नेता दलबदल के समय भले ही विचारधारा की आड़ लेते हों लेकिन सच यह है कि उनकी कोई विचारधारा नहीं होती। वे जिस दल में जाते हैं उसकी ही विचारधारा का गुणगान करने लगते हैं जबकि कुछ समय पहले तक उसकी निंदा.भर्त्सना कर रहे होते हैं। विडंबना यह है कि मतदाता भी इनके बहकावे में आ जाते हैं।



स्वामी प्रसाद मौर्य



डॉ. धर्म सिंह सैनी



दारा सिंह चौहान



रोशनलाल वर्मा



भगवती प्रसाद सागर



डॉ. मुकेश वर्मा



बृजेश कुमार प्रजापति



अवतार सिंह भड़ाना

## स्वामी प्रसाद मौर्य

स्वामी प्रसाद मौर्य के बारे कथन है कि यह फैमिली फर्स्ट के फार्मूले पर जरूर अमल करते हैं। अक्टूबर 1996 में डलमऊ विधानसभा सीट से चुनकर विधानसभा पहुंचने वाले मौर्य ने वर्ष 2002 के विधानसभा चुनाव में भी इसी सीट से जीत दर्ज की थी। वर्ष 2007 से लेकर 2017 का विधानसभा चुनाव पडरौना विधानसभा सीट से लड़ा और लगातार तीन बार से वे वहां से जीत दर्ज करते आ रहे हैं। वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव में बसपा के टिकट पर चुने गए थे। स्वामी प्रसाद मौर्य पर ये आरोप रहा है कि वो पार्टी में अपने बेटे बेटियों को मनमुताबिक टिकट न मिलने पर पार्टी छोड़ते रहे हैं। बसपा में रहते हुए लगातार मंत्री बनते रहे स्वामी प्रसाद मौर्य को लेकर दावा है कि 2016 में उन्होंने इसलिए बसपा छोड़ी थी क्योंकि उनकी बेटी संघमित्रा और बेटे उत्कर्ष को मनमुताबिक सीट से पार्टी ने टिकट नहीं दिया था। 2017 विधानसभा चुनाव से पूर्व बीजेपी का दामन थामने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य की बेटी तो बदायूं से बीजेपी के ही टिकट पर सांसद बनीं लेकिन बेटा उत्कर्ष बीजेपी का टिकट पाकर भी हार गया। आरोप है कि इस बार भी टिकट चाह रहे थे लेकिन बीजेपी से न मिलते देख पाला बदल लिया और सपा में शामिल हो गए।

## डॉ. धर्म सिंह सैनी

स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ ही डॉ धर्म सिंह सैनी ने बसपा छोड़ कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। इसके बाद भाजपा ने 2017 के विस चुनाव में नकुड़ सीट से ही लड़वाया था जिसमें उन्होंने जीत दर्ज की थी। योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल में वह आयुष राज्यमंत्री थे। डॉ धर्म सिंह सैनी 2002 में सरसावां सीट से बसपा के टिकट पर पहली बार विधायक बने थे। इसके बाद 2007 में दोबारा सरसावां से बसपा के टिकट पर विधायक बने और बसपा सरकार में बेसिक शिक्षा मंत्री रहे। इसके बाद 2012 में तीसरी बार बसपा के टिकट पर ही नकुड़ से विधायक बने। इसके बाद 2017 में उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया और नकुड़ से विधायक बने। वहीं सैनी इस चुनाव में सपा के टिकट पर मैदान में हैं।

## दारा सिंह चौहान

दारा सिंह चौहान दल बदलने में माहिर हैं। डीएवी पीजी कॉलेज आजमगढ़ से राजनीतिक सफर की शुरूआत के बाद यह काफी दिनों तक कांग्रेस संगठन में बतौर पदाधिकारी रहे। 1996 में सपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने उन्हें राज्यसभा भेजा था। 2000 में कार्यकाल पूरा होने पर फिर 2000 से 2006 तक राज्यसभा में सपा का प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद वे बसपा में शामिल हो गए। बसपा सुप्रीमो मायावती ने उन्हें घोसी लोकसभा सीट से 2009 में चुनाव लड़ाया। जीतकर वे पहली बार लोकसभा सदस्य बने। 2014 में फिर बसपा के टिकट पर लोकसभा के लिए मैदान में उतरे लेकिन बीजेपी के हरिनारायण राजभर से हार गए। 2014 के बाद बदले समीकरण के चलते उन्होंने 2015 में बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कर ली। 2017 के विधानसभा चुनाव में वे बीजेपी के टिकट पर मऊ की मधुवन सीट से निर्वाचित हुए और योगी आदित्यनाथ के मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री बने। पांच साल कैबिनेट मंत्री रहने के बाद फिर सपा में लौट आये हैं।

## रोशनलाल वर्मा

रोशनलाल वर्मा ने 2007 में बसपा से निगोही सीट से पहला विधानसभा चुनाव लड़ा था। उन्हें जीत मिली थी। उसके बाद 2012 में उन्होंने बसपा से ही दूसरा चुनाव जीता। 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा में शामिल हुए और लगातार तीसरी जीत हासिल की।इस बार सपा के टिकट पर मैदान में है। रोशनलाल वर्मा ने अपना राजनीतिक सफर 1985 में शुरू किया था। पहली बार निगोही किसान सेवा सहकारी समित के अध्यक्ष बने। लगातार तीन बार इसका चुनाव जीते। ग्राम विकास बैंक की शाखा अध्यक्ष का चुनाव जीता। उप ब्लाक प्रमुख का चुनाव जीते और फिर ब्लाक प्रमुख बने।

## भगवती प्रसाद सागर

बसपा सरकार में सेवायोजन राज्यमंत्री रहे भगवती प्रसाद सागर ने वर्ष 2007 का विधानसभा चुनाव मऊरानीपुर से लड़ा। विधायक बने फिर मंत्री रहे। 2012 में उन्होंने बसपा छोड़कर खुद को राजनीति से दूर कर लिया और योग गुरु से जुड़ गए। हालांकि यह स्थिति सिर्फ एक चुनावी सत्र तक ही रहा। 2017 में सागर भाजपा के टिकट पर बिल्हौर से लड़े और फिर से विधायक बने। इस बार सपा के टिकट पर मैदान में हैं।

## डॉ. मुकेश वर्मा

शिकोहाबाद से भाजपा के विधायक डॉ. मुकेश वर्मा इस बार सपा के टिकट पर मैदान में हैं। डॉ. मुकेश वर्मा 2017 के चुनाव से पूर्व भाजपा में शामिल हुए थे। इससे पहले वे बहुजन समाज पार्टी में थे। 2012 का विधानसभा चुनाव उन्होंने बसपा से लड़ा था और दूसरे नंबर पर रहे थे।

## बृजेश कुमार प्रजापति

स्वामी प्रसाद मौर्य ने जब पूर्व में बहुजन समाज पार्टी को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में आए थे तब बृजेश प्रजापति ने भी बहुजन समाज पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली थी। बृजेश कुमार प्रजापति ने 2012 का चुनाव बसपा के टिकट पर लड़ा था लेकिन हार गए थे। वह 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर तिंदवारी विधानसभा में विधायक बने थे। इस बार चुनाव में तिंदवारी विधानसभा में समाजवादी पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया है।

## अवतार सिंह भड़ाना

फरीदाबाद के रहने वाले 64 साल के अवतार सिंह भड़ाना का राजनीतिक सफर लंबा रहा है। कांग्रेस के टिकट पर वह फरीदाबाद से तीन बार और मेरठ से एक बार सांसद रह चुके हैं। इसके बाद साल 2017 में भाजपा के टिकट से मुजफ्फरनगर की मीरापुर विधानसभा सीट पर उन्होंने चुनाव लड़ा और चुनाव जीता। वह 2019 का लोकसभा चुनाव फरीदाबाद से कांग्रेस के टिकट से लड़े किंतु हार गए। इस बार अवतार सिंह भड़ाना आरएलडी से गौतमबुद्धनगर की जेवर सीट से विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राणे मैदान से हटे

गोवा चुनाव

भाषा। पणजी

**गोवा** के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रतापसिंह राणे ने खुद को चुनावी दौड़ से हटा लिया है। कांग्रेस ने राज्य में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए राणे को उनकी पारपंरिक सीट पोरियम से टिकट दिया था। चुनाव न लड़ने का उनका फैसला कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

इस संबंध में राणे की प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी। हालांकि, कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने इस बात की पुष्टि की कि पूर्व मुख्यमंत्री ने पार्टी को चुनाव न लड़ने के अपने फैसले से अवगत कराया है। राणे के करीबी सूत्रों ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी पुत्रवधू देविया राणे से सीधा मुकाबला टालने के लिए चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। देविया राणे, पोरियम से बतौर भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतर रही हैं। छह बार गोवा के मुख्यमंत्री रह चुके 87 वर्षीय राणे लगातार 11 मर्तबा पोरियम से विधायक चुने जा चुके हैं।

कांग्रेस के एक प्रवक्ता ने कहा, प्रतापसिंह राणे ने पार्टी को सूचित किया है कि वह पोरियम से चुनाव नहीं लड़ेंगे। इसके बाद कांग्रेस ने उनके स्थान पर अन्य प्रत्याशी का चयन कर लिया है। भाजपा ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे की पत्नी देविया राणे को पोरियम से उम्मीदवार बनाया है। चर्चा थी कि प्रतापसिंह राणे पोरियम से उम्मीदवारी के लिए कांग्रेस को अपनी पत्नी विजया देवी का नाम सुझा सकते हैं। हालांकि, बृहस्पतिवार को पार्टी की ओर से जारी संशोधित सूची में रणजीत राणे को पोरियम से कांग्रेस उम्मीदवार घोषित कर दिया गया। खबरों के मुताबिक, देविया राणे के नाम का ऐलान करने से पहले भाजपा ने प्रतापसिंह राणे को पोरियम से पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए राजी करने की कोशिश की थी। गोवा में प्रमोद सावंत के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने बतौर विधायक 50 साल पूरे करने पर प्रतापसिंह राणे को आजीवन कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया था। राणे 1972 में महाराष्ट्रवादी गोमंतक पार्टी (एमजीपी) के टिकट पर पोरियम से पहली बार विधायक निर्वाचित हुए थे। इसके बाद 2017 तक के सभी विधानसभा चुनाव उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में लड़े। उनकी पुत्रवधू देविया राणे पहली बार गोवा विधानसभा चुनाव लड़ेंगी।

## गोवा में चार विधानसभा सीटों पर नेताओं की बगावत भाजपा के लिए चिंता का विषय

**पणजी**। गोवा विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने ज्यादातर स्थानों पर असंतुष्ट नेताओं को काबू में करने में सफलता पाई है लेकिन पणजी समेत चार सीटें पार्टी के लिए चिंता का कारण बनी हुई हैं। पणजी में पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के दिवंगत कद्दावर नेता मनोहर पर्रिकर के बेटे उत्पल पर्रिकर, सत्ताधारी पार्टी के उम्मीदवार अतानासियो मोंसेरेट के विरुद्ध निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में खड़े हैं। मोंसेरेट 2019 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए थे। उत्पल ने दावा किया है कि उनके मन में भाजपा ही है लेकिन वह इसलिए चुनाव लड़ रहे हैं ताकि कोई गलत व्यक्ति उस सीट से न जीत जाए जिसका प्रतिनिधित्व उनके (उत्पल) पिता कर चुके हैं।

उन्होंने संभवत: मोंसेरेट के खिलाफ दर्ज गंभीर मामलों की ओर इशारा किया। मांद्रेम में लक्ष्मीकांत पारसेकर ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया है जो पार्टी की घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष थे। अब वह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में दयानन्द सोपते के खिलाफ चुनावी मैदान में हैं जिन्होंने उन्हें कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में 2017 में शिकस्त दी थी। संगुएम सीट पर सावित्री कवलेकर ने बगावत कर दी है और अब वह भाजपा के उम्मीदवार सुभाष फलदेसाई के विरुद्ध लड़ रही हैं। कवलेकर, पूर्व उप मुख्यमंत्री चंद्रकांत कवलेकर की पत्नी हैं और कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आई थीं। कंभरजुआ सीट पर भाजपा को सिद्धेश को शांत रखने में सफलता मिली है जो केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक के बेटे हैं। टिकट न मिलने से नाराज सिद्धेश ने निर्दलीय लड़ने का फैसला किया था। हालांकि, वर्तमान विधायक पांडुरंग मडकईकर की पत्नी और भाजपा प्रत्याशी जैनिता मडकईकर को पूर्व सहयोगी रोहन हरमलकर के खिलाफ लड़ना होगा जो कंभरजुआ से निर्दलीय उम्मीदवार हैं।



नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और अन्य ने लाला लाजपत राय को उनकी जयंती पर संसद में श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अदालत ने अनिल देशमुख, उनके बेटों के खिलाफ ईडी के आरोपपत्र का संज्ञान लिया

धन शोधन मामला

भाषा। मुंबई

**मुंबई** की एक विशेष अदालत ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख और उनके दो बेटों के खिलाफ धन शोधन के एक मामले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोपपत्र का शुक्रवार को संज्ञान लिया।

विशेष धन शोधन रोकथाम अधनियम (पीएमएलए) अदालत के न्यायाधीश, आर.एन. रोकड़े ने आरोपपत्र का संज्ञान लेने के बाद आरोपियों के खिलाफ प्रक्रिया आगे बढ़ाई। गौरतलब है कि पिछले साल दिसंबर में ईडी ने मामले के सिलसिले में 7,000 पृष्ठों का पूरक आरोपपत्र दाखिल किया था।

देशमुख के अलावा, जांच एजेंसी ने मामले में आरोपी के तौर पर उनके दो बेटों को नामजद किया था। इससे पहले जांच एजेंसी ने देशमुख के निजी सचिव (अतिरिक्त कलेक्टर रैंक के अधिकारी) संजीव पलांडे और निजी सहायक कुंदन शिंदे सहित 14 आरोपियों के खिलाफ एक आरोपपत्र दाखिल किया था। देशमुख को ईडी ने मामले के सिलसिले में पिछले साल एक नवंबर को गिरफ्तार किया था और वर्तमान में वह न्यायिक हिरासत में हैं।

भ्रष्टाचार और आधिकारिक पद के दुरूपयोग के आरोपों को लेकर देशमुख के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के पिछले साल 21 अप्रैल को एक प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद ईडी ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता तथा उनके सहयोगियों के विरुद्ध जांच शुरू की थी।

ईडी ने यह मामला बनाया है कि देशमुख ने राज्य के गृह मंत्री पद पर रहने के दौरान अपने आधिकारिक पद का कथित तौर पर दुरूपयोग किया तथा पुलिस अधिकारी (अब बर्खास्त) सचिन वाझे के जरिए मुंबई में विभिन्न बार से 4.70 करोड़ रुपए की उगाही की।

ईडी ने आरोप लगाया है कि यह धन नागपुर के श्री साईं शिक्षण संस्था को हस्तांतरित किया गया। इस शिक्षण न्यास की बागडोर देशमुख परिवार के हाथों में है। पलांडे और शिंदे ने बेहिसाबी धन का शोधन करने में अहम भूमिका निभाई थी।



पटना में जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को रेलवे भर्ती बोर्ड की गैर-तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियों की परीक्षा में कथित विसंगतियों को लेकर बिहार बंद के दौरान सड़क जाम कर प्रदर्शन किया

## पूर्व मुख्यमंत्री एदियुरप्पा की नातिन डॉ सौंदर्या ने आत्महत्या की

भाषा। बेंगलुरु

**कर्नाटक** के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा की नातिन डॉ सौंदर्या वी वाई ने शुक्रवार सुबह वसंत नगर में अपने फ्लैट में पंखे से फंदा लगाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक एक निजी अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर सौंदर्या (30) ने यह कदम क्यों उठाया, इसका अभी पता नहीं चल पाया है।

पुलिस ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एदियुरप्पा की दूसरी बेटी पद्मावती की पुत्री सौंदर्या की शादी उसी अस्पताल में काम करने वाले डॉक्टर नीरज एस से 2018 में हुई थी। शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे नीरज ड्यूटी पर निकल गए थे और आशंका जताई जा रही है कि दो घंटे बाद सौंदर्या ने आत्महत्या कर ली। घटना का पता तब चला जब घरेलू सहायिका ने कमरे का दरवाजा बार बार खटखटाया, लेकिन कोई आवाज नहीं आई। घरेलू सहायिका ने डॉ नीरज को सूचित किया। नीरज ने भी सौंदर्या को फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद जब दरवाजे को तोड़ा गया तो सौंदर्या फंदे से लटकी मिलीं। बाद में शव को बोरिंग अस्पताल ले जाया गया, जहां पोस्टमार्टम किया गया। भाजपा सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, कुछ मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी शोक संतप्त परिवार के सदस्यों को सांत्वना देने पहुंचे।

# नकवी ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से जुड़े बयान को लेकर हामिद पर कटाक्ष किया

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने पूर्व उप राष्ट्रपति हामिद अंसारी पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि भारत बैशिंग ब्रिगेड इन दिनों देश की संस्कृति, संकल्प और संविधान की लिचिंग करने की स्पर्धा में लगा हुआ है। उन्होंने यह बयान उस वक्त दिया है जब हाल ही में इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल द्वारा डिजिटल माध्यम से आयोजित एक परिचर्चा में अंसारी ने कहा था कि हाल के वर्षों में उन्होंने उन प्रवृत्तियों और प्रथाओं के उद्भव का अनुभव किया है, जो नागरिक राष्ट्रवाद के सुस्थापित सिद्धांत को लेकर विवाद खड़ा करती हैं और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की एक नई एवं काल्पनिक प्रवृति को बढ़ावा देती हैं। अंसारी ने यह भी कहा था, वह नागरिकों को उनके धर्म के आधार पर अलग करना चाहती हैं, असहिष्णुता को हवा देती हैं और अशांति एवं असुरक्षा को बढ़ावा देती हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति के इस बयान की पृष्ठभूमि में नकवी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि ऐसा महसूस हो रहा है कि कुछ लोग भारत के संस्कार, संकल्प, संस्कृति, संविधान की सांप्रदायिक लिंचिंग की सुपारी लेकर काम कर रहे हैं। भारत के खिलाफ दुष्प्रचार सिंडिकेट की मोदी बैशिंग सनक भारत बैशिंग साजिश बनती जा रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने यह भी कहा कि मोदी सरकार के समावेशी विकास, सर्वस्पर्शी सशक्तिकरण के सफल परिणामों से परेशान कुछ लोग अल्पसंख्यकों को लेकर दुनिया के सामने तथ्यों-तर्कों और जमीनी हकीकत के विपरीत झूठ के झाड़ से सच के पहाड़ को परास्त करने का पाखंडी प्रयास कर रहे हैं। नकवी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी की सरकारों ने तुष्टीकरण के छलै कों समावेशी सशक्तिकरण के बलै से ध्वस्त किया है, जिसका परिणाम है कि आज समाज के सभी वर्ग सामाजिक -आर्थिक -शैक्षिक सशक्तिकरण के बराबर के हिस्सेदार-भागीदार बन रहे हैं।

## भाजपा कार्यकर्ता की मौत के मामले में सीबीआई ने सात लोगों को गिरफ्तार किया

**कोलकाता**। बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद राजनीतिक हिंसा के मामलों की जांच कर रही सीबीआई ने कूचबिहार जिले के सीतलकुची इलाके में भाजपा कार्यकर्ता माणिक मोइत्रा की मौत के मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। एजेंसी के सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक आरोपी कूचबिहार के एक गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि इन लोगों को कूचबिहार जिले की एक अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा। एजेंसी ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर पिछले साल अगस्त में मामला दर्ज किया था। शुरुआत में सीतलकुची के एक थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। उच्च न्यायालय ने 19 अगस्त को इस मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए चुनाव के बाद की हिंसा में बलात्कार और हत्या से जुड़े मामलों की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया था।

# भय्यू महाराज को खुदकुशी के लिए उकसाने के मामले में महिला समेत तीन सेवादारों को सश्रम कारावास

भाषा। इंदौर (मप्र)


**आध्यात्मिक** गुरु भय्यू महाराज को ब्लैकमेल कर उन्हें आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में जिला अदालत ने 28 वर्षीय महिला समेत तीन सेवादारों को शुक्रवार को छह-छह साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र सोनी ने आध्यात्मिक गुरु की आत्महत्या के हाई-प्रोफाइल मामले में उनके तीन सेवादारों-पलक पौराणिक (28), विनायक दुधाड़े (45) और शरद देशमुख (37) को भारतीय दंड विधान की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश), धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) और धारा 384 (जबरन वसूली) के तहत दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई।

अदालत ने 56 पन्नों के फैसले में कहा कि पुलिस की जांच और अभियोजन के गवाहों के बयानों से साबित हुआ है कि पौराणिक, दुधाड़े और देशमुख ने षड्यंत्र किया था और वे भय्यू महाराज पर पौराणिक से विवाह का बार-बार दबाव बनाकर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे तथा उन्हें धमकाकर उनसे धन की मांग भी कर रहे थे।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने कहा कि पौराणिक, भय्यू महाराज की सेवादार मात्र थी अर्थात उनके संबंध क्रमश: नौकर और मालिक के थे। फिर भी पौराणिक का भय्यू महाराज की अलमारी में उनके कपड़ों के साथ अपने कपड़े रखना, उनका कमरा साझा करना, गाड़ी में उनके बगल में बैठना, उन्हें (अन्य महिला के साथ) विवाह करने से रोकना तथा स्वयं उनसे शादी की इच्छा रखना दर्शाता है कि पौराणिक, भय्यू महाराज की इच्छा को कहीं न कहीं अधिशासित करते हुए उन पर दबाव बनाने की स्थिति में थी। अदालत ने अपने फैसले में यह भी कहा कि एक नौकर अपने मालिक की इच्छा को अधिशासित करने की स्थिति में तभी होता है, जब वह मालिक की किसी कमजोरी से वाकिफ हो।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, भय्यू महाराज पर पौराणिक आपत्तिजनक चैट और अन्य निजी वस्तुओं के बूते शादी के लिए दबाव बना रही थी, जबकि 50 वर्षीय आध्यात्मिक गुरु अपनी पहली पत्नी माधवी की दिल के दौरे के कारण मौत के बाद डॉ. आयुषी शर्मा के साथ दूसरा विवाह कर चुके थे। उल्लेखनीय है कि कि भय्यू महाराज ने इंदौर के बायपास रोड स्थित अपने बंगले में 12 जून 2018 को अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। उनका वास्तविक नाम उदय सिंह देशमुख था, लेकिन उनके अनुयाई उन्हें भय्यू महाराज कहकर बुलाते थे। पुलिस ने भय्यू महाराज के घर से एक छोटी डायरी के पन्ने पर लिखा सुसाइड नोट बरामद किया था। इसमें आध्यात्मिक गुरु ने लिखा था कि वह भारी तनाव से तंग आकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर रहे हैं।

गौरतलब है कि भय्यू महाराज ने इस सुसाइड नोट में यह भी लिखा था कि उनकी मृत्यु के बाद उनके वित्तीय अधिकारों के साथ ही उनकी संपत्ति, बैंक खाते और संबंधित मामलों में दस्तखत का हक विनायक दुधाड़े को सौंप दिया जाए। भय्यू महाराज के सबसे नजदीकी सेवादारों में शामिल रहा दुधाड़े, उन तीन मुजरिमों में शामिल है जिन्हें आध्यात्मिक गुरु को खुदकुशी के लिए उकसाने के जुर्म में सजा सुनाई गई है। बहरहाल अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने भय्यू महाराज के सुसाइड नोट के आधार पर बचाव पक्ष को कोई भी लाभ प्रदान करने से साफ इनकार कर दिया।



गुरुग्राम में शुक्रवार को आगामी बसंत पंचमी के त्योहार से पहले हिंदू देवी सरस्वती की मूर्ति तैयार करता एक कलाकार

# कोझिकोड के बाल आश्रम से लापता लड़कियां केरल व कर्नाटक में मिलीं

भाषा। कोझिकोड (केरल)

**कोझिकोड** में केरल सरकार द्वारा संचालित बाल आश्रम से लापता हुई लड़कियों के मामले की जांच कर रही पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि सभी लड़कियां केरल व कर्नाटक के विभिन्न स्थानों से बरामद की गई हैं। कोझिकोड के वेल्लिमाडूकुन्नू के बाल आश्रम से बुधवार शाम को छह लड़कियां गायब हो गई थीं।

पुलिस ने बृहस्पतिवार को उनमें से एक का बेंगलुरु के माडिवाला क्षेत्र के एक होटल में पता लगाया। दूसरी लड़की का पता मैसूरू में चला जब वह बृहस्पतिवार को देर रात को कोझीकोड के लिए बस में सवार हो रही थी।

पुलिस ने बताया कि चार अन्य का पता शुक्रवार पूर्वाह्न को मलप्पुरम जिले के निलाम्बुर के समीप इडाक्कारा में पता चला। पुलिस के अनुसार सभी को अभिरक्षा में ले लिया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जिन चार लड़कियों के बारे में बताया जा रहा है कि वे ट्रेन से कर्नाटक से पलक्कड़ शुक्रवार सुबह पहुंचीं थी, उन्हें सड़क मार्ग से निलाम्बुर जाते हुए स्थानीय लोगों ने रोक लिया था। इस मामले की जांच चेवायूर पुलिस कर रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आश्रय स्थल से इन लड़कियों के भागने के कारण, उन्हें बाहर से मिले सहयोग आदि के बारे में सघन जांच के बाद ही पता चल पाएगा।

पुलिस का एक दल इन लापता लड़कियों का पता लगाने के लिए बृहस्पतिवार रात को बेंगलुरु पहुंचा था। हालांकि पांच लड़कियां अलग अलग गंतव्यों की ओर गई थीं, एक मैसूर एवं और चार पलक्कड़ रवाना हुई थीं। केरल बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने इस संबंध में मामला दर्ज किया था और वह घटना की जांच कर रहा है। आयोग की सदस्य बी बबीता ने कहा कि इस घटना के सभी पहलुओं की जांच की जाएगी।

## पुरस्कार की अहमियत तो तब है जब विरोधी पक्ष किसी नेता की उपलब्धियों को सम्मान दे: राज बब्बर

**नई दिल्ली**। गुलाम नबी आजाद को पद्म भूषण पुरस्कार दिए जाने की घोषणा के बाद से कांग्रेस के कुछ नेताओं के बीच हुई कलह की पृष्ठभूमि में पार्टी नेता राज बब्बर ने इस संदर्भ में चल रही बहस को गैरजरूरी करार देते हुए कहा है कि किसी पुरस्कार की अहमियत तो तब है जब विरोधी पक्ष किसी नेता की उपलब्धियों को सम्मान दे।

उन्होंने यह बयान उस वक्त दिया है जब जब ऐसी चर्चा है कि पूर्व सांसद बब्बर समाजवादी पार्टी में शामिल हो सकते हैं।

बब्बर ने ट्वीट किया, अवार्ड की अहमियत तो तब है जब विरोधी पक्ष किसी नेता की उपलब्धियों को सम्मान दे - अपनी सरकार में तो कोई भी ख्वाहिश पूरी कर सकते हैं लोग। पद्म भूषण को लेकर जारी बहस मुझे लगता है गैरजरूरी है।

# भाजपा के 12 विधायकों के निलंबन पर कोर्ट का निर्णय एमवीए सरकार पर जोरदार तमाचा: फड़णवीस

भाषा। मुंबई

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फड़णवीस ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय के उस फैसले का स्वागत किया जिसमें उसने भाजपा के 12 विधायकों के महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबन को असंवैधानिक और तर्कहीन करार दिया है। महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष फड़णवीस ने कहा कि शीर्ष अदालत का फैसला शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस की महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार की असंवैधानिक, अनैतिक, अनुचित, अवैध और अलोकतांत्रिक कार्वाई को लेकर उसके चेहरे पर एक और जोरदार तमांचा है। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा के 12 विधायकों को जुलाई 2021 के शेष सत्र की अवधि के बाद निलंबित करने का प्रस्ताव असंवैधानिक और तर्कहीन है। शीर्ष अदालत ने 12 विधायकों की याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया, जिन्होंने राज्य विधानसभा से एक साल के निलंबन को चुनौती दी थी।

विधायकों को अध्यक्ष के कक्ष में पीठासीन अधिकारी भास्कर जाधव के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में पिछले साल 5 जुलाई को विधानसभा से निलंबित कर दिया गया था।

फड़णवीस ने शीर्ष अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया करते हुए ट्वीट किया कि सत्यमेव जयते। मॉनसून सत्र के दौरान महाराष्ट्र विधानसभा में ओबीसी के लिए लड़ने वाले हमारे 12 विधायकों के निलंबन को रद्द करने के उच्चतम न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले का स्वागत करते हैं और अदालत का आभार व्यक्त करते हैं।

# अंत:वस्त्र के बारे में विवादित टिप्पणी करने के लिए श्वेता तिवारी पर प्राथमिकी दर्ज

भाषा। भोपाल

**अपने** अंत:वस्त्र के बारे में टिप्पणी के दौरान कथित तौर पर भगवान का जिक्र करने के लिए टेलीविजन अदाकारा श्वेता तिवारी के खिलाफ यहां लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा द्वारा पुलिस को इस विवादस्पद टिप्पणी की जांच करने और 24 घंटे के अंदर रिपोर्ट देने का निर्देश देने के एक दिन बाद तिवारी के खिलाफ यह कार्रवाई की गई।

श्यामला हिल्स पुलिस थाने के एक पुलिस अधिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर कहा, भोपाल में दो दिन पहले विवादित बयान देने के मामले में श्वेता तिवारी के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने के लिए भादंवि की धारा 295 (ए) के तहत शुक्रवार तड़के दो बजे श्यामला हिल्स पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि श्वेता के खिलाफ यह मामला भोपाल के निवासी सोनू प्रजापति की शिकायत पर की गई है। प्रजापति ने आरोप लगाया है कि श्वेता द्वारा भोपाल में एक कार्यक्रम दौरान की गई भगवान के बारे में की गई विवादित टिप्पणी से उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। अधिकारी ने बताया कि अब हम श्वेता को जल्द ही नोटिस जारी कर पुलिस थाने में बुलाएंगे। यह नोटिस हम डाक से भी भेज सकते हैं और एक पुलिस दल भेजकर भी।

संपर्क किए जाने पर सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली बिट्टू शर्मा ने श्वेता के खिलाफ मामला दर्ज करने की पुष्टि करते हुए पीटीआई-भाषा को बताया, श्वेता की औपचारिक गिरफ्तारी की जाएगी और उसे पुलिस थाने से जमानत मिल जाएगी। लेकिन बाद में उसे अदालत से भी अपनी जमानत करवानी पड़ेगी।

श्वेता ने बुधवार को भोपाल में अपनी वेब सीरीज शो स्टॉपर के प्रमोशन के दौरान मीडियाकर्मियों के साथ बातचीत करते हुए कहा था, मेरी ब्रा का साइज भगवान ले रहे हैं। इस दौरान वहां पर उनके सह कलाकार भी मौजूद थे। उनका यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और हिन्दू संगठनों ने उनके इस बयान पर आपत्ति उठाई।

इसके बाद गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने इस बयान के बारे में पूछे जाने पर मिश्रा ने बृहस्पतिवार को पत्रकारों से कहा था, मैंने इसे सुना है और मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं।

## ठाणे में नीम हकीम गिरफ्तार, गलत उपचार के कारण पांच लोगों की मौत

**ठाणे**। ठाणे जिले के मुरबाद इलाके में एक फर्जी डॉक्टर को शुक्रवार को कथित तौर पर पांच लोगों की मौत के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि उसके गलत उपचार के कारण मरने वालों में एक पिता-पुत्र भी शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि पांडुरंग घोलप धनसाई गांव में लोगों का उपचार करता था लेकिन उसके पास मेडिकल की कोई डिग्री नहीं थी और करीब 11 वर्ष पहले वह एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से चपरासी के पद से सेवानिवृत्त हुआ था। तालुका चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारती घोटे ने पीटीआई-भाषा से कहा, 26 जनवरी को एक व्यक्ति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचा। आरोपी ने उसे जिस स्थान पर इंजेक्शन दिया था वहां उसे बड़ा सूजन हो गया था।

कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई और इसी तरह के सूजन के साथ एक और व्यक्ति पहुंचा। बृहस्पतिवार तक इसी तरह से तीन और लोगों की मौत हो गई।

उन्होंने बताया, पुलिस और स्वास्थ्यकर्मियों की संयुक्त टीम ने फर्जी डॉक्टर के घर पर छापेमारी की और वहां खाली बक्सा मिला लेकिन इंजेक्शन नहीं मिला। हम पता लगा रहे हैं कि उसने कौन सा इंजेक्शन लगाया। वह बिना योग्यता के लंबे समय से प्रैक्टिस कर रहा था।

# भारती एयरटेल में एक अरब डॉलर का निवेश करेगी गूगल

● 1.28 फीसदी हिस्सेदारी भी खरीदेगी

भाषा। नई दिल्ली




**इंटरनेट** क्षेत्र की प्रमुख कंपनी गूगल दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल में एक अरब डॉलर का निवेश करेगी।

इस करार में इक्विटी निवेश के साथ-साथ संभावित वाणिज्यिक समझौतों के लिए एक कोष भी शामिल है, जिसके तहत समझौतों को अगले पांच वर्षों के दौरान पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर मंजूरी दी जाएगी। गूगल यह निवेश गूगल फॉर इंडिया डिजिटाइजेशन फंड के तहत कर रही है। एयरटेल ने एक बयान में कहा, इस निवेश सौदे में 70 करोड़ डॉलर का इक्विटी निवेश भारती एयरटेल में 734 रुपए प्रति शेयर की कीमत पर किया जाएगा। कुल निवेश में से 30 करोड़ डॉलर की राशि वाणिज्यिक समझौतों के क्रियान्वयन के लिए होगी। भारती एयरटेल के निदेशक मंडल ने पांच रुपए के अंकित मूल्य वाले 71,176,839 इक्विटी शेयर गूगल इंटरनेशनल एलएलसी को तरजीही आधार पर 734 रुपए प्रति शेयर की कीमत पर जारी करने की मंजूरी दी है जो कुल 5,224.3 करोड़ रुपए मूल्य के हैं। भारती एयरटेल के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने एक बयान में कहा, एयरटेल और गूगल नवोन्मेषी उत्पादों के जरिए भारत के डिजिटल लाभांश को बढ़ाने का दृष्टिकोण साझा करती हैं। भविष्य के लिहाज से तैयार हमारे नेटवर्क, डिजिटल मंच, अंतिम-छोर तक के वितरण और भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र के साथ हम भारत के डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के विस्तार के लिए गूगल के साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हैं। गूगल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुंदर पिचाई ने कहा, एयरटेल में हमारा वाणिज्यिक और इक्विटी निवेश हमारे गूगल फॉर इंडिया डिजिटाइजेशन फंड के स्मार्टफोन तक पहुंच, नए कारोबारी मॉडल को समर्थन देने के लिए कनेक्टिविटी बढ़ाने और डिजिटल रूपांतरण की यात्रा में कंपनियों के मदद देने के अनुरूप है।




मुंबई में एसबीआई के चेयरमैन व साथ में इंडिया आईएनएक्स के चेयरमैन बीएसई बिल्डिंग में बुल स्टैच्यू के पास पोज देते हुए

## क्रेडिट सुइस के साथ वित्तीय विवाद तीन सप्ताह में सुलझाए स्पाइसजेट: न्यायालय

भाषा। नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने विमानन कंपनी स्पाइसजेट को स्विट्जरलैंड की कंपनी क्रेडिट सुइस एजी के साथ जारी वित्तीय विवाद के समाधान के लिए शुक्रवार को तीन सप्ताह का समय देने के साथ ही मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश के क्रियान्वयन पर भी तीन सप्ताह के लिए रोक लगा दी। उच्चतम न्यायालय ने इसे एक गंभीर मामला बताते हुए कहा कि एयरलाइन यह नहीं कह सकती कि वह एक व्यस्त संगठन है और किसी को भुगतान नहीं करेगी। स्पाइसजेट ने अपनी याचिका में मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उसने परिसमापन याचिका स्वीकार करते हुए आधिकारिक परिसमापक को किफायती सेवाएं देने वाली एयरलाइन की संपत्तियों पर कब्जा लेने का निर्देश दिया था। स्विट्जरलैंड की कंपनी क्रेडिट सुइस एजी ने उच्च न्यायालय में कहा था कि स्पाइसजेट विमान इंजनों के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉलिंग के अपने 2.4 करोड़ डॉलर के बिलों का भुगतान करने में विफल रही है। उच्चतम न्यायालय ने स्पाइसजेट की याचिका की सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय के आदेश के प्रकाशन पर रोक लगा दी। लेकिन इसी के साथ स्पाइसजेट के रवैए पर सवाल भी खड़े किए।

मुख्य न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की तीन सदस्ईय पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे की इस बात पर गौर किया कि स्पाइसजेट स्विस कंपनी के साथ मुद्दे का समाधान निकालने का प्रयास करेगी।

## भारत की सोने की मांग 2021 में बढ़कर 797.3 टन पर पहुंची

भाषा। मुंबई



**उपभोक्ता** धारणा में सुधार और कोविड-19 से संबंधित व्यवधानों के बाद मांग में तेजी आने से भारत में सोने की खपत 2021 में बढ़कर 797.3 टन हो गई और इस वर्ष भी तेजी का रुख जारी रहने का अनुमान है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने स्वर्ण मांग रूझान 2021 रिपोर्ट में कहा कि 2021 में स्वर्ण की मांग 78.6 फीसदी की वृद्धि के साथ 797.3 टन हो गई जो 2020 में 446.4 टन थी। डब्ल्यूजीसी में क्षेत्रीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी, सोमसुंदरम पीआर ने कहा, वर्ष 2021 ने सोने के बारे में पारंपरिक सोच की ताकत को फिर से प्रमाणित किया है और पुनरुद्धार में कई सबक दिए जो आने वाले वर्षों के लिए नीतिगत सोच को आकार देंगे। उन्होंने कहा, भारत की स्वर्ण मांग 79 प्रतिशत बढ़कर 797.3 टन हो गई, जो मुख्य रूप से चौथी तिमाही की 343 टन की असाधारण मांग का परिणाम है। यह मांग तीसरी तिमाही में व्यक्त किए गए हमारे अनुमान से भी आगे निकल गई और सबसे अच्छी तिमाही साबित हुई। वर्ष 2022 के लिए सोमसुंदरम ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य यदि जारी रहता है और कोई विशेष व्यवधान नहीं आता है तो स्वर्ण की मांग करीब 800-850 टन रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सोने के आभूषणों की मांग पिछले वर्ष के मुकाबले 2021 में दोगुनी हो गई और महामारी से पहले के स्तर को भी लांघ कर छह वर्ष के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गई। चौथी तिमाही में 265 टन की रिकॉर्ड मांग रही। मूल्य के आधार पर देखें तो आभूषणों की मांग 96 फीसदी की वृद्धि के साथ 2,61,140 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। 2020 में यह ।,33,260 करोड़ रुपए थी। कुल निवेश मांग 2021 में 43 फीसदी बढ़कर 186.5 टन हो गई। मूल्य के लिहाज से मांग 45 फीसदी की वृद्धि के साथ 79,720 करोड़ रुपए हो गई। हालांकि देश में कुल स्वर्ण पुनर्चक्रण 21 फीसदी घटकर 75.2 टन रह गया। भारत में कुल स्वर्ण आयात 165 फीसदी बढ़कर 924.6 टन हो गया।

### फ्लिपकार्ट होलसेल अपने प्लेटफॉर्म पर लेकर आया वॉइस सर्च की सुविधा

**बैंगलुरु।** भारत में विकसित फ्लिपकार्ट ग्रुप के डिजिटल बी2बी मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट होलसेल ने आज अपने प्लेटफॉर्म पर वॉइस सर्च फीचर को प्रस्तुत करने की घोषणा की। यह सुविधा फिलहाल हिंदी व अंग्रेज़ी में उपलब्ध है और इससे किराना एवं रिटेलरों को प्रभावी ढंग से उत्पाद खोजने में मदद मिलेगी और उनके लिए प्लेटफॉर्म पर खरीददारी करना काफ ी सुविधाजनक हो जाएगा इस समय जब भारत कोरोना की तीसरी लहर से जूझ रहा है तो ऐसे में यह नया फीचर ग्राहकों को इस काबिल बनाएगा की वे अपने घर की सुरक्षा व सुविधा में बैठे हुए उत्पादों की संपूर्ण श्रेणी तक पहुंच प्राप्त कर सकें। इसके अलावाए यह प्लेटफॉर्म पूरी तरह डिजिटल प्रक्रिया के जरिए क्विक क्रेडिट सपोर्ट भी प्रदान करता है।फ्लिपकार्ट होलसेल के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट व हेड आदर्श मेनन ने इस लांच पर कहा कि हमारा मूलभूत उद्देश्य यह है की हम नई तकनीकों व आविष्कारों के माध्यम से अपने ऐप पर खरीददारी का झंझट-मुक्त अनुभव देना चाहते हैं।

### एथर एनर्जी का उत्तर प्रदेश में प्रवेश

**लखनऊ।** भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता एथर एनर्जी ने उत्तर प्रदेश में लखनऊ शहर से अपना रिटेल परिचालन शुरू किया। लालबाग स्थित एथर स्पेस के साथ भारत के सबसे तेज और स्मार्ट स्कूटरों में से एक, एथर 450 एक्स के साथ 450 प्लस को रिटेल करेगा । यह राज्य में एथर का पहला रिटेल स्टोर है और भारत में इसका 29वां स्टोर है।इस अवसर पर बोलते हुएए एथर एनर्जी के मुख्य व्यवसाय अधिकारी श्री रवनीत सिंह फोकेला ने कहाए श्उत्तर प्रदेश हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार हैए और हम विस्तार के साथ राज्य से एक महत्वपूर्ण योगदान की उम्मीद करते हैं। राज्य ने हर महीने लगभग 20ः ईवी बिक्री दर्ज की हैए और हमें लगता है कि आने वाले महीनों में ईवी के लिए विकास की प्रदेश में जबरदस्त संभावना है। एमजीएस ग्रुप की निदेशक अनन्या गुप्ता ने कहाए ष् हम एमजीएस एथर एनर्जी के साथ साझेदारी करके खुश हैं और इस तरह उत्तर प्रदेश की सड़कों पर एक बड़े खालीपन को भरने के लिए उपस्थित हैं।

### सेंट्रल बैंक ने तीसरी तिमाही में 69 फीसदी लाभ अर्जित किया

**नई दिल्ली।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का दिसंबर, 2021 में समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 69 फीसदी की वृद्धि के साथ 279 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बैंक ने एक साल पहले इसी अवधि में 165 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि अक्टूबर-दिसंबर, 2021 के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 6,666.45 करोड़ रुपए हो गई। ब्याज से होने वाली शुद्ध आय भी बढ़कर 2,746 करोड़ रुपए हो गई जो एक वर्ष पहले इस अवधि में 2,228 करोड़ रुपए थी।इसमें बताया गया कि दिसंबर में खत्म तिमाही में बैंक की सकल गैर निष्पादित आस्तियां (एनपीए) 15.16 फीसदी घट गई।

### कोटक महिंद्रा बैंक का तीसरी तिमाही में लाभ 15 प्रतिशत बढ़कर 2,131 करोड़ रुपए हुआ

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र की ऋणदाता कोटक महिंद्रा बैंक ने शुक्रवार को बताया कि दिसंबर 2021 में समाप्त हुई तीसरी तिमाही के लिए उसका एकल शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़कर 2,131 करोड़ रुपए हो गया है। बैंक ने दिसंबर 2020 में समाप्त हुई तिमाही में शुद्ध लाभ।,854 करोड़ रुपए होने की जानकारी दी थी। कोटक महिंद्रा बैंक ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा कि चालू वित्त वर्ष में तीसरी तिमाही में एकल आधार पर उसकी कुल आय चार प्रतिशत बढ़कर 8,260.48 करोड़ रुपए हो गई जो वित्त वर्ष 2020-21 की इसी तिमाही में 7,950 करोड़ रुपए थी। एकीकृत आधार पर बैंक का शुद्ध लाभ 2021-22 की अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही में 31 प्रतिशत बढ़कर 3,403 करोड़ रुपए हो या जो इससे पिछले वर्ष इसी अवधि में 2,602 करोड़ रुपए था। हालांकि एकीकृत आधार पर आय 14,671 करोड़ रुपए से कम होकर 14,176 करोड़ रुपए हो गई थी।

## कोलंबिया के परिधान आयात में भारत की हिस्सेदारी दोगुनी करने का लक्ष्य: एईपीसी


**नई दिल्ली( भाषा )।** परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) ने शुक्रवार को कहा कि घरेलू निर्यातकों को उच्च मूल्य-वर्धित उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करके कोलंबिया के कुल परिधान आयात में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने का लक्ष्य रखना चाहिए। एईपीसी के अध्यक्ष नरेंद्र गोयनका ने भारत-कोलंबिया परिधान एवं वस्त्र तालमेल विषय पर एक ऑनलाइन कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि कोलंबिया के वैश्विक परिधान आयात में भारत की हिस्सेदारी केवल 3.2 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, हम इसे दहाई अंकों में कुछ सम्मानजनक आंकड़े तक ले जाने पर विचार कर रहे हैं। हम मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ) परिधान, चिकित्सा और तकनीकी वस्त्र जैसे उच्च मूल्यवर्धित और विशेष उत्पादों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। परिषद के अनुसार, हालांकि कोलंबिया में रेडीमेड कपड़ों (आरएमजी) के आयात में गिरावट आई है लेकिन भारतीय आरएमजी निर्यात कोलंबियाई बाजार में अपनी हिस्सेदारी बनाए रखने में सक्षम रहा है। दुनिया से कोलंबिया का आरएमजी आयात वर्ष 2019 के 65.2 करोड़ डॉलर से घटकर वर्ष 2020 में 40.8 करोड़ डॉलर रह जाने के बीच कोलंबिया के कुल परिधान आयात में भारत की हिस्सेदारी वर्ष 2019 में 2.1 करोड़ डॉलर और वर्ष 2020 में 1.3 करोड़ डॉलर के साथ 3.2% पर पूर्ववत बनी रही।

## स्वदेशी जागरण मंच की बीड़ी पर टैक्स कम करने की मांग

**नई दिल्ली।** तंबाकू उत्पादों पर कर बढ़ाने की मांग के बीच राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध स्वेदशी जागरण मंच (एसजेएम) ने सरकार से बीड़ी पर कर कम करने की मांग की और कहा कि बीड़ी पर कर में वृद्धि करने से इस उद्योग में कार्यरत लाखों कामगारों की आजीविका प्रभावित होगी। अखिल भारतीय बीड़ी उद्योग संघ के ऑनलाइन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंच के सह-समन्वयक अश्वनी महाजन ने मांग की कि बीड़ी को सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पादों (सीओटीपीए) में प्रस्तावित संशोधनों के दायरे से बाहर रखा जाए।

## अंतिम घंटे में बिकवाली से सेंसेक्स, निफ्टी पर विराम, इस हफ्ते सूचकांक तीन फीसदी तक गिरे

भाषा। मुंबई



**सप्ताह** के अंतिम कारोबारी दिवस पर शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार भारी बिकवाली के दबाव में शुरुआती बढ़त गंवा बैठे और नुकसान के साथ बंद हुए। इसके पीछे वैश्विक संकेतों के अलावा घरेलू धारणाओं का भी असर देखा गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स अंतिम घंटे में हुई भारी बिकवाली से सुबह के सत्र में हासिल बढ़त गंवा बैठा। एक समय सेंसेक्स 58,000 के स्तर तक पहुंच गया था लेकिन अंत में यह 76.71 अंक यानी 0.13 फीसदी गिरकर 57,200.23 अंक पर बंद हुआ। अंतिम घंटों में बैंकिंग एवं वाहन कंपनियों के शेयरों में हुई भारी बिकवाली से सेंसेक्स में यह गिरावट आई। एनएसई के सूचकांक निफ्टी का हाल भी कुछ ऐसा ही रहा। कारोबार के दौरान निफ्टी भी शुरू में बढ़त लेने के बाद अंत में गिरावट के साथ बंद हुआ। निफ्टी 8.20 अंक यानी 0.05 फीसदी गिरकर 17,101.95 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सबसे ज्यादा नुकसान में मारुति सुजूकी रही जिसके शेयर 2.99 फीसदी तक गिर गए। टेक महिंद्रा, पावरग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और एसबीआई को भी खासा नुकसान उठाना पड़ा। वहीं, एनटीपीसी, सन फार्मा, इंडसइंड बैंक, एमएंडएम, विप्रो और आईटीसी के शेयर 3.89 फीसदी तक की बढ़त हासिल करने में सफल रहे।

## पेज एक का शेष

### शाही-सिद्धार्थनाथ...

रुद्रपुर से जय प्रकाश निषाद देवरिया से शलभ मणि त्रिपाठी पथरदेवा से सूर्य प्रताप साही रामपुर कारखाना से सुरेन्द्र चौरसिया बरहज से दीपक मिश्रा शाका् गोपालपुर से सत्येंद्र राय आजमगढ़ से अखिलेश मिश्रा गुड्डू, निजामाबाद से मनोज यादव दीदारगंज से डा कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा, लालगंज से नीलन सोनकर मोहनगर से मंजू सरोज बेल्थरा रोड से छट्ठू राम रसड़ा से बब्बन राजभर सिकंदरपुर से संदय यादव फेफ्ना से उपेन्द्र तिवारी बदलापुर से रमेश चंद्र मिश्रा जौनपुर से गिरीश चंद्र यादव जफराबाद से डा हरेन्द्र प्रसाद सिंह केराकत से दिनेश चौधरी तथा जमानियां से सुनीता परीक्षित सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है।

### युवाओं के...

लेकर जाना है। उन्होंने कहा, जिस देश का युवा, राष्ट्र प्रथम की सोच के साथ आगे बढ़ने लगता है, उसे कोई दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती।

### जिनके कार्यकाल...

वैक्सीन कहा गया, लेकिन टीकाकरण के कारण ही तीसरी लहर कम प्रभावी रही। उन्होंने कहा कि जीवन और जीविका बचाने के लिए लोगों को टीके के साथ ही मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेरठ में भी 41 लाख से अधिक लोगों को कोविड रोधी टीका लगाया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा, अनुमान है कि दस दिन के भीतर तीसरी लहर पर भी हम काबू पा लेंगे। योगी ने कहा कि बच्चों को संक्रमण से बचाने के लिए स्कूल कॉलेज बंद हुए हैं और जल्द ही वे भी खुलेंगे। मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने के बाद योगी कंकरखेड़ा पहुंचे जहां महिलाओं और बच्चों ने उनका स्वागत किया।

### सपा आई...

कर रहे थे। उन्होंने केंद्र द्वारा वापस लिए गए तीन कृषि कानूनों का जिक्र करते हुए कहा, मैं किसान भाइयों को सावधान करना चाहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी ऐसी पार्टी है जो बिना बताए भी कुछ फैसले व कानून लाएगी। इसलिए रालोद और समाजवादी पार्टी का गठबंधन किसानों को भरोसा दिलाता है कि ऐसा कोई भी कानून उप्र में कभी लागू नहीं होने दिया जाएगा। वहीं, पत्रकार वार्ता में जयंत चौधरी ने आरोप लगाया कि प्रशासन रालोद-सपा गठबंधन के प्रत्याशियों के साथ सहयोग नहीं कर रहा है।

### मलिहाबाद से...

है। जबकि मोहनलालगंज विधानसभा से मौजूदा विधायक अम्बरीष सिंह पुष्कर को सपा ने दोबारा मौका दिया है। मलिहाबाद सीट से केंद्र सरकार में मंत्री कौशल किशोर की पत्नी जय देवी वर्ष 2017 के चुनाव में भाजपा से जीती थीं। जबकि सपा की राजबाला रावत को हार का सामना करना पड़ा था।

### महाराष्ट्र के...

के निष्कासन का आदेश देने की शक्ति से संबंधित है। पीठ ने कहा कि यह नियम न केवल एक सदस्य के निष्कासन के कठोर आदेश को पारित करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में बताता है, बल्कि क्रमिक तरीके से किए जाने वाले आत्म-सुरक्षा उपायों की पुष्ट आधारवाले अनुशासनात्मक कदम या तर्कसंगतता के बारे में भी बताता है। पीठ ने कहा, पूर्व (प्रक्रिया) का अनुपालन या विचलन गैर-न्यायसंगत हो सकता है। हालांकि, अनुशासनात्मक कदम या गलती करने वाले सदस्य पर लगाए गए आत्म-सुरक्षा उपाय की तर्कसंगतता के संबंध में, असंवैधानिक, पूर्ण रूप से अवैध और तर्कहीन या मनमाना होने की कसौटी पर न्यायिक समीक्षा का विकल्प खुला है। पीठ ने कहा कि यदि यह सदन में घोर अव्यवस्थित व्यवहार का मामला है, तो अध्यक्षासभापति दिन की शेष अवधि की बैठक के दौरान सदस्य को विधानसभा की बैठकों से निष्कासित करने का आदेश देने के लिए तत्काल निर्णय लेने को स्वतंत्र हैं और यदि यह उसी सत्र में बार-बार ऐसे दुर्व्यवहार का मामला है तो शेष सत्र के लिए भी निष्कासन किया जा सकता है। पीठ ने कहा, (8230) यदि सदन द्वारा पारित प्रस्ताव को निर्दिष्ट नियम के तहत निर्धारित अवधि से परे निलंबन प्रदान करना था, तो यह काफी हद तक अवैध, तर्कहीन और असंवैधानिक होगा। पीठ ने कहा कि चालू सत्र की शेष अवधि के बाद तक निलंबन करने से कुल मिलाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रभावित होगी क्यों कि इससे मामूली बहुमत वाली (गठबंधन सरकार) को अलोकतांत्रिक तरीके से विपक्षी दलों की संख्या में हेरफेर का अवसर मिल सकता है। निलंबित किए गए 12 सदस्य संजय कुटे, आशीष शेलार, अभिमन्यु पवार, गिरीश महाजन, अतुल भातखलकर, पराग अलवानी, हरीश पिंपले, योगेश सागर, जय कुमार रावत, नारायण कुचे, राम सतपुते और बंटी भांगड़िया हैं। इन विधायकों ने इस प्रस्ताव को अदालत ने चुनौती दी है। राज्य सरकार ने आरोप लगाया था कि विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में पांच जुलाई, 2021 को पीठासीन अधिकारी भास्कर जाधव के साथ इन 12 विधायकों ने कथित रूप से दुर्व्यवहार किया था। इन विधायकों को निलंबित करने का प्रस्ताव राज्य के संसदीय कार्य मंत्री अनिल परब ने पेश किया था और ध्वनि मत से इसे पारित कर दिया गया था।

### मानदंड तय...

ने कहा कि उसने इस पहलू को नहीं देखा है और संबंधित कारकों को ध्यान में रखते हुए पदोन्नति में एससीएसटी के अपर्याप्त प्रतिनिधित्व का पता लगाने का काम राज्यों पर छोड़ दिया है। न्यायालय ने 26 अक्टूबर, 2021 को अपना फैसला सुरक्षित रखा था। इससे पहले, केंद्र ने पीठ से कहा था कि सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों को पदोन्नति में आरक्षण लागू करने के लिए केंद्र सरकार तथा राज्यों के लिहाज से एक निश्चित और निर्धायक आधार तैयार किया जाए। केंद्र की ओर से अटॉर्नी जनरल के. के. वेणुगोपाल ने दलील दी थी कि एससीएसटी को सालों तक मुख्यधारा से अलग रखा गया है और हमें उन्हें समान अवसर देने के लिए देश के हित में समानता (आरक्षण के संदर्भ में) लानी होगी। अटॉर्नी जनरल ने कहा था, अगर आप राज्यों और केंद्र के लिए निश्चित निर्णायक आधार निर्धारित नहीं करते तो बड़ी संख्या में याचिकाएं आएंगी। इस मुद्दे का कभी अंत नहीं होगा कि किस सिद्धांत पर आरक्षण देना है। वेणुगोपाल ने शीर्ष अदालत के 1992 के इंदिरा साहनी मामले से लेकर 2018 के जरनैल सिंह मामले तक का जिक्र किया। इंदिरा साहनी मामले को मंडल आयोग मामले के नाम से जाना जाता है। मंडल आयोग के फैसले में पदोन्नति में आरक्षण की संभावना को खारिज कर दिया गया था।

### कोटक महिन्द्रा बैंक लि.

3री तिमाही 2021-22 (करोड़ ₹ में)

| | 31 दिसंबर 2020 | 31 दिसंबर 2021 | पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि % |
|---|---|---|---|
| आय | 7949.74 | 8260.48 | 3.91 |
| व्यय | 5041.58 | 5559.48 | 10.27 |
| संचालन लाभ | 2908.16 | 2701.00 | -7.12 |
| कर-पूर्व लाभ | 2484.31 | 2832.74 | 14.03 |
| शुद्ध लाभ | 1853.54 | 2131.36 | 14.99 |
| प्रति शेयर आय (₹) | 9.36 | 10.75 | |

अनंकेक्षित, एकल

पीटीआई ग्राफिक

# यूक्रेन तनाव : युद्ध शुरू नहीं करेगा रूस

## ●पश्चिमी देशों के अपने सुरक्षा हितों को रौंदने नही देंगे : विदेश मंत्री लावरोव

भाषा। मास्को



**यूक्रेन पर** आक्रमण की आशंका के बीच रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शुक्रवार को कहा कि मास्को युद्ध शुरू नहीं करेगा लेकिन चेतावनी दी कि वह पश्चिमी देशों को उसके सुरक्षा हितों को रौंदने नहीं देगा। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक दिन पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति को आगाह किया था कि इस बात की स्पष्ट आशंका है कि रूस फरवरी में उनके देश के खिलाफ सैन्य कार्वाई कर सकता है। विदेश मंत्री लावरोव ने रूसी रेडियो स्टेशन के साथ एक साक्षात्कार में कहा, जब तक यह रूसी संघ पर निर्भर करता है, तब तक युद्ध नहीं होगा, हम युद्ध नहीं चाहते हैं। लेकिन हम अपने हितों को बेरहमी से रौंदने और उनकी उपेक्षा नहीं करने देंगे। रूस ने यूक्रेन की सीमा के पास 1,00,000 से अधिक सैनिकों का जमावड़ा कर रखा है जिससे इस क्षेत्र में युद्ध की आशंका तेज हो गई है। रूस ने लगातार इस बात से इनकार किया है कि वह यूक्रेन पर हमले की योजना बना रहा है, लेकिन अमेरिका और उसके नाटो (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) सहयोगियों का मानना है कि रूस युद्ध की ओर बढ़ रहा है तथा इसके लिए तैयारी कर रहा है। रूस की मुख्य मांगों में नाटो में यूक्रेन को शामिल नहीं करना और क्षेत्र से ऐसे हथियारों को हटाना शामिल है, जिससे रूस को खतरा हो सकता है।

लेकिन अमेरिका और नाटो रूस की मुख्य मांगों पर किसी भी तरह की रियायत को दृढ़ता से खारिज कर चुके हैं। हालांकि तनाव घटाने के लिए अमेरिका ने उन मुद्दों को रेखांकित किया है जिन पर वार्ता की जा सकती है। अब, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुति इन प्रस्तावों पर फैसला करेंगे और इससे यह तय होगा कि यूक्रेन पर हमला होगा या नहीं। इस बीच, क्रेमलिन (रूस के राष्ट्रपति कार्यालय) ने कहा है कि अमेरिका और नाटो की प्रतिक्रिया के बाद उम्मीद की बहुत कम गुंजाइश बचती है। लावरोव ने शुक्रवार को उल्लेख किया कि अमेरिका ने सुझाव दिया है कि दोनों पक्ष मध्यम दूरी की मिसाइलों की तैनाती की सीमा तय करने, सैन्य अभ्यास रोकने और युद्धपोतों, विमानों की दुर्घटनाओं को रोकने संबंधी नियमों को लेकर चर्चा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि रूस ने वर्षों पहले इन मुद्दों पर चर्चा करने का प्रस्ताव रखा था लेकिन अमेरिका और उसके सहयोगियों ने कभी भी इस पर ध्यान नहीं दिया। विश्वास बहाली के उपायों पर बातचीत के लिए अमेरिका के प्रस्तावों को लावरोव ने तार्किक बताया लेकिन इस बात पर जोर दिया कि रूस की मुख्य चिंताएं नाटो के विस्तार और रूस की सीमाओं के पास गठबंधन के देशों के हथियारों की तैनाती को रोकना है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समझौते कहते हैं कि एक राष्ट्र की सुरक्षा दूसरों की कीमत पर नहीं होनी चाहिए और वह अपने पश्चिमी देशों के समकक्षों को उस दायित्व को निभाने के लिए पत्र भेजेंगे।

## बाइडन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति से की बात : संप्रभुता के लिए प्रतिबद्धता दोहराई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन के अपने समकक्ष वोलोदिमीर जेलेंस्की से बात की और उनके देश की संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। अमेरिका ने रूस को यूक्रेन पर हमला करने से रोकने के लिए उसके खिलाफ वैश्विक दबाव बनाया है। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा, राष्ट्रपति जो बाइडन ने आज यूक्रेन के अपने समकक्ष वोलोदिमीर जेलेंस्की से बात की। राष्ट्रपति बाइडन ने इस बात की पुष्टि की कि यदि यूक्रेन पर रूस आक्रमण करता है तो अपने सहयोगियों तथा भागीदारों के साथ अमेरिका इसका निर्णायक रूप से जवाब देने को तैयार है। व्हाइट हाउस ने बताया कि दोनों नेताओं ने यूरोपीय सुरक्षा पर समन्वित राजनयिक प्रयासों के बारे में चर्चा की और यूक्रेन के बिना यूक्रेन के बारे में कुछ भी नहीं के सिद्धांत को रेखांकित किया। बयान के अनुसार, फोन पर बातचीत के दौरान बाइडन ने नॉरमैंडी प्रारूप में संघर्ष समाधान के प्रयासों के लिए अमेरिका का समर्थन दिया और उम्मीद जताई कि जुलाई 2020 के युद्धविराम की शर्तों को लेकर पक्षों द्वारा 26 जनवरी को व्यक्त की गई प्रतिबद्धता से तनाव को कम करने और मिन्स्क समझौतों के क्रियान्वयन को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने पत्रकारों से कहा कि अमेरिका ने सीमा पर तैयारी देखी है और किसी भी समय आक्रमण हो सकता है। उन्होंने कहा, हमारा आकलन इसको लेकर बदला नहीं है। इससे पहले अमेरिका और नाटो ने मामले पर अलग-अलग रूस को अपनी प्रतिक्रिया भेजी थीं।

### यूक्रेन मामले पर रूस के दुष्प्रचार को उजागर करने का प्रयास कर रहा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका और उसके सहयोगी देश यूक्रेन को लेकर रूस के साथ बढ़ते तनाव के बीच खुफिया जानकारियां उजागर करके रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की योजनाओं को बेनकाब करने का प्रयास कर रहे है। साथ ही वे यूक्रेन के मामले पर वैश्विक मत कायम करने के पुतिन के प्रयासों को विफल करने की भी कोशिश कर रहे हैं। पिछले कुछ हफ्तों में व्हाइट हाउस ने आरोप लगाया है कि रूस झूठ पर आधारित अभियान चलाकर यूक्रेन पर आक्रमण करने का मौका तलाश रहा है। वही, ब्रिटेन ने कहा था कि रूस यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को सत्ता से हटाकर वहां मॉस्को समर्थित सरकार बनाने की कोशिश कर रहा है। अमेरिका ने रूसी सैनिकों की तैनाती का एक मानचित्र भी जारी किया है और ही विस्तारपूर्वक यह भी बताया कि अधिकारियों के अनुसार रूस लगभग 1,75,000 सैनिकों के साथ किस प्रकार यूक्रेन पर आक्रमण करने का प्रयास कर सकता है। विशेषज्ञों ने व्हाइट हाउस को खुफिया जानकारियां साझा करने और झूठे दावे किए जाने से पहले ही उनके खंडन के लिए तैयार रहने का श्रेय दिया है। वही, रूस ने अमेरिका के दावों को झूठ बताकर खारिज कर दिया है। साथ ही उसने अतीत में अमेरिका की खुफिया नाकामियों का भी जिक्र किया है।



यूक्रेनी सैनिक पश्चिमी यूक्रेन के करीब यवोरिव सैन्य प्रशिक्षण मैदान पर एनएलएडब्ल्यू एंटी टैंक मिसाइलों के उपयोग के लिए एक अभ्यास में भाग लेते हुए

## अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट को मिलेगी पहली काली महिला न्यायाधीश : बाइडन

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह फरवरी के अंत तक अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में पहली काली महिला न्यायाधीश को नियुक्त करेंगे। बाइडन ने व्हाइट हाउस में हुए एक कार्यक्रम में यह घोषणा की। बाइडन ने सेवानिवृत होने जा रहे न्यायाधीश स्टीफन ब्रेयर की तारीफ की और कहा कि उनकी जगह लेने वाले न्यायाधीश की तलाश शुरू कर दी गई है। ब्रेयर की जगह किसी योग्य व्यक्ति को न्यायाधीश नियुक्त किया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### चमगादड़ों में पाया गया नियोकोव कोरोना वायरस भविष्य में मानव के लिए पैदा कर सकता है खतरा : वैज्ञानिक

**बीजिंग।** दक्षिण अफ्रीका में चमगादड़ों के बीच फैलने वाला नियोकोव कोरोना वायरस यदि और अधिक उत्परिवर्तित हुआ तो यह भविष्य में मानव के लिए खतरा पैदा कर सकता है। चीन के अनुसंधानकर्ताओं ने इस बारे में आगाह किया है। यह अध्ययन प्रकाशन पूर्व संग्रह कोश बायोआरएक्सआईवी पर हाल में डाला गया है और इसकी समीक्षा की जानी अभी बाकी है। अध्ययन से यह पता चलता है कि नियोकोव मिडिल ईस्ट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम (मर्स) से करीबी रूप से संबद्ध है। विषाणु जनित इस रोग की पहली बार 2012 में सऊदी अरब में पहचान की गई थी। कोरोना वायरस विषाणुओं का एक बड़ा परिवार है, जो सामान्य सर्दी जुकाम से लेकर सार्स जैसे रोग का कारण बन सकता है। चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज और वुहान यूनिवर्सिटी के अनुसंधानकताओं ने यह गौर किया है कि नियोकोव दक्षिण अफ्रीका में चमगादड़ों के समूह में पाया गया है और यह इन जंतुओं में विशेष रूप से फैलता है। अनुसंधानकर्ताओं ने इस बात का जिक्र किया कि अपने मौजूदा स्वरूप में नियोकोव मानव को संक्रमित नहीं करता है, लेकिन यदि यह और अधिक उत्परिवर्तित हुआ, तो यह संभवत: नुकसानदेह हो सकता है।

### पोप ने कोविड-19, टीकाकरण के बारे में फर्जी सूचना की निंदा की, सच्चाई बताने की अपील की

**रोम।** पोप फ्रांसिस ने कोविड-19 और टीकों के बारे में फर्जी सूचना की शुक्रवार को निंदा की और आशंका के आधार पर वास्तविक तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने की आलोचना की। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि जो लोग इस तरह की झूठ में विश्वास करते हैं उन्हें सच्चे वैज्ञानिक तथ्यों को समझने में मदद की जाए। फ्रांसिस ने कैथोलिक पत्रकारों से मुलाकात की जिन्होंने महामारी के बारे में फर्जी सूचना से मुकाबला करने के प्रयास के तहत तथ्यान्वेषी नेटवर्क बनाया है। फ्रांसिस ने जिम्मेदारी से पत्रकारिता करने का अकसर आह्वान किया है जो सच्चाई को उजागर करे और लोगों का सम्मान करे। कैथोलिक तथ्यान्वेषी मीडिया समूह से उनकी यह मुलाकात इस संदेश को बढ़ावा देता है। फ्रांसिस ने कहा, हम इन चीजों को आजकल शायद ही नजरअंदाज कर पाते हैं कि महामारी के अलावा फर्जी सूचना फैलाई जा रही है -- यह आशंका के आधार पर वास्तविकता को तोड़ना-मरोड़ना है।

### म्यामां में 2021 में 16 लाख नौकरियां गईं: आईएलओ

**बैंकॉक।** अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) का कहना है कि 2021 में म्यामां में लगभग 16 लाख नौकरियां गईं, जिसमें महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित हुईं क्योंकि महामारी और देश की सत्ता पर सैन्य नियंत्रण के बाद कारखानों, पर्यटन और निर्माण क्षेत्र में काम कम हो गया। आईएलओ ने शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा कि देश एक बहुआयामी मानवीय संकट का सामना कर रहा है, क्योंकि कोरोना वायरस महामारी के अलावा राजनीतिक उथल-पुथल, हिंसा, असुरक्षा और विस्थापन ने परेशानियों को और बढ़ा दिया है। जो नौकरियां गई हैं, ए औपचारिक और अनौपचारिक क्षेत्र दोनों में थीं और ए कुल रोजगार का लगभग 8 प्रतिशत है, क्योंकि एक फरवरी को सेना द्वारा देश की चुनी हुई सरकार को सत्ता से बेदखल करने के बाद कई लोगों ने काम करना बंद कर दिया था। म्यामां की अर्थव्यवस्था में पिछले साल लगभग 18 प्रतिशत संकुचन आया है।

### उत्तर कोरिया ने मिसाइल परीक्षणों की पुष्टि की

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को कहा कि इस सप्ताह हथियार परीक्षण के उसके दो दौर सफल रहे। उसने अपनी सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करते रहने तथा अधिक शक्तिशाली आयुधों के विकास को गति देने का संकल्प लिया। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने बृहस्पतिवार को तटीय क्षेत्र से प्रक्षेपित की गईं दो बैलिस्टिक मिसाइलों को पारंपरिक हथियारों से लैस सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल बताया और कहा कि उनका परीक्षण सफल रहा। सरकारी मीडिया द्वारा जारी की गई तस्वीरों से पता चलता है कि परीक्षण किए गए हथियार कम दूरी की ठोस-ईंधन मिसाइल थे, जिसे स्पष्ट रूप से रूस की इस्कंदर बैलिस्टिक प्रणाली की तर्ज पर तैयार किया गया है।

### विदेशी पर्यटकों के प्रवेश पर लगा प्रतिबंध हटाएगा फिलीपीस

**मनीला।** फिलीपींस देश में विदेशी पर्यटकों और व्यापारियों के प्रवेश पर लगभग दो साल पहले लगाया गया प्रतिबंध अगले महीने वापस ले लेगा। सरकार ने कोरोना वायरस संक्रमण की मौजूदा लहर में कमी के बीच मुश्किल दौर से गुजर रहे पर्यटन उद्योग को उबारने के मकसद से यह फैसला लिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पर्यटन सचिव बरना रोमुलो-पुयात ने बताया कि फिलीपींस आगामी दस फरवरी से उन 150 से अधिक देशों के यात्रियों के लिए अपने दरवाजे खोल देगा, जो वीजामुक्त यात्रा नीति के दायरे में आते हैं।

### परमार्थ संस्थाओं की सूची में भारतीय-अमेरिकी गैर लाभकारी संस्था को 10वां स्थान

**वाशिंगटन।** परमार्थ कार्य करने वाली संस्थाओ की हालिया सूची मे, वर्ष 2021 के लिए भारतीय-अमेरिकी गैर लाभकारी संस्था सेवा इंटरनेशनल को 10वां स्थान हासिल हुआ है। पिछले साल कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान भारत और अमेरिका मे किए गए सराहनीय कार्य के लिए इस संस्था को सूची मे इस साल यह स्थान मिला है। गौरतलब है कि 2020 मे, बेनेविटी इंक की सूची मे सेवा इंटरनेशनल को 375वां स्थान प्राप्त हुआ था और 2019 मे वह 690वे स्थान पर थी। बेनेविटी इंक एक कॉर्पोरेट सॉफ्टवेयर प्रदाता कम्पनी है। वर्ष 2021 मे डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स नामक संस्था ने सूची तैयार करने की प्रक्रिया का नेतृत्व किया।

### अवैध रूप से अमेरिका में घुसे भारतीयों को रिहा किया गया

**न्यूयॉर्क (अमेरिका)।** अमेरिका मे पिछले सप्ताह अवैध रूप से प्रवेश करने के दौरान अमेरिका-कनाडा सीमा के पास गिरफ्तार किए गए सात भारतीय नागरिको को सीमा गश्ती दल ने रिहा कर दिया है और उन्हे वापस भेजने की प्रक्रिया जारी है। एक बयान मे यह जानकारी दी गई है। बयान मे कहा गया, पिछले सप्ताह अवैध रूप से अमेरिका मे प्रवेश करने वाले सभी सातो प्रवासियो को वापस भेजे जाने की प्रक्रिया आव्रजन एवं राष्ट्रीयता अधिनियम के तहत जारी है। बयान के अनुसार, सभी प्रवासियो को सीमा गश्त दल की हिरासत से रिहा कर दिया गया है। सात भारतीय नागरिको को पिछले सप्ताह अमेरिकी अधिकारियो ने अमेरिका-कनाडा सीमा के पास से पकड़ा था। इस संबंध मे 47 वर्षीय स्टीव शैंड पर मानव तस्करी का आरोप लगाया गया है।

### रॉकेट से बगदाद हवाई अड्डे पर हमला, दो विमान क्षतिग्रस्त

**बगदाद।** बगदाद के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर छह रॉकेट से हमला किया गया जिसमे दो व्यावसायिक विमान क्षतिग्रस्त हो गए लेकिन कोई हताहत नही हुआ है। यह जानकारी इराक की सेना ने बयान जारी कर दी। बयान मे बताया गया कि सुबह दागे गए रॉकेट इराकी एयरवेज के प्रतीक्षा क्षेत्र मे खड़े विमानो पर गिरे। अबु गरीब इलाके मे मिसाइल का लांच पैड होने के बारे मे पता चला है। हवाई अड्डे पर इराक की सेना का ठिकाना है जहां से अमेरिका एवं अन्य सहयोगी देशों की मेजबानी की जाती है।

### विवादास्पद आतंकवाद निरोधक कानून में संशोधन करेगा श्रीलंका

**कोलंबो।** श्रीलंका विवादास्पद आतंकवाद निरोधक कानून मे संशोधन करेगा जिसके तहत पुलिस को संदिग्धो को बिना सुनवाई के गिरफ्तार करने की व्यापक शक्तियां हासिल है। मानवाधिकारो के उल्लंघन को लेकर यूरोपीय संघ और संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के बढ़ते दबाव के बीच इस कानून को वह अंतरराष्ट्रीय मानको के अनुसार बनाएगा। सरकार ने गजट अधिसूचना जारी कर कहा कि कानून (पीटीए) मे संशोधन किया जाएगा। 1979 मे लागू किया गया यह

## भारत को एस-400 बेचना अस्थिरता पैदा करने में रूस की भूमिका को दर्शाता है : अमेरिका

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका ने कहा है कि रूस का भारत को एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली बेचना क्षेत्र में और संभवत: उससे बाहर अस्थिरता पैदा करने में मॉस्को की भूमिका को प्रदर्शित करता है। अमेरिका भारत द्वारा रूस से मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदे जाने पर कई बार चिंता व्यक्त कर चुका है। भारत ने जोर देकर कहा है कि उसके फैसले उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा के हित पर आधारित हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने बृहस्पतिवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, एस-400 प्रणाली को लेकर जो हमारी चिंताएं है, उनमें कोई बदलाव नहीं आया है। मुझे लगता है कि यह क्षेत्र में और संभावित रूप से उससे बाहर अस्थिरता पैदा करने में रूस की भूमिका को उजागर करता है। प्राइस से रूसी एस-400 प्रणाली को लेकर अमेरिका-भारत संबंध पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में पूछा गया था, जिसके जवाब में उन्होंने यह बात कही। अमेरिका की ओर से यह टिप्पणी ऐसे समय में की गई है, जब यूक्रेन को लेकर अमेरिका और रूस आमने-सामने हैं। अमेरिका की कड़ी आपत्तियों और जो बाइडन प्रशासन की ओर से प्रतिबंधों की चेतावनी के बावजूद भारत ने मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने के अपने फैसले में कोई बदलाव करने से मना कर किया है। प्राइस ने कहा, चाहे भारत हो या कोई और देश, हम सभी देशों से आग्रह करते हैं कि वे रूस के साथ हथियार प्रणाली को लेकर कोई नया लेन-देन करने से बचें।



## अमेरिका-कनाडा सीमा के पास मृत मिले भारतीय परिवार की पहचान हुई



जगदीश पटेल और वैशालीबेन पटेल की उनके बच्चों के साथ की पुरानी तस्वीर , जिसमें विहांगी पटेल और धर्मिक पटेल गोद में हैं जो कनाडा के पास जमे हुए पाए गए थे

भाषा। न्यूयॉर्क,टोरंटो

**अमेरिका-कनाडा** सीमा के पास मृत मिले चार भारतीय नागरिकों के परिवार की पहचान हो गई है। कनाडा के अधिकारियों ने बताया कि परिवार कुछ समय से देश में था और उन्हें कोई सीमा पर ले गया था। मामला मानव तस्करी का प्रतीत होता है। मैनिटोबा की रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने कहा कि मृतकों की पहचान जगदीश बलदेवभाई पटेल (39), वैशालीबेन जगदीशकुमार पटेल (37), विहंगी जगदीशकुमार पटेल (11) और धार्मिक जगदीशकुमार पटेल (3) के तौर पर हुई है। ए सभी एक ही परिवार के सदस्य थे, जो 19 जनवरी को कनाडा-अमेरिका सीमा से लगभग 12 मीटर दूर मैनिटोबा के इमर्सन के पास मृत मिले थे। अधिकारियों ने पहले बताया था कि परिवार में एक वयस्क पुरुष, एक वयस्क महिला, एक किशोर और एक शिशु शामिल हैं, लेकिन अब मृतकों में एक किशोर की जगह किशोरी के होने की बात सामने आई है। कनाडा के अधिकारियों ने मृतकों की पहचान की पुष्टि की और 26 जनवरी को शवों का पोस्टमार्टम पूरा किया गया। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में बताया कि मैनिटोबा के मुख्य चिकित्सा परीक्षक के कार्यालय ने पुष्टि की है कि मौत ठंड की चपेट में आने से हुई। कनाडा के ओटावा में स्थित भारत के उच्चायोग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में मृतकों की पहचान की पुष्टि की और बताया कि उनके परिवार को घटना की जानकारी दे दी गई है। टोरंटो में भारत का महावाणिज्य दूतावास मृतक के परिवार के सम्पर्क में है और सभी वाणिज्यि स्तर की सहायता प्रदान की जा रही है। उसने एक बयान में कहा, उच्चायोग पीड़ितों के परिवार और दोस्तों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है।

## पद्म भूषण मिलना सम्मान की बात है : नडेला

भाषा। न्यूयॉर्क (अमेरिका)



**माइक्रोसॉफ्ट** के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) सत्या नडेला ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनके लिए भारत का तीसरा सबसे बड़ा नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण प्राप्त करना सम्मान की बात है और वह भारत के लोगों के साथ काम करते रहना चाहते हैं, ताकि उन्हें प्रगति करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में मदद मिल सके। भारत सरकार ने देश के 73वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर नडेला, गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और टाटा समूह के अध्यक्ष नटराजन चंद्रशेखरन को पद्म भूषण देने की घोषणा की थी। नडेला ने ट्वीट किया, पद्म भूषण पुरस्कार प्राप्त करना और इतने सारे असाधारण लोगों के साथ पहचाना जाना सम्मान की बात है। मैं राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और भारत के लोगों का शुक्रगुजार हूं... भारत के लोगों के साथ काम करते रहने के लिए तत्पर हूं, ताकि अधिक प्रगति के वास्ते प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में उनकी मदद कर पाऊं। हैदराबाद में जन्मे नडेला (54) को फरवरी 2014 में माइक्रोसॉफ्ट का सीईओ बनाया गया था। जून 2021 में उन्हें कम्पनी का अध्यक्ष भी नामित किया गया। इस अतिरिक्त भूमिका में वह बोर्ड के लिए एजेंडा निर्धारित करने के काम का नेतृत्व करेंगे। देश के 73वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को डिजिटल समारोह के दौरान अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा था कि इस वर्ष, तीन विशिष्ट प्रवासी भारतीय सदस्यों को पद्म भूषण सम्मान के लिए चुना गया है ।

## सीरिया की जेल पर हमला आईएस कैदियों के निपटने की आवश्यकता को दर्शाता है: संयुक्त राष्ट्र

भाषा। संयुक्त राष्ट्र


**संयुक्त** राष्ट्र ने बृहस्पतिवार को कहा कि सीरिया की जेल पर इस्लामिक स्टेट आतंकवादियों का हमला देश के पूर्वोत्तर में जेलों और शिविरों में बंद चरमपंथी समूह से जुड़े लोगों से निपटने के लिए तत्काल अंतरराष्ट्रीय कार्वाई की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। विश्व निकाय के उप महासचिव व्लादिमीर वोरोनकोव ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि इस्लामिक स्टेट समूह जेलें तोड़ने का आह्वान कर रहा है। और पहले भी सीरिया तथा दुनिया में अन्य जगह ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद रोधी कार्यालय के प्रमुख वोरोनकोव ने कहा कि इनमें से अधिकतर कथित रूप से आईएस से जुड़े पुरुष, महिला और बच्चे हैं, जो सीरियाई जेलों और शिविरों में बंद हैं।
उनपर अपराध के आरोप तय नहीं हुए हैं, फिर भी उन्हें लंबे समय से हिरासत में रखा गया है। उनके भाग्य को लेकर अनिश्चितता है। उन्होंने आईएस का अरबी नाम लेते हुए कहा, यह इस बात की भी याद दिलाता है कि दाएश खुद को सीरिया में क्यों समेटे हुए है।

## सरकारी कार्यालयों में पार्टी मामले में संदर्भ मुहैया कराएं : स्काटलैंड यार्ड

### ● लॉकडाउन नियमों का उल्लंघन का मामला

भाषा। लंदन

**स्कॉटलैंड यार्ड** ने शुक्रवार को कहा कि उसने 2020-2021 में कोविड-19 लॉकडाउन नियमों का उल्लंघन कर ब्रिटेन के कैबिनेट कार्यालय में पार्टी आयोजित करने के मामले में घटनाओं का संदर्भ मांगा है।
सरकारी कार्यालयों के भीतर कथित जमावड़े और पार्टी के आयोजन मामले की लंदन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जांच का नेतृत्व वरिष्ठ नौकरशाह सू ग्रे कर रही हैं। बताया जाता है कि ग्रे की जांच रिपोर्ट तैयार हो गई है लेकिन इस सप्ताह की शुरुआत में इसके कुछ निष्कर्षों को मेट्रोपॉलिटन पुलिस से साझा करने के बाद इसमें देरी हुई है। मामले में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के पद पर भी खतरा मंडरा रहा है। रिपोर्ट के प्रकाशन में देरी को लेकर विपक्ष के हमले को जॉनसन ने खारिज कर दिया कि प्रधानमंत्री कार्यालय ने किसी भी तरह जांच प्रक्रिया में हस्तक्षेप किया और वादा किया है कि रिपोर्ट मिलते ही इसके परिणाम को प्रकाशित किया जाएगा। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने एक बयान में कहा, पुलिस जिन मामलों की जांच कर रही है उस बारे में कैबिनेट कार्यालय से संदर्भ उपलब्ध कराने को कहा गया है। बयान से संकेत मिलता है कि रिपोर्ट में कुछ बदलाव किए जा रहे हैं जिसके कारण इसके प्रकाशन में देरी होगी। बयान में कहा गया, मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने रिपोर्ट में अन्य घटनाओं पर या देरी के संबंध में कुछ नहीं कहा है, लेकिन हमारी जांच के निष्कर्ष पर किसी भी पूर्वाग्रह से बचने के लिए कैबिनेट कार्यालय के साथ हमारा निरंतर संपर्क रहा है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस आयुक्त क्रेसिडा डिक ने मंगलवार को घोषणा की कि उनके अधिकारियों ने आंतरिक जांच के दौरान सू ग्रे द्वारा जानकारी दिए जाने के बाद अपनी जांच शुरू की। यह स्पष्ट नहीं है क्या पुलिस की जांच, रिपोर्ट के प्रकाशन के समय और प्रकृति को प्रभावित करेगी। मंत्रियों ने शुक्रवार को संकेत दिया कि डाउनिंग स्ट्रीट को अभी तक निष्कर्ष प्राप्त नहीं हुए हैं, जिसका मतलब है कि इसके जल्द जारी होने की संभावना नहीं है। विपक्षी दलों ने मांग की है कि समूची रिपोर्ट का प्रकाशन किया जाए और डाउनिंग स्ट्रीट के आयोजन में किन-किन लोगों ने शिरकत की थी उनके नाम का खुलासा किया जाए। प्रधानमंत्री जॉनसन दो आयोजनों में कथित तौर पर शामिल हुए थे।






रोस्तोव क्षेत्र में एक प्रशिक्षण मैदान में सैन्य अभ्यास के दौरान रूसी सैनिकों ने हॉवित्जर तोप से फायर किए


जैसा कि जी.एन. दिवंगत अभय खाखा के साथ बीइंग आदिवासी के संपादक डेवी ने अपने परिचय में साझा किया : ''मैं आशा करना चाहता हूं कि इसे न केवल एक प्रकाशन या अकादमिक अभ्यास के रूप में प्राप्त किया जाए, बल्कि बदलाव के प्रस्ताव के रूप में जो अब अतिदेय है, एक ऐसा बदलाव विमुक्त और घुमंतू समुदायों के लिए कम से कम न्याय और मानवाधिकारों के कुछ उपाय लाएंगे जो वे एक लोकतांत्रिक देश के नागरिकों और आदिवासियों को उनकी विशिष्ट पहचान की समझ के रूप में प्राप्त करने की उम्मीद करते हैं। हम, भारत के लोग, भारत के स्वदेशी लोगों के रूप में उनके ऋणी हैं।'' एक संपादित अंश :



# आदिवासी जीवन

यदि भारत की गैर-आदिवासी आबादी के बीच आदिवासियों और उनकी चिंताओं के बारे में जागरूकता कम है, तो 'विमुक्त जनजाति' के रूप में वर्णित समुदायों के बारे में ज्ञान लगभग अनुपस्थित है। कहीं ऐसा न हो कि इस शब्द को 'किसी तरह के आदिवासी' या 'आधिकारिक तौर पर गैर-मान्यता प्राप्त आदिवासी' के रूप में समझा जाए - जो कि आदिवासियों के बारे में कुछ जानने वालों में भी असामान्य नहीं है - मैं विमुक्त जनजातियों का निम्नलिखित संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करना चाहूंगा। उन्नीसवीं शताब्दी के दौरान, भारत में सभी रियासतों पर अंग्रेजों के कमोबेश सुरक्षित अधिकार होने के बाद, उन्होंने भारतीय राजकुमारों की पराजित सेनाओं के विघटित सैनिकों को निरस्त्र करना आवश्यक समझा। ब्रिटिश भी व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए भारतीय राज्यों में सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना चाहते थे। दो उद्देश्यों को पूरा करने के लिए, उन्होंने अनधिकृत व्यक्तियों द्वारा हथियारों के उपयोग का पता लगाने के लिए विलियम हेनरी स्लीमैन को नियुक्त किया। स्लीमैन ने प्रचुर मात्रा में नोट बनाए और मध्य भारत में राजमार्गों पर सशस्त्र संघर्षों की सूची बनाई। इस प्रक्रिया में, उन्होंने 'ठग' के विचार को जन्म दिया। इस विचार ने उनकी पुस्तकों के पाठकों को वापस इंग्लैंड में आकर्षित किया। व्यक्तियों और उनके समुदायों की सूची ठग या समुदायों के विचार से जुड़ी हुई है जो लूटपाट और अपराध को अपना पेशा बनाते हैं। 1871 आपराधिक जनजाति अधिनियम (सीटीए) इसी धारणा पर आधारित था। इसने समुदायों को 'आपराधिक समुदायों' के रूप में सूचीबद्ध किया, जिसका अर्थ है कि उन समुदायों में से किसी में पैदा होने से एक स्वचालित रूप से आपराधिक मंशा बन जाता है। सीटीए ने 'रिफॉर्मेटरी सेटलमेंट' के लिए प्रावधान किया, जो सॉफ्ट जेल थे। सूचीबद्ध समुदायों को इन बस्तियों में नजरबंद कर दिया गया था, उनके मुक्त आंदोलन पर गंभीर प्रतिबंध लगाए गए थे। स्लीमैन की लिस्ट में कई खामियां थीं। अधिकांश समुदाय पारंपरिक रूप से खानाबदोश थे, जो भारत में एक सदियों पुरानी सामाजिक घटना है। नजरबंद समुदायों के सदस्यों को कड़ी मेहनत के लिए रखा गया था, ज्यादातर मामलों में अवैतनिक श्रम।

यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि श्रम के तनाव के कारण कितने लोग मारे गए। इन समुदायों के सदस्य आठ दशकों में फैली कई पीढ़ियों तक बस्तियों में रहे। 1952 में, भारत द्वारा संविधान को अपनाने के दो साल बाद, 'अधिसूचित' समुदायों को 'अधिसूचित' कर दिया गया। उन्हें विमुक्त और घुमंतू जनजातियों (डीएनटी) के रूप में वर्णित किया जाना जारी रखा, जबकि उनमें से बहुत कम को जन-जातियों, 'स्वदेशी लोगों' या आदिवासियों की आधिकारिक सूची में जगह मिली। लेबल में थोड़े से बदलाव के बावजूद आपराधिकता का कलंक उन पर बना रहा। एसटी और एससी की सूची में शामिल नहीं होने के कारण, कुछ अपवादों को छोड़कर, वे भूमि, आजीविका या स्कूलों और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच के बिना तड़पते रहे। निश्चित पते नहीं होने के कारण, नागरिकों के रूप में उनके न्यूनतम अधिकार भी सुरक्षित नहीं थे। उनके नाम के आसपास का कलंक अक्सर ग्रामीणों और शहरी आबादी से आज तक भी परेशान करता है। छ्ह्ञ्ञ समुदायों के सदस्यों की मॉब लिंचिंग की व्यापक घटनाएं हुई हैं। सरकारें आम तौर पर डीएनटी की दुर्दशा के प्रति उदासीन रही हैं क्योंकि वे पर्याप्त अल्पसंख्यक भी नहीं हैं, हालांकि देश में उनकी कुल आबादी किसी भी तरह से नगण्य नहीं है। जब डॉ मनमोहन सिंह की संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार ने मुझे विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों के लिए तकनीकी सलाहकार समूह का अध्यक्ष नियुक्त किया, तो मैंने पाया कि डीएनटी की आबादी सात-आठ करोड़ के करीब हो सकती है। वह था 2008 में। वर्तमान में, संख्या बढ़ सकती है और दस करोड़ के करीब हो सकती है। भारत की जनगणना ने कभी भी डीएनटी की कोई स्पष्ट गणना नहीं की है। और चूंकि संख्या का आधिकारिक तौर पर पता नहीं चला है, इन समुदायों के स्थानों को ठीक से प्रलेखित नहीं किया गया है और उनकी आजीविका आवश्यकताओं और उनके मानवाधिकारों के बारे में कोई व्यवस्थित विचार नहीं किया गया है; वे अदृश्य लोगों के रूप में भारत की कल्पना में बने हुए हैं। वर्तमान खंड में डीएनटी पर एक परिचयात्मक निबंध शामिल है। स्वतंत्रता के बाद के कई दशकों तक, 'आदिवासी' भावना और धर्मपरायणता में एक मानवरूपी 'प्रकार' था, या फिर भारत के आधुनिकता और राष्ट्रवाद की ओर बढ़ने के लिए ऐतिहासिक सामान के रूप में खारिज कर दिया गया। यद्यपि आदिवासी समाज की जटिलताओं ने विषय से संबंधित छात्रवृत्ति में ध्यान आकर्षित किया, आदिवासियों के प्रति लोकप्रिय रवैया 'एसटी' के संक्षिप्त नाम से गंभीर रूप से प्रतिबंधित था।




अत्यधिक दया और अत्यधिक अवमानना दोनों ही 'अन्य' लोगों के लिए समान रूप से शक्तिशाली साधन हैं। इसलिए यह है कि आदिवासी समुदायों के भीतर वर्ग-धाराओं का अर्चना प्रसाद का विश्लेषण 'अन्य' प्रक्रियाओं के लिए एक मारक के रूप में महत्वपूर्ण हो जाता है। आदिवासी समकालीन पहचान प्रवचन में तनाव और बनावट का एक सूक्ष्म विश्लेषण प्रस्तुत करने के बाद उन्होंने निष्कर्ष निकाला''। . . नवउदारवादी नीतियों की विविध अभिव्यक्तियों ने भी विभिन्न सामाजिक आधार वाली आदिवासी राजनीति के विविध रूपों का निर्माण किया है। इसलिए पहचान आधारित संघर्षों के बीच अंतर करना महत्वपूर्ण है, जो उन लोगों के नेतृत्व में हैं जो मजदूर वर्ग के भीतर स्थित हैं और जिनका मकसद वर्तमान सत्ता संरचना में शामिल होना है। इसके अलावा, आदिवासी राजनीति का सांस्कृतिक रूप से अनन्य चरित्र भी वर्चस्ववादी है और आदिवासी समाज के भीतर असमानताओं को छुपाता है। दूसरी ओर, गैर-सांस्कृतिक रूप से अनन्य वर्ग की राजनीति को पहचान-आधारित राजनीति की दृढ़ता के साथ इसके प्रति अधिक सूक्ष्म दृष्टिकोण अपनाकर आना पड़ा है। इस सहयोग को तीव्र सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और आर्थिक संकट द्वारा सुगम बनाया गया है, जिससे आदिवासी राजनीति, वर्ग और पहचान दोनों के आधार पर परिवर्तन हुआ है। इस तरह का विकास न केवल सकारात्मक है, बल्कि एक सत्तावादी और नव-उदार सरकार और देश के भीतर सभी प्रगतिशील ताकतों के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए भी आवश्यक है।''

यह उल्लेख करने की आवश्यकता है कि पिछली आधी शताब्दी में आदिवासी राजनीतिक अभिव्यक्ति, सांस्कृतिक उत्पादन और प्रमुख सामाजिक संघर्षों के तथ्य यह दिखाने के लिए जाते हैं कि आदिवासियों की सामान्य धारणा और आधुनिक भारत के बनने की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी वास्तविकता से बहुत कम है। नई पीढ़ी के आदिवासी अधिक यथार्थवादी दृष्टिकोण बनाने के इच्छुक हैं, जो कि आदिवासियों के दृष्टिकोण से है। अभय खाखा स्पष्ट शब्दों में कहते हैं : ''विकास के मुद्दों के अलावा, एक कड़े धर्मांतरण विरोधी कानून की भी मांग थी, जिसका इस्तेमाल आदिवासी समुदायों को धर्म के आधार पर विभाजित करने के लिए एक उपकरण के रूप में किया गया है। इन संगठनों का सांप्रदायिक एजेंडा है। धीरे-धीरे उन लोगों में डर पैदा कर दिया, जो आदिवासियों को हिंदू धर्म में आत्मसात करने के प्रमुख प्रवचन की सदस्यता नहीं लेते हैं। नतीजतन, विभिन्न आदिवासी और वन आश्रित समुदायों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध टूट गए हैं और आदिवासी क्षेत्रों में सांप्रदायिक हिंसा का अनुभव भी तेजी से हो रहा है।''

इस दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए, यूपीए-द्वितीय सरकार ने वर्जिनियस ज़ाक्सा की अध्यक्षता में समिति नियुक्त की। अभय ज़ाक्सा ने ज़ाक्सा कमेटी की रिपोर्ट को संदर्भित किया और बताया कि : ''पैनल ने आदिवासी समुदायों को भूमि अलगाव से बचाने और संसाधनों पर उनके अधिकारों को वापस सौंपने और संरक्षित करने के लिए कानूनों, विनियमों और नियमों में आमूल-चूल परिवर्तन की सिफारिश की। रिपोर्ट में देश भर के आदिवासी समुदायों को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और अवसर प्रदान करने के लिए एक व्यापक, व्यापक और विस्तृत रूपरेखा भी रखी गई है। यदि खाखा समिति की सिफारिशों को लागू किया जाता है, तो निश्चित रूप से आदिवासी समुदायों पर इसका सशक्त प्रभाव पड़ेगा।''

दूसरी ओर, एन.सी. सक्सेना का निबंध एक गहरी सहानुभूतिपूर्ण लेकिन कुछ हद तक अनुमानित रूप से सरलीकृत दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। आदिवासी विकास में डॉ सक्सेना का ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण योगदान और आदिवासियों के पक्ष में सरकारी नौकरशाही के अंदर उनकी भूमिका एक महान अनुपात की है। फिर भी, एक आदिवासी दृष्टिकोण से देखा जाए तो, उनके अवलोकन को भारत में आदिवासी समुदायों के मन में आज जो हो रहा है, उसके पूर्ण दृष्टिकोण से थोड़ा कम पढ़े जाने की संभावना है। सक्सेना कहते हैं: ''अन्य वंचित समूहों के विपरीत, उत्पीड़ित आदिवासी आम तौर पर पीड़ित होते हैं और चुपचाप अपना शोषण सहन करते हैं। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में, उन्होंने सशस्त्र विद्रोह को अपना लिया है। बंद आयोजित करके, जुलूस निकालकर और राजनेताओं पर दबाव डालकर आंदोलनकारी राजनीति का मध्य मार्ग, जिसे भारत में अन्य समूहों द्वारा अपनी शिकायतों को व्यक्त करने के लिए सफलतापूर्वक अपनाया गया, आदिवासियों के लिए पराया है और ऐतिहासिक रूप से उनके लिए अज्ञात रहा है। नागरिक समाज को यहां एक बड़ी भूमिका निभाने की जरूरत है, और सरकार को भी सभी आदिवासी कार्यकर्ताओं को माओवादी के रूप में ब्रांड नहीं करना चाहिए।

इन टिप्पणियों को महाश्वेता देवी के काल्पनिक कार्यों के साथ पढ़ने की जरूरत है ताकि यह समझ सकें कि आदिवासियों की चुप्पी आवाज की अनुपस्थिति नहीं है, बल्कि एक शक्तिशाली बयान है जिसे हमने अभी तक समझना शुरू नहीं किया है। विक्रांत बी द्वारा 'मौन' अत्यंत शक्तिशाली रूप से व्यक्त किया गया है ।. . सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक वास्तविकताओं के अविकसित पठन ने भारत में आदिवासियों और जनजातियों के संबंध में कई पौराणिक कथाओं और पूर्वाग्रहों को जन्म दिया। उन्हें अलग-थलग, आत्मनिर्भर, जीववादी, अल्प विकसित और पिछड़ा हुआ माना जाता था। हानिरहित प्रतीत होने वाले, इन पौराणिक कथाओं के गंभीर नीति और राजनीतिक निहितार्थ हैं। उदाहरण के लिए, नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों और यहां तक कि लोकप्रिय धारणा में जनजातियों को भारत में जातियों के साथ परस्पर जुड़े हुए के रूप में देखा जाता है।

एक स्तर पर, शायद सामान्य सबाल्टर्निटी को निरूपित करना आवश्यक है, ताकि उनके उत्थान और सशक्तिकरण के लिए राज्य के दायित्व पर जोर दिया जा सके। हालांकि, यह निर्मित तुल्यता इस तथ्य पर प्रकाश डालती है कि जहाँ दलित प्रश्न राष्ट्र की चेतना में अपेक्षाकृत केंद्र चरण है, वहीं आदिवासी प्रश्न नहीं है।

इस अनुच्छेद का अंतिम खंड इस खंड के उद्देश्य को बताता है। सबसे सरल शब्दों में, आदिवासी प्रश्न प्रस्तुत करना है। इसमें आधुनिक भारत के संदर्भ में आदिवासियों का प्रश्न, आदिवासियों द्वारा राष्ट के विकास के विचारों पर प्रश्नचिह्न और यह भी शामिल है कि आदिवासी अपने प्रश्नों को किस तरह से प्रस्तुत करते हैं। लोकतंत्र का क्या अर्थ है, इसकी उनकी समझ का बहुत गलत समझा जाने वाला ढांचा। या, दूसरे शब्दों में, आदिवासी इस खंड द्वारा संभाला गया प्रश्न है, आदिवासी तरीके से सवाल करना भी इसकी चिंता है और भारतीय राष्ट्र के सामने आदिवासियों द्वारा उठाए गए प्रश्न भी इसकी सर्वोपरि चिंता हैं।

(बीईंग आदिवासी- से लिए गए अंश, संपादक अभया खाखा, गणेश एन डेवी)

# प्रकृति के निकट

**उमा नायर** कहती हैं कि रवींद्रनाथ टैगोर ने महसूस किया कि पेंटिंग किसी भी अन्य कला की तुलना में प्रकृति के करीब है और इसे सार्वभौमिक रूप से समझा जा सकता है।



रवींद्रनाथ टैगोर न केवल नोबेल पुरस्कार विजेता कवि, लेखक, विचारक, संगीतकार थे, बल्कि वे एक स्व-शिक्षित कलाकार भी थे। इस गणतंत्र दिवस पर भारतीय विरासत और अनुभव के एक एस्थेटिशियन के रूप में उनकी प्रतिभा पर विचार करना अच्छा है। क्रिस्टीज, न्यूयॉर्क के अनुसार, उनकी कविताओं की मात्रा, गीतांजलि ने 1912 में लंदन में अपने स्वयं के अंग्रेजी अनुवाद में प्रकाशित होने पर अपनी अंतरराष्ट्रीय ख्याति स्थापित की, और अगले वर्ष टैगोर साहित्य में नोबेल पुरस्कार जीतने वाले पहले गैर-यूरोपीय बने। .

नतीजतन, वे एक साहित्यिक हस्ती बन गए और अक्सर यूरोप और अमेरिका का दौरा किया। उनके बहने वाले वस्त्र और लंबे सफेद बाल और दाढ़ी एक भारतीय ऋषि की आम पश्चिमी अवधारणा के अनुरूप थे और उनके व्याख्यानों ने भारी दर्शकों को आकर्षित किया। जैकब एपस्टीन, जिन्होंने 1926 में उनकी एक बड़ी मूर्ति बनाई थी, ने बताया कि, उनके पास कोई पैसा नहीं था और एक पवित्र व्यक्ति की तरह उनके साथ व्यवहार किया गया था।



टैगोर ने अपने जीवन में बाद में पेंटिंग की ओर रुख किया। 1930 में पेरिस के गैलेरी पिगले में चित्रों और चित्रों की उनकी पहली प्रदर्शनी के समय, टैगोर, 69 वर्ष की आयु में, उन महानतम लेखकों में से एक के रूप में पहचाने जा चुके थे, जो कभी जीवित थे। उनका प्रारंभिक झुकाव प्रतिनिधित्वात्मक कला की ओर था, लेकिन उन्होंने 1900 के आसपास एक पेशेवर चित्रकार होने की उम्मीद छोड़ दी थी। वर्षों से, टैगोर ने निजी पत्रिकाओं को बनाए रखा जहाँ उन्होंने डूडल और स्केच जारी रखा। फिर लगभग अचानक, 1924 में, जबकि अर्जेंटीना में विक्टोरिया ओकाम्पो के अतिथि के रूप में, उनके डूडल ने अधिक विस्तृत और अभिव्यंजक मंशा ग्रहण की।

ओकाम्पो ने टैगोर की प्रतिभा को पहचाना और प्रागैतिहासिक राक्षसों, पक्षियों और चेहरों की अपनी छवियों में अध्यात्मवाद पाया क्योंकि वे प्राकृतिक व्याख्याओं से कहीं अधिक थे। उनके शुरुआती डूडल की तुलना में, ये पूरी तरह से स्वत: स्फूर्त नहीं थे, बल्कि नृविज्ञान में उनकी रुचि और उनके द्वारा देखी गई आदिम और आधुनिक कला दोनों के उदाहरणों से प्रेरित थे।

टैगोर ने अपने सर्वोत्तम कार्यों में जिस विश्व का खुलासा किया वह आत्म-चिंतनशील विकास में से एक था, जहां छवियां स्वयं आकार लेने की प्रक्रिया में थीं, जैसा कि उनकी कला थी। उनके शुरुआती चित्रों को मुख्य रूप से मोनोक्रोम में प्रस्तुत किया गया था, इसके बाद दो-टोंड और तीन-टोन वाले चित्र बनाए गए थे। पेन-पॉइंट ब्रश को अक्सर बाद में इस्तेमाल किया जाता था, उंगलियों और चीर के टुकड़े स्याही फैलाते थे और ब्रश को अपनाया जाने वाला आखिरी था।

टैगोर द्वारा विभिन्न शैलियों में क्रियान्वित किए गए शीर्षों और आकृतियों ने सबसे अधिक रुचि प्राप्त की है। संयमित अभी तक बेचैन, विचारोत्तेजक, विचित्र और भूतिया, इन चित्रों को उनकी सबसे यादगार कृतियों में माना जाता है। %बड़ी अटूट, भावपूर्ण आँखों वाली महिला का आक्रामक अंडाकार चेहरा शायद उसका सबसे जुनूनी विषय था। 1930 में पहली बार प्रदर्शित, एक ही मनोदशा-छवि के अंतहीन रूपांतर पूरे उभर कर सामने आए। पहले के उदाहरण नाजुक ढंग से बनाए गए और ओपेलेसेंट थे, जबकि बाद के उदाहरण अत्यधिक नाटकीय थे, जिनमें तीव्र रूप से जलाया गया माथा, अतिरंजित नाक-रिज, मजबूत रंगों में चित्रित, एक आदिम उदासी से उभरे हुए थे। %(रॉबिन्सन, द आर्ट ऑफ रवींद्रनाथ टैगोर, कलकत्ता, 1989, पृष्ठ 56.)

टैगोर पर ये प्रभाव उनके जीवनकाल में विकसित हुए और उनके चित्रों के माध्यम से नवीनता और आधुनिकता की अभिव्यक्ति के रूप में उभरे जो उस समय भारतीय कलाकारों द्वारा निर्मित किसी भी चीज़ के विपरीत थे। वर्तमान कार्यों में, लकड़बग्घे की नमाज़ और शीर्षकहीन, टैगोर ने भौतिक विवरण को दबा दिया, जिससे बुनियादी वक्रतापूर्ण रूपों का निर्माण हुआ। शरीर को स्ट्रोक के साथ रंग के एक ठोस क्षेत्र के रूप में दर्शाया गया है। विद्वानों का कहना है कि आधुनिक कला में जिसे हम अब आदिमवाद के रूप में समझते हैं, उसके सिद्धांतों के प्रति उनका स्वाभाविक झुकाव था; गैर-पश्चिमी, प्रागैतिहासिक और ग्रामीण परंपराओं और लोगों से उधार लिए गए दृश्य रूपों में प्रतीकों और अर्थ की खोज। इसलिए, हम ग्रामीण उत्थान को देहाती लय में देखते हैं।

पेंटिंग ने टैगोर को भाषा की सीमाओं से अलग होने की अनुमति दी। उन्होंने महसूस किया कि पेंटिंग, किसी भी अन्य कला रूप के विपरीत, प्रकृति के करीब थी और इसे सार्वभौमिक रूप से समझा और साझा किया जा सकता था।

# सांस्कृतिक क्षेत्र पर लाकडाउन का असर

जबकि सांस्कृतिक और आविष्कारशील सामग्री की मांग पूरे लॉकडाउन अवधि में बढ़ी है, आर्थिक संकेतक मानते हैं कि सांस्कृतिक क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित होगा और ठीक होने में सबसे धीमा, **जुनेद** और **सुफियान खत्री** कहते हैं।

कोविड-19 महामारी ने सांस्कृतिक और नवीन उद्योगों को आविष्कारशील अर्थव्यवस्था के केंद्र में चौराहे पर रखा है। बर्बादी, सीमाओं का व्यापक रूप से बंद होना, स्थान और शारीरिक दूरी के उपाय नवीन अर्थव्यवस्था के पूरे खंड को प्रभावित कर रहे हैं। कला उद्योग में काम करने वाले कई लोगों की नौकरी चली गई है। लाइव प्रदर्शन और स्थल-आधारित उद्योग प्रमुख रूप से प्रभावित हुए हैं, जिससे आजीविका, कलाकार क्षमता, बाजार पहुंच और कलात्मक स्वतंत्रता प्रभावित हुई है, साथ ही आपूर्तिकर्ताओं और सेवा प्रदाताओं की मूल्य श्रृंखला के लिए व्यापक प्रभाव पड़ा है। शिल्प क्षेत्र कई देशों के लिए एक प्रमुख रोजगार प्रदाता है, जिन्होंने भारी गिरावट का अनुभव किया है। संकट ने पहले से मौजूद प्रवृत्तियों, विशेष रूप से डिजिटलीकरण में तेजी लाई है, और इसने दुनिया भर के अधिकांश देशों में, उन देशों में भी, जहां रचनात्मक क्षेत्र के लिए सार्वजनिक समर्थन योजनाएं हैं, पहले से मौजूद असमानताओं और नवीन अर्थव्यवस्था की अनिश्चितताओं को उजागर किया है। जगह में।

महामारी की शुरुआत के बाद से, कला और संस्कृति क्षेत्र में एक विरोधाभासी स्थिति देखी जा रही है। जबकि सांस्कृतिक और आविष्कारशील सामग्री की मांग पूरे लॉकडाउन अवधि में बढ़ गई है - और डिजिटल पहुंच अब पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है - आर्थिक संकेतक मानते हैं कि सांस्कृतिक क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित होगा और ठीक होने में सबसे धीमा भी होगा। कलाकारों और बिचौलियों को वित्तीय और लॉजिस्टिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से सर्वेक्षण या डेटा संग्रह जैसी अल्पकालिक पहलों से परे, शिक्षाविदों और चिकित्सकों दोनों को कला व्यय के भविष्य के बारे में सोचने में संलग्न होना चाहिए, विशेष रूप से उपभोक्ता के दृष्टिकोण से।

स्थानीय कला उद्योग में कई खिलाड़ी संपर्क रहित और डिजिटल ऑर्डरिंग में स्थानांतरित हो गए हैं। अन्य अनुकूली रणनीतियों में कलाकारों और कर्मचारियों के लगातार कोविड-19 परीक्षण और किसी भी फिर से खोलने की योजना को सूचित करने के लिए चिकित्सा



विशेषज्ञों के नियमित परामर्श शामिल हैं। चूंकि कई गैर-लाभकारी कला संगठन प्रतिबंधों के कारण राजस्व खो रहे हैं और इसलिए भी कि अधिक लोग घर पर रह रहे हैं, इन अतिरिक्त लागतों ने और तनाव पैदा किया है। आभासी कला अनुभवों के साथ व्यक्तिगत सेवाओं को पूरक या बदलने की बढ़ती इच्छा भी कला संगठनों के लिए व्यय में वृद्धि करती है। कुछ स्थितियों में, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ने कलाकारों और कला समूहों को महामारी के दौरान बड़े दर्शकों तक पहुंचने की अनुमति दी है, अन्यथा संभव नहीं होता।

जबकि आभासी मंच कला संगठनों और कलाकारों के लिए सबसे लोकप्रिय रूपांतरों में से एक बन गए हैं, वे अपनी कमियों के बिना नहीं हैं। कई कलाकारों और कला समूहों को नए उपकरणों और प्रणालियों में निवेश करने, नए कौशल विकसित करने और आभासी दुनिया में अपने काम को बेचने का तरीका जानने के लिए मजबूर किया गया था। साथ ही, दर्शकों की आभासी संस्कृति को पूरी तरह से अनुकूलित करने की क्षमता सुनिश्चित नहीं है।

असंगठित स्थानीय कला उद्योग और उसके कलाकार समुदाय के लिए महामारी ने कुछ सुधार लाए हैं - नए कार्यों को बनाने के लिए सहयोग, उच्च ऑनलाइन दृश्यता, और दर्शकों और उपभोक्ताओं तक अलग-अलग पहुंचने की क्षमता। लेकिन क्या समुदाय मान्यता और समर्थन के लिए सरकार और निजी क्षेत्र के साथ निरंतर समर्थन के लिए खड़ा है या नहीं, यह देखा जाना बाकी है।

इंटरनेट रचनात्मक अभिव्यक्ति को नियंत्रित करने में सरकारों की दिलचस्पी बढ़ रही है। हालांकि, उन्हें कला जगत में अमीरों और गरीबों के बीच मौजूदा व्यापक अंतर को कम करने पर ध्यान देना चाहिए। हालांकि कुछ कला रूप डिजिटल क्षेत्र में परिवर्तित हो जाएंगे, लेकिन सड़क/त्योहार प्रदर्शनों को ऑनलाइन प्रस्तुत करना असंभव है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सब्सिडी और अन्य कार्यक्रम इच्छित प्राप्तकर्ताओं तक पहुँचते हैं, सरकारों को कलाकारों की एक सार्वजनिक रजिस्ट्री बनाए रखनी चाहिए। इस उद्योग में गिग श्रमिकों को पहचानना महत्वपूर्ण है, साथ ही सांस्कृतिक संपत्तियों की रक्षा करने वाले कानून को भी बढ़ाना है।

कला के सभी रूप आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं होते हैं। रचनात्मक उद्योग में रोजगार और कमाई के नुकसान का नवाचार, नागरिक कल्याण और सामुदायिक जीवंतता और विविधता पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। एक कलाकार के काम के लिए सम्मान और मूल्य का निर्माण इन अकेले समय के दौरान समाज को सामान्य स्थिति की भावना के साथ प्रस्तुत करने में कला के महत्व की सराहना से किया जाना चाहिए। अन्यथा, हम अपनी सांस्कृतिक विरासत के विलुप्त होने के लिए सामूहिक रूप से जवाबदेह होंगे।

दुनिया भर के स्थानीय कारीगरों, संगठनों और संस्थानों ने इस महामारी से उत्पन्न चुनौतियों का बखूबी सामना किया है। कई लोगों के लिए, महामारी ने डिजिटल माध्यम में संक्रमण को तेज कर दिया; आत्म-संरक्षण का कार्य अक्सर नवाचार की ओर ले जाता है। इंटरनेट ने कलाकारों और संस्थानों को विभिन्न तरीकों से एक दूसरे के साथ संवाद करने के अभूतपूर्व अवसर प्रदान किए, जिसके परिणामस्वरूप कला के लिए नई साझेदारी और चैनल बने। मनोरंजन, शिक्षा और भागीदारी के मामले में एक डिजिटल प्लेटफॉर्म क्या प्रदान कर सकता है, हमने केवल सतह को खरोंच दिया है। डिजिटल मीडिया की बदौलत भौगोलिक सीमाएं भले ही गायब हो गई हों, लेकिन यह इसकी कमियों के बिना नहीं है- वैश्विक प्रतिद्वंद्विता, कम ध्यान अवधि और डिजिटल थकावट।

महामारी ने न केवल कला क्षेत्र के भीतर संबंधों को मजबूत किया है, बल्कि दुनिया भर में समन्वय में भी सुधार किया है। आभासी सहयोग और एक दूसरे का समर्थन, न केवल घरेलू बल्कि दुनिया भर में, मजबूत जड़ों को बनाए रखने और विकसित करने का तरीका है। जब भौतिक यात्रा सीमित हो तो आभासी सहयोग व्यक्तियों को दुनिया में जुड़े रहने में मदद करने की दिशा में एक लंबा रास्ता तय करेगा।

(लेखक कच्छ के स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाए गए शिल्प उत्पादों के लिए एक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म कच्छी बाजार के सह-संस्थापक हैं।)

# नडाल रिकार्ड 21वें खिताब से एक जीत दूर

**आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस**

**●मेदवेदेव से होगा खिताबी मुकाबला**

एपी। मेलबर्न


**रफेल** नडाल अब रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच को पछाड़कर पुरुष टेनिस में रिकॉर्ड 21वें एकल ग्रैंडस्लैम खिताब से महज एक जीत दूर हैं। स्पेन के 35 वर्ष के इस धुरंधर ने इटली के माटियो बेरेत्तिनी को 6-3, 6-2, 3-6, 6-3 से हराकर छठी बार आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना दूसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव से होगा।

यूएस ओपन चैंपियन मेदवेदेव ने एक अन्य सेमीफाइनल में स्टेफनोस सिटसिपास को 7-6 (5), 4-6, 6-4, 6-1 से पराजित किया। मेदवेदेव ओपन युग में पहले ऐसे खिलाड़ी बनने की कवायद में हैं जिन्होंने अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने के बाद अगले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में भी जीत दर्ज की। अब तक सिर्फ एक बार 2009 में आस्ट्रेलियाई ओपन जीत सके नडाल ने पहले दोनों सेटों में दबदबा बनाए रखा और इतालवी प्रतिद्वंद्वी को कोर्ट के चारों ओर दौड़ाया। दूसरे सेट में उन्होंने 4-0 की बढ़त बना ली।

सातवीं वरीयता प्राप्त बेरेत्तिनी 11 प्रयासों में सिर्फ एक बार अपनी दूसरी सर्विस पर अंक बना सके। भारी बारिश के कारण रॉड लेवर एरेना की छत बंद कर दी गई जिससे भीतर काफी उमस हो गई थी। ऐसे में गेंद भारी और सपाट हो गई थी। पहले दो सेट में सभी लंबी रैलियां छठी वरीयता प्राप्त स्पेनिश धुरंधर नडाल के पक्ष में गई। तीसरे सेट में बेरेत्तिनी ने वापसी की और आठवें गेम में तीन ब्रेक प्वाइंट बनाकर दूसरे को भुनाया और 5-3 की बढत बना ली। उन्होंने अगले गेम में सर्विस बरकरार रखते हुए लगातार चार अंकों के साथ मैच को चौथे सेट में खिंचा।

चौथे सेट के आठवें गेम में नडाल ने उनकी सर्विस फिर तोड़ी और मैच अपने नाम कर लिया। क्वार्टर फाइनल में दो सेट से पिछड़ने और मैच प्वाइंट बचाने वाले रूसी खिलाड़ी मेदवेदेव के लिए दो दिन बाद सिटसिपास के खिलाफ मैच भी भावनात्मक रहा। उन्होंने दूसरे सेट में सर्विस गंवाने के बाद चेयर अंपायर पर अपनी नाराजगी भी जताई। उन्होंने मांग की थी कि सिटसिपास को दर्शकों के बीच बैठे उनके पिता कोचिंग दे रहे हैं और इसके लिए यूनानी खिलाड़ी को चेतावनी दी जानी चाहिए।

मेदवेदेव यह सेट हार गए। उन्होंने पांच मिनट का विश्राम लिया और अधिक जज्बे के साथ कोर्ट पर उतरे। उन्होंने तीसरे सेट के आखिर में ब्रेक प्वाइंट लिया और फिर अगले सेट में लगातार पांच अंक बनाकर जीत दर्ज की।



जीत के बाद भावुक नडाल



फ्रांस की क्रिस्टीना म्लादेनोविच और क्रोएशिया के इवान डोडिग ने आस्ट्रेलिया के जैमी फोरलिस और जासन कुबलेर को हराकर मिश्रित युगल का खिताब जीता

# आईसीसी ने ब्रेंडन टेलर पर साढ़े तीन साल का प्रतिबंध लगाया


**●स्पॉट फिक्सिंग की पेशकश की रिपोर्ट सही समय पर नहीं करने पर आईसीसी ने की कार्रवाई**

भाषा। दुबई

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान ब्रैंडन टेलर पर 2019 में भारतीय व्यवसाई द्वारा स्पॉट फिक्सिंग की पेशकश की रिपोर्ट समय पर नहीं करने के लिए शुक्रवार को साढ़े तीन साल का प्रतिबंध लगाया। आईसीसी ने इसके साथ ही टेलर को इसी प्रकरण के दौरान कोकीन लेने के कारण डोप परीक्षण में विफल रहने के लिए एक महीने के लिए निलंबित किया है। विश्व संस्था ने अपने बयान में कहा कि टेलर ने स्वीकार किया है कि उन्होंने आईसीसी की भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन किया।

आईसीसी ने कहा कि जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान ब्रैंडन टेलर को आईसीसी भ्रष्टाचार रोधी संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन करने के चार आरोपों और आईसीसी डोपिंग रोधी संहिता के एक आरोप को स्वीकार करने के बाद साढ़े तीन साल के लिए सभी तरह की क्रिकेट से प्रतिबंधित कर दिया गया है। टेलर ने 24 जनवरी को खुलासा किया था कि एक भारतीय व्यवसाई के साथ बैठक के दौरान मूर्खतापूर्वक कोकीन लेने के बाद उन्हें ब्लैकमेल किया गया था। टेलर ने कहा था कि उन्हें भारतीय व्यवसाई द्वारा 2019 में भ्रष्ट पेशकश की रिपोर्ट समय पर नहीं करने के कारण कई साल का प्रतिबंध झेलना पड़ सकता है।

टेलर ने दावा किया था कि भारतीय व्यवसाई ने उन्हें भारत में प्रायोजक दिलाने और जिम्बाब्वे में एक टी-20 टूर्नामेंट की संभावित योजना पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया था। उन्होंने व्यवसाई के नाम का खुलासा किए बिना कहा था कि उन्हें अक्टूबर, 2019 में 15,000 डॉलर की पेशकश की गई थी। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल संन्यास लेने से पहले 205 एकदिवसीय, 34 टेस्ट और 45 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उन्हें बेंजोइलेकोगनाइन के सेवन का दोषी पाया गया था जिसकी वजह कोकीन का सेवन होता है। आईसीसी ने कहा कि आईसीसी भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के तहत साढ़े तीन साल के प्रतिबंध के साथ ही एक महीने का निलंबन चलेगा। टेलर 28 जुलाई 2025 के बाद खेल से जुड़ी गतिविधियों में शामिल होने के लिए स्वतंत्र होंगे।



# भारत ने चीन को हराकर कांस्य जीता

**महिला एशिया कप हॉकी**

भाषा। मस्कट

**पिछली** बार की चैम्पियन भारतीय टीम ने चीन को 2-0 गोल से हराकर महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में तीसरे स्थान से संतोष किया। भारतीय खिलाड़ियों ने कोरिया से सेमीफाइनल में मिली निराशा को पीछे छोड़ते हुए पहले दो क्वार्टर में नियंत्रण बनाए रखा और इसी दौरान दो गोल कर दिए जिससे मध्यांतर तक उसने चीन पर 2-0 गोल तक की बढ़त बना ली थी। हालांकि दूसरे हाफ में टीम कोई गोल नहीं कर सकी। भारतीय खिलाड़ियों ने अच्छी शुरूआत की और दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए जिसमें से एक में शर्मिला देवी ने 13वें मिनट में अपनी टीम को बढ़त दिला दी। गुरजीत कौर के फ्लिक को चीन की रक्षात्मक पंक्ति ने रोक दिया और इसके रिबाउंड पर शर्मिला ने गोल दाग दिया। भारत ने दूसरे क्वार्टर में भी इसी लय में खेलना जारी रखा। भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार सेंध लगाकर चीन की रक्षात्मक पंक्ति पर दबाव बनाए रखा और फिर 19वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। गुरजीत ने शानदार ड्रैग फ्लिक से इसे गोल में बदलकर स्कोर 2-0 कर दिया। चीन ने भी जवाब देते हुए एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन भारतीय कप्तान और गोलकीपर सविता पूनिया ने इसे शानदार तरीके से नाकाम कर दिया। दो गोल से पिछड़ने के बाद चीन की टीम छोर बदलने के बाद काफी आक्रामक हो गई और उसने भारतीय रक्षात्मक पंक्ति पर दबाव बनाने का प्रयास किया लेकिन वे सफल नहीं हो सकीं। चौथे और अंतिम क्वार्टर में भारतीयों ने दबाव तो बना लिया था, पर वे कोई भी सटीक मौका ढूंढने में सफल नहीं हो सकीं।



भारत और चीन के बीच खेले गए मैच का एक दृश्य

# रोहित की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट सुरक्षित : सैमी

**●कोहली मैदान में अपने प्रदर्शन से शानदार रहा**

भाषा। मस्कट

**वेस्टइंडीज** के पूर्व कप्तान डेरेन सैमी को लगता है कि रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है और उन्होंने टीम के साथी खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ निकालने की काबिलियत के मामले में भारत के इस सीनियर बल्लेबाज को महान क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के बराबर ही रखा।

पांच बार इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब जीतने वाली टीम के कप्तान रोहित अब फिट हो चुके हैं और छह फरवरी से अहमदाबाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही आगामी तीन वनडे और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में भारत की सीमित ओवरों की टीम की जिम्मेदारी उठाएंगे। बीसीसीआई ने विराट कोहली को वनडे कप्तानी से हटा दिया था जिसके बाद रोहित को कप्तान बनाया गया। सैमी ने यहां लीजेंड्स लीग क्रिकेट के मौके पर कहा कि कोहली मैदान पर अपने प्रदर्शन में शानदार रहा है। मुझे नहीं लगता कि इससे टीम प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि रोहित मुंबई इंडियंस के साथ शानदार कप्तान रहा है, जो काफी प्रेरणादाई कप्तान है। मैंने आईपीएल में उसे मुंबई की कप्तानी करते हुए देखा है। वह जीत दर्ज करने वाले कप्तानों जैसे एमएस धोनी, गौतम गंभीर के साथ शामिल है। 38 साल के इस खिलाड़ी ने कहा कि सभी खिलाड़ी अपनी टीम के साथियों से अच्छा प्रदर्शन करा सकते हैं। कप्तान नतीजे के साथ ट्राफियां भी जीतते हैं। मैं भारतीय क्रिकेट के बारे में चिंतित नहीं हूं। यह सुरक्षित हाथों में है। सैमी ने 2021 में चेन्नई सुपर किंग्स को चौथा आईपीएल खिताब जीतने वाले कप्तान धोनी का उदाहरण देते हुए कहा कि धोनी जैसे खिलाड़ी को देखिए। उसने पूरे सत्र में ज्यादा अच्छा नहीं किया लेकिन टीम को जब प्लेऑफ में उसकी जरूरत थी तो उसने धमाल कर दिया। धोनी ने पिछले सत्र के सेमीफाइनल में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अंतिम ओवर में तीन चौके लगाकर छह गेंद में नाबाद 18 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। आगामी श्रृंखला के बारे में बात करते हुए सैमी ने कहा कि भारत के लिए कीरोन पोलार्ड की अगुआई वाली टीम के खिलाफ चीजें आसान नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि पोलार्ड की टीम को इसका फायदा उठाना चाहिए। वेस्टइंडीज ने आयरलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में 1-2 से मिली हार के बाद वापसी करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय घरेलू श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली है।



# क्वार्टरफाइनल में भारत व बांग्लादेश आमने-सामने

**अंडर-19 विश्व कप**

भाषा। ओसबोर्न (एंटीगा)

**कोविड-19** संक्रमण से प्रभावित भारतीय टीम कप्तान यश धुल सहित अपने महत्वपूर्ण खिलाड़ियों की वापसी से मजबूत होगी और रिकॉर्ड चार बार की चैम्पियन टीम का इरादा शनिवार को अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के तीसरे क्वार्टरफाइनल में गत चैम्पियन बांग्लादेश के खिलाफ जीत से अगले दौर में पहुंचने का होगा।

भारतीय टीम के आधा दर्जन खिलाड़ी कोरोना वायरस की चपेट में आ गए थे जिसमें से ज्यादातर संक्रमण से उबर चुके हैं और इस महत्वपूर्ण मुकाबले में खेलने के लिए तैयार हैं।

हालांकि धुल की अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने वाले निशांत सिंधू पॉजिटिव आए हैं और वह मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। टीम में उनकी जगह अनीश्वर गौतम लेंगे। छह खिलाड़ी - कप्तान धुल, उप कप्तान शेख रशीद, सिद्धार्थ यादव, आराध्य यादव, वासु वत्स और मानव पारिख - आयरलैंड के मैच से पहले आरटी पीसीआर जांच में पॉजिटिव आए थे। सभी शनिवार को मैच के लिए उपलब्ध होंगे। धुल और अन्य संक्रमित खिलाड़ी त्रिनिदाद में सात दिन के पृथकवास के बाद शुक्रवार की सुबह एंटीगा पहुंच गए।

यह खिलाड़ी आयरलैंड के खिलाफ भारत के दूसरे लीग मैच से पहले पृथकवास में चले गए थे जिससे चार बार की चैम्पियन टीम को बड़ा झटका लगा था।

टूर्नामेंट के 2020 चरण के फाइनल में भी बांग्लादेश का सामना भारत से हुआ था, जिसमें उसने प्रबल दावेदार को हराकर उलटफेर करते हुए पहला खिताब जीता था। बांग्लादेश के कप्तान रकीबुल हसन उस यादगार फाइनल का हिस्सा थे।

बांग्लादेश का नॉकआउट तक का सफर भारत जितना आसान नहीं रहा। इंग्लैंड ने उन्हें पहले मैच में हरा दिया था लेकिन उसने कनाडा और संयुक्त अरब अमीरात पर जीत के बाद क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

**कनाडा के नौ खिलाड़ी कोविड पॉजिटिव, दो प्लेट मैच रद्द**

टारूबा (त्रिनिदाद)। कनाडा के नौ खिलाड़ियों के कोविड-19 जांच में पॉजिटिव आने के बाद टीम के प्लेट स्पर्धा के दो मैच शुक्रवार को रद्द कर दिए गए। कनाडा का स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच रद्द किया गया जबकि दूसरा मैच युगांडा और पीएनजी के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता टीम से होना था।

मैच यहां ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में शनिवार और रविवार को होने थे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक बयान में कहा कि खिलाड़ियों को अब पृथकवास में रखा जाएगा जहां उनके स्वास्थ्य पर निगरानी रखी जाएगी।

**अफगानिस्तान सेमीफाइनल में, इंग्लैंड से होगी भिड़ंत**

कूलिज (एंटीगा)। अफगानिस्तान ने श्रीलंका को चार रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली जहां उसका सामना इंग्लैंड से होगा। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई अफगानिस्तान टीम 134 रन पर आउट हो गई। इसके बाद उसके गेंदबाजों ने हालांकि शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत की इबारत लिखी और श्रीलंका को 46 ओवर में 130 रन पर आउट कर दिया। श्रीलंका के कप्तान दुनिथ वेल्लालागे ने 61 गेंद में 34 रन बनाए और लग रहा था कि वे टीम को जीत तक ले जाएंगे लेकिन ऐसा हुआ नहीं। अब सेमीफाइनल में एक फरवरी को अफगानिस्तान का सामना इंग्लैंड से होगा। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाजों नांगेयालिया खरोटे और बिलाल सैयदी ने अच्छी शुरूआत की लेकिन ट्राविन मैथ्यू ने सैयदी को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ओवर में खरोटे भी अपना विकेट गंवा बैठे।

# किरण उलटफेर कर ओडिशा ओपन के सेमीफाइनल में

**कटक।** किरण जॉर्ज ने शुक्रवार को यहां तीसरे वरीय शुभंकर डे को हराकर उलटफेर करते हुए ओडिशा ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया जबकि फॉर्म में चल रही शटलर मालविका बंसोड़ भी महिला स्पर्धा के अंतिम चार में पहुंच गईं। गैर वरीयता प्राप्त जॉर्ज ने अपने से ऊंची रैंकिंग वाले शुभंकर को 21-16, 10-21, 21-19 से हराया। शुभंकर एकल स्पर्धा में अंतिम वरीय खिलाड़ी बचे थे।

अब 21 साल के जॉर्ज का सामना अंसल यादव और थारून मानेपल्ली के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल के विजेता से होगा। वहीं मालविका ने 58 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में साथी भारतीय तान्या हेमंत पर 21-13 16-21 21-17 से जीत हासिल की। मालविका ने इस महीने के शुरू में इंडिया ओपन में अपनी आदर्श साइना नेहवाल को हराया था।

# रणजी ट्रॉफी की उपेक्षा करने पर रीढहीन हो जाएगा भारतीय क्रिकेट : रवि शास्त्री

भाषा। नई दिल्ली

**पूर्व** मुख्य कोच रवि शास्त्री ने शुक्रवार को कहा कि रणजी ट्रॉफी की उपेक्षा करने पर भारतीय क्रिकेट रीढहीन हो जाएगा। शास्त्री ने यह बयान रणजी ट्रॉफी अगले महीने से दो चरण में कराने की बीसीसीआई की घोषणा से कुछ समय पहले ही दिया।

रणजी ट्रॉफी 13 जनवरी से खेली जानी थी लेकिन कोरोना महामारी की तीसरी लहर के कारण इसे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। शास्त्री ने ट्वीट किया कि रणजी ट्रॉफी भारतीय क्रिकेट की रीढ है। इसकी उपेक्षा करने पर आप रीढहीन हो जाएंगे।

शास्त्री के ट्वीट के एक घंटे बाद ही बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक बयान में टूर्नामेंट के दो चरण में आयोजन की पुष्टि की। शाह ने एक बयान में कहा कि बोर्ड ने रणजी ट्रॉफी का आयोजन दो चरण में करने का फैसला किया है। पहले चरण में लीग स्तर के मैच होंगे और नॉकआउट जून में खेले जाएंगे। समझा जाता है कि 38 टीमों का टूर्नामेंट फरवरी के दूसरे सप्ताह से शुरू होकर एक महीने तक चलेगा। बीसीसीआई कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने बृहस्पतिवार को बोर्ड की बैठक के बाद कहा था कि बोर्ड दो चरण में रणजी ट्रॉफी का आयोजन कर सकता है। इसकी वजह यह है कि 27 मार्च से आईपीएल शुरू हो रहा है और ऐसे में एक बार में रणजी ट्रॉफी करा पाना संभव नहीं है।



**दो चरण में खेली जाएगी रणजी ट्रॉफी : बीसीसीआई**

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने शुक्रवार को कहा कि स्थगित की गई रणजी ट्रॉफी अगले महीने से दो चरण में खेली जाएगी। पिछले साल कोरोना महामारी के कारण टूर्नामेंट का आयोजन नहीं किया गया था। समझा जाता है कि 38 टीमों का यह टूर्नामेंट फरवरी के दूसरे सप्ताह में शुरू होगा और पहला चरण एक महीने तक चलेगा।

पहले इसका आयोजन 13 जनवरी से होना था लेकिन कोरोना महामारी की तीसरी लहर के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था।

शाह ने एक बयान में कहा कि बोर्ड ने रणजी ट्रॉफी का आयोजन दो चरण में करने का फैसला किया है। पहले चरण में लीग स्तर के मैच होंगे और नॉकआउट जून में खेले जाएंगे।

## महिला विश्व कप के कार्यक्रम में कोई फेरबदल नहीं होगाः आईसीसी

भाषा। दुबई

**आईसीसी** महिला वनडे विश्व कप की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) आंद्रिया नेल्सन ने शुक्रवार को कहा कि मेजबान देश न्यूजीलैंड में हाल में कोविड-19 के वैरिएंट ओमिक्रोन के फैलने के बावजूद टूर्नामेंट के कार्यक्रम या स्थलों की संख्या में कोई बदलाव नहीं होगा। महिला विश्व कप का आयोजन चार मार्च से न्यूजीलैंड में कराया जाना है।

जिसमें टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में मेजबान का सामना वेस्टइंडीज से होगा। नेल्सन ने कहा कि हम यहां पिछले कुछ समय से 2022 में विश्व कप की मेजबानी की तैयारी कर रहे हैं जिसे पहले 2021 में कराया जाना था। हम निर्धारित समय के अनुसार ही चल रहे हैं और तौरंगा में शुरूआती मैच से 35 दिन और क्राइस्टचर्च में हेगले ओवल में फाइनल से 66 दिन दूर हैं।

## हर्षित ने राज्य स्तरीय ऑनलाइन शतरंज प्रतियोगिता जीती

**16 वर्ष से कम आयु वर्ग**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में चल रही मेकिंग द ग्रैंड मास्टर शतरंज प्रतियोगिता के अंतर्गत 16 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों की राज्य स्तरीय ऑनलाइन शतरंज प्रतियोगिता के पांचवें और अंतिम चक्र में अधिकतम पांच अंक अर्जित करते हर्षित सिंह विजेता बने।

अंतिम चक्र में हर्षित ने सफेद मोहरों से खेलते हुए सिसिलियन एलिपिन वेरिएशन के अंतर्गत 13वीं चाल में घोड़े को 13 खाने से निकालकर अच्छा खेल दिखाया और 42 चालों के खेल में काले मोहरों से खेल रहे एकांश गोयल को मात दी।

परिणाम: हर्षित सिंह ने पहले बोर्ड पर खेलते हुए एकांश गोयल को हराया दूसरे बोर्ड पर पार्थ भटनागर ने केशव सिंघल को, तीसरे बोर्ड पर ओजस्या सक्सेना ने नंदन सिंघल को, चौथे बोर्ड पर वंदित बंसल ने सानवी शुक्ला को, पांचवीं बोर्ड पर सुवन देव ने श्रेयांश अलसीसरिया को, पीयूष कारीवाल ने वैष्णवी बागरी कोए सातवें बोर्ड पर संभव जैन ने प्रिया यादव को, नवें बोर्ड पर सिद्धार्थ राठौर और आहान अलसीसरिया के मध्य बाजी बराबरी पर छूटी 10वीं बोर्ड पर आरव अग्रवाल ने अनन्य श्रीवास्तव को जार में बोर्ड पर अगस्त्य यादव ने रिया पचौरी को और 12वीं बोर्ड पर दीपांजलि ने दीपांजलि को हराया।



## इराक को हराकर ईरान ने विश्व कप में जगह बनाई

एपी। तेहरान

**मेहदी** तारेमी के गोल की मदद से ईरान ने इराक को एशिया क्षेत्र ग्रुप ए के मैच में 1-0 गोल से हराकर लगातार तीसरी बार विश्व कप फुटबाल में जगह बना ली। एफसी पोर्तो के स्ट्राइकर तारेमी ने मैच का एकमात्र गोल 48वें मिनट में दागा। उन्होंने मिडफील्डर अली रजा जहांबख्श के पास पर गोल किया। ईरान ने छठी बार विश्व कप में जगह पक्की की है। कोरोना संक्रमण के बढते मामलों के बावजूद सरकार ने एक लाख की क्षमता वाले स्टेडियम में एक दर्शकों को प्रवेश की अनुमति दी थी, जिनमें दो हजार से अधिक महिलाएं थी। फीफा लंबे समय से ईरान से यह आश्वासन मांगता आया है कि महिलाओं को 2022 विश्व कप फुटबॉल के क्वालीफायर देखने की अनुमति मिलेगी।

## जुहैब और राजीव ने टाइम्स ऑफ इंडिया को 24 रन से जीत दिलाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मैन ऑफ द मैच** जुहैब (नाबाद 47) और राजीव श्रीवास्तव (43) की उम्दा पारी की बदौलत टाइम्स ऑफ इंडिया ने मीडिया प्रीमियर लीग में ग्रुप बी के अंतिम लीग मैच में एक रोमांचक मुकाबले में डीडीएआईआर इलेवन को 24 रन से हराया। टाइम्स ऑफ इंडिया ने इस जीत के साथ ग्रुप बी में शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर टाइम्स ऑफ इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 165 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज राजीव श्रीवास्तव ने 30 गेंदों पर छह चौके से आतिशी 43 रन की पारी खेली। ऋषि सिंह सेंगर (10) के आउट होने के बाद टीम को लगातार दो झटके लगे। इसके बाद जुहैब ने 36 गेंदों पर 5 चौके से नाबाद 47 रन की पारी खेली। डीडीएआईआर इलेवन से शादाब आलम ने चार ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट की सफलता हासिल की। जवाब में डीडीएआईआर इलेवन की टीम निर्धारित ओवर में तीन विकेट पर 141 रन ही बना सकी। टीम ने 20 रन के कुल स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए थे लेकिन सलामी बल्लेबाज सीएस आजाद ने एक छोर संभालकर दमदार बल्लेबाजी की।

उन्होंने 18वें ओवर में रिटायर्ड हर्ट होने से पहले 59 गेंदों पर 3 चौके से 56 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। निचले क्रम में सुनील वर्मा ने 23 रन और शादाब आलम ने अंतिम गेंद तक चले मुकाबले में नाबाद 20 रन का योगदान किया लेकिन टीम की हार को टाल न सके। टाइम्स ऑफ इंडिया से अनीश ओबेराय को एक विकेट की सफलता मिली।

टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल 29 जनवरी को हिन्दुस्तान टाइम्स व एलएसजे एकादश के मध्य खेला जाएगा।





## मोंटेनेग्रो में जाकोविच को सम्मानित किया गया

**बुदवा (मोंटेनेग्रो)।** टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच को शुक्रवार को मोंटेनेगो में एक छोटे एड्रियाटिक सी रिजॉर्ट में सम्मानित किया गया। हालांकि उनके उस कोविड-19 पॉजिटिव परीक्षण को लेकर फिर से संदेह उठने लगा है जिसका इस्तेमाल उन्होंने आस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा लेने की कोशिश के लिए किया था। बीबीसी ने शुक्रवार को सर्बियाई अधिकारियों द्वारा जोकोविच के आस्ट्रेलिया जाने से पहले मुहैया कराए गए परीक्षण के सीरियल नंबर में विसंगतियों की खबर दी है जिससे जांच रिपोर्ट जारी करने के तरीके में कुछ अनियमितताओं की आशंका हो सकती है। जोकोविच की मीडिया टीम और सर्बिया में इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ ने एसोसिएटेड प्रेस द्वारा मांगी गई टिप्पणी के अनुरोध पर तुरंत कोई जवाब नहीं दिया है। पर सर्बिया के सीनियर स्वास्थ्य अधिकारी ने पहले कहा था कि जोकोविच की जांच वैध थी और संबंधित संस्थान द्वारा जारी की गई थी।

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 100
लखनऊ, शनिवार, 29 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




रोहित की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट सुरक्षित
स्पोर्ट्स-12


# भाजपा ने उतारे 91 और उम्मीदवार

- राजा भैया के खिलाफ उतारा प्रत्याशी हृदयनारायण दीक्षित की सीट पर भी अभी संशय
- हैदरगढ़ से बैजनाथ रावत का टिकट कटा

**पायनियर समाचार सेवा ।** लखनऊ

**भाजपा** ने आज अपने उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की है। जिसमे कुल 91 उम्मीदवारों के नाम है। भाजपा की इस सूची में भी लखनऊ के प्रत्याशियों के नाम नहीं है। अभी भी लखनऊ की कई सीट पर पेंच हैं। इसके साथ ही उन्नाव में विधानसभा अध्यक्ष पंडित हृदयनारायण दीक्षित की सीट पर भी अभी संशय है। श्री दीक्षित उन्नाव की भगवंतनगर से विधायक हैं। वह नौवीं से लेकर 12वीं विधानसभा के गठन में लगातार चुनाव जीते, इसके बाद उनको 2017 में सफलता मिली। प्रदेश में अभी भाजपा को सहयोगी दलों को भी कई सीट देनी है।

प्रदेश में भाजपा की कई जिलों में लगभग एक.दो सीटों पर सस्पेंस बना है। इनमें मऊ व आजमगढ़ से लेकर बलिया तक कई सीट हैं। समाजवादी पार्टी के बाद भाजपा ने भी प्रतापगढ़ के कुंडा से निर्दलीय दबंग विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ प्रत्याशी उतार दिया है। सिंधुजा मिश्रा यहां पर राजा भैया को चुनौती देंगी। पूर्व मंत्री अनुपमा जयसवाल को बहराइच के बहराइच सदर से प्रत्याशी बनाया गया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शलभ मणि त्रिपाठी को देवरिया की सदर सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। सुलतानपुर की कादीपुर सुरक्षित सीट से भाजपा ने पुराने चेहरे को तरजीह दी है। यहां से विधायक राजेश गौतम इस बार भी उम्मीदवार हैं। भाजपा ने बाराबंकी के हैदरगढ़ से विधायक बैजनाथ रावत का टिकट काट दिया है। उनकी जगह पर दिनेश रावत को उतारा है। पार्टी ने बाराबंकी सदर और हैदरगढ़ से नया प्रत्याशी उतारा है। रामनगर से शरद अवस्थी, कुर्सी से साकेन्द्र प्रताप वर्मा, दरियाबाद से सतीश शर्मा, सदर से अरविंद मौर्य, हैदरगढ़ से दिनेश रावत और जैदपुर से अमरीश रावत को प्रत्याशी बनाया है। बहुजन समाज पार्टी तथा समाजवादी पार्टी के गढ़ माने जाने वाले आजमगढ़ में भाजपा ने दस विधानसभा में से नौ पर प्रत्याशी घोषित किए हैं। गोपालपुर से सत्येंद्र राय, आजमगढ़ से अखिलेश मिश्र, निजामाबाद से मनोज यादव, दीदारगंज से कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा, लालगंज से नीलम सोनकर, मेंहनगर से मंजू सरोज। पुराने चेहरों में अखिलेश मिश्र गुड्डू तथा कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा हैं। वर्ष 2017 में मेंहनगर से






भाजपा एवं सुभासपा गठबंधन में सुभासपा की प्रत्याशी रहीं मंजू सरोज अब भाजपा का चेहरा हैं। भाजपा ने इकलौती सीट फूलपुर.पवई से अभी किसी को उम्मीदवार नहीं बनाया है। समाजवादी पार्टी ने यहां से भाजपा विधायक अरुणकांत के पिता रमाकांत यादव को टिकट दिया है। नीलम सोनकर पहली बार विधायक बनने के लिए चुनाव लड़ेंगी। वह लालगंज सुरक्षित सीट से वर्ष 2014 में भाजपा से सांसद चुनी गईं थीं। वर्तमान में भाजपा संगठन में प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। योगी सरकार में मंत्री सुरेश पासी को सुलतानपुर के जगदीशपुर राजेंद्र प्रताप सिंह मोती को प्रतापगढ़ से पट्टी सिद्धार्थ नाथ सिंह को प्रयागराज के इलाहाबाद पश्चिम से नंद गोपाल नंदी को, प्रयागराज के इलाहाबाद दक्षिण रमापति शास्त्री को, गोंडा के मनकापुर से जय प्रताप सिंह को, सिद्धार्थनगर के बांसी से सतीश द्विवेदी को, सिद्धार्थनगर के इटवा से जयप्रकाश निषाद को, देवरिया के रुद्रपुर से सूर्य प्रताप शाही को, देवरिया के पथरदेवा से उपेंद्र तिवारी को बलिया के फेफ्ना से उम्मीदवार बनाया गया है।

इसके अलावा बिसवां से निर्मल वर्मा तिलोई से मयंकेश्वर सिंह सलोन से अशोक कोरी सरेनी से धीरेन्द्र बहादुर सिंह जगदीशपुर से सुरेश कुमार पासी कादीपुर से राजेश गौतन भोगनीपुर से राजेश सचान तिंदवारी से रमाकेश निषाद रामपुर खास से नागेश प्रताप सिंह छोटे सरकार् बाबागंज से केशव पासी कुंडा से सिंधुजा मिश्रा पट्टी से राजेन्द्र प्रताप सिंह श्मोतीश् मंझनपुर से लाल बहादुर फाफामऊ से गुरु प्रसाद मौर्य फूलपुर से प्रवीण कुमार पटेल मेजा से नीलम करवरिया इलाहाबाद पश्चिम से सिद्धार्थनाथ सिंह इलाहाबाद दक्षिण से नंद कुमार गुप्ता श्नंदीश् कोरांव से आरती कोल कुर्सी से साकेन्द्र प्रताप वर्मा रामनगर से शरद कुमार अवस्थी बाराबंकी से अरविंद मौर्य जैदपुर से अमरीश रावत दरियाबाद से सतीश चंद्र शर्मा रुदौली से रामचंद्र यादव हैदरगढ़ से दिनेश रावत मिल्कीपुर (अजा) से बाबा गोरखनाथ बीकापुर से अमित सिंह चौहान अयोध्या से वेद प्रकाश गुप्ता गोसाईगंज से आरती तिवारी जलालपुर से सुभाष राय बलहा से सरोज सोनकर मटेरा से अरुण वीर सिंह महसी से सुरेश्वर सिंह बहराइच से अनुपमा जायसवाल पयागपुर से सुभाष त्रिपाठी कैसरगंज से गौरव वर्मा भिनगा से पदमसेन चौधरी श्रावस्ती से रामफेरन पांडेय तुलसीपुर से कैलाश नाथ शुक्ला गैसड़ी से शैलेश कुमार सिंह उतरौला से राम प्रताप श्शशिकांत वर्माश् बलरामपुर से पलटूराम मेहनौन से विनय कुमार द्विवेदी गोंडा से प्रतीक भूषण सिंह कटरा बाजार से बावन सिंह करनैलगंज से अजय कुमार सिंह तरबगंज से प्रेम नरायण पांडेय मनकापुर से रमापति शास्त्री गौरा से प्रभात कुमार वर्मा कपिलवस्तु से श्यामधनी राही बनसी से जय प्रताप सिंह इटवा से डा. सतीश चंद्र द्विवेदी डुमरियागंज से राघवेन्द्र प्रताप सिंह हरैया से अजय कुमार सिंह कप्तानगंज से चंद्र प्रकाश शुक्ला बस्ती सदर से दयाराम चौधरी महादेवा से रवि कुमार सोनकर खलीलाबाद से अंकुर राज तिवारी धनघटा से गणेश चंद्र चौहान फरेंदा से बजरंग बहादुर सिंह पनियारा से ज्ञानेन्द्र सिंह कैम्पियारगंज से फतेहबहादुर सिंह पिपराइच से महेन्द्र पाल सिंह सहजनवा से प्रदीप शुक्ला खजनी से श्रीराम चौहान बांसगांव से विमलेश पासवान चिल्लूपार से राजेश त्रिपाठी फजिलनगर से सुरेंद्र कुशवाहा कुशीनगर से पीएन पाठक हाटा से मोहन वर्मा रुद्रपुर से जय प्रकाश निषाद देवरिया से शलभ मणि त्रिपाठी पथरदेवा से सूर्य प्रताप साही रामपुर कारखाना से सुरेन्द्र चौरसिया बरहज से दीपक मिश्रा शाका् गोपालपुर से सत्येंद्र राय आजमगढ़ से अखिलेश मिश्रा गुड्डू, निजामाबाद से मनोज यादव दीदारगंज से डा कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा, लालगंज से नीलन सोनकर मोहनगर से मंजू सरोज बेल्थरा रोड से छट्ठू राम रसड़ा से बब्बन राजभर सिकंदरपुर से संदय यादव फेफ्ना से उपेन्द्र तिवारी बदलापुर से रमेश चंद्र मिश्रा जौनपुर से गिरीश चंद्र यादव जफराबाद से डा हरेन्द्र प्रसाद सिंह केराकत से दिनेश चौधरी तथा जमानियां से सुनीता परीक्षित सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है।

# उप्र स्थानीय निकाय विधान परिषद सीटों के लिए दो चरणों में होंगे चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली/लखनऊ

- द्विवार्षिक चुनाव दो चरणों में तीन और सात मार्च को
- पहले चरण में 29 और दूसरे चरण में छह निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान होगा मतगणना 12 मार्च को

**चुनाव** आयोग ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में 35 स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्रों की 36 विधान परिषद सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव दो चरणों में 3 और 7 मार्च को होंगे। इसके सदस्यों का कार्यकाल 7 मार्च को समाप्त हो रहा है। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि मथुरा-एटा-मैनपुरी स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्र में दो सीटें हैं, जिसके लिए अलग-अलग चुनाव होंगे। पहले चरण में 29 और दूसरे चरण में छह निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान होगा। मथुरा-एटा-मैनपुरी स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्र के लिए पहले चरण में मतदान होगा जिसमें दो सदस्य हैं। तीन मार्च को होने वाले पहले चरण के मतदान की अधिसूचना 4 फरवरी को जारी की जाएगी, जबकि दूसरे चरण के लिए 7 मार्च को होने वाले मतदान की अधिसूचना 10 फरवरी को जारी की जाएगी। मतगणना 12 मार्च को होगी।

विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच लोकल बॉडी एमएलसी के चुनावों का ऐलान कर दिया गया है। प्रदेश के 36 स्थानीय निकायों में 2 चरणों में चुनाव करवाया जाएगा। लोकल बॉडी एमएलसी के चुनाव में पहले चरण में 3 मार्च को वोट डाले जाएंगे। इस चरण में एमएलसी की 30 सीटों के भाग्य का फैसला होगा। दूसरे चरण में 7 मार्च को वोटिंग होगी। इस चरण में 6 सीटों के लिए मतदान किया जाएगा। दोनों चरण की वोटिंग के बाद 12 मार्च को नतीजे घोषित किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि लोकल बॉडी एमएलसी चुनाव में जनता सीधे वोट नहीं करती है।

इसके बजाए ग्राम प्रधानए बीडीसी मेंबर, ज़िला पंचायत सदस्य और नगर निकायों के सभासद इसके लिए वोटिंग करते हैं। विदित हो कि राज्य सभा की तरह एमएलसी का कार्यकाल भी 6 साल का होता है। इन्हें राज्यों का ऊपरी सदन और असेंबली को निचला सदन कहा जाता है। असेंबली से बिल पास होने के बाद विधान परिषद में जाते हैं। जहां पर गहनता से प्रत्येक मुद्दे पर चर्चा की जाती है। वहां से पास होने के बाद ही उन्हें पास होने के लिए गवर्नर को भेजा जाता है।

# युवाओं के हौसलों को कोई रोक नहीं सकता

**भाषा ।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को स्टार्ट-अप से लेकर खेल की दुनिया में युवाओं के सामर्थ्य की सराहना करते हुए कहा कि जिस देश का युवा राष्ट्र प्रथम की सोच के साथ आगे बढ़ने लगता है तो उसे दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती है। राजधानी स्थित करियप्पा ग्राउंड में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संस्थान को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और इस सिलसिले में एक उच्च स्तरीय समीक्षा समिति भी गठित की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले दो साल में देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में एक लाख नए कैडेट बनाए गए हैं।



एनसीसी में लड़कियों की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, आज सेना में महिलाओं को बड़ी जिम्मेदारियां मिल रही हैं। एयरफोर्स में देश की बेटियां लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं। ऐसे में हमारा प्रयास होना चाहिए कि एनसीसी में भी ज्यादा से ज्यादा बेटियां शामिल हों। युवाओं में नशे की लत पर चिंता जताते हुए प्रधानमंत्री ने युवा कैडेटों से इसके खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने का अनुरोध किया और इसकी शुरुआत अपने परिसर से करने को कहा। उन्होंने कहा, जिस स्कूल-कॉलेज में एनसीसी हो, एनएसएस हो वहां पर ड्रग्स कैसे पहुंच सकती है। आप कैडेट के तौर पर खुद ड्रग्स से मुक्त रहें और साथ ही साथ अपने कैंपस को भी ड्रग्स से मुक्त रखें।

आपके साथी, जो एनसीसी या एनएसएस में नहीं हैं, उन्हें भी इस बुरी आदत को छोड़ने में मदद करिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक ओर डिजिटल प्रौद्योगिकी और सूचना से जुड़ी अच्छी संभावनाएं हैं तो दूसरी ओर भ्रामक सूचनाओं के खतरे भी हैं। इसलिए आम आदमी किसी अफवाह का शिकार न हो, ए भी जरूरी है। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स से इसके लिए जागरूकता अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने उनसे वोकल फॉर लोकल अभियान में भी बड़ी भूमिका निभाने की गुजारिश की। उन्होंने कहा, अगर भारत के युवा ठान लें कि जिस चीज के निर्माण में किसी भारतीय का श्रम लगा है, किसी भारतीय का पसीना बहा है, सिर्फ वही चीज इस्तेमाल करेंगे, तो भारत का भाग्य बदल सकता है।

प्रधानमंत्री ने खुद एनसीसी से जुड़े होने पर गर्व महसूस करते हुए कहा, मुझे गर्व है कि मैं भी कभी आपकी तरह ही एनसीसी का सक्रिय कैडेट रहा हूं। मुझे एनसीसी में जो ट्रेनिंग मिली, जो जानने सीखने को मिला, आज देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन में मुझे उससे असीम ताकत मिलती है। कैडेटों के युवा होने का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज इस समय जितने भी युवक-युवतियां एनसीसी या एनएसएस में हैं, उसमें से ज्यादातर इस शताब्दी में ही पैदा हुए हैं और उन्हें ही भारत को 2047 तक सफलता की ओर लेकर जाना है।

# जिनके कार्यकाल में बिजली नहीं, वे अब मुफ्त देने का वादा कर रहे हैं: योगी



**भाषा ।** मेरठ (उप्र)

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि जिनके कार्यकाल में बिजली नहीं आती थी, वे अब बिजली मुफ्त देने का वादा कर रहे हैं। वह जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर हस्तिनापुर के अयोध्यापुरी में प्रभावी मतदाता संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि जिनके कार्यकाल में बिजली नहीं आती थी, अब वही लोग बिजली मुफ्त करने का वादा कर रहे हैं। योगी ने कहा कि ऐसे लोगों को विकास अच्छा नहीं लगता। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में ही किसानों को 14 दिन में गन्ना मूल्य का भुगतान मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में दंगाइयों का सम्मान किया गया और उस दौरान महिलाओं तथा बेटियों की सुरक्षा का किसी ने ख्याल नहीं किया लेकिन अब भाजपा के पांच साल का फर्क साफ नजर आ रहा है। योगी ने कहा कि उन्होंने पांच साल में 45,00000 गरीबों को आवास देकर सबको सुरक्षा और सबको सम्मान की भावना से काम किया। उन्होंने कहा कि केवल भाजपा सरकार ही काम कर सकती है। मुख्यमंत्री ने सभी से मतदान के दिन पहले मतदान बाद में जलपान करने की अपील की। मेरठ पहुंचे मुख्यमंत्री ने इससे पहले मेडिकल कॉलेज में कोविड वार्ड का निरीक्षण करने के बाद बाद संवाददाताओं से कहा कि भारत का कोविड प्रबंधन पूरे देश में सराहा गया और टीके के बारे में शुरुआत में लोगों ने भ्रम फैलाया। उन्होंने कहा कि कोविड रोधी टीके को भाजपा का वैक्सीन कहा गया, लेकिन टीकाकरण के कारण ही तीसरी लहर कम प्रभावी रही।

# सपा आई तो 300 यूनिट बिजली मुफ्त



**भाषा ।** मुजफ्फरनगर (उप्र)

**समाजवादी** पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि सपा-रालोद गठबंधन उत्तर प्रदेश में किसानों के खिलाफ कोई गलत कानून लागू नहीं होने देगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा)-रालोद के सरकार में आने पर 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी और सिंचाई शुल्क भी माफ होगा। सपा प्रमुख ने कहा कि उनके गठबंधन की सरकार के आने पर किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद के लिए सरकार की तरफ से जो इंतजाम करने पड़ेंगे, वे किए जाएंगे। अखिलेश ने यह भी कहा कि उनकी सरकार आने पर ऐसी व्यवस्था की जाएगी कि किसानों को गन्ने के भुगतान के लिए इंतजार न करना पड़े। वह यहां राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रमुख जयंत चौधरी के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

## बिना कारण रोका गया मेरा हेलीकॉप्टरः अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया कि बिना कोई कारण बताए उनके हेलीकॉप्टर को दिल्ली में रोककर रखा गया है जिससे वह चुनाव संबंधी कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए मुजफ्फरनगर नहीं जा पाने के कारण दिल्ली में फंसे हैं। अखिलेश ने शुक्रवार को ट्वीट किया मेरे हेलीकॉप्टर को अभी भी बिना किसी कारण बताए दिल्ली में रोककर रखा गया है और मुजफ्फरनगर नहीं जाने दिया जा रहा है। जबकि भाजपा के एक शीर्ष नेता ने अभी यहाँ से उड़ान भरी है। सपा प्रमुख ने कहा, हारती हुई भाजपा की ए हताशा भरी साजिश है। उल्लेखनीय है कि अखिलेश यादव का राष्ट्रीय लोकदल के प्रमुख जयंत चौधरी के साथ मुजफ्फरनगर में साझा संवाददाता सम्मेलन करने और कुछ अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

## मलिहाबाद से सुशीला सरोज और मोहनलालगंज से अमरीश पुष्कर को टिकट

**लखनऊ( पीएनएस )।** उत्तर प्रदेश चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने उम्मीदवारों की एक और लिस्ट जारी कर दी है। शुक्रवार को पार्टी ने आठ उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है। गुरुवार को भी सपा की तरफ से 56 उम्मीदवार मैदान में उतारे गए थे। आज पार्टी की ओर से जारी की गई सूची के अनुसार कासगंज पटियाली से नादिरा सुल्तान, बदायूं से रईस अहमद, सीतापुर सिधौली से हरगोविंद भार्गव, कानपुर देहात की सिकन्दरा से प्रभाकर पाण्डेय, कानपुर नगर की कानपुर कैंट से मो. हसन रूमी, बांदा से मंजुला सिंह को टिकट दिया गया है। समाजवादी पार्टी ने लखनऊ की नौ में से दो सीटों पर भी अपने उम्मीदवार तय कर दिए। मलिहाबाद सुरक्षित सीट पर मोहनलालगंज की पूर्व सांसद सुशीला सरोज को सपा ने उम्मीदवार बनाया है।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,200 | ↓ | 76 | |
| निफ्टी | 17,101 | ↓ | 08 | |
| सोना | 47,777 | ↓ | 423 | /10g |
| चांदी | 61,652 | ↓ | 1105 | /kg |

## क्विक न्यूज

### डॉ. वी अनंत नागेश्वरन नए मुख्य आर्थिक सलाहकार बने



**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को अर्थशास्त्री वी अनंत नागेश्वरन को मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) नियुक्त किया। क्रेडिट सुइस ग्रुप एजी और जूलियस बेयर ग्रुप के साथ काम कर चुके और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े नागेश्वरन अब के वी सुब्रमण्यम का स्थान लेंगे, जिन्होंने अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद दिसंबर 2021 में सीईए का पद छोड़ दिया था। एक सरकारी बयान में कहा गया कि नागेश्वरन ने शुक्रवार को सीईए का पद संभाल भी लिया।

# कोरोना के चलते स्कूल-कालेज छह फरवरी तक रहेंगे बंद

**पायनियर समाचार सेवा ।** लखनऊ

**कोरोना** का संक्रमण के चलते राज्य में स्कूल-कालेजों में अवकाश फिर बढा दिया गया है। गृह विभाग ने स्कूल और कालेज को आगामी छह फरवरी तक बंद करने का आदेश दिया है। अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, प्रदेश के सभी स्कूल और कालेज छह फरवरी तक बंद रहेंगे। इस दौरान आनलाइन कक्षाएं चलती रहेंगी। इससे पहले सरकार ने 30 जनवरी तक शिक्षण संस्थानों को बंद करने का आदेश दिया था। कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए योगी आदित्यनाथ ने आज ताजा हालात की समीक्षा में छह फरवरी तक स्कूलों को बंद करने का निर्देश दिया था। जिसके बाद शासन की तरफ से आदेश जारी किया गया है। विदित हो कि कोविड की तीसरी लहर के दस्तक देने के बाद विगत 16 जनवरी तक स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया था। कोविड का प्रकोप जारी रहने पर शिक्षण संस्थानों को फिर 23 जनवरी तक बंद कर दिया गया था। इसके बाद शासन ने स्कूलों की बंदी की अवधि को बढ़ाकर अब 30 जनवरी कर दिया। अब फिर से सभी स्कूल और कालेजों को छह फरवरी तक बंद करने का आदेश दिया है।

# महाराष्ट्र के बारह भाजपा विधायकों का निलंबन असंवैधानिकः सुप्रीम कोर्ट

**भाषा ।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि सदन या विधानसभा के किसी सदस्य को चालू सत्र की शेष अवधि से ज्यादा के लिए निलंबित करने से कुल मिलाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रभावित होगी क्योंकि इससे मामूली बहुमत वाली या गठबंधन सरकार को अलोकतांत्रिक तरीके से विपक्षी दलों की संख्या में हेरफेर का अवसर मिल सकता है। कथित तौर पर पीठासीन अधिकारी से दुर्व्यवहार के कारण महाराष्ट्र विधानसभा से एक साल के लिए निलंबित किए गए 12 भाजपा विधायकों की याचिकाओं पर अपने फैसले में न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की तीन सदस्ईय पीठ ने कहा कि एक साल के लिए निलंबन निष्कासन, अयोग्यता या इस्तीफे से बद्तर है। पीठ ने कहा, हमें इन रिट याचिकाओं को स्वीकार करने में कोई संकोच नहीं है और जुलाई 2021



में हुए संबंधित मानसून सत्र की शेष अवधि के बाद तक के लिए इन सदस्यों को निलंबित करने वाला प्रस्ताव कानून की नजर में असंवैधानिक, काफी हद तक अवैध और तर्कहीन है। पीठ ने कहा कि अतः, इस प्रस्ताव को कानून में निष्प्रभावी घोषित किया जाता है, क्योंकि यह उस सत्र की अवधि के बाद तक के लिए था, जिसमें यह प्रस्ताव पारित हुआ था। शीर्ष अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता जुलाई 2021 में शेष सत्र की अवधि समाप्त होने पर और उसके बाद विधानसभा के सदस्य होने के सभी लाभों को पाने के हकदार हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि चालू सत्र की शेष अवधि से अधिक के लिए निलंबन के कारण संबंधित सदस्य की अनावश्यक गैरमौजूदगी बुनियादी लोकतांत्रिक मूल्यों का उल्लंघन होगी और इससे भी महत्वपूर्ण यह कि विधानसभा में निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व नहीं किया जाएगा। अपने 90 पन्नों के फैसले में पीठ ने कहा, यह निष्कर्ष के लिए पर्याप्त है कि एक साल का निलंबन निष्कासन, अयोग्यता या इस्तीफा से भी बद्तर है- जहां तक सदनाविधानसभा के समक्ष प्रतिनिधित्व करने वाले निर्वाचन क्षेत्र के अधिकार का संबंध है। पीठ ने कहा कि विधायिका में अपने सदस्यों को चालू सत्र की अवधि से परे निलंबित करने की शक्ति देने वाले किसी भी स्पष्ट प्रावधान के अभाव में, विधायिका की अंतर्निहित शक्ति को केवल आवश्यक सीमा तक और प्रासंगिक समय पर सदन के कार्यों के उचित अनुपालन के लिए ही लागू किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र विधानसभा नियमों के नियम 53 का उल्लेख किया, जो सदस्य के निष्कासन का आदेश देने की शक्ति से संबंधित है।

# एससी/एसटी को प्रोन्नति में आरक्षण के लिए मानदंड तय करने से इनकार

**भाषा ।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जातियों (एससी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) को प्रोन्नति में आरक्षण देने के लिए कोई मानदंड तय करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बी आर गवई की तीन सदस्ईय पीठ ने कहा कि राज्य सरकारें एससीाएसटी के प्रतिनिधित्व में कमी के आंकड़े एकत्र करने के लिए बाध्य हैं। पीठ ने कहा, बहस के आधार पर हमने दलीलों को छह बिंदुओं में बांटा है। एक मानदंड का है। जरनैल सिंह और नागराज मामले के आलोक में हमने कहा है कि हम कोई मानदंड निर्धारित नहीं कर सकते। पीठ ने कहा, परिमाणात्मक आंकड़ों को एकत्रित करने के लिहाज से हमने कहा है कि राज्य इन आंकड़ो को एकत्रित करने के लिए बाध्य हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि एससीाएसटी के अपर्याप्त प्रतिनिधित्व के संबंध में सूचनाओं को एकत्रित करने को पूरी सेवा या श्रेणी से जोड़कर नहीं देखा जा सकता बल्कि इसे उन पदों की श्रेणी या ग्रेड के संदर्भ में देखा जाना चाहिए जिन पर प्रोन्नति मांगी गई है। पीठ ने कहा, यदि एससीाएसटी के प्रतिनिधित्व से संबंधित आंकड़े पूरी सेवा के संदर्भ में होते हैं तो पदोन्नति वाले पदों के संबंध में परिमाणात्मक आंकड़ो को एकत्रित करने की इकाई, जो कैडर होनी चाहिए, निरर्थक हो जाएगी। सही अनुपात में प्रतिनिधित्व के संदर्भ में शीर्ष अदालत ने कहा कि उसने इस पहलू को नहीं देखा है और संबंधित कारकों को ध्यान में रखते हुए पदोन्नति में एससीाएसटी के अपर्याप्त प्रतिनिधित्व का पता लगाने का काम राज्यों पर छोड़ दिया है।

# कोविड से बचाव की व्यवस्था को दुरुस्त रखें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोरोना संक्रमण से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को निरन्तर सुदृढ़ रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में संक्रमण से बचाव के मद्देनजर विशेष सतर्कता एवं सावधानी बरतना आवश्यक है। उन्होंने कोविड प्रोटोकॉल का पूर्णतया पालन कराए जाने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश तेजी से शत प्रतिशत टीकाकरण की दिशा में अग्रसर है। अब तक 25 करोड़ 51 लाख से अधिक कोविड टीके का सुरक्षा कवच नागरिकों को प्रदान किया जा चुका है। कोरोना वैक्सीनेशन से बचे पात्र व्यक्तियों का तेजी से टीकाकरण किये जाने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि विधान सभा निर्वाचन के प्रथम चरण के मतदान से पूर्व 100 प्रतिशत पात्र लोगों को टीके की पहली डोज और 75 प्रतिशत पात्र नागरिकों को दूसरी डोज लगाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के उद्देश्य से संचालित विशेष सर्विलांस अभियान के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। इसे और प्रभावी बनाया जाए। निगरानी समितियों।आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों की टीम घर.घर जाएं। परिवार के सभी सदस्यों के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त करें। संक्रमण की दृष्टि से संदिग्ध लोगों तथा लक्षणयुक्त व्यक्तियों को नि:शुल्क मेडिसिन किट उपलब्ध कराई जाए। कोविड टीकाकरण से छूटे लोगों को चिन्हित कर वैक्सीनेशन कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पताल में उपचार करा रहे कोविड पॉजिटिव मरीजों के परिजनों से सीएम हेल्प लाइन के माध्यम से नियमित अन्तराल पर संवाद किया जाए। होम आइसोलेशन में स्वास्थ्य लाभ ले रहे कोविड मरीजों से संवाद कर उन्हें मेडिकल परामर्श दवाएं आदि सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाराणसी में संत रविदास जी की स्मृति में आयोजित होने वाले पारम्परिक मेले के दृष्टिगत सभी आवश्यक प्रबन्ध कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि मेले में कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पिछले 24 घण्टों में राज्य में कोरोना संक्रमण के 7,907 नए मामले सामने आए हैं। इस अवधि में 14,993 व्यक्तियों को सफल उपचार के उपरान्त डिस्चार्ज किया गया। वर्तमान में प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 65263 है। पिछले 24 घण्टे में प्रदेश में 1 लाख 80 हजार 883 कोरोना टेस्ट किए गए। अब तक राज्य में 9 करोड़ 88 लाख 84 हजार 193 कोविड टेस्ट सम्पन्न हो चुके हैं। राज्य में गत दिवस तक 25 करोड़ 51 लाख 7 हजार से अधिक कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी हैं। 9 करोड़ 95 लाख 44 हजार से अधिक लोगों को टीके की दोनों डोज देकर कोविड सुरक्षा कवच प्रदान किया जा चुका है। इस प्रकार लगभग 67.52 प्रतिशत लोग कोविड टीके की दोनों डोज ले चुके हैं। 14 करोड़ 57 लाख 80 हजार से अधिक लोगों ने कोविड वैक्सीन की पहली डोज प्राप्त कर ली है। यह संख्या टीकाकरण के लिए पात्र प्रदेश की कुल आबादी की 98.89 प्रतिशत है। विगत दिवस तक 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के 87 लाख 33 हजार से अधिक किशोरों ने टीका कवर प्राप्त कर लिया है। जो टीकाकरण के पात्र किशोरों की संख्या का 62.32 प्रतिशत है। इसी प्रकार 10 लाख 49 हजार से अधिक पात्र लोगों ने प्रिकॉशन डोज भी प्राप्त कर ली है, जो पात्र लोगों का लगभग 80 प्रतिशत है।

# अखिलेश यादव का हेलीकॉप्टर रोके जाने पर सपा की कड़ी प्रतिक्रियाएं

● निर्वाचन आयोग से कार्रवाई की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने कहा है कि भाजपा सरकार और उसके इशारे पर कुछ प्रशासनिक अधिकारी विपक्ष की आवाज को दबाने की साजिशों में हद से बाहर जा रहे है। निर्वाचन आयोग को इस बात का संज्ञान लेकर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हेलीकाप्टर को दिल्ली से मुजफ्फरनगर के कार्यक्रम में जाने के लिए घंटों रोका गया, लोकतंत्र के साथ ऐसा खिलवाड़ हुआ तो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की बात बेमानी हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के हेलीकाप्टर को बिना किसी कारण बताए दिल्ली में घंटों रोककर रखा गया और मुजफ्फरनगर जाने में अवरोध किया गया जबकि भाजपा के एक शीर्ष नेता को वहां से उड़ने दिया गया। यह जताता है कि हारती हुई भाजपा की ये हताशा भरी साजिश है। अखिलेश यादव पूर्व मुख्यमंत्री हैं। ऐसी स्थिति उत्पन्न होने से उनकी सुरक्षा को गम्भीर खतरा भी है। चौधरी ने कहा कि इस घटना से यह सच सामने आ गया है कि भाजपा सरकार की मंशा विपक्ष को चुनाव प्रचार से हर तरह से रोकने की है। वह तानाशाही तरीके से विपक्ष खासकर समाजवादी पार्टी के कार्यक्रमों में अवरोध पैदा करने की साजिशें रचने में आगे हैं। वैसे भी भाजपा नेतृत्व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के खिलाफ आए दिन अमर्यादित और अभद्र टिप्पणियां करने से बाज नहीं आ रहा। भाजपा के कारण लोकतंत्र और संविधान दोनों को गम्भीर खतरा है। विपक्ष के अधिकारों पर कुठाराघात किया जा रहा है। देश से अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति बन रही है। भाजपा लोकतंत्र में चुनावों की निष्पक्षता पर भी अपने कारनामों से प्रश्नचिह्न लगा रही है। भाजपा के सघन जनसम्पर्कए सभाओंए बैठकों पर कहीं रोक नहीं है जबकि सपा को कोविड नियमों का पालन करते हुए चुनाव प्रचार से रोका जा रहा है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की मांग है कि निर्वाचन आयोग भाजपा सरकार के लोकतंत्र विरोधी आचरण का तुरन्त संज्ञान लेकर उसकी मनमानी रोके। यह संविधान और संवैधानिक दायित्वों के निर्वहन का गम्भीर प्रश्न है।

## भाजपा-सपा चुनाव को हिन्दू-मुस्लिम व जातीय रंग देना चाहते हैं: मायावती



**लखनऊ।** यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के बीच जिन्ना से लेकर कैराना के उठ रहे मामले को देखते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने दोनों पार्टियों पर चुनाव को हिन्दू.मुस्लिम व जातीय रंग देने का आरोप लगाया है। साथ ही मायावती ने इससे जनता को सतर्क रहने की सलाह भी दी है। शुक्रवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि यूपी विधानसभा चुनाव में जिस प्रकार से धर्म व जाति की राजनीति हावी है व मीडिया में भी ऐसी ख़बरें भरी पड़ी रहती हैं उससे ऐसा लगता है कि यह सब सपा व बीजेपी की अन्दरुनी मिलीभगत के तहत ही हो रहा है और वे चुनाव को हिन्दू.मुस्लिम व जातीय नफ़रती रंग देना चाहती हैं। जनता सतर्क रहे।

# युवाओं को बेरोजगार रखने से कुछ राजनीतिक दलों को हो रहा है फायदा

● कांग्रेस महासचिव ने युवाओं के साथ किया वर्चुअल संवाद, भर्ती विधान में शामिल पार्टी की प्रतिज्ञाओं पर की चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस** के भर्ती विधान युवा घोषणाष् पत्र को लेकर कांग्रेस महासचिव और प्रभारी उत्तर प्रदेश प्रियंका गांधी ने फेसबुक लाइव के माध्यम से संवाद किया और भर्ती विधान में शामिल पार्टी की प्रतिज्ञाओं चर्चा की। प्रियंका गांधी ने कहाए मैंने उत्तर प्रदेश एक कई हिस्सों में युवाओं से संवाद कियाए उनके बीच से कई मुद्दे निकलेए उनकी क्षमताओं के बारे में पता चलाए इसके बाद चर्चा.संवाद कर यह भर्ती विधान तैयार किया गया। युवाओं से बात करते हुए उन्होंने कहा हमने भर्ती विधान निकाला है। इसके पीछे सोच क्या थी यूपी में जहां भी जाती हूं युवाओं के यही मुद्दे हैं कि हम युवाओं के लिए आप क्या करेंगी उन्होंने कहा भर्तियों में युवा अपना समय खर्च करते हैं मां बाप पैसे खर्च करते हैं छात्र मेहनत करते हैंए लेकिन नियुक्तियां नहीं हो रही हैं। कभी घोटाला हो जाता हैए कभी पेपर लीक हो जाता है पासिंग ग्रेड बदल दिया जाता है। इस तरह छात्र प्रताड़ित हो रहे हैं। सबसे ज्यादा नौजवान यूपी में हैं हर जगह नौजवान मुझसे पूछते हैं कि दीदी रोजगार के लिए क्या करेंगे हमारा विकास नहीं हो रहा है हमारे लिए सरकार क्या करेगी मैं ऐसे छात्रों से मिलती हूं जिन्होंने अपने जीवन के पांच साल सात साल सरकारी नौकरी की तैयारी में निकाल दिए हैं। नियुक्तियां नहीं हो रही हैं, पेपर लीक हो रहा है घोटाला हो जाता है। इसलिए हमने नौजवानों के लिए एक अलग विधान बनाया। अपने भर्ती विधान में हमने बताया कि हम 20 लाख नौकरियां देंगे कैसे। अगर एक नौजवान अपना बिजनेस शुरू करना चाहता हैए तो उसकी सहायता कैसे करेंगे। नौकरियों की जो हालत है उसे लेकर उत्तर प्रदेश में युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य कैसे सही रहेए इसके लिए भी हमने प्रावधान किए हैं। प्रयागराज में मैं निषादों से मिलीए तो पता चला कि नदी पर जो अधिकार होता था निषादों काए या उनको रोजगार मिलता था अब उसपर उनका हक़ नहीं है। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस बार-बार कह रही है कि जातिवाद और सांप्रदायिक राजनीति से जनता का विकास नहीं होगाए लोगों को रोजगार नहीं मिलेगा। जो लोग 70 साल की बात कर रहे हैं उन्हें पता होना चाहिए कि आईआईटीए एम्स जैसे संस्थान कांग्रेस ने ही बनाए हैं। बीते साल साल में भाजपा सरकार ने बनाया तो कुछ नहींए हाँ बेचा जरूर है। अब रेलवे का प्राइवेटाइजेशन करेंगे तो नौकरियां ख़त्म ही ही होगी। उन्होंने कहा लोकतंत्र में सबसे बड़ी शक्ति युवाओं के हाथ में ही है उस शक्ति को युवा ठीक से समझेंगे और उसका उपयोग करेंगे तभी आगे बढ़ पाएंगे। देश में ऐसी राजनीति फैल रही है जो युवाओं को बहकाने का काम कर रही है। चुनाव के समय बात होनी चाहिए कि नौकरी कहाँ से देंगे युवाओं बच्चों की शिक्षा के लिए क्या करेंगे। भाजपा चुनाव के समय रोजगार की बात इसीलिए नहीं करती है क्योंकि न तो उसने कुछ किया और न ही उसका कुछ करने का इरादा है। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश में नेता जान रहे हैं कि लोग पानी नल सड़क विद्यालय की स्थिति को देखकर नहीं बल्कि जाति के आधार पर वोट दे रहे हैं।

## कौड़ियों के दाम पर एयर इंडिया का सौदा सरकारी सम्पत्ति की बहुत बड़ी लूट: प्रमोद तिवारी

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि कल का दिन ष्भारत माताष् के लिए एक और दु:खद तथा दुर्भाग्यपूर्ण दिन था जब भारतीय जनतापार्टी सरकार ने आसमान की आन. बान और शान हमारा महाराजा (एयर इण्डिया) जो देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी हमारी शान और पहचान था जिस पर देश के तमाम महामहिम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री विदेशों में दौरों पर जाते थे उसे नीलाम करके एयर इण्डिया को एक अन्य पूंजीपति ष्टाटाष् को पहले बेंचा था और अब कब्जा दखल भी दे दिया। उन्होंने कहा कि अब भारत सरकार की अपनी कोई एयर लाइन्स नहीं बची है, यदि एयर इण्डिया की सम्पत्तियों का आंकलन किया जाय तो वह खरबों में बैठती है किन्तु विनिवेश के नाम पर जिस तरह कौड़ियों के दाम उसे बेंचा गया है वह सरकारी सम्पत्ति की बहुत बड़ी लूट है।

# मोदी सरकार ने 'वन रैंक, वन पेंशन' के नाम पर धोखा दिया: पृथ्वीराज चव्हाण



● महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने सेना के हितों पर कांग्रेस का श्वेत पत्र जारी किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महाराष्ट्र** के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा है कि मोदी सरकार और भाजपा ने एक तरफ़ तो सेना की कुर्बानी सेना के शौर्य का इस्तेमाल अपने राजनैतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए किया, दूसरी ओर सेना और सैनिकों के हितों पर कुठाराघात किया। श्वन रैंकए वन पेंशनश् के नाम पर धोखाए सेना के पदों को न भरनाए सेना की मूलभूत सुविधाओं को भी छीन लेनाए विसंगतियों को जानबूझकर नज़रंदाज करनाए सिविलियन कर्मचारियों के मुकाबले सेना से भेदभाव करनाए पूर्व सैनिकों के पुनर्वास व रोज़गार पर चोट पहुंचाना तथा सैन्य शक्ति को कमज़ोर करना मोदी सरकार में सेना का मनोबल तोड़ने की साजिशों का हिस्सा है। चव्हाण शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय पर प्रेसवार्ता को कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने मोदी राज में सेना और सैनिकों को लेकर हो रहे अपमान पर श्वेतपत्र ष्शौर्य के नाम पर वोट सेना के हितों पर चोटष् भी जारी किया।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैं कमलेश यादव पत्नी आर्मी नंबर 1514 0956 हवलदार नाम दर्शन कुमार, यूनिट 198 फील्ड रेजीमेंट निवासी 628F/128A टीका पुरवा सी ब्लॉक इंदिरा नगर लखनऊ घोषणा करती हूं कि मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा जन्मतिथि गलती से 03/06/1980 लिख गया जबकि मेरा सही जन्मतिथि 23/01/1981 है जो कि सत्य है

**आवश्यकता है**

**सरदार सिंह शिवराज सिंह महाविद्यालय रघुवरनगर, धोंधी-सीतापुर-261207**

**आवश्यकता है**

**प्राचार्य/विभागाध्यक्ष (बी.एड. विभाग)**
**शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान–** यू0जी0सी एवं लखनऊ विश्वविद्यालय मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति व चार फोटो एवं आधार कार्ड के साथ आवेदन करें।
**प्रबन्धक**
**मो0 9653089100, 8090992449**

**आवश्यकता**

**सीतापुर शिक्षा संस्थान, कनवाखेड़ा रस्यौरा, सीतापुर (सम्बद्ध लखनऊ विवि, लखनऊ)**

आवश्यकता : – बी0कॉम (02 पद सहा. आचार्य) तथा बी0एस–सी0 (पी.सी.एम. तथा बायो ग्रुप) पाठ्यक्र हेतु (05 पद सहा0 आचार्य)योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय नियमावली के अनुरूप। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन के साथ अपने समस्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियॅा एवं दो फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 14 दिन के अन्दर आवेदन करें।
**नोट :–** सम्बन्धित विषय से परास्नातक के साथ पी0एच0डी0 अथवा नेट की अर्हता अनिवार्य।
**सम्पर्क सूत्र :–**
1. 9450908295, 2. 8931828126
**E-Mail. ID :-**
sss.kanwakhera@gmail.com

# 25 हजार का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सहारनपुर** की टपरी डिस्टलरी में सौ करोड़ रुपये की टैक्स चोरी के मामले में शुक्रवार को एसटीएफ ने शराब कारोबारी अजय जायसवाल के पार्टनर व मुख्य साजिशकर्ता मनोज कुमार जायसवाल को लखनऊ से गिरफ्तार किया। मनोज की गिरफ्तारी पर 25000 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

उल्लेखनीय है कि बीते साल 3 मार्च को शराब फैक्ट्री को.आपरेटिव कंपनी लिए टपरीए सहारनपुर से लोकल आबकारी डिस्ट्रीब्यूटर्सए ट्रान्सपोर्टर एवं फैक्ट्री में नियुक्त आबकारी अधिकारियों की मिलीभगत से भारी मात्रा में अवैध शराब निकाली जा रही थी। जिससे प्रत्येक माह करोड़ो रुपये की टैक्स चोरी कर राज्य सरकार को भारी राजस्व की हानि पहुंचाई जा रही थी। एसटीएफ ने इस गिरोह का खुलासा करते हुए आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था। इसी अभियोग में वांछित सरगना ट्रान्सपोर्टर एवं 25,000 रुपये के इनामी अभियुक्त सत्यवान शर्मा को हरियाणा प्रान्त से 30 जुलाई 2021 को एवं कम्पनी का टेक्निकल हेड कमल डेनियल को उत्तराखण्ड से दिनांक 11.8.2021 को एवं कम्पनी का सेल्स हेड एवं लाइजनिंग आफिसर अश्वनी कुमार उपाध्याय को 23 सितम्बर 2021 एसटीएफद्वारा गिरफ्तार किया गया थाए जो 25-25 हजार रुपये के पुरस्कार घोषित वांछित अपराधी थे। प्रकरण में एसटीएफ द्वारा अब तक कुल 13 अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। इसी अभियोग में सीएल .2 गोदाम कानपुर व उन्नाव के अनुज्ञापी अजय जायसवाल के पार्टनर व मुख्य साजिशकर्ता मनोज कुमार जायसवाल की गिरफ्तारी के प्रयास चल रहे थे। एसटीएफ को उसके लखनऊ में आने की सूचना मिली। एसटीएफ की टीम ने सूचना के आधार पर लखनऊ के लोरेटो कान्वेंट स्कूल के पास ओवरब्रिज के नीचे से मनोज कुमार जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह सीएल .2 गोदाम कानपुर व उन्नाव के अनुज्ञापी अजय जायसवाल के परिवार का सदस्य एवं शराब व्यवसाय में 25 प्रतिशत का हिस्सेदार है। को-ऑपरेटिव कम्पनी टपरी सहारनपुर का सेल्स हेड एवं इस कम्पनी के मालिक प्रणय अनेजा के ही फाइनेन्स कम्पनी स्टैलर कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड डी .10 ए ओखला फेस .1 दिल्ली के लाइजनिंग आफिसर अश्वनी उपाध्याय ने उससे सम्पर्क कर टपरी फैक्ट्री से एक ही बिल्टी पर दो बार शराब निकालने की बावत बात किया। संतुष्ट होने पर मनोज कुमार जायसवाल की प्रणय अनेजा से दिल्ली स्थित कार्यालय पर गोपनीय मीटिंग जनवरी 2021 में करवायी थी। फैक्ट्री से सीएल .2 गोदामों पर शबनम अंगूरी ब्राण्ड की देशी शराब भेजवाने एवं उसका पेमेण्ट कम्पनी के खाते में कराने एवं कम्पनी के अन्य कागजी कार्यवाही को पूरा कराने की जिम्मेदारी अश्वनी कुमार उपाध्याय की थी। टपरी को. ऑपरेटिव फैक्ट्री में नियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से ट्रांसपोर्ट के ट्रकों के माध्यम से नजदीक के डिस्ट्रीब्यूशन पॉइंट पर 2 दिन के 1 गेटपास पर 2 चक्कर और उन्नाव और कानपुर के डिस्ट्रीब्यूशन पॉइंट पर 4 दिन के 1 गेटपास पर 2 चक्कर लगाकर एक ही बिल्टी पर एक्साइज टैक्स की बड़ी चोरी की घटना अंजाम दी जाती थी। फैक्ट्री से गाड़ी की निकासी के दौरान फैक्ट्री के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा फैक्ट्री के सीसीटीवी कैमरे को बंद कर दिया जाता था व ट्रांसपोर्ट कम्पनी के ट्रक ड्राइवरों द्वारा ट्रक में लगे जीपीएस को भी ऑफ कर दिया जाता है जिसके कारण गाड़ियों के फेरों की जीपीएस लोकेशन लॉग नहीं होती थी।

# बसपा ने 53 उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** विधानसभा के चौथे चरण के चुनाव को लेकर बसपा ने शुक्रवार को 53 उ मीदवारों की एक और सूची जारी की है। सूची में पांच महिलाओं सहित 16 मुस्लिम उम्मीदवारों को बसपा ने टिकट दिया है। खास बात यह है कि भाजपा नेता और पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री अम्मार रिजवी के बेटे मीसम अ मार रिजवी को भी बसपा ने टिकट दिया है। वहीं कभी स्वामी प्रसाद मौर्य के करीबी रहे बीएन मौर्य की बेटी अंजलि को ऊंचाहार से टिकट मिला है। पार्टी की तरफ से जारी सूची के मुताबिक पीलीभीत जिले की बीसलपुर सीट से अनीस खां उर्फ फूलबाबू को टिकट मिला है। वहीं लखीमपुर जिले की पलिया सीट से डॉ जाकिर हुसैन निघासन सीट से मनमोहन मौर्य गोला गोकर्णन सीट पर शिखा वर्मा श्रीनगर सुरक्षित से मीरा बानो धौरहरा से आनंद मोहन त्रिवेदी लखीमपुर से मोहन बाजपेयी कस्ता सुरक्षित से सरिता वर्मा मोह मदी से शकील अहमद सिद्दीकी को टिकट मिला है। सीतापुर जिले की महोली सीट से डॉ राजेन्द्र प्रसाद वर्मा सीतापुर से खुर्शीद अंसारी हरगांव सुरक्षित से रानू चौधरी लहरपुर से मो जुनैद अंसारी बिसवां से हाशिम अली महमूदाबाद से मीसम अम्मार रिजवी मिश्रिख सुरक्षित से श्याम किशोर को उम्मीदवार बनाया गया है। हरदोई जिले की सवायजपुर सीट से राहुल तिवारी शाहाबाद से अहिबरन सिंह लोधी गोपामऊ सुरक्षित से सर्वेश कुमार जनसेवा सांडी सुरक्षित से कमल वर्मा विलग्राम मल्लावां से कृष्ण कुमार सिंह उर्फ सतीश वर्मा बालामऊ सुरक्षित से तिलक चंद्र राव संडीला से अब्दुल मन्नान को टिकट मिला है। उन्नाव जिले की बांगरमऊ सीट से रामकिशोर पाल सफीपुर सुरक्षित से राजेन्द्र गौतम मोहान सुरक्षित से विनय चौधरी उन्नाव से देवेंद्र सिंह भगवंतनगर से प्रेम सिंह चंदेल पूर्व से विनोद कुमार त्रिपाठी को टिकट मिला है। लखनऊ जिले की मलिहाबाद सुरक्षित सीट से जगदीश रावत बक्शी का तालाब से सलाउद्दीन सिद्दीकी सरोजनीनगर से मो जलीस खां लखनऊ पश्चिम से कायम रजा खान लखनऊ उत्तरी से मो सरवर मालिक लखनऊ पूर्वी से आशीष कुमार सिन्हा लखनऊ मध्य से आशीष चंद्र श्रीवास्तव लखनऊ कैंट से अनिल पांडेय मोहनलालगंज सुरक्षित से देवेंद्र कुमार सरोज को टिकट मिला है। रायबरेली जिले की बछरांवा सुरक्षित सीट से लाजवंती कुरील हरचंदपुर से शेर बहादुर सिंह लोधी रायबरेली से मो अशरफसारणी से ठाकुर प्रसाद यादव ऊंचाहार से अंजली मौर्या को टिकट मिला है। बाँदा जिले की तिंदवारी सीट से जयराम सिंह बबेरू से रामसेवक शुक्ला नरैनी सुरक्षित से गया चरण दिनकर बाँदा से धीरज प्रकाश राजपूत को टिकट मिला है। फतेहोऊर जिले की जहानाबाद सीट से आदित्य पांडेय बिंदकी से सुशील कुमार पटेल फतेहपुर से अयूब अहमद अयाहशाह से चंदन सिंह उर्फ चन्द्रसेन पाल हुसैनगंज से फरीद अहमद और खागा सुरक्षित से दशरथ लाल सरोज को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है।

# एमएसएमई सेक्टर का विकास योगी सरकार के लिए बना चुनाव में बडा हथियार

## पांच वर्षो में 95 लाख इकाइयों को मिला ऋण, बेरोजगारी की दर में हुई कमी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सरकार** ने बीते पांच वर्षों के दौरान एमएसएमई सेक्टर में कारोबार करने के लिए 95 लाख इकाइयों को वित्त पोषित करते हुए 2.50 लाख करोड़ रुपए से अधिक का ऋण मुहैया कराया है। यह ऋण पांच योजनाओं में दिया गया है। जिसके चलते 3.28 करोड़ लोग को एमएसएमई सेक्टर में रोजगार मिला है।

यूपी के कारोबारियों वर्ग में एमएसएमई सेक्टर एक बड़ी ताकत बन गया है और राज्य में बेरोजगारी की दर में 17.9 प्रतिशत की कमी हुई है। पश्चिम उत्तर प्रदेश की 58 विधानसभा सीटों पर पहले चरण में 10 फरवरी को मतदान होना है। हर राजनीतिक दल जनहित के मुद्दों से लेकर लोकलुभावन घोषणाएं करते हुए चुनाव प्रचार में जुटा है। ऐसे में सूक्ष्मए लघु व मध्यम दर्जे के उद्योगों ;एमएसएमईद्ध को बढ़ावा देने के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार के किए गए प्रयास विभिन्न राजनीतिक दलों पर भारी पड़ रहे हैं। एमएसएमई सेक्टर में यह बदलाव योगी सरकार के शासनकाल में हुआ हैण् अखिलेश सरकार में यह सेक्टर पूरी तरह से उपेक्षित रहा था। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2016-17 में 6,35,583 एमएसएमई इकाईयों को 27,202 करोड़ रुपए का ऋण उपलब्ध कराया गया था। योगी सरकार में इस सेक्टर की तस्वीर बदली हैण् प्रदेश सरकार की औद्योगिक नीतियों के चलते इस सेक्टर में लगातार निवेश बढ़ रहा है। हर जिले में नई एमएसएमई इकाइयों की स्थापना हो रही है। कोरोना के वैश्विक संकट के दौरान भी इस सेक्टर में करीब डेढ़ लाख से अधिक नई इकाइयां इस सेक्टर में लगाई गईण् अब देश की 14.2 प्रतिशत एमएसएमई इकाइयां यूपी में हैं। इस सेक्टर में बीते पांच वर्षों के दौरान 3.28 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है। सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए गए विशेष ध्यान के चलते यूपी में एमएसएमई के कारोबारियों का बीजेपी के लिए एक नया कोर वोट बैंक तैयार हो गया है कारोबार जगत से जुड़े लोग यह कह रहे हैं कि आगामी चुनावों में यह सेक्टर भी अहम भूमिका निभा रहा हैण् कारोबारियों के इस दावे की वजह भी है। योगी सरकार ने इस सेक्टर के विकास पर खास ध्यान दिया है। उनके प्रयासों से इस सेक्टर को कारोबार करने के लिए ऋण मुहैया कराने पर जोर दिया गयाण् तो इस सेक्टर में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी इकाई लगाने में रूचि दिखाई। प्रदेश सरकार ने कोरोना संकट के दौरान भी कोई एमएसएमई इकाई बंद नहीं होने दीण् तब सरकार के जीवन और जीविका को बचाने के लिए इंडस्ट्रियल लॉकडाउन नहीं किया। सरकार का यह फैसला सूबे की एमएसएमई इकाइयों के लिए संजीवनी साबित हुआ है, नए उद्यमियों ने इस त्रासदी में भी उद्यमिता का परिचय देते हुए नई इकाइयां स्थापित की सरकार के आंकड़े इसे उजागर करते हैं। आंकड़ों के अनुसारए एमएसएमई सेक्टर के माध्यम से प्रदेश लगातार बीते तीन वर्षों से 1.14 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात कर रहा है। इस सेक्टर पर योगी सरकार द्वारा दिए गये ध्यान के चलते ही यह संभव हुआण् सरकारी आंकड़ों से भी इसे समझा जा सकता है।

वित्त वर्ष 2016.-17 में सपा सरकार के दौरान 635583 एमएसएमई को 27,202 करोड़ रुपए का ऋण मुहैया कराया गया था जबकि 2017 में सत्ता परिवर्तन होते ही योगी सरकार में वित्त वर्ष 2017-18 में 787572 एमएसएमई को 41,193 करोड़ रुपए का ऋण उपलब्ध कराया गया। वित्त वर्ष 2018.19 में 1024265 एमएसएमई उद्यमियों को 47764 करोड़ रुपए और 2019.20 में 1745472 एमएसएमई उद्यमियों को 62,831 करोड़ रुपए का लोन दिया गया वित्त वर्ष 2020-21 में 3480596 एमएसएमई इकाइयों को 63038 करोड़ रुपए का ऋण मुहैया कराया गया है। कुल मिलकर बीते पांच वर्षों के दौरान एमएसएमई सेक्टर में कारोबार करने के लिए 95 लाख इकाइयों को वित्त पोषित करते हुए 2.50 लाख करोड़ रुपए से अधिक का ऋण मुहैया कराया है। जिसके चलते 3.28 करोड़ लोगों को इस सेक्टर में रोजगार मिला, इतनी बड़ी संख्या में इस सेक्टर में लोगों को मिले रोजगार की वजह से बेरोजगारी की दर में 17.9 प्रतिशत की कमी हुई है। एमएसएमई की सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार बीते पांच वर्षों में इस सेक्टर में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिला और इस सेल्टर को मंदी का शिकार नहीं होना पड़ा कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि यूपी के एमएसएमई सेक्टर में सरकार के प्रयासों से मजबूती आयी है।

# संविदा पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह के सरगना सहित दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एसटीएफ** ने विभिन्न सरकारी विभागों में संविदा पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर सैकड़ों बेरोजगारों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले संगठित गिरोह के सरगना सहित 2 जालसाजों को ठाकुरगंज थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। एसटीएफ को जानकारी मिली कि विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर सैकडों बेरोजगारों से करोड़ों की ठगी करने वाले संगठित गिरोह द्वारा जनपद मथुरा निवासी त्रिभुवन सिंह से उनके पुत्र व पुत्री को सीआरपीएफ में हेड कांस्टेबल के पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर लगभग 25 लाख रुपये ठगी की गयी व माप तौल लिखित परीक्षा स्वाथ्य परीक्षण कराने के लिए कूट रचित दस्तावेज देकर डीआईजी सीआरपीएफ अजमेर राजस्थान भेजा गया तो वहां पता चलाकि यहां पर कोई भर्ती नहीं है। जिसके सम्बन्ध में त्रिभुवन सिंह द्वारा 27 अगस्त 2021 को थाना रिफाइनरी जनपद मथुरा में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। एसटीएफ इस धोखाधड़ी में शामिल जालसाजी के बारे में छानबीन कर रही थी और सटीक जानकारी के आधार पर ठाकुरगंज चौराहे के पास सदगुरु सहाय रोड गोदाम के बेसमेण्ट से राजेश गुप्ता और अभिषेक गुप्ता निवासी मकान नं-6 कन्हैया माधव पुरी कालोनी दुबग्गा लखनऊ को गिरफ्तार किया।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

पायनियर
लखनऊ , शनिवार, 29 जनवरी , 2022



## क्विक न्यूज

### एक हजार लीटर अवैध डीजल के साथ पकड़े गए दो

**डाला,सोनभद्र।** स्थानीय पुलिस द्वारा एक हजार लीटर अवैध डीजल के साथ पकड़े गए दो आरोपियों के खिलाफशुक्रवार को कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पूर्ति अधिकारीए सोनभद्र से डाला चौकी प्रभारी मनोज कुमार ठाकुर द्वारा बोलेरो पिकअप पर पकड़े गए डीजल की जांच कर आवश्यक कार्यवाही किये जाने के लिए किए गए अनुरोध के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी अभिषेक कुमार सुमन, पूर्ति निरीक्षक ओबराए शशिकांत मौर्य, पूर्ति निरीक्षक रावट्र्सगंज एवं प्रीतम कुमार तिवारी, पूर्ति निरीक्षक नगवां को प्रकरण की जांच कर आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जांच कर टीम ने आख्या शुक्रवार को प्रस्तुत किया गया। जहां जांच के दौरान 5 ड्रमों में दो दो सौ लीटर डीजल भरा पाया गया। थाना चोपन में मौजूद पिकअप चालक मनोज कुमार चौबे व वाहन स्वामी रामआश्रय सिंह से पूछताछ कर उनके बयान दर्ज किया गया। वाहन चालक मनोज कुमार चौबे पुत्र तहसीलदार चौबे, निवासी ग्राम पंचातय घोरिया ने अपने बयान में बताया गया कि वाहन स्वामी रामाश्रय सिंह पुत्र स्व. सत्यनारायण सिंह द्वारा गुरूवार की दोपहर अपने घर से पांच ड्रमों में लगभग एक हजार लीटर डीजल भरकर गुरूमुरा जाने हेतु दिया गया था।

### बोल्डर लदे ट्रैक्टर को वन विभाग और पुलिस ने पकड़ा

**चकिया, चन्दौली ।** थाना क्षेत्र के हेतिमपुर चट्टी के पास से अवैध बोल्डर लेकर जा रही एक ट्रैक्टर को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया है। इसके साथ ही 2 लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। जिन्हें बाद में कार्रवाई के लिए वन विभाग को सुपुर्द कर दिया गया है। बताया गया कि प्रतिबंधित गणेशपुर पहाड़ी के कोठी घाट से अवैध खनन का बॉर्डर लादकर ट्रेक्टर हेतिमपुर की तरफजा रहा था तभी पुलिस ने उसे घेर कर पकड़ लिया। पुलिस की सूचना पर पहुंचे चंद्र प्रभा रेंजर बृजेश पांड, डिप्टी रेंजर धर्मेंद्र कुमार और उनकी टीम ने दोनों तस्करों के साथ बोल्डर लदी ट्रैक्टर को कब्जे में लेने का प्रयास किया तो दोनों तस्कर वन कर्मियों से उलझ गए और हाथापाई करने लगे काफी मशक्कत के बाद वन कर्मियों ने उन्हें अपने कब्जे में लिया।

### ट्रैक्टर की धक्के से बुर्जुग की मौत, चक्का जाम

**सकलडीहा,चंदौली।** थाना क्षेत्र के चौकी अर्न्तगत नरैना गांव के समीप गुरूवार को शाम साढ़े तीन बजे करीब ट्रैक्टर की धक्का लगने से 60 वर्षीय बुर्जुग की मौत होगयी। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सकलडीहा नईबाजार मार्ग पर बरठी गांव के समीप शव रखकर चक्का जाम कर दिया। करीब दो घंटे तक मार्ग अवरूद्ध रहा। मौके पर डीएम को बुलाने की मांग को लेकर अड़े रहे। करीब दो घंटा बाद एसडीएम अजय मिश्रा ने ग्रामीणों की समस्या का समाधान और उचित सहयोग का भरोशा दिलाते हुए चक्का जाम समाप्त कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला हास्पीटल भेज दिया। बरठी गांव निवासी 60 वर्षीय लालबिहारी राम के एक पुत्र भगवती और तीन पुत्री सीमाए प्रीती और आरती है। लालबिहारी राम की सैयदराजा थाना अर्न्तगत मुहम्मदपुर मचिया गांव में ननिहाल है। साईकिल से दोपहर में ननिहाल जा रहे थे। नईबाजार की ओर से आ रही ट्रैक्टर के धक्के से साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल होगया।

### तीन दुकानों में हुई चोरी से मचा हड़कंप

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थानाक्षेत्रान्तर्गत स्थित पुनर्वास प्रथम परिक्षेत्र में मौजूद बीजपुर रेनुकूट मार्ग के बगल में बीती रात्रि हुई चोरी से बीजपुर वासियों में हड़कंप मच गया है। एक तरफजहाँ इन चोरियों से बीजपुर के दुकानदारों में दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया है वहीं दूसरी तरफचोरों ने पुलिस को एक बार पुनः सलामी देते हुए उनके सामने चुनौती खड़ी कर दी है। पहली घटना ग्राम सभा बीजपुर बाजार निवासी सीताराम गर्ग पुत्र स्व. इन्द्रसेन गर्ग के पुनर्वास प्रथम में बेड़िया हनुमान मंदिर के सामने बीजपुर रेनुकूट मार्ग के बगल बने हार्ड वेयर के दुकान में चोरी की है। जहां दुकानदार द्वारा पुलिस को दिए तहरीर के अनुसार चोरों ने उसके दुकान के आगे के शीट का कुछ हिस्सा तोड़कर दुकान में घुसने के बाद काउंटर का ताला तोड़कर उसमें रखे बिक्री के एक लाख नकद व सी सी टी बी उठा ले गए। हालांकि जब पुलिस ने आकर मौका मुवायना किया तो सी सी टी बी व कैमरा दुकान के पीछे फेका हुआ पाया गया। दूसरी व तीसरी घटना भी पुनर्वास प्रथम के डोडहर मोड़ पर स्व0 कृष्ण माधव जायसवाल के मकान में किराए के दो दुकानदारों के दुकान की है। जिसमें राजकुमार पुत्र विश्नाथ के राशन के दुकान के चोरी का है। राजकुमार द्वारा पुलिस को दिए तहरीर के मोताबिक उसके दुकान से चोरों ने दुकान के ऊपर का सीट हटाकर दुकान में रखे पैंतीस हजार रुपए नकद आधार कार्ड व ए टी एम कार्ड चुरा ले गए। वही उसी लाइन में डोडहर निवासी रबी गुप्ता पुत्र रामदेव गुप्ता के मोबाइल के दुकान में भी उसी रात्रि चोरों ने हाथ साफकिया।

### चुनार विधानसभा क्षेत्र में पकड़ा गया 200000 रुपया

**मीरजापुर।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन.2022 को निष्पक्षए पारदर्शी व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार के द्वारा गठित उड़नदस्ता टीम अपने.अपने क्षेत्रो में क्रियाशील है। चुनार विधानसभा में कार्यरत उड़नदस्ता टीम.03 के द्वारा आज अपने निरीक्षण के दौरान 200000 रूपया एक मारूति अल्टो वाहन से बरामद किया गया। तदुपरान्त विधिक कार्यवाही हेतु उड़नदस्ता टीम के द्वारा सम्बन्धित अधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित कर दिया गया। उप जिला मजिस्ट्रेट चुनार ने जानकारी देते हुये बताया कि 26 को एफएसटी-3 398 चुनार टीम द्वारा वाहन संख्या यूपी 63 जी-0374 मय चालक थाना अदलहाट गेट पर चेकिंग किया जा रहा था कि अहरौरा की तरफसे आ रही मरूति अल्टो नं0 यूपी63. एए 2879 को रोकर चेक किया गया जिसमे चालक के अलावा एक व्यक्ति और बैठे थेए जिसके सभी सामान बैंग चेक किया गयाए तो एक काला रंग का बैग प्राप्त हुआए जिसमें कुछ रूपया बरामद हुआए पूछने पर चन्दन पुत्र हर्ष कुमार ग्राम सहुआइन का गोलाण् पो0 व थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर द्वारा बताया गया कि मैं एक कपड़ा व्यवसायी हूँए कपड़ा खरीदने जा रहा हूँ। इनके द्वारा पैसे से सम्बन्धित कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया।

### डीएम ने की परिषदीय परीक्षा वर्ष 2022 पर बैठक

**मीरजापुर ।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में परिषदीय परीक्षा वर्ष 2022 हेतु परीक्षा केंद्र निर्धारण के लिए जनपदीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गई । जिसमें उप जिलाधिकारी सदर, चुनार,लालगंज एवं मड़िहान उपस्थित रहे। इसके साथ ही समिति के अन्य सदस्य के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्या, कांशीराम राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तथा प्रधानाचार्य इंटर कॉलेज बापू उपरौध, उपस्थित रहे। बैठक का संचालन सदस्य सचिव जिला विद्यालय निरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह ने किया। बैठक में माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा वर्ष 2022 हेतु ऑनलाइन निर्धारित 110 परीक्षा बनाये गये है जिसमें 66097 छात्र.छात्रायें परीक्षा मे शामिल होंगे। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी परीक्षा केंद्रों की जॉच संबंधित उप जिलाधिकारी कर ले एवं दिनांक 29 जनवरी तक आख्या जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध करा दी जाय तथा प्राप्त आख्या के आधार पर ही जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा कार्रवाई संपादित करने हेतु भेजा जाय।

# पूर्व विधायक को जान का खतरा, घर पर भारी फोर्स तैनात

**● अजय राय को पिंडरा से कांग्रेस ने दिया है टिकट**

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**पूर्व विधायक** और कांग्रेस नेता अजय राय की जान को खतरा है। इसे देखते हुए पुलिस ने उनके घर से निकलने पर रोक लगा दिया है। शुक्रवार की सुबह अजय राय को उनके चेतगंज स्थित आवास पर हाउस अरेस्ट कर दिया गया। घर के बाहर भारी पुलिस फोर्स लगा दी गई है। इस संबंध में अजय राय ने बताया कि स्थानीय पुलिस ने उन्हें सुरक्षा की दृष्टि से घर से बाहर न निकलने की बात कही है। उन्हें हाउस अरेस्ट पर रखा गया है। अजय राय के भाई अवधेश राय की हत्या में जेल में बंद माफिया विधायक मुख्तार अंसारी आरोपित है। बीते सप्ताह स्थानीय एमपीएमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई थी। अजय राय को सुरक्षा की मांग की थी। अजय राय पिंडरा विधानसभा क्षेत्र से पहले भाजपा से व बाद में कांग्रेस से विधायक रहे। एक बार फिर कांग्रेस ने उन्हें पिंडरा से प्रत्याशी घोषित किया है।इस संबंध में एडीसीपी वरुणा जोन प्रबल प्रताप सिंह का कहना है कि पुलिस सुरक्षा को लेकर उनसे बात करने गई थी। कैसे उन्हें चुनावों के दौरान सुरक्षा प्रदान की जाए। हाउस अरेस्ट जैसी बात के आरोप निराधार हैं। वहीं चेतगंज प्रभारी परमहंस गुप्ता का भी कहना है कि अजय राय ने कई लोगों पर मुकदमा दर्ज करा रखा है और उनके खिलाफभी कई मामले दर्ज हैं। इसलिए हम सुरक्षा की दृष्टि से सतर्कता बरत रहे हैं।

**एनएसयूआइ के आंदोलन को लेकर पुलिस है सतर्क**

पुलिस सुबह कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजेश्वर पटेल के घर पर भी पहुंची। उनसे रेलवे की परीक्षा को लेकर एनएसयूआइ के आंदोलन के विषय में पूछताछ की। उन्होंने एनएसयूआइ के साथ किसी आंदोलन की बात से इन्कार किया। जानकारी के मुताबिक महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, राजीव सिंह, राजीव सिंह, महिला कांग्रेस व फ्रंटल संगठन के घरों पर पुलिस ने पहरा बढ़ा दिया है। एनएसयूआइ के कुछ छात्र एक दिन पूर्व मलदहिया चौराहे पर धरना देने पहुंचे थे। पुलिस ने छात्र नेताओं को पकड़ कर थाने ले गई जिन्हें बाद में हिदायत देकर छोड़ दिया गया।

कांग्रेस नेता अजय राय को हाउस अरेस्ट करने के मामले में अंदरखाने में चर्चा है कि उन्हें भाजपा में शामिल करने के लिए शासन-प्रशासन दबाव बना रहा है। आज अजय राय वाराणसी में कांग्रेस के सबसे मजबूत आधार हैं। वह अगर भाजपा में आ जाएं तो पार्टी को विधानसभा चुनाव में बड़ा राजनीतिक लाभ होगा। वह पूर्व भाजपाई भी हैं। पूर्व में सांसद पद के प्रत्याशी को लेकर उनकी पार्टी से दूरियां बढ़ीं और बाद में कांग्रेस में शामिल हो गए।

### भाजपा का सेना के जवानों के नाम पर वोट मांगना बेशर्मी की पराकाष्ठा है : सुप्रिया श्रीनेत

**वाराणसी।** जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को मैदागिन स्थित कांग्रेस कार्यालय ( राजीव भवन ) में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में 'कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत व अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज व वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजेन्द्र सिंह ने मोदी सरकार के तथाकथित फ़र्ज़ी राष्ट्रवाद व सेना के शौर्य के नाम पर वोट, जबकि सेना के हितों पर चोट करते हुए, इतिहास में अबतक कि सबसे भ्रष्ट व विफल मोदी सरकार की सैन्य मोर्चे से जुड़ी विफलताओं' पर प्रकाश डालते हुए पत्रकारवार्ता से पहले भारतीय सेना के शूरवीर सैनिकों के हितों व उन्हें पहले से दी जा रही सरकारी सुविधाओं व बजट में मोदी सरकार द्वारा की जा रही कटौती से जुड़ी एक पुस्तिका का लोकार्पण किया, जिसमें मोदी सरकार की सेना से जुड़ी कारगुजारियों का पूरा चिट्ठा है । अपने सम्बोधन से पूर्व कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भारत माता की संप्रभुता और सीमाओं की सुरक्षा करने वाले भारत माँ की तीनों सेनाओं व अर्द्धसैनिक बलों के सपूतों को शत् - शत् नमन किया' । कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि जब भी हम अपनी सेनाओं को याद करते हैं, तब-तब हमारा मस्तक गर्व से ऊंचा हो जाता है, मगर मोदी सरकार और भाजपा एक तरफ़ तो सेना की कुर्बानी और शौर्य का इस्तेमाल अपने राजनैतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए करते हैं, और दूसरी ओर सेना और सैनिकों के हितों पर कुठाराघात करते हैं।कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनते ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सेना और सैनिकों के नाम पर वोट मांगती है। जब सुविधाएं देने की बात आती है तो नजरअंदाज कर देती है। भाजपा का सेना के जवानों के नाम पर वोट मांगना बेशर्मी की पराकाष्ठा है। वन रैंक वन पेंशन के नाम पर छल किया गया। इसी तरह उनकी बहुत सारी सुविधाएं बंद कर दी गईं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि यह सब पाप राष्ट्रवादी ही कर सकते हैं। मोदी सरकार ओछी हरकत कर रही है।इस चुनाव में जनता इसका जवाब देगी। एनएसयूआई के रेल रोको को कांग्रेस अपना समर्थन दे रही है। रेलवे में 3 साल से भर्तियों को पूरा नहीं किया गया है। सरकार केवल दिखावा के लिए आवेदन लिया। भर्ती की प्रक्रिया को पूरी नहीं किया गया। रेलवे में नौकरियों को समाप्त किया जा रहा है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार की इस बेशर्मी की मानसिकता का हम लोग विरोध कर रहे हैं।

### शहीदों की याद में 30 को होगा दो मिनट का मौन

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी टीके शिबु ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की यादव में प्रति वर्ष 30 जनवरी को पूरे देश में पूर्वान्ह 11.00 बजे दो मिनट का मौन रखा जाता है। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्ट्रेट के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ ही जिले समस्त विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया है कि जहां कहीं संभव हो, दो मिनट के मौन की अवधि में 11.00 बजे से निर्धारित किया गया। उन्होंने जिले के आम जनता से अपील किया है कि इस अवसर पर शहीद दिवस को पूरी गंभीरता के साथ मनाया जाये।

### निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए कार्यों में लायें तेजी : राकेश

**सोनभद्र।** अपर जिलाधिकारी राकेश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी विधान सभा सामान्य निर्वाचन, 2022 को निष्पक्ष, सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के मकसद से जिले में आने वाले प्रेक्षकों की व्यवस्था के तैयारियों के सम्बन्ध में नामित नोडल अधिकारियों एवं सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। आयोजित बैठक में सम्बन्धितों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक विधान सभा में आने वाले आब्जर्वरों के लिए आवश्यक व्यवस्था करना सुनिश्चित किया जाये, ताकि चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की समस्या न होने पायें। अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित नामित नोडल अधिकारियों एवं सहायक नोडल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया को सकुशल,निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए अपने कार्यों में तेजी लायें।


# स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान कल से शुरू

**● 13 फरवरी तक चलेगा अभियान**

संवाददाता। सोनभद्र

**राष्ट्रीय कुष्ठ** उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में 30 जनवरी से स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 13 फरवरी तक चलेगा । इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर जहां लोगों के हाथ, पैर ,चेहरे ,नसों व त्वचा की जांच करेगी वहीं इस रोग के प्रति लोगों को जागरूक भी किया जाएगा। जिससे लोग इस बीमारी की जद में न आने पाए। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ प्रेमनाथ ने बताया कि शासन स्तर पर प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिले में 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दे दिया गया है । कुष्ठ रोग बहुत ही कम संक्रामक रोग है जो बैक्टीरिया के कारण होता है। यह मुख्य रूप से चमड़ी और तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है । यह रोग धीरे धीरे बढ़ता है और किसी भी आयु में स्त्री व पुरुष को हो सकता है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग एक साथ खाने पीने, उठने बैठने, सोने या हाथ मिलाने से नहीं फैलता है। यह छुआछूत की बीमारी नहीं है। यह एमडीटी दवा द्वारा ठीक हो जाता है । कुष्ठ रोग की जांच स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क की जाती है।जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ प्रेमनाथ ने बताया कि स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के दौरान स्वास्थ्य टीम कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए लोगों को जहां कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक करेगी वही हाथ, पैर, नसों तथा चेहरे व त्वचा की भी जांच करेगी। **वहीं जनपद मीरजापुर में** कुष्ठ रोग को लेकर हमेशा से स्वास्थ्य विभाग सक्रिय रहा है। इसी क्रम में महात्मा गांधी के पुण्यतिथि यानि 30 जनवरी से जिले में कुष्ठ रोग अभियान पखवाड़ा शुरू होने जा रहा है। यह अभियान 13 फरवरी तक चलेगा। पखवाड़े के दौरान जनपद के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के जिला कुष्ठ रोग विभाग के कर्मचारी कुष्ठ रोगियों की पहचान करेंगे साथ ही लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करेंगे। जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डा एके राय ने बताया कि जिले में कुष्ठ रोगियों को खोजने का अभियान 30 जनवरी से लेकर 13 फरवरी तक किया जायेगा।

# शिवांगी सिंह बनी राजपथ में गणतंत्र दिवस परेड पर राष्ट्रगौरव का हिस्सा



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

गणतंत्र दिवस के अवसर पर बुधवार को राजपथ पर परेड में एयरफोर्स की झांकी का हिस्सा रही सनबीम कॉलेज भगवानपुर वाराणसी के 2013-16 बैच की बी.एस.सी. की छात्रा फ्लाइट लेफ्टिनेंट शिवांगी सिंह। कॉलेज के दिनों की एनसीसी ट्रेनिंग के उपरांत शिवांगी 2017 में भारतीय वायु सेना में शामिल हुईं। 2020 में भारत में राफेल की पहली खेप आई थी, जिससे अंबाला एयरबेस पर लैंड कराया गया था। शिवांगी को फाइटर विमान राफेल के स्क्वाड्रन गोल्डन ऐरो में पहली महिला फ्लाइट लेफ्टिनेंट के तौर पर शामिल किया गया। शिवांगी ने सनबीम कॉलेज फ़ॉर वीमेन भगवानपुर, वाराणसी से बी.एस. सी की डिग्री हासिल की साथ ही उसने बीएचयू से संबद्ध कॉलेज की एन सी सी कैडेट कोर में 7 यूपी विंग का हिस्सा बनकर पायलट ट्रेनिंग भी की। इससे पहले शिवांगी ने 2013 में दिल्ली में गणतंत्र दिवस की परेड के दौरान उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व किया।

**COLLEGE OF INNOVATIVE MANAGEMENT & SCIENCE**
(Running: BBA, BCA, B.Com, B.Com.(H), B.Ed.)
Associated by University of Lucknow, Lucknow
Application are invited for the post of **Lecturer** in following Course
**(1) Bachelor of Business Administration (BBA)**
**Eligibility Criteria:** As per Lucknow University Norms Eligible candidates are requested to send their bio-data with photocopies of all documents through email/registered post within 07 days from date of advertisement.
**Address: Management Park, Vipul Khand-6, Gomti Nagar, Lucknow - 226010 Contact No. 9889010040, 8417003515, 0522-3500547**
www.cims.edu.in, cimsedu7@gmail.com

### ईवीएम व वीवीपैट का हुआ प्रथम रेंडमाइजेशन डिस्प्ले

**मऊ।** जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन.2022 के सफ्ल समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक हुई। समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष ईवीएमए वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन डिस्प्ले के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। समस्त राजनीतिक दलों की सहमति होने पर अलग.अलग विधानसभाओं के रेंडमाइजेशन की सूची उपलब्ध कराई गई। प्रथम रेंडमाइजेशन के माध्यम से जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस प्रक्रिया से प्रत्येक विधानसभाओं के लिए ईवीएम मशीनों का चिन्हिकरण कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि जब द्वितीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया होगी तब बूथ वार मशीनों का चिन्हिकरण किया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह प्रक्रिया अपनाने से चुनाव में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता आ जाती है।

**Format C-2**

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

As per the judgement dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP(Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation and Ors. Vs. Union of India & Anr.) Name of the Political Party: **AAM AADMI PARTY** Name of the Election: **Legislative Assembly Election-2022** Name of State/UT: **UTTAR PRADESH**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | | 5 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No | Name of Candidate | Name of Constituency | Pending Criminal Cases | | | Details about cases of conviction for Criminal Offences | |
| | | | Name of Court | Case No.& Status of the Case(s) | Section of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Punishment Imposed |
| 1. | Ashughosh Kumar Nirmal | Shikarpur | Rouse Avenue, Delhi | CC/0000186/2019 | 420 IPC, 120B r/w 461, 467, 468, 471, 13(1) d, 13 (2) IPC CHARGES FRAMED on 23.12.2019 | NA | NA |
| 2. | Bijendra | Shamli | MM Court, Andheri, Mumbai | a) PW/0002371/2013 b) PW/0001993/2016 | a) 354,504,509 IPC b) 448,427 IPC | NA | NA |
| 3. | Prem Singh | Agra Cantt. | No summons | a) 141/2021 | 188, 269, 279 IPC & 3, 4 DM Act. 1897. | NA | NA |
| 4. | Ramjani | Agra South | a) ADJ 03, Agra. b) S.C.ST Court, Agra. | a) 343/2003 b) 225/2004 c) 928/2016 d) 141/2021 | a) 308/323/504/506, b) 323/324/504/ of 3(i) SC ST ACT, c) 323/325/524/506 d) 188/269/270 IPC | NA | NA |
| 5. | Satvir | Syana | a) Village Court, Bulandshahr b) MM-2/ Shahadara/ Delhi | a) 145/2017 b) 422/2015 | a) 304 IPC (Charges Framed) b) 323/325/341 | NA | NA |
| 6. | Sanjay | Dadri | D&S Court, Surajpur | 287/16 | 135, Electricity Act. | NA | NA |
| 7. | Monika Thapar | Aligarh | C.J.M, Aligarh | 196/2021 | 332, 353, 504 IPC | NA | NA |
| 8. | Davendra | Budana | ACJM 02, Muzaffarnagar | 2408/2021 | U/S 3, 4 of PDPP Act. | NA | NA |
| 9. | Prahlad Singh Chaudhary | Chhata | a) J.M Chhata Mathura | 416/2018 | a) 3,4-PDPP Act | NA | NA |

# डीएम मीरजापुर ने वैक्सीनेशन को 15 दिन में पूर्ण कराने के लिये ग्राम स्तरीय अधिकारियों से की वर्चुअल वार्ता

**● हलिया सहित छह विकास खण्डों में वैक्सीनेशन की प्रगति को बढ़ाने का दिया निर्देश**

संवाददाता। मीरजापुर

**जिलाधिकारी** प्रवीण कुमार लक्षकार एवं मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस ने आज एनआइसी वर्चुअल माध्यम के द्वारा ग्राम ग्राम विकास अधिकारियोंए ऑगनबाड़ी कार्यकत्रीए आशाए एएनएमए पंचायत सहायको से वर्चअल माध्यम से वार्ता की तथा वैक्सीनेशन कार्य को अगले 15 दिनों में शत प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत भी सभी फ्रंट लाइन वर्कर को निर्वाचन कार्य में काफ ी कार्य करना हैं। अतएव सभी फ्रं ट लाइन वर्कर तीसरी डोज बूस्टर डोज शत प्रतिशत लगवाना कर ले। उन्होने कहा कि जिन्हे द्वितीय डोज लगने के तीन माह के अन्तराल पर बूस्टर डोज लगवा सकते हैं। जिलाधिकारी ने सभी को धन्यवाद देते हुये कहा कि प्रथम डोज का वैक्सीनेशन शत प्रतिशत पूर्ण करा लिया गया हैं। इसके लिये सभी अधिकारी कर्मचारी बधाई के पात्र है एवं द्वितीय डोज वैक्सीनेशन की प्रगति 79 प्रतिशत है। इसी प्रकार सभी आगनबाड़ीए आशाए एएनएमए पंचायत सहायक, ग्राम विकास अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेते हुये जिनका द्वितीय डोज लगना रह गये हैं ऐसे लोगो की सूची प्राप्त करते हुये डोर टू डोर जाकर उन्हें द्वितीय डोज वैक्सीनेशन लगवाने के बूथ पर ले आयें। उन्होने कहा कि वैक्सीनेशन कार्य के लिये 31 जनवरी 2022 को विशेष अभियान चलाया जायेगा। परन्तु जब तक जनपद के प्रत्येक व्यक्ति को शत प्रतिशत वैक्सीनेशन न हो जाये तब तक प्रत्येक दिन विशेष अभियान मानकर कार्य करें तथा 15 दिन के अन्दर द्वितीय डोज एवं 15 से 18 के मध्य आयु वर्ग के छूटे युवाओं को शत प्रतिशत वैक्सीनेशन का लक्ष्य पूरा करायें। द्वितीय डोज में अभी 250000 वैक्सीनेशन लगवाने से वंचित हैं जिन्हें घर-घर जाकर वैक्सीनेशन के लिये प्रेरित किया जाय।

### निर्वाचन कार्मिकों का किया गया प्रथम रैण्डमाइजेशन

**मीरजापुर।** जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिला मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार लक्षकार एवं प्रभारी अधिकारी कार्मिक,मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस की देख रेख में आज एनआईसी में निर्वाचन कार्य के लिये निर्वाचन कार्मिको प्रथम रैण्डमाइजेशन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत 5 विधानसभाओं को मिलाकर लगभग 13000 से अधिक कार्मिको की ड्यूटी लगायी जा रही हैं।

# सोशल मीडिया पर आचार संहिता का हो रहा उल्लंघन

संवाददाता। कन्नौज

**विधानसभा** चुनाव में प्रशासन भले ही कड़ाई से आचार संहिता का अनुपालन कराने की बात कह रहा है लेकिन सोशल मीडिया पर इसका असर कतई नहीं दिख रहा है। विभिन्न दलों के उम्मीदवार व उनके समर्थक खुलेआम सोशल मीडिया पर प्रचार कर रहे हैं।

गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में इस बार अभी राजनैतिक दलों को जनसभा करने की अनुमति नहीं मिली है ऐसे में उम्मीदवारों व उनके समर्थकों के लिए प्रचार का सबसे आसान तरीका सोशल मीडिया बना हुआ है। समर्थक व प्रत्याशी दिनभर सोशल मीडिया पर अपना प्रचार करने के लिए पोस्ट कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर हो रहे प्रचार पर चुनाव आयोग की नजर नहीं है।

### बिना अनुमति नहीं कर सकते सोशल मीडिया पर प्रचार

**कन्नौज।** सोशल मीडिया पर हो रहे चुनाव प्रचार पर चुनाव आयोग की भी नजर है। इस सम्बन्ध में चुनाव आयोग द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के दृष्टिगत अब किसी भी राजनैतिक दल के प्रत्याशी को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर पचार-प्रसार हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय से पूर्वानुमति लेना अनिवार्य होगा। इस बार निर्वाचन आयोग ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को निष्पक्ष, शांति एवं सुचितापूर्ण ढंग सम्पन्न कराये जाने हेतु कड़े कदम उठाए है। सोशल मीडिया पर विधानसभा चुनाव से जुड़ी कोई भी पोस्ट करने से पहले किसी भी राजनैतिक दल के प्रत्याशी अथवा समर्थक द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय से अनुमति लेगा अनिवार्य हो गया है। अनुमति के उपरांत ही अपनी पोस्ट सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर शेयर कर सकेगा। शेयर की गई पोस्ट का व्यय प्रत्याशी के प्रचार-प्रसार खाते में जोड़ा जाएगा निर्वाचनआयोग के निर्देशों के क्रम में अब जिला स्तर पर भी टीम एम0सी0एम0सी0 द्वारा प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखना जारी कर दिया है। अब सोशल मीडिया पर किसी भी राजनैतिक दल के प्रत्याशी अथवा समर्थक द्वारा लोकलुभावनी बाते या हिंसा फैलाने जैसे कृत्य करते हुए पाया गया तो सम्बन्धित के खिलाफकड़ी कार्यवाही की जाएगी। चूंकि निर्वाचन आयोग इसपर सख्ती के साथ निपटने का निर्णय लिया है।

## भाजपा प्रत्याशी रणवेंद्र प्रताप सिंह ने भरा पर्चा

**फतेहपुर।** विधान सभा चुनाव 2022 के चौथे चरण में होने वाले चुनाव ;मतदानद्ध के लिए नामांकन प्रक्रियां के दूसरे दिन एक और नामांकन पत्र दाखलि हुआ। हुसैनगंज सीट से भाजपा प्रत्याशी रणवेंद्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर दो सेट में निर्वाचन अधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा। इस दौरान कोविड़ प्रोटोकाल के तहत् श्री सिंह के साथ सिर्फ अनुमोदकए प्रस्तावक व अधिवक्ता ही अन्दर जा सकें। नामांकन सादगी के साथ हुआ। मौजूदा विधायकध्मंत्री ने पर्चा दाखिल करने के बाद कहा कि उनका चुनावी मुद्दा विकास व राष्ट्रवाद हैं। वे चुनाव जीतकर क्षेत्र में रहे गए विकास कार्यों को पूरा कराना चाहते हैं। उधर दो दिन बाद भी जनपद की अन्य विधान सभा सीट सदरए खागाए बिंदकीए जहानाबाद सीट से कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ है। वहीं विभिन्न सीटों के लिए आज अलग अलग 18 पर्चे बिकेए जिनकी कुल संख्या 58 हों गई है।

## सपा प्रत्याशी अनिल पाल ने किया नामांकन



संवाददाता। कन्नौज

**विधानसभा** सामान्य निर्वाचन 2022 में तिर्वा विधानसभा से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अनिल पाल ने शुक्रवार को नामांकन किया। सपा प्रत्याशी ने दो सेट में अपना नामांकन दाखिल किया। विदित हो कि समाजवादी पार्टी ने तिर्वा विधानसभा सीट से पूर्व मंत्री विजय बहादुर पाल के पुत्र अनिल पाल को अपना प्रत्याशी घोषित किया था। अनिल पाल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन दो सेटों में दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के उपरान्त अनिल पाल ने मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि जनता उन्हे अपना प्रतिनिधि अवश्य चुनेगी और प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार भी बनेगी।

### 31 नामांकन पत्रों की हुई बिक्री

**कन्नौज।** विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया में भले ही प्रत्याशी अभी पीछे हैं लेकिन नामांकन पत्र खरीदने वाले उम्मीदवारों की संख्या कम नहीं हो रही है। शुक्रवार को 31 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई।

## क्विक न्यूज

### बीजेपी के सदर प्रत्याशी पर एफआईआर

**फर्रुखाबाद।** भाजपा के सदर प्रत्याशी मेजर सुनील दत्त पर आचार संहिता उलंघन के मामले में एफआईआर दर्ज की गयी है। कोतवाली फ्तेहगढ़ में दारोगा आनन्द शर्मा ने दर्ज की गयी एफआईआर में कहा है कि बीजेपी की सदर सीट के प्रत्याशी मेजर सुनील दत्त द्विवेदी बीते 27 जनवरी को दोपहर 2 बजे अपने 30-35 अज्ञात समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट से दुर्गा नारायण डिग्री कालेज फ्तेहगढ़ के बाहर तक हुजूम में एकत्रित होकर नारेबाजी की गयी। जिससे आचार संहिता का उलंघन तो हुआ ही साथ ही साथ कोविड प्रोटोकॉल भी टूटा। फ्तेहगढ़ कोतवाली पुलिस ने बीजेपी प्रत्याशी मेजर सुनील दत्त द्विवेदी सहित उनके 30-35 समर्थकों के खिलाफ 188, 269. 270 व महामारी अधिनियम की धारा 3 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जाँच दारोगा दलवीर सिंह को दी गयी है।

### डॉ. जितेन्द्र ने अमृतपुर विधानसभा से भरा पर्चा

**फर्रुखाबाद।** माँ श्रीमती कृष्णा देवी ;जिया का आशीष लेकर अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र से डॉजितेन्द्र यादव ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान आवास पर मौजूद सैकड़ों बुजुर्ग समर्थकों ने विजयी भव का आशीर्वाद दिया।अमृतपुर के लाल डॉजितेन्द्र यादव ने बड़ी ही सादगी के साथ शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इस दौरान समाजवादी युवजन सभा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव विकास यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख डॉ.सुबोध यादव भी साथ थे। डॉ.अनीता रंजन ने सभी के तिलक किया और नामांकन के लिए विदा किया। डॉजितेन्द्र यादव ने कलेक्ट्रेट जाकर पर्चा दाखिल किया।

### बसपा ने घोषित किए सभी सीटों पर प्रत्याशी

**फतेहपुर।** बहुजन समाज पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय ने आज जिले की सभी 06 सीटों के लिए प्रत्याशियो की अधिकृत घोषणा कर दी। जारी सूची में जहानाबाद सीट से पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय बिंदकी से सुशील कुमार पटेलए फ्तेहपुर सदर से अयुब अहमदए अयाह शाह से चंदन सिंह उर्फ चंदन पालए हुसैंगंज से फरीद अहमदए खागा सुरक्षित से दशरथ लाल सरोज को प्रत्याशी बनाया गया है।

### दुर्घटना में सपा नेता की सास व साले समेत तीन की मौत

**फतेहपुर।** सपा नेता आबिद हसन की गाड़ी आज शाम रायबरेली जनपद के गुरुबक्सगंज के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गईए जिसमें सवार आबिद के साले कामरानए उनकी सास जिया खुर्शीद एवं एक अन्य की दर्दनाक मौत हो गई। सभी शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर विच्छेदन हेतु भेज दिया है। वहीं कुछ लोगों के घायल होने की भी खबर है।

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर धमकी

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला शुक्रवार सुबह शौच के लिए खेतों की ओर गई थी। गांव के ही युवक ने महिला का पीछा किया। गांव के बाहर बाग के पास पहुंचते ही युवक ने महिला का हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की और उसे बाग में खींचने लगा। विरोध करने पर युवक ने तमंचा दिखाकर महिला को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। महिला के शोर मचाने पर युवक मौके से भाग गया। महिला ने नामजद युवक के खिलाफतहरीर दी।

### मारपीट में मां-बेटा घायल

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** गांव उम्मरपुर निवासी नफीस खां का पांच वर्षीय पुत्र शादाब गुरुवार शाम घर के बाहर बच्चों के साथ खेल रहा था। खेल खेल में बच्चों में विवाद हो गया। जानकारी पर पहुंचे गांव के युवक ने शादाब को पकड़कर मारपीट करना शुरू कर दिया। शादाब को बचाने आई मां नाजिमा को भी लाठी डंडों से पीटा। मारपीट में नाजिमा व शादाब घायल हो गए। नाजिमा ने गांव के ही दो लोगों के खिलाफतहरीर दी।.

### मजदूरी मांगने पर युवक से अभद्रता

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** कोतवाली कायमगंज के गांव रशीदपुर मई निवासी रामधनी कठेरिया ने गांव कुतुबुद्दीनपुर निवासी दो युवकों के आलू की खोदाई कराने को मजदूरों का ठेका लिया था। आलू की खोदाई के बाद युवकों ने रुपये एक दो दिन में देने की बात कही थी। रामधनी ने शुक्रवार युवकों के घर जाकर 11,400 रुपये का तकादा किया। युवकों ने रुपये देने से मना कर रामधनी को गाली गलौज कर भगा दिया। विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो गए। रामधनी ने दो नामजद लोगों के खिलाफतहरीर दी।.

### अभद्रता करने पर युवकों के खिलाफ तहरीर

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** गांव बेग में जिला पंचायत द्वारा नाला का निर्माण किया जा रहा है। गांव के ही नामजद लोगों ने महेंद्र सिंह के खेत में जबरन नाला की खोदाई कराने का प्रयास किया। महेंद्र सिंह ने बिना नापजोख कराए खेत में नाला की खोदाई किए जाने पर आपत्ति की। जिस युवक गाली गलौज कर मारपीट करने पर आमादा हो गए। महेंद्र सिंह ने गांव के ही निवासी तीन नामजद व चार पांच अज्ञात लोगों के खिलाफतहरीर दी।

### अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, आरोपी को दबोचा

**मोहम्मदाबाद फर्रुखाबाद।** कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम ने शराब फैक्ट्री सहित एक आरोपी को दबोच लिया। पकड़े गये शराब माफिया पर पहले से हुई कई मामले दर्ज है कोतवाल दिलीप कुमार बिंद व एसओजी प्रभारी बलराज भाटी ने ग्राम छोटा कच्चपुरा से संजीव शाक्य को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 10 प्लास्टिक की जरीकेन, 500 लीटर रेक्टिफायर स्प्रिट 40 देशी शराब के पौवे, 350 देशी शराब के खाली पौवे, 500 जिन्दा ढक्कन बब्बर शेर ब्रांड के 432 लेबल व तलाशी 200 रूपये बरामद किये। आरोपी के ऊपर थाना मऊदरवाजा में धोखाधड़ी, आबकारी अधिनयम, नशीले पदार्थ आदि के कई मामले दर्ज है। पकड़े गये माल की कीमत पुलिस के अनुसार लगभग 7 लाख रूपये आंकी गयी है।

### देश की रक्षा के लिए वीर जवानों ने दी प्राणों की आहुति: नवाब सिंह

**कन्नौज।** आज हम भारतवासी अपने घरों में चैन की नींद तब ले पाते है जब हमारे वीर जवान -20 डिग्री में अपने देश की सीमा पर सीना ताने खड़े रहते है देश पर जब जब दुश्मन देश ने हमला किया तब तब हमारे जांबाज सैनिकों ने अपने प्राण की परवाह किये बिना देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उक्त उद्गार शुक्रवार को चौधरी चन्दन सिंह महाविद्यालय में आजादी अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्रबन्धक नवाब सिंह यादव ने शहीदो की वीरता का गुणगान करते हुए व्यक्त किये। इससे पूर्व शहीदों को याद में अलग अलग नाटक गायन के माध्यम से छात्र छात्राओं ने शहीदों की वीरता का वर्णन किया। इस मौके पर एनसीसी की 59 बाहिनी के लेफ्टिनेंट कर्नल अविनाश शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए शहीदो को नमन किया। इस दौरान शहीद जवानों के परिजनों को सम्मानित किया गया। इस मौके अनुराग मिश्रा, डा. रामदेव बाजपेयी, डा. आरती वर्मा, पुनीत दुबे, सोनी कटियार, दिलीप गुप्ता, प्रो उमेश चन्द्र आदि मौजूद रहे।

### सचिव ने किया जिला कारागार का वर्चुअल निरीक्षण

**फ्तेहपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश के दिशा निर्देशन में जिला कारागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अनुराधा शुक्ला ने ऐप के माध्यम से वर्चुअल बैठक की। बैठक में जेल अधीक्षक मो0 अकरम खान, जेलर संजय चन्द्र, अंजनी कुमार डिप्टी जेलर उपस्थित रहे। सचिव ने जिला कारागार का वर्चुअल निरीक्षण किया गया। इस मौके पर उन्होंने कैदियों से बात भी की। जिसमें बंदियों ने बताया कि उनको घरवालों से बात होती है। अपील के विषय में सिद्धदोष बंदियों से बात की गई और सचिव द्वारा बंदियों को कोविड-19 से बचाव के बारे मे अवगत कराया।

### बंदरो को भगाने का चला अभियान

**चौडगरा ( फतेहपुर )।** मलवा विकास खंड के जलाला में बंदरो से परेशान ग्रामीणों ने युवाओं संग मिलकर बंदरो को खदेड़ने का अभियान चलाया। सुबह से घंटो छतों ,गलियों में बंदरो को भगाते रहे।जलाला में बंदरो का आतंक है। वानर सेना घर, छतों से समान, वस्तुएं तक उठा ले जाते है।

## बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण संपन्न



संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात

**स्थानीय** तहसील सभागार में शुक्रवार को बार एसोसिएशन भोगनीपुर का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें नव नियुक्त पदाधिकारियों को ईमानदारी से कार्य करने की शपथ दिलायी गई। एकीकृत बार एसोसिएशन माती कानपुरदेहात के अंकज मिश्रा एवं संयत लाल यादव ने उपजिलाधिकारी ने अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, उपाध्यक्ष शिवसिंह यादव, महामंत्री अतरसिंह, संयुक्तमंत्री जयनंदन निषाद, कोषाध्यक्ष सतेंद्र सिंह यादव, पुस्कालय अध्यक्ष विजय सचान एवं आडिटर शोभित मल्होत्रा को शपथ दिलाई। अधिवक्ता जमीरूल हसन, जीतेंद्र सचान, नरेंद्र पाल सिंह, धर्म सिंह, शीतल प्रसाद, लक्ष्मी नारायण, कल्यान सिंह, अशोक पोरवाल, बालक राम पाल, राम विलास पाल, रामजन्म सिंह, शिव मोहन सिंह, पुष्कल पराग दुबे मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद में युवक को मारपीट कर किया घायल

**कन्नौज।** युवक को अपनी ही जमीन पर दूसरे लोगों को घूरा डालने से मना करना उस समय महंगा पड़ गया। जब आरोपितों ने अभद्रता करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम पाल नगर निवासी रजनीश कुमार पुत्र रामनाथ द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि शुक्रवार को उसके खाली पड़े प्लाट पर गांव के ही एक व्यक्ति घूरा डाल रहा था। उसके द्वारा मना करने पर उक्त व्यक्ति ने अपने दो पुत्रों के साथ उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## छिबरामऊ विधानसभा

# बदल सकते हैं चुनावी समीकरण ताहिर पर टिकी नजर

### ● कांग्रेस ने अभी घोषित नहीं किया है प्रत्याशी

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**पूरे** प्रदेश में विधान सभा चुनाव को लेकर राजनैतिक सरगर्मियों का डंका बज रहा है और हर दल अपनी-अपनी जीत को पक्का मानकर सत्ता में पहुंचने का दावा कर रहा है। लेकिन सीट बंटवारे को लेकर जगह-जगह चल रही उठापटक से जीत हार के समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं। यही हाल छिबरामऊ विधान सभा सीट का भी है। यहां भाजपा ने विजयी प्रत्याशी पर दांव लगाया है। तो सपा ने भी पुराने चेहरे को मैदान में उतारा है। जबकि बसपा ने नये महिला चेहरे को प्राथमिकता दी है। जबकि कांग्रेस, एमीम सहित अन्य दलों ने अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए है। जिससे लोगों में चुनावी चर्चाएं तेज हैं। बताते चलें कि छिबरामऊ विधान सभा से सपा की सीट पर दावेदारी को लेकर खासी गहमागहमी लंबे समय से चल रही थी। जिसमें सपा से पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी और अरविंद सिंह यादव टिकट की दावेदारी को लेकर मैदान में थे। लेकिन सपा हाईकमान ने पुराने चेहरे को वरीयता दी। तो एक खेमा नाराज हो गया और यह नाराजगी इस कदर बढ़ी कि विरोध के स्वर मुखर हो गए। जिसने छिबरामऊ विधानसभा चुनाव में नए समीकरणों को जन्म दे दिया। हालांकि सपा और भाजपा में काटे की टक्कर मानी जा रही थी। वहीं बसपा सुप्रीमों द्वारा पूर्व विद्यायक की बहू एवं पूर्व चेयरमैन की पत्नी बहीदा वानों जूही को बसपा की टिकट देकर चुनाव को त्रिकोणीय कर दिया। वही कांग्रेस व एमीम सहित अन्य दलों द्वारा प्रत्याशी घोषित न किए जाने पर लोगों में कई नामों को लेकर चर्चा बनी हुई है। आने वाले प्रत्याशी भी विधानसभा चुनाव में रोमांच पैदा कर सकते हैं। जिससे माना जा रहा है कि चुनावी समीकरण में बदलाव हो सकता है। हालांकि समर्थक अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत का दावा कर रहे हैं। देखना यह है कि जीत किस पार्टी के हिस्से में आयेगी।

## आयुष रक्षा किट से कोरोना को देंगे मात

संवाददाता। फतेहपुर

**आयुष** रक्षा किट में शामिल आयुर्वेदिक दवाओं का सेवन कर फ्रंटलाइन वर्कर व मतदानकर्मी अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ायेंगे। इसके लिए आयुष विभाग की ओर से उन्हें आयुष रक्षाकिट का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 सुधीर रंजन ने बताया कि फ्रंटलाइन वर्कर व चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों को 'आयुष रक्षा किट' प्रदान करने की तैयारी शुरू कर दी गयी है। जल्द ही यह उन्हें उपलब्ध करा दी जाएगी।

इस संदर्भ में डॉ0 सुधीर रंजन ने बताया कि निदेशक आयुर्वेद प्रो0 एसएन सिंह ने हाल ही में सभी क्षेत्रीय आयुर्वेद अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक में निर्देश दिया है कि सभी फ्रंटलाइन वर्कर व चुनाव ड्यूटी में लगने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को आयुष रक्षा किट प्रदान की जाए। इस निर्देश के बाद सम्बन्धित विभागों से कर्मियों की सूची मंगायी गयी है। सूची प्राप्त होते ही आयुष रक्षा किट का वितरण शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयुष रक्षा किट में शामिल आयुर्वेदिक दवाओं के सेवन से रोग प्रतिरोधक क्षमता तो बढ़ेगी ही साथ ही यह कोरोना के उपचार में भी काफी कारगर है। कोरोना के कारण होम आइसोलेशन में रहने वाले मरीजों के लिए भी आयुष रक्षा किट काफी लाभदायक है।आयुष रक्षा किट में शामिल सामग्री: च्यवनप्राश-180 ग्राम, आयुष काढ़ा-100 ग्राम, संशमनी बटी-30 ग्राम, अणु तेल-10 मिली, इस तरह इस्तेमाल करें डॉ0 सुधीर रंजन के अनुसार आयुष रक्षा किट में शामिल च्यवनप्राश को एक चम्मच दिन में एक बार लेना चाहिए। जबकि आयुष काढ़ा के तीन ग्राम को 150 मिली ग्राम पानी में उबालने के बाद उसे छानकर सेवन करना चाहिए। संशमनी बटी के दो टेबलेट दिन में दो बार गर्म पानी के साथ लेना चाहिए। अणु तेल का दो ड्राप नाक में दो बार डालना चाहिए।

### प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिये 4 फरवरी तक करें आवेदन

**फतेहपुर।** प्रमुख सचिव के प्रशासनिक सुधार अनुभाग-02 आदेश के क्रम में जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि सरकार द्वारा दिये जाने वाले प्रधानमंत्री पुरस्कार वर्ष 2021 हेतु वेबसाइट पोर्टल पर पंजीकरण की अंतिम तारीख 19 जनवरी थी। जिसे बढ़ाकर वेबसाइट पोर्टल पर पंजीकरण तिथि 04 फरवरी तक कर दी गयी है।

प्रधानमंत्री पुरस्कार वर्ष 2021 हेतु पोर्टल पर 04 फरवरी तक आवेदन किये जा सकते हैं। पुरस्कार हेतु वेबसाइट पोर्टल पर अंतिम तिथि से पूर्व पंजीकरण कराते हुए औचित्यपूर्ण प्रस्ताव अपलोड किया जा सकता है।

## गर्भवती व धात्री का कोविड टीकाकरण जरूरी, सभी निभाएं अपनी जिम्मेदारी

संवाददाता। फतेहपुर

**कोविड** टीकाकरण आम लोगों की तरह ही गर्भवती व धात्री माताओं के लिए भी बहुत ही जरूरी है। गर्भवती के लिए तो यह इसलिए भी अधिक जरूरी है क्योंकि उनके खुद के साथ गर्भ में पल रहे शिशु की सुरक्षा भी जो उनसे जुड़ी है। गर्भवती व धात्री माताओं की बेहतर देखभाल के लिए घर-परिवार के सदस्य भी बराबर उनके निकट संपर्क में होते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा के लिए भी गर्भवती का कोविड टीकाकरण जरूरी है। प्रसव पूर्व जांच व अन्य गतिविधियों और प्रसव के दौरान चिकित्सक, एएनएम, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी उनके संपर्क में आते हैं। इस लिहाज से गर्भवती व धात्री महिलाओं के साथ ही कई अन्य की भी कोविड से सुरक्षा की दृष्टि से गर्भवती का टीकाकरण बहुत जरूरी हो जाता है। सीएमओ डॉ0 राजेंद्र सिंह का कहना है कि कोविड का टीका गर्भवती व गर्भ में पल रहे बच्चे के लिए पूरी तरह सुरक्षित व कारगर है, इसके लिए केंद्र सरकार की गाइडलाइन भी आ चुकी है इसलिए कोविड टीके को लेकर किसी भी तरह के भ्रम में न पड़ें। गर्भवती को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने में घर-परिवार के बड़े बुजुर्ग समेत मातृ स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम की गतिविधियां सहायक बन सकतीं हैं। गर्भधारण का पता चलने पर आशा कार्यकर्ता, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता व पोषण दिवस पर उपस्थित महिलाएं, हर माह की 09 तारीख को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी, खुशहाल परिवार दिवस, अंतराल दिवस और गोदभराई जैसी सामुदायिक गतिविधियों के दौरान घर-परिवार व समुदाय की महिलाएं गर्भवती को कोविड टीकाकरण के लिए प्रेरित कर सकतीं हैं। उनको यह भी बताना जरूरी है कि गर्भावस्था के दौरान रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्युनिटी) कमजोर पड़ जाने के कारण भी संक्रामक बीमारियों की चपेट में आने की आशंका बनी रहती है इसलिए खुद के साथ अन्य की सुरक्षा के लिए वह जल्द से जल्द कोविड टीकाकरण करा लें। स्कूलों में चल रहे किशोर-किशोरियों का कोविड टीकाकरण इसका बड़ा उदाहरण है कि शिक्षकों व अन्य के प्रेरित करने से बहुत ही कम समय में बड़ी तादाद में किशोर-किशोरियों का टीकाकरण किया जा चुका है इसलिए सभी लोग ठान लें तो शत-प्रतिशत गर्भवती का भी कोविड टीकाकरण कम समय में ही पूरा किया जा सकता है।

## मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने को करें सम्पूर्ण व्यवस्थाएं: डीएम

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 हेतु लायन आर्डर के सम्बन्ध में कलेक्टेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई, बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में विधान सभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न करने हेतु अपने -अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर सम्पूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे तथा मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण अवश्य कर ले तथा वहां सम्पूर्ण व्यवस्थाएं दुरस्त कर ली जाये, जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कही भी अवैध शराब न बेची जाये तथा अवैध शस्त्र भी किसी के पास न रहे, इसके लिए संघन चेकिंग की जाये तथा कोई अराजकतत्व न फैलाये इसके लिए सम्पूर्ण व्यवस्थाएं दुरस्त कर ले, उन्होंने कहा कि क्रिटिकल बूथों पर भी जाकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा अवश्य ले। वहीं पुलिस अधीक्षक स्वप्निल ममगई ने कहा कि विधान सभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल तरीके से निष्पक्ष कराने के लिए फोर्स पूरी तरीके से तैयार है तथा मतदाता निडर होकर मतदान करें। जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अपनी टीमों को सक्रिय कर अवैध शराब बेचे जाने पर पूरी तरह से नजर रखे, कही किसी प्रकार की लापरवाही न होने पाये। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन गरिमा सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### अधिकारी पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु व्यवस्थाएं करें पूरी

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जगदम्बा प्रसाद गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पोस्टल बैलेट से मतदान के सम्बन्ध में विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की, बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शत प्रतिशत मतदान कराने हेतु निर्देश दिये गये है। ऐसे मतदाता जो मतदान दिवस के दिन आवश्यक कार्य में लगे होने के कारण वोट नही डाल पाते उन्हें पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने पहली बार दिव्यागों व 80 वर्ष से अधिक आयु वाले वृद्ध जनो को पोस्टल बैलेट से मतदान कराया जायेगा। वहीं जनपद में 9072 दिव्यांग एवं 80 वर्ष से ऊपर के 28495 मतदाता है जो पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकते है। वही निर्वाचन कार्यो व अन्य कार्यों में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों व सुरक्षा कर्मियों, पत्रकारों के मतदान पोस्टल बैलेट से होना है, इसके लिए सम्पूर्ण व्यवस्था कर ली जाये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एके सिंह, जिला सूचना अधिकारी नरेन्द्र मोहन आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जिला मजिस्ट्रेट ने किया अधिग्रहित

**कानपुर देहात।** जिला मजिस्ट्रेट जितेन्द्र प्रताप सिंह ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल, स्वतंत्र तथा निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने हेतु जनपद में अवस्थित विधान सभा क्षेत्र 205 - रसूलाबाद (अ0जा0), 206 - अकबरपुर रनियां, 207 - सिकन्दरा तथा 208 - भोगनीपुर विधानसभा क्षेत्रों में दिनांक 20.02.2022 को मतदान सम्पन्न होना है। उक्त विधानसभा के अन्तर्गत स्थापित सभी मतदेय स्थलों के भवनों परिसर फर्नीचर आदि को जिला मजिस्ट्रेट कानपुर देहात ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये सभी भवनों, परिसर तथा फर्नीचर आदि को तत्काल प्रभाव से निर्वाचन सम्पन्न होने तक की अवधि तक के लिए अधिग्रहित कर लिया है, एवं एदद्वारा यह भी निर्देशित किया है कि मतदेय स्थल से सम्बन्धित सभी भवनों को सम्बन्धित अधिकारी गण दिनांक 15.02.2022 को सम्बन्धित उप जिलाधिकारी / तहसीलदार को सभी व्यवस्थाओं सहित उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। इस कार्य में शिथिलता न बरती जाये ।

## फोटोयुक्त पहचान पत्र मतदान के लिए जरूरी: डीएम

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी**/जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के संबंध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए, निम्नलिखित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा जो इस प्रकार है, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंको/ डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार 2- एपिक के सम्बन्ध में, लेखन अशुद्धि वर्तनी की अशुद्धि इत्यादि को नजर अंदाज़ कर देना चाहिये, बशर्ते निर्वाचक की पहचान म्व्प्ब् से सुनिश्चित की जा सके। यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो कि किसी अन्य विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे, बशर्ते उस निर्वाचक का नाम, जहां वह मतदान करने आया है।

# मौनी अमावस्या स्नान को लेकर मंडलायुक्त ने किया मेला क्षेत्र का निरीक्षण

- संगम नोज के विभिन्न स्थानों पर मेला प्राधिकरण द्वारा अनुमन्य नावों की रेट लिस्ट लगाने तथा किला घाट के निकट एक एडिशनल वॉच टावर एवं पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम की संख्या बढ़ाने के दिए निर्देश
- नाविकों से बोटिंग के दौरान श्रद्धालुओं को अनिवार्य रूप से लाइफ जैकेट्स पहनाने के निर्देश


निरीक्षण करते कमिश्नर संजय गोयल

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**माघमेले** के तृतीय स्नान पर्व मौनी अमावस्या के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों की समीक्षा के दृष्टिगत मंडलायुक्त संजय गोयल ने आज मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभागों द्वारा की गई तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए उन्होंने संगम नोज के विभिन्न स्थानों पर मेला प्राधिकरण द्वारा अनुमन्य नावों की रेट लिस्ट लगाने तथा किला घाट के निकट एक एडिशनल वॉच टावर एवं पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। यह निर्देश श्रद्धालुओं को नाविकों द्वारा ठगी से बचाने तथा किलाघाट की तरफ भ्रमण कर रहे श्रद्धालुओं की निगरानी बढ़ाने के दृष्टिगत लिए गए हैं। इसके अतिरिक्त जल पुलिस के अधिकारियों को सभी नाविकों से बोटिंग के दौरान श्रद्धालुओं को अनिवार्य रूप से लाइफ जैकेट्स पहनाने के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करवाने को भी कहा है। नाविकों द्वारा अनुपालन ना करने पर उनकी बोट सीज़ करने के निर्देश दिए हैं।

निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने मेले के विभिन्न सेक्टरों पर कोविड हेल्प डेस्क की संख्या बढ़ाते हुए संगम नोज के आसपास एक थर्मल स्कैनिंग सेंटर स्थापित करने के भी निर्देश दिए हैं। जिससे उनकी विजिबिलिटी और बेहतर हो सके एवं श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की कठिनाई न हो। साथ ही अधिक भीड़भाड़ वाले घाटों के समीप सफाई गैंग की संख्या बढ़ाकर कूड़ा उठाने के कार्य को और सक्रियता से करने के निर्देश दिए हैं। मंडलायुक्त ने घाटों पर हर हालत में पूर्ण सफाई सुनिश्चित करने को कहा है। मंडलायुक्त ने पब्लिक टॉयलेट कंपलेक्स का भी औचक निरीक्षण कर वहां कार्यरत सफाई कर्मियों से बातचीत की। शौचालयों में अपेक्षा अनुसार सफाई ना पाए जाने पर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सफाई कर्मियों को समय समय पर सफाई किट उपलब्ध कराने तथा सारे शौचालयों एवं यूरिनल्स को साफ रखने के निर्देश दिए हैं।मंडलायुक्त ने मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आई ट्रिपल सी वीविंग सेंटर एवं कोविड कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया तथा मेले में सुरक्षा एवं कोविड की दृष्टि से की जा रही कार्यवाही की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने पुलिस विभाग के तैनात अधिकारियों को मौनी अमावस्या के स्नान के दृष्टिगत और तन्मयता से एवं अन्य विभागों के अधिकारियों से बेहतर समन्वय बनाते हुए काम करने को भी कहा है।निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त रवि रंजन मेला अधिकारी अरविंद कुमार चौहान पुलिस अधीक्षक मेला राजीव नारायण मिश्रा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा नानक सरन उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### वैश्विक स्तर पर विकसित करने का लक्ष्य निर्धारितः दुबे

**प्रयागराज।** गुणवत्ता मानकों और उच्च संतुष्टि के साथ वैश्विक पेय कुल्हड़ के स्वाद और सुगंध को उत्साह के साथ फैला रहा है। कानपुर में नई शाखा की घोषणा करते हुए चाय सुट्टा बार ने नए आउटलेट की शुरूआत की है। शहर के लोग सुसंस्कृत मिलनसार और मेहमान नवाज स्वभाव के हैं। नया स्टोर गोयल अपार्टमेंट जागरण कॉलेज के सामने साकेत नगर कानपुर में शुरू हुआ है। स्वाद और सुगंध का स्वाद लेने के लिए मेनू पर विभिन्न प्रकार की चाय और खाद्य और पेय पदार्थों के साथ शहर की जनता का स्वागत करने के लिए खुला है। यह क्षेत्र रणनीतिक है क्योंकि यह प्रमुख सड़क मार्गों से जुड़ा हुआ है और शहर का एक प्रसिद्ध वाणिज्यिक केंद्र है। सह संस्थापक अनुभव दुबे ने कहा कि लोगों के प्यार के कारण संभव हुआ है। यह एक रोमांचक है और सब लोगों के कारण संभव हुआ है। इसे विश्व स्तर पर आजमाने और कुल्हड़ के माध्यम से भारत की मिट्टी की सुगंध का स्वाद चखने के मिशन पर हैं।

### देश ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली सफलताः अभय

**प्रयागराज।** मौजूदा समय में चल रहे चुनावी माहौल को लेकर कई बड़े कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड एबीएफआरएल की ओर से भारत का एक प्रमुख ज़बरदस्त कपड़ों के ब्रांड वैन ह्यूसेन ने पडरौना में अपने पहले ब्रांड आउटलेट के साथ शहर में अंतर्राष्ट्रीय फैशन को प्रस्तुत किया है। शहर के बीच स्थित स्टोर बेजोड़ कीमतों पर पुरुषों के लिए अंतराष्ट्रीय फैशन के विकल्पों की नवीनतम श्रृंखला है। अभय बहुगुणे मुख्य कार्यकारी अधिकारी वैन ह्यूसेन ने कहा पूरे देश में फैशन की क्रांति और अंतर्राष्ट्रीय फैशन को आम लोगों तक पहुँचाने के मामले में सबसे आगे रहे हैं। पडरौना में यह स्टोर राज्य में उपस्थिति को और भी बढ़ाने में मदद करेगा। छोटे शहरों में इसकी काफी माँग है और हमें बहुत अच्छी प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है। ऐसे शहरों में ब्रांड को कम कीमतों पर अधिक सुलभ बनाने की तैयारी कर रहे हैं।

### बिना अनुमति कट रहे हरे पेड़

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** नगर के पूर्बी छोर पर स्थित त्रिलोक नाथ स्नातकोत्तर महाबिधालय के परिषर मे स्थिति कई हरे पेडो कोअनावश्यक रूप से नियम विरूद्ध काट दिया गया है इस आशय की शिकायत नगर निवासी हाई कोर्ट के अधिवक्ता युगल कृष्ण अग्रवाल ने उप जिलाधिकारी टाण्डा से किया है।शिकायती प्रार्थना पत्र मे दर्शाया गया है किउक्त पेडो से परिषर मे स्वास्थ्य लाभ लेने हेतुतमाम लोग सुबह टहलने जाते है। उक्त पेडो से अनकूल पर्यावरण बना रहता था। पेडो के कट जाने से उक्त स्थान मैदान हो गया है जिससे वहा की सुन्दरता व भव्यता समाप्त हो गयी है। पेडो के काटने के विरुद्ध कार्यवाही की मांग किया है। उक्त आशय की शिकायत वन अधिकारी एव प्रभारी निरीक्षक कोतवाली टाण्डा से भी किया गया है।

### देशी तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान में संदिग्ध व्यक्ति, संदिग्ध वाहन व होटल, ढाबा एवं रात्रि गश्त के लिए उप निरीक्षक अनंत लाल अपने हमराही सिपाहियों के साथ रात करीब 2:30 बजे आनंद नगर चौराहे से नरहरपुर रोड पर निकले थे। तभी एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा जिससे पुलिस वालों ने घेर कर पकड़ लिया।पूछताछ में उसने अपना नाम देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फदीपू सिंह पुत्र सरोज कुमार सिंह निवासी बरई का पूरा थाना महरुआ बताया। युवक से तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस आरोपी के खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया। अभियुक्त अपराधी किस्म का व्यक्ति है। जिसके खिलाफहत्या, लूट, हत्या का प्रयास, गैंगस्टर समेत अन्य गंभीर धाराओं में पूर्व में कार्यवाही विभिन्न थानों में की जा चुकी है।

### भाजपा नेता की मोटर साइकिल चोरी

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** शादी समारोह में शामिल होने आए भाजपा युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष की मोटरसाइकिल बीते गुरुवार की रात्रि में चोरी होकर चली गयी। अध्यक्ष ने कोतवाली पुलिस को अज्ञात के विरुद्ध तहरीर देकर आवश्यक कार्यवाही करने की माँग की है। टाण्डा कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना क्रम के अनुसार युवा नगर मोर्चा नगर अध्यक्ष मनोज कुमार यादव पुत्र राम अचल यादव निवासी मोहल्ला मुबारकपुर टाण्डा जो बीते गुरुवार की रात्रि में नगर के मोहल्ला नेहरूनगर में स्थित आशीष विश्वकर्मा के घर पर शादी समारोह में भाग लेने आये थे और घर के बाहर अपनी मोटरसाइकिल हीरो एच एफडीलक्स न0 ई पी 45 ए सी 9606 खड़ी किये थे जब समारोह से बाहर निकले तो मोटरसाइकिल गायब थी। मनोज यादव द्वारा काफी देर तक अपनी गाड़ी का खोजबीन किया गया लेकिन गाड़ी का कोई पता नहीं चल सका। जिसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना डायल 100 को दी। डायल 100 ने भी काफी खोजबीन कराया उसके पश्चात कोतवाली टांडा पुलिस को सूचना दी गई खोजबीन करने के बाद भी गाड़ी का पता नहीं चल सका। मामले में मनोज यादव ने कोतवाली टांडा पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। कोतवाली टांडा पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

### डाक्टर व कोतवाल टाण्डा के बीच हुए विवाद का एसडीएम ने किया पटाक्षेप

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर व कोतवाल टाण्डा के बीच के विवाद का पटाक्षेप आज उपजिलाधिकारी टाण्डा बाबूराम द्वारा अपने चेम्बर में स्वास्थ्य विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त बैठक कर माफी तलाफी के बाद मामले का पटाक्षेप कराया। बीते मंगलवार को किसी अभियुक्त की डॉक्टरी परीक्षण को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ गौहर व कोतवाल टाण्डा विजेंद्र शर्मा के बीच मोबाइल फोन पर कहा सुनी हुई थी जिसमे चिकित्सक ने कोतवाल टाण्डा पर अभद्र भाषा के प्रयोग का आरोप लगाते हुए जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी को शिकायत भेजी और इस मामले को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टाण्डा के सभी चिकित्सक लाम बन्द होकर टाण्डा कोतवाली से भेजे गए शांति भंग की आशंका के आरोपियों का मेडिकोलीगल करने से इनकार कर दिया बीते गुरुवार को टाण्डा कोतवाली से भेजी गई आरोपियों के साथ मजरूबी चिट्ठी पर कोई मेडिकोलीगल नही किया। जबकि शांति भंग की आशंका की चालानी रिपोर्ट व आरोपी सभी उपजिलाधिकारी न्यायालय में ही पेश किए जाते है।एस डी एम बाबू राम ने जानकारी होते ही आज शुक्रवार को सबसे पहला काम यही किया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों व क्षेत्राधिकारी टाण्डा संतोष कुमार व कोतवाल टाण्डा विजेंद्र शर्मा को तलब कर अपने चेंबर में मामले को सुलझाया। उपजिलाधिकारी ने पूछने पर बताया कि सभी विभाग एक दूसरे के पूरक हैं।एस डी एम होने के नाते मेरी जिम्मेदारी बनती है कि मामले को निपटाया जाए उन्होंने कहा कि कोतवाल टाण्डा द्वारा माफी मांगने के बाद मामले का पटाक्षेप हो गया।

# पारंपरिक ज्ञान और सांस्कृतिक मूल्यों को समावेशित करने की आवश्यकताः प्रो दुबे

- कुलाधिपति और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने ऑनलाइन किया विश्वविद्यालय उपाधि डिजीलॉकर का उद्घाटन
- मोनिका पाण्डेय को मिला कुलाधिपति स्वर्ण पदक


मोनिका पांडेय को उपाधि देते कुलपति प्रो. दुबे और कुलपति प्रो. सीमा सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**उत्तर प्रदेश** राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय का 16 वां दीक्षान्त समारोह शुक्रवार को सरस्वती परिसर स्थित अटल प्रेक्षागृह में आयोजित हुआ। समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि गुजरात गांधीनगर से आए कुलपति प्रो रमाशंकर दुबे एवं मुविवि की कुलपति प्रो सीमा सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। दीक्षान्त समारोह में कुलाधिपति स्वर्ण पदक क्षेत्रीय अध्ययन केन्द लखनऊ की एमए योग की छात्रा मोनिका पाण्डेय को दिया गया। विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक स्नातकोत्तर वर्ग में विद्या शाखाओं के छह टापर्स को दिया गया। दीक्षान्त समारोह में विभिन्न विद्या शाखाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों को 21 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। जिनमें 10 स्वर्ण पदक छात्रों तथा 11 स्वर्ण पदक छात्राओं को दिये गये। दीक्षान्त समारोह में सत्र दिसम्बर 2020 तथा जून 2021 की परीक्षा के सापेक्ष उत्तीर्ण लगभग 19151 हजार शिक्षार्थियों को उपाधि प्रदान की गयी। जिसमें 11225 पुरूष तथा 7926 महिला शिक्षार्थी हैं। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने राजभवन से वर्चुअल तौर पर की। मुख्य अतिथि प्रो रमाशंकर दुबे कुलपति गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय गाँधीनगर ने दीक्षान्त भाषण देते हुए कहा कि शिक्षा आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण का एक सशक्त माध्यम है। भारत को हर क्षेत्र में समृद्ध बनाने के लिए उच्च शिक्षा एक अनिवार्य कारक है। उच्च शिक्षा के स्तर से ही समाज की स्थिति एवं उसकी उन्नति का पता चलता है।

वर्तमान उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए भारत के पारंपरिक ज्ञान एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सहेज कर समावेशित करने की आवश्यकता है। शिक्षण संस्थाओं की पहचान में गुणवत्तायुक्त और नवाचारयुक्त शोध का बहुत महत्व है। शोध एवं अन्वेषण के फलस्वरुप ही कृषि विज्ञान चिकित्सा प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति आई है। उन्होंने छात्रों को मूल मंत्र देते हुए कहा कि शिक्षा जीवन पर्यंत जारी रहने वाली सारस्वत प्रक्रिया का नाम है। प्रो दुबे ने कहा कि कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। ऐसे में सफलता अवश्य मिलेगी।दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता कर रहीं कुलाधिपति और प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने दीक्षान्त समारोह में राजभवन से ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर विश्वविद्यालय उपाधि डिजीलॉकर का ऑनलाइन उद्घाटन किया। कुलपति प्रो सीमा सिंह ने कहा कि शिक्षा के प्रसार तथा कार्यक्रमों की गुणवत्ता उन्नयन हेतु विश्वविद्यालय कृत संकल्पित है। इस दिशा में प्रयास करते हुये आगामी सत्र से डिजिटल लिटरेसी कर्मकाण्ड तथा ज्योतिष तथा दिव्यांगों के सशक्तिकरण हेतु आटिज्म स्वालीनता जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों में शैक्षिक कार्यक्रम संचालित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने तकनीकी संसाधनों का आधुनिकीकरण करते हुए वेबसाइट को एक नया स्वरूप देकर इसे स्टूडेन्ट फ्रेन्डली बनाया है। डिग्री डिजीलॉकर विकसित कर उसे लाइव करने की व्यवस्था की गई है। दीक्षान्त समारोह का संचालन प्रो विनोद कुमार गुप्ता एवं डा श्रुति ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में भारत स्काउट एण्ड गाइड इण्टर कालेज के स्काउट छात्रों को पुस्तक एवं बैग दिया गया। दीक्षान्त समारोह का ऑफलाइन के साथ ही ऑनलाइन संचालन किया गया। विश्वविद्यालय के 12 क्षेत्रीय केन्द्रों एवं 1200 अध्ययन केन्द्रों पर यू ट्यूब के माध्यम से दीक्षांत समारोह का सजीव प्रसारण भी किया गया।

## प्रियंका सिंह को विज्ञान विद्याशाखा से मिला विवि स्वर्ण पदक

**प्रयागराज।** दीक्षान्त समारोह में मानविकी विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक गौतमबुद्ध महाविद्यालय फूलपुर अध्ययन केन्द्र के एमए अंग्रेजी के छात्र राजेश कुमार ओझा समाज विज्ञान विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक उपरदहा डिग्री कालेज अध्ययन केन्द्र के एमए समाजशास्त्र के छात्र अमरदीप तिवारी और प्रबन्धन अध्ययन विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक शिवहर्ष किसान पीजी कालेज बस्ती अध्ययन केन्द्र के एमकाम की छात्र विशाल कुमार ठकुराई शिक्षा विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक हरीश चन्द्र पीजी कालेज वाराणसी अध्ययन केन्द्र के एमए शिक्षाशास्त्र की छात्रा प्रियंका सिंह विज्ञान विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक जीएसए कालेज ऑफएजूकेशन आगरा अध्ययन केन्द्र के एमएससी बायोकेमिस्ट्री की छात्रा वारिशा कादरी तथा स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक क्षेत्रीय अध्ययन केन्द लखनऊ की छात्रा मोनिका पाण्डेय को दिया गया। इसी तरह स्नातक वर्ग में विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक विद्या शाखाओं के 06 टापर्स को दिया गया। वहीं अंकिता यादव विवेक यादव कुशाग्र पटेल रजत कुमार राय नवल किशोर पाण्डेय काजल जायसवाल को पदक दिए गए।

# समाजसेवी को डीएम व एसपी ने प्रशास्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर



**समाज सेवा** का जुनून एवं समाज के लिए कुछ अलग करने की स्वप्न को साकार करने के लिए अकेले कर्तव्य पथ पर सच्ची सेवा भावना के साथ चलकर युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बने युवा समाजसेवी शरद यादव ने को नया आयाम एवं युवाओं को समाज सेवा के लिए नई सोच पैदा की। आर्थिक तंगी से जूझ रहे लाकडाउन के दौरान परेशान लोगों के दुख दर्द को कम करने के लिए शरद यादव ने स्थानीय प्रशासन का सहयोग करते हुए राशन किट के साथ आर्थिक तंगी से जूझ रहे 21 परिवारों की बेटियों के हाथ पीले कराते हुए एक अलग पहचान अर्जित की। सामाजिक दायरा को और बढ़ाते हुए शरद यादव ने पुलिस अधीक्षक अंबेडकरनगर आलोक प्रियदर्शी तथा स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर 26 परिवारों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए उनके बच्चों को उच्च कोटि की शैक्षणिक संस्थान में दाखिला कराते हुए पढ़ाई कराने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेते हुए अनोखा समाजिक परिवर्तन की अलख जगाई।उनके इस कार्य से सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रहे समाजसेवियों के सोच को बदल कर रख दिया वही अनेक संस्थाओं ने प्रभावती कैलाश चौरेटिवल ट्रस्ट के नक्शे कदम पर चल कर समाज को उन्नत एवं अग्रसर बनाने के लिए हुंकार भरी।प्रभावती कैलाश चौरेटवल ट्रस्ट द्वारा जिले में किये गये उत्कृष्ट कार्यों से स्थानीय प्रशासन भी अछूता न रहा। स्थानीय प्रशासन ने प्रभावती कैलाश चौरेटवल ट्रस्ट द्वारा किए गए कार्यों का आकलन करते हुए समाजसेवी शरद यादव को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन तथा पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर यह सम्मान युवा समाजसेवी एवं क्षेत्र के लिए एक नए एवं विकसित मशीनरी को खड़ी कर दी। उत्साह से भरे युवा समाजसेवी के साथ कार्य कर रहे लोगों ने स्थानीय प्रशासन के प्रति आभार जताते हुए अपने सामाजिक दायरे को बढ़ाने का संकल्प लिया।

# एक को छोड़कर सभी दल बदलुओं को मिला टिकट भाजपा ने भी एक प्रत्याशी किया घोषित

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**टाण्डा विधान** सभा क्षेत्र में अभी समाजवादी पार्टी व भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपने अपने प्रत्याशियों की घोषणा न होने से शोशल मीडिया पर एक तरफ फेंक न्यूज का सिलसिला जारी है। वहीं समर्थकों द्वारा अपने लोगों को प्रत्याशी बनाये जाने की अफवाह भो गर्म है। जिस पर अभी विराम नही लग पा रहा है। वह विराम भी पार्टियों की अधिकृत घोषणा के बाद ही लगना संभव है।

एक तरफसमाजवादी पार्टी ने बीते गुरुवार को जिले की आलापुर, जलालपुर, अकबरपुर, कटेहरी विधान सभा क्षेत्रों से अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी। वहीं जारी सूची में टाण्डा के प्रत्याशी न घोषित होने से तरह तरह की अफवाहों ने जन्म लेना शुरू कर दिया। कल तक यह अफवाह थी कि सपा का टिकट किछौछा नगर पंचायत की चेयरमैन शबाना खातून व स्व. विधायक अजीमुलहक पहलवान के पुत्र मुसाब अजीम के बीच मे फंसा है। जिसकी घोषणा देर रात्रि तक हो जायेगी लेकिन आज शुक्रवार को भी घोषणा नही हुई और शुक्रवार को शोशल मीडिया पर दोपहर बाद एकायक अकबरपुर विधान सभा के पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री राम मूर्ति वर्मा के प्रत्याशी बनाये जाने की अफवाह को सच माना जा रहा है। जब कि पार्टी की अधिकृत फेसबुक पर कहीं कोई नाम नही आया। जबकि वहीं पर मुसाब अजीम अपने को समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी बनाये जाने हेतु काफी आश्वस्त दिखाई पड़े।दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी ने भी अभी टाण्डा में अपने पत्ते नही खोले। आज शुक्रवार को जिले की एक सीट मात्र जलालपुर विधान सभा क्षेत्र से सुभाष राय की ही घोषणा हुई। जिसके बाद से भाजपा में भी अफवाहों का बाजार गर्म है। जिसमे सिटिंग विधायक संजू देवी के समर्थक उन्हें ही पुनः प्रत्याशी बनाये जाने की बात कह रहे हैं तो वहीं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा के समर्थक कपिल देव को पार्टी प्रत्याशी बनाये जाने की बात कह रहे है।जिससे अफवाहों का बाजार काफी गर्म है। टाण्डा विधानसभा क्षेत्र में जहां पर बसपा व कांग्रेस पार्टी व बहुजन मुक्ति मोर्चा व आल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुसलमीन ऐ आई एम एम के गठबंधन प्रत्याशी की घोषणा हो चुकी है लेकिन टाण्डा क्षेत्र की जनता को जो दिलचस्पी समाजवादी पार्टी व भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों की घोषणा को लेकर है। वह किसी पार्टी में दिखाई नही पड़ रही है।फिलहाल अभी दोनो प्रमुख दलों ने अपने अपने पत्ते नही खोले है।जिससे टाण्डा में भ्रम की स्थित बनी हुई है।

# जिलाधिकारी ने बूथों पर न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिये निर्देश



**अम्बेडकरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मतदेय स्थलों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में (281 –अकबरपुर विधानसभा) समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के दृष्टिगत मतदेय स्थलों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं जिसमें रैंप की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, फर्नीचर की व्यवस्था ,विद्युत की व्यवस्था, हेल्पडेस्क की व्यवस्था, उचित संकेत की व्यवस्था ,शौचालय की व्यवस्था ठीक कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मतदेय स्थलो पर जो सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं की सुविधा अभी तक उपलब्ध न हो या क्रियाशील न हो तो उसे जल्द से जल्द ठीक कराया जाए। इसकी सूचना एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी अकबरपुर विधानसभा के सभी बूथों का ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी के द्वारा किए गए कार्यों के फोटो का अवलोकन किया गया। अवलोकन के दौरान कुछ ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा किया गया कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया उन ग्राम पंचायत अधिकारी का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने का निर्देश डीपीआरओ दिया गया।जिन ग्राम विकास अधिकारी द्वारा फोटो का अवलोकन नहीं कराया गया। उन्हें पुनः फोटो प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा,जिला विकास अधिकारी विरेंद्र सिंह,उप जिलाधिकारी अकबरपुर, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी, डी.पी.आर.ओ तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# ...और एकाएक जश्न में तब्दील हो गई मंत्रणा बैठक

- अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के पुनः प्रत्याशी घोषित होने की सूचना मिलते ही मंत्रणा बैठक में लगी बधाइयों की झड़ी, हुआ भव्य स्वागत

**संवाददाता।** अयोध्या



**आगामी** विधानसभा चुनाव में व्यूह रचना को लेकर शुक्रवार को आयोजित मंत्रणा बैठक देखते ही देखते जश्न में तब्दील हो गई। सूचना तंत्र से एक सूचना क्या मिली, बैठक में मौजूद लोगों के चेहरे खिल उठे और अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता को बधाई देने वालों का तांता लग गया। मौका था पूरा ब्लॉक की मड़ना ग्राम सभा स्थित ब्लाक प्रमुख शिवेंद्र सिंह के आवास पर आयोजित मंत्रणा बैठक का जिसका नेतृत्व अयोध्या विधायक श्री गुप्ता तथा संचालन स्वयं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री सिंह कर रहे थे। मंत्रणा बैठक में इस बात पर गहनता से विमर्श किया जा रहा था कि कैसे विधानसभा की किलेबंदी कर प्रतिद्वंदी प्रत्याशियो को मात दी जाए कि इसी बीच शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्रत्याशियों की सूची जारी होने और सूची में अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता का नाम शामिल होने की खबर आ गई।यह खबर मिलते ही बेहद संजीदगी से चल रही बैठक का माहौल उल्लास में और यह उल्लास जश्न में तब्दील हो गया। इस बीच बैठक में मौजूद पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री सिंह के नेतृत्व में बारी.बारी से अयोध्या विधायक श्री गुप्ता का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हें विजय श्री हासिल होने को लेकर शुभकामनाएं दी।इस जश्न के बीच ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री सिंह ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा विधायक श्री गुप्ता को दोबारा बतौर प्रत्याशी चुना जाना इनकी स्वच्छ छविएसरल व्यक्तित्व लोकप्रियता व इनके प्रति अटूट विश्वास का प्रमाण है।हमें एकजुट होकर शीर्ष नेतृत्व के इस विश्वास पर खरा उतरना होगा।स्वागत से अभिभूत विधायक श्री गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा शीर्ष नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पूरी तन्मयता के साथ चुनावी तैयारी में लग जाने का आह्वान किया।बैठक में गन्ना समिति चेयरमैन दीपेंद्र सिंहएसभी प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गोरखनाथ बाबा फिर बने मिल्कीपुर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी



**मिल्कीपुर, अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की ओर से मिल्कीपुर विधायक गोरखनाथ बाबा को विधानसभा चुनाव 2022 में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बनाए जाने की जानकारी मिलते ही मिल्कीपुर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। पार्टी कार्यकर्ताओं एवं उनके करीबी उन्हें पुनः विधायक चुने जाने की अग्रिम बधाई दे रहे हैं।

गोरखनाथ बाबा अयोध्या सहादतगंज स्थित बढ़ई का पुरवा के मूल निवासी हैं। मिल्कीपुर क्षेत्र सहित समूचे जनपद एवं प्रदेश में उस वक्त चर्चा में आ गए थे जब उन्होंने विगत वर्ष 2016 में हुए पंचायत चुनाव में मिल्कीपुर चतुर्थ जिला पंचायत सीट से अपनी बहन आरती प्रियदर्शी को भाजपा का बागी प्रत्याशी बनाकर विजयश्री हासिल की थी। जिला पंचायत का चुनाव भारी बहुमत से जीतने के बाद उन्होंने मिल्कीपुर विधानसभा की अनुसूचित सीट पर भाजपा प्रत्याशी के रूप में मजबूत दावेदारी पेश की थी हालांकि पार्टी ने उन पर भरोसा जताते हुए 2017 के विधानसभा चुनाव में उन्हें पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया था गोरखनाथ बाबा ने समाजवादी सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे अवधेश प्रसाद को भारी मतों के अंतर से पराजित भी किया था। 2022 के विधानसभा चुनाव उन्हें पुनः पार्टी प्रत्याशी बनाए जाने की अटकलों पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने विराम लगा दिया है और उन पर भरोसा जताते हुए दोबारा पार्टी प्रत्याशी घोषित किया है। विधायक गोरखनाथ बाबा स्नातक की शिक्षा भी ग्रहण की है हालांकि लोग उन्हें राजनीति का महारथी भी मान रहे हैं।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 29 जनवरी, 2022



# बालों का निर्यात

## संबंधित उद्योग अनुपस्थित

**भारत** बालों का निर्यात करता है, पर भारत में बाल उत्पाद उद्योग नहीं है। मनुष्यों के बाल समस्या का कारण बन सकते हैं, पर अब भारत सरकार यथार्थ के प्रति जागरूक हो रही है। भारत के पास यह ऐसा उत्पाद है जो कभी कम नहीं पड़ेगा, मुफ्त मिलता है तथा इसका दुनिया भर में निर्यात होता है। लेकिन भारत को इस संपदा का कोई लाभ नहीं मिलता है क्योंकि वह बाल उत्पाद उद्योग का नेतृत्व नहीं करता है और केवल निर्यातक है। अप्रैल-नवंबर के बीच बालों का निर्यात 144.6 मिलियन डालर था। महामारी के कारण इसमें 2020-21 में 15.28 मिलियन डालर की कमी आ गई है। निर्यात पर व्यापक स्मगलिंग का भी प्रभाव पड़ा है। स्मगलर कटे बाल एकत्र कर उनको अवैध रूप से कुछ पूर्वी एशियाई देशों को भेज देते हैं। आरोप है कि वहां बालों का प्रसंस्करण कर उनको चीन भेजा जाता है जहां उनके विग व हेयरपीस बना कर अच्छे मुनाफे पर निर्यात किया जाता है। बाल उत्पाद निर्यातक तथा राजस्व खुफिया निदेशालय सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद स्मगलिंग नहीं रोक सके हैं। अनुमान है कि अब भी लगभग 16,000 टन मानव बाल स्मगल होते हैं। आखिरकार इस सप्ताह विदेश व्यापार महानिदेशालय ने मानव बालों को नियंत्रित निर्यात श्रेणी में डाल दिया है। इससे वास्तविक निर्यातकों को लाभ हो सकता है। लेकिन समय आ गया है कि उद्योग बालों का निर्यात करने के बजाय बाल उत्पादों का निर्यात करे। निर्यात उत्पादों में मूल्य संवर्धन पर भी चर्चा हो रही है। विदेशी



मुद्रा प्राप्त करने के लिए विग व हेयरपीसों का निर्यात हो सकता है और अब इसे यथार्थ में बदलना चाहिए।

भारत में दुनिया के 80 प्रतिशत सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले बाल पाए जाते हैं। ये सब पूजास्थलों पर दान में प्राप्त होते हैं। तिरुमला मंदिर भारत में इसका सबसे बड़ा स्रोत है। यदि बालों का निर्यात बंद कर दिया जाए तो भारत का बाल उत्पाद निर्यात वार्षिक 3 बिलियन डालर हो सकता है और कुछ सालों में यह बढ़ कर 6 बिलियन डालर तक पहुंच सकता है। महत्वपूर्ण बात है कि निर्यात बंद करने से पिछले कुछ सालों में खोए गए 8.6 लाख रोजगार वापस आ सकते हैं और यह नए रोजगार भी पैदा कर सकता है। भारत के लिए बाल उद्योग मे नेतृत्व प्राप्त करना कठिन नहीं है। हालांकि, इसके लिए बाल संग्राहकों, एग्रीगेटरों, उत्पाद निर्माताओं व निर्यातकों में जिम्मदारी की भावना होना चाहिए जिसका फिलहाल अभाव है। उदाहरणार्थ, गैर-मंदिर क्षेत्रों जैसे सैलूनों व गांवों से बाल संग्रह अभी संगठित नहीं है। सुनियोजित संग्रह से कबाड़ियों को नियमित रोजगार मिल सकता है। इससे पाइपों व सीवरों में बाल फंसने की घटनायें कम होंगी तथा बढ़ता प्लंबिग खर्च घटेगा। भारत को उन देशों से प्रतियोगिता करने के लिए संश्लेषित बाल सामग्री और उत्पादों का निर्यात भी करना चाहिए जहां प्राकृतिक बालों की कमी है। लेकिन संश्लेषित बाल उत्पाद बनाने वाले पालीमर के उत्पादन से पर्यावरणीय समस्यायें भी सामने आ सकती हैं और यह एक समस्या है। भारतीय निर्माताओं को बाल उत्पादों के जीवन चक्र के बारे में भी शोध करने की आवश्यकता है। वर्तमान समय में बालों का जीवन कम होता है और उनको कचरा समझा जाता है। यदि रिसाइक्लिंग, रिकंडीशनिंग व पुनः निर्माण की चक्रीय अर्थव्यवस्था बनाई जाए तो इससे बालों की मांग नियंत्रित करने में भी सहायता मिल सकती है।

# टेक्सास प्रकरण में पाकिस्तानी हाथ

अफगानिस्तान में अमेरिकी-नाटो बलों की अनुपस्थिति में पूरे देश में दुष्ट तत्व पाक-समर्थित आतंकियों व आत्मघाती हमलावरों को प्रशिक्षण देने लगे हैं।



**नंदिनी सिंह**
(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं)



टेक्सास के एक यहूदी पूजास्थल सिनोगाग में हुए बंधक संकट को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 'आतंकी घटना' कहा था। चार बंधकों की रिहाई तथा उनको बंधक बनाने वाले हमलावर की मौत से इस खतरनाक संकट से मुक्ति मिली। इसने एक बार फिर अलकायदा और पाकिस्तान के बीच संबंध उजागर किए हैं। एफबीआई ने बंधक बनाने वाले की पहचान ब्रिटिश नागरिक मलिक फ़ैज़ल अकरम के रूप में की है। वह अमेरिकी जेल से 'लेडी अलकायदा' कही जाने वाली आतंकी की रिहाई की मांग कर रहा था जो पाकिस्तान में जन्मी तंत्रिकाविज्ञानी आइफा सिद्दीकी है। तथाकथित लेडी अलकायदा के मामले ने पाकिस्तान सरकार, अलकायदा और तालिबान के बीच संपर्क उजागर किए हैं क्योंकि इस्लामाबाद ने अमेरिकी जेल से आइफा सिद्दीकी की रिहाई के लिए आतंकी समूहों से हाथ मिलाए थे। बंधक बनाने वाले मलिक फ़ैजल अकरम ने टेक्सास के सिनोगाग पर सबथ में हमला बोला और गोली से उड़ा देने तक वह लोगों को बंधक बनाए रहा।

वह 'लेडी अलकायदा' की रिहाई की मांग करता रहा जो अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों की हत्या के प्रयास के लिए संघीय जेल में 86 साल की सजा काट रही है। यह जेल बंधक बनाने वाले स्थान से 30 मील से भी कम दूरी पर है। सिद्दीकी को 2008 में अफगानिस्तान में साइनाइड तथा ब्रुकलिन ब्रिज व इम्पायर स्टेट बिल्डिंग पर हमले की योजनाओं के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसे अमेरिका प्रत्यर्पित कर 2010 में सजा दी गई। उसकी रिहाई की मांग से पाकिस्तानी अवस्थापना की मिलीभगत वाले एक आतंकी व जिहादी समूह का खुलासा हुआ है। अमेरिकी नागरिकों को बंधक बनाने वाले पाकिस्तान व अफगानिस्तान के आतंकी समूहों ने अमेरिकी सरकार को सिद्दीकी की रिहाई के बदले अमेरिकी नागरिक छोड़ने का प्रस्ताव किया था। इस संकट से स्पष्ट है कि अलकायदा, तालिबान व पाकिस्तान सरकार के बीच कैसी मिलीभगत है और वे एक दूसरे की सहायता कर रहे हैं। समान लक्ष्यों से वे आतंकी नेटवर्कों को सक्रिय रखते हैं।

पाकिस्तान में सिंध स्थित कराची के एक सुन्नी परिवार में पैदा आफिया अध्ययन के लिए अमेरिका गई थी। 9-11 के बाद वह कुछ समय के लिए पाकिस्तान लौटी। 2003 में अफगान युद्ध के दौरान 9-11 हमलों के गिरफ्तार दोषियों में शामिल तथा गुंआंटानामो जेल में बंद पाकिस्तानी इस्लामवादी उग्रवादी खालिद शेख मुहम्मद ने आसिफा को अलकायदा की फाइनेंसर व संदेशवाहक बताया था। उसे बाद में एफबीआई ने अपनी आतंकी सूची में रखा और वह इसमें शामिल एकमात्र महिला थी। पाकिस्तानी उसे 'राष्ट्रीय सम्मान व उत्पीड़न' का प्रतीक मानते हैं और खबरिया मीडिया ने शुरुआत से ही लगातार उसकी सुनवाई को 'फर्जी' व 'राजनीतिक' बताया है। जुलाई, 2019 में वाशिंगटन की यात्रा पर गए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने सुझाव दिया था कि सिद्दीकी को पाकिस्तानी डाक्टर शकील अफरीदी के बदले रिहा किया जा सकता है। शकील पर आरोप है कि उसने अमेरिकनों को ओसामा बिन लादेन की पहचान की पुष्टि की थी और इसके बाद हुए हमले में लादेन मारा गया। इसके पहले अमेरिका में पाकिस्तानी दूतावास ने तीन सदस्यीय बचाव समिति बनाई थी जो सुनवाई के दौरान अलकायदा आतंकी का बचाव करने वाले सरकारी बचावकर्ताओं की सहायता कर रही थी। पाकिस्तान सरकार ने सुनवाई में सिद्दीकी की सहायता करने वाले तीन वकीलों को 2 मिलियन डालर भुगतान भी किया था। इससे स्पष्ट हो जाता है कि पाकिस्तान सरकार कैसे खुलेआम अलकायदा आतंकियों का समर्थन करती है, अलकायदा आतंकियों को पालती-पोसती तथा उनका प्रयोग करती है। इस बीच वह अमेरिकनों को झूठे आश्वासन भी देती रही कि अलकायदा के सफाए में उनका साथ दे रही है। यह स्थिति 2021 में अफगानिस्तान में तालिबानों के मजबूत होने तक बनी रही। आतंकी समूहों ने आफिया की सजा का बदला लेने के लिए अनेक हमले किए थे इससे स्पष्ट होता हे कि विदेशी नागरिकों व अन्य धर्मानुयाइयों पर हमलों के मामले में अलकायदा, तालिबान, तहरीके तालिबान पाकिस्तान, हक्कानी नेटवर्क या जेईएम सभी एक हैं। वे पाकिस्तानी अवस्थापना के सहयोग से 'इस्लाम के दुश्मनों' पर निशाना लगाते हैं।

तहरीके तालिबान पाकिस्तान-टीटीपी प्रमुख हकीमुल्ला महसूद द्वारा आफिया की सजा के बदले में 2009 में अफगानिस्तान के कैंप चपमान पर हमले का वीडियो जारी किया था जिसमें सीआईए के सात वरिष्ठ अधिकारी मारे गए थे। 2010 में टाइम्स स्क्वायर कार बम प्रयास के एक दिन बाद महसूद द्वारा जारी वीडियो में सिद्दीकी का बदला लेने का वादा किया गया था। इस हमले में पाकिस्तान में जन्मे फैजल शहजाद का हाथ था जिसके संबंध जैशे मुहम्मद व हकीमुल्ला महसूद से थे। तालिबान ने लेडी अलकायदा की सजा के बदले 2009 में पकड़े गए अमेरिकी सैनिक बोवे बरगदाही को मारने की धमकी दी थी। बरगदाही को बाद में गुआंटानामो जेल में बंद पांच लोगों की रिहाई के बदल 2014 में छोड़ा गया था। सितंबर, 2010 में तालिबान ने अफगानिस्तान में स्काटिश सहायता कर्मी लिंडा नारगोंव का अपहरण कर लिया था और जोर दिया था कि उसकी रिहाई केवल सिद्दीकी के छोड़े जाने पर ही होगी।

लेकिन बाद में एक दुर्घटना में नारगोंव की मौत हो गई थी। जुलाई, 2011 में तहरीके तालिबान के उप-प्रमुख वलीउर रहमान ने घोषणा की थी कि वे सिद्दीकी के बदले दो स्विस नागरिकों को रिहा कर सकते हैं जिनका बलूचिस्तान से अपहरण किया गया था। यह स्विस युगल मार्च, 2012 में भागने में सफल रहा था। दिसंबर, 2011 में अलकायदा नेता अयमान अल जवाहिरी ने अमेरिकन सहायता कार्यकर्ता वारेन वीनस्टीन के बदले सिद्दीकी की रिहाई की मांग की थी जिसे अगस्त, 2011 में पाकिस्तान में पकड़ा गया था। वीनस्टीन जनवरी, 2015 में एक ड्रोन हमले में दुर्घटनावश मारा गया था।

अलकायदा, तालिबान, टीटीपी व अनेक अन्य संबंधित संगठन अमेरिकनों व यूरोपियनों का अपहरण कर उनके बदले सिद्दीकी की रिहाई की मांग करते रहे हैं। ऐसे में टेक्सास सिनोगाग घटना अनेक सालों से जारी घटनाओं की श्रृंखला में नवीनतम है। पाकिस्तान द्वारा सिद्दीकी की रिहाई पर लगातार जोर देने से यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या उनकी रिहाई के लिए किए जाने वाले अपहरण व बंधक बनाने की प्रक्रिया पाकिस्तान के कहने पर थी या इनके प्रति पाकिस्तान की सहमति थी?

इन आतंकी गतिविधियों में पाकिस्तान की भूमिका अधिकाधिक संदिग्ध होती जा रही है। अन्य देशों में पकड़े जाने पर पाकिस्तान पाक-मूल के आतंकियों से अपना पल्ला झाड़ता रहा है, पर उसने आफिया के मामले में ऐसा कुछ नहीं किया। अगस्त, 2009 में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी ने अपने आवास पर सिद्दीकी की बहन से मुलाकात कर उनको आश्वासन दिया था कि पाकिस्तान से अमेरिका से उनकी रिहाई की मांग करेगा। 2010 में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने अफगानिस्तान व पाकिस्तान में विशेष अमेरिकी दूत रिचर्ड होलब्रुक से सिद्दीकी को पाकिस्तान-अमेरिका कैदी अदला-बदली समझौते के अंतर्गत पाकिस्तान प्रत्यर्पित करने की प्रार्थना की थी। यह जिहादियों व पाकिस्तान के बीच मिलीभगत का स्पष्ट प्रमाण है क्योंकि इन कैदियों में अलकायदा के साथ प्रतिबंधित जैशे मुहम्मद के कैदी भी शामिल थे जिन्होंने पाकिस्तान में भी आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया था।

टेक्सास सिनोगाग का नवीनतम बंधक संकट तथा अफ-पाक में लेडी अलकायदा की रिहाई की मांग करने वाली अफ-पाक में हुई ऐसी ही घटनाओं से स्पष्ट है कि अलकायदा का खतरा बना हुआ है। अफगानिस्तान पर तालिबानी कब्जे से स्थिति और गंभीर हुई है। अफगानिस्तान में अमेरिकी-नाटो बलों की अनुपस्थिति में पूरे देश में दुष्ट तत्व पाक-समर्थित आतंकियों व आत्मघाती हमलावरों को प्रशिक्षण देने लगे हैं। इनका समर्थन पाकिस्तान सरकार व आईएसआई कर रहे हैं। यह खतरनाक परिदृश्य है और दुनिया इसके प्रति जितनी जल्दी जागरूक हो उतना ही अच्छा होगा।

# यूपी में चुनावी वादों की भरमार

> एक समझदार मतदाता से अपेक्षित है कि वह मतदान पूर्व गारंटी की संकीर्ण सीमा से परे लोकतंत्र को स्वस्थ और जीवंत बनाए रखने के लिए एक उचित विकल्प चुनें।

**वीरेंद्र सिंह रावत**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



उत्तर प्रदेश में चुनावी बुखार तेज होने के साथ, प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त उपहार देने के चुनाव पूर्व वादे चुनावी राज्य के क्षितिज को भर रहे हैं। समाजवादी पार्टी (सपा) ने वादाखिलाफी का बीड़ा उठाया है। कांग्रेस और तुलनात्मक रूप से नई प्रवेश करने वाली आम आदमी पार्टी (आप) ने भी जोश के साथ फ्रीबी पॉट में मसाला डाला है। ये मुफ्त बिजली, बेरोजगारी भत्ता, लक्षित वर्गों के लिए पेंशन, फसल ऋण माफी, लड़कियों के लिए मुफ्त दोपहिया वाहन आदि से संबंधित हैं।

यह देखते हुए कि यूपी में लगभग 28 मिलियन बिजली उपभोक्ता हैं, जिनमें से घरेलू कनेक्शन में 24 मिलियन शामिल हैं, वादा किया गया है। प्रतिस्पर्धी राजनीतिक दलों द्वारा मुक्त सत्ता के लिए मीडिया और जनता में समान रूप से अधिकतम चर्चा पैदा कर दी है। दिल्ली में अपने लाभकारी अनुभव से एक पत्ता लेते हुए, जहां वह सत्ताधारी पार्टी है, ,क्क ने सत्ता में आने पर घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है। इसने यूपी सरकार बनाने पर बकाया बिजली बिल माफ करने और किसानों को मुफ्त बिजली देने का भी वादा किया।

इसके अलावा, दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी लाभार्थियों को 5,000 रुपये प्रति वर्ष बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की थी। चुनाव पूर्व गणित में पीछे नहीं रहने के लिए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी सभी घरों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने का ऐलान किया. यादव ने केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ हालिया विरोध प्रदर्शन के दौरान मारे गए किसानों के परिजनों को 25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का वादा किया।



इस बीच, कांग्रेस ने वादा किया है कि अगर राज्य में तीन दशक से अधिक के राजनीतिक जंगल के बाद सबसे पुरानी पार्टी अगली यूपी सरकार बनाती है तो लड़कियों को स्मार्टफोन और इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन दिए जाएंगे। इसके अलावा, पार्टी ने विधवाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए पेंशन बढ़ाने, आशा (मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए मानदेय बढ़ाने, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, साल में तीन मुफ्त गैस सिलेंडर आदि की बात की है।

दिलचस्प बात यह है कि राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) ने अगली सरकार बनाने पर पीएम-किसान सम्मान निधि योजना के तहत अनुग्रह भुगतान को 6,000 रुपये से बढ़ाकर 12,000 रुपये करने का वादा किया है। इस बीच, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अभी तक अपना आधिकारिक चुनावी घोषणापत्र जारी नहीं किया है, जिसे पार्टी %संकल्प पत्र% कहती है। पार्टी को 2017 के यूपी चुनावों में फसल ऋण माफी के अपने चुनाव पूर्व वादे से काफी फायदा हुआ था। सत्ता में आने के बाद, योगी आदित्यनाथ की भाजपा सरकार ने 4 अप्रैल, 2017 को अपनी पहली कैबिनेट बैठक में लगभग 36, 000 करोड़ रुपये के फसल ऋण को माफ करने की मंजूरी दी थी, जिससे 8.6 मिलियन छोटे और सीमांत किसानों को लाभ होने का अनुमान था। प्रमुख फसल ऋण माफी योजना को पार्टी के लिए गेम चेंजर बताया गया।

2021-22 के लिए लगभग 8,500 करोड़ रुपये के अपने हालिया अनुपूरक बजट में, योगी सरकार ने पिरामिड वर्गों के निचले हिस्से के लिए लगभग 4,000 करोड़ रुपये आवंटित किए, जैसे कि असंगठित कामगार, जिसमें खेत मजदूर, बटाईदार, और रेहड़ी-पटरी वाले शामिल हैं। सामाजिक सुरक्षा भुगतान या डोल। इसके अलावा, वरिष्ठ नागरिकों और किसानों की पेंशन योजनाओं के लिए 670 करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जिसमें उनके भुगतान को 500 रुपये से बढ़ाकर 1,000 रुपये प्रति माह कर दिया गया। इससे राज्य में 56 लाख से अधिक बुजुर्गों को लाभ होने का अनुमान है। विकलांगों के लिए वित्तीय अनुदान को दोगुना कर दिया गया और शिक्षामित्रों के मानदेय में 2,000 रुपये प्रति माह की वृद्धि की गई। मुफ्त उपहार समाज की अधूरी आकांक्षाओं और जरूरतों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि दूसरी ओर, उन्होंने चुनाव पूर्व प्रलोभनों की प्रवृत्ति पर लाभ प्राप्त करने के लिए एक कलंक लगाया। एक समझदार मतदाता से यह अपेक्षा की जाती है कि वह मतदान पूर्व गारंटी की संकीर्ण सीमा से परे भारतीय लोकतंत्र को स्वस्थ और जीवंत बनाए रखने के लिए अपना वोट डालने से पहले एक सूचित विकल्प चुनें।

## आप की बात

### परीक्षा में धांधली

आरआरबी-एनटीपीसी के परीक्षा-परिणाम में धांधली का आरोप लगाते हुए बिहार और उत्तर प्रदेश के छात्र आंदोलित हैं। गुस्साए अभ्यर्थियों ने एकाधिक ट्रेनों को भी आग के हवाले कर दिया, सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाकर अपनी मांगें मनवाना क्या उचित है! निस्संदेह, विरोध एक ऐसा माध्यम है, जिसके द्वारा लोग अपनी शिकायत या नाराजगी जाहिर करते हैं, मगर यह भी सच है कि किसी भी हिंसक विरोध का समर्थन नहीं किया जा सकता ।सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाकर अपनी मांगें मनवाना क्या उचित है?! सरकारी महकमों में बड़े पैमाने पर पद खाली हैं, मगर सरकारें उन्हें भरने की प्रक्रिया शुरू नहीं करतीं, जिसे लेकर बार-बार सवाल उठते रहे हैं। अगर कुछ विभागों में रिक्तियां निकलती भी हैं, तो उनकी प्रक्रिया इतनी विलंबित कर दी जाती है कि अभ्यर्थी वर्षों उसके इंतजार में बैठे रहते हैं। सरकारी नौकरियों में भारी रिश्वत लेकर पिछले रास्ते से नियुक्तियां देना आम बात है !उस पर आरक्षण सामान्य छात्रों के अवसर बहुत कम कर देता है !और उक्त आंदोलन में चुनावी बेला में विपक्षी दलों ने तुरंत फुरंत अपना सपोर्ट दे दिया! राष्ट्रीय संपत्ति की हानि से उन्हें कोई लेना देना नहीं है!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### जहरीली शराब से मौतें

**जहरीली** शराब देश मे हर वर्ष जहरीली शराब पीने से हजारों लोगों की मौतें होती है। कुछ सामूहिक मामलों की खबरे ही प्रकाश में आने के बाद कार्रवाईयां होती है। रायबरेली में जहरीली शराब पीने से 12लोगों की मौत और अनेको लोग अस्पाल में भर्ती है।प्रदेश में सख्त कानून लागू होने के बावजूद भी अवैध शराब के व्यवसाय में लिप्त लोगो पर लगाम नही लग पा रही है। इसके पूर्व भी कई जिलों में शराब पीने से मौत होने की घटनाएं हो चुकी है। देशी शराब के ठेके पर जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत हुई। आबकारी विभाग और स्थानीय पुलिस प्रशासन पर सवाल उठ रहे है। जहां लोग अवैध बिक्री और तस्करी पुलिस विभाग और आबकारी विभाग के बिना मुश्किल मानते है। घटित घटनाओं में आबकारी विभाग और कुछ पुलिस कर्मियों को निलंबित कर खानापूर्ति कर दी जाती है।कोई भी सूबे में अबतक जहरीली शराब मामले में प्रभावी कार्यवाही नही हुई। जिससे अवैध शराब का कारोबार चलता रहता है। सरकारी ठेके पर यदि जहरीली शराब बिकेगी तो लोगों के विश्वास को भी धोखा मिल रहा है।सरकारी ठेके से उन्हें प्रमाणित शराब ही मिलनी चाहिये।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### पुरस्कार का अपमान

**अत्यंत** दुखद है कि बुद्धदेव भट्टाचार्य, जो 11 वर्षों तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे उन्होंने पद्म भूषण लेने से मन कर दिया। जबकि सरकारी सूत्रों के अनुसार उनकी पत्नी से फ़ोन पर बात करके उनको इस पुरूस्कार के बारे में अवगत करा दिया गया था उसके बावजूद बुद्धदेव भट्टाचार्य ने घोषणा होने के पश्चात जिस तरीके से पुरूस्कार लेने से इंकार किया उससे इतने बड़े पुरस्कार का भी अपमान होता है। भले ही उनकी विचारधारा भाजपा की विचारधारा से नहीं मिलती हो लेकिन राष्ट्रीय पुरूस्कार इन सब राजनीती और विचारधार से ऊपर होते हैं। वैसे वह पहले वामपंथी नेता नहीं है जिन्होंने राष्ट्रीय पुरुस्कार ठुकराए हों, उनसे पहले एम् इस नम्बूदरीपाद, ज्योति बासु भी ऐसा कर चुके है। जहां तक गुलाम नबी की बात है तो उनके कई साथियों ने इसकी प्रशंसा की वहीं जयराम रमेश ने कटाक्ष करते हुए इसकी आलोचना की जिससे कांग्रेस के दो धड़े सामने आ गए। चूंकि आज़ाद उन 23 नेताओं में से एक हैं जिन्होंने सोनिआ गांधी को पत्र लिखकर नेतृत्व बदलाव की बात की थी।

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**यह** हमारा पवित्र राष्ट्रीय कर्तव्य है कि हमारे वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों द्वारा सुझाई गई सावधानियों का पालन करें।

– **रामनाथ कोविंद**
राष्ट्रपति



**अफगान** लड़कियों को स्कूलों में लौटना चाहिए, महिलाओं को पर जाना चाहिए। हमारा धर्म इसकी अनुमति देता है।

– **हामिद करज़ई**
पूर्व अफगान राष्ट्रपति




**मैं** इस पुरस्कार (पद्म) के बारे में कुछ नहीं जानता। अगर उन्होंने मुझे यह पेशकश करने का फैसला किया है, तो मैं इसे स्वीकार करने से इंकार कर देता हूं।

– **बुद्धदेब भट्टाचार्य**
पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री

# वोटरों का निर्दलीयों पर घटता भरोसा

**कमल दुबे।** लखनऊ



**लोकतंत्र** में जनता की आवाज विधानसभा में उनके चुने प्रतिनिधि बुलंद करते हैं लेकिन चुनाव दर चुनाव निर्दलीयों से मतदाताओं का भरोसा घटा है। आंकड़े गवाह हैं कि सूबे की सबसे बड़ी पंचायत में निर्दलीयों की मौजूदगी लगातार कम हुई है। राजनीति विशेषज्ञ इसे दलीय व्यवस्था की मजबूती बता रहे हैं तो राजनेता इसको लोकतंत्र की मजबूती।

इस विधानसभा चुनाव के लिए जब सभी दल सत्ता तक पहुंचने के लिए अपनी ताकत झोंके हैं। ऐसे में बिना दल के चुनाव में किस्मत आजमाने वालों की संख्या घटती नजर आ रही हैं। ऐसा नहीं कि निर्दलों के चुनाव में भागीदारी नहीं की बल्कि जनता ने उन पर भरोसा कम ही जताया है। वर्ष 2002 में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों पर नजर डाले तो देखेंगे कि यूपी के 403 विधानसभा क्षेत्रों में से 14 में निर्दलीयों ने परचम फहराया था। इनमें कैराना से मदन भैया अनूपशहर से होशियार सिंह सिकन्दराऊ से अमर सिंह यादव, फर्रुखाबाद से विजय सिंह, राजपुर से महेश चन्द्र, रारी से धनंजय सिंह, मऊ से मुख्तार अंसारी, बरहज से दुर्गा प्रसाद मिश्रा, पिपराइच से जितेन्द्र जायसवाल, मोहनलालगंज से आरके चौधरी, मलिहाबाद से कौशल किशोर, बरेली से शहजिल इस्लाम, पुवांया से मिथलेश कुमार और हसनपुर से देवेन्द्र नागपाल जीते थे। प्रदेश के हर हिस्से की जनता ने अपने बीच में रहने वाले लोगों को विधानसभा चुनाव में भेजने का मत दिया था।

2007 में गठित 15वीं विधानसभा में निर्दल चुनाव जीतने वाली की संख्या में कमी आयी और जनता की कसौटी पर आठ जन प्रतिनिधि भी खरे उतरे और विधानभवन की दहलीज में दाखिल हो सके। इनमें रायबरेली से अखिलेश सिंह, कुंडा से रघुराज प्रताप सिंह, बिहार सुरक्षित से विनोद कुमार, सहजनवा से यशपाल सिंह, शिकोहाबाद से अशोक यादव, जसराना से राम प्रकाश यादव, मुरादनगर से राजपाल त्यागी और मुजफ्फराबाद से इमरान मसूद बिना किसी दल के चुनाव जीतने में कामयाब हुए थे। 15वीं विधानसभा में पहली बार किसी गैर कांग्रेसी सरकार को विधानसभा में पूर्ण बहुमत मिला और बसपा अध्यक्ष मायावती पूर्ण बहुमत की पांच वर्ष तक सरकार चलाने में कामयाब हुई।

2012 में गठित 16वीं विधानसभा में एक बार फिर निर्दलीय विधायकी जीतने वालों की संख्या कम होकर छह ही रह गयी। इस चुनाव में फर्रुखाबाद से विजय सिंह, बाबागंज से विनोद कुमार, कुंडा से रघुराज प्रताप सिंह, सकलडीह से सुशील सिंह, सैयदराजा से मनोज कुमार व दुद्धी से रूबी प्रसाद ने बिना किसी दल के सहारे जनता का समर्थन लेकर जीत हासिल की। इस चुनाव में समाजवादी पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला और बसपा दूसरे व भाजपा तीसरे नम्बर की पार्टी बन गयी थी।

17वीं विधानसभा की तस्वीर ही अलग थी। इस बार तो सिर्फ तीन निर्दलीय ही माननीय बन पाये थे और प्रदेश में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिला। समाजवादी पार्टी तब सत्ता से बाहर होकर दूसरे पायदान पर आ गयी थी। तब सिर्फ कुंडा से रघुराज प्रताप सिहं, बाबागंज से विनोद कुमार और गोरखपुर के नौतनवां से अमनमणि त्रिपाठी ही निर्दल चुनाव जीत पाये थे। इस बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकार का नेतृत्व किया और 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव में इस बार कुंडा से लगातार जीत दर्ज करने वाले विधायक रघुराज प्रताप सिंह ने अपना जनसत्ता दल बना लिया है। ऐसे में 18वीं विधानसभा में निर्दलीय विधायकों की संख्या कितनी होगी यह तो नतीजों से पता चलेगा।

# साइबर स्पेस पर थिरकती चुनावी राजनीति

## दिग्गज भी निर्भर हैं नई तकनीक पर

**कमल दुबे।** लखनऊ



**कोरोना** महामारी ने अगर दुनियाभर को भारी दर्द दिया है तो वही उसने जीने का नया रास्ता भी दिखाया है। वर्क फ्राम होम हो या फिर वर्चुअल कार्यक्रमों का आयोजन हो। सब कुछ कोरोना महामारी की देन है। देश के सबसे बड़े राज्य यूपी में हो रहा विधानसभा का चुनाव भी पहली बार नये अन्दाज यानी कि साइबर स्पेस में लड़ा जा रहा है।

आयोग ने पहले ही शुरुआती दिनों में रैलियों और पदयात्रा सहित कार्यक्रमों पर रोक लगा दी है। ऐसे में चुनाव मैदान से ज्यादा साइबर स्पेस में लड़ा जा रहा है। चुनाव के मद्देनजर सभी दलों ने वाररूम तैयार कर रखे हैं। अपने साइबर योद्धाओं के जरिये विजय की उम्मीद लगाये बैठे हैं। भारतीय जनता पार्टी हो या फिर समाजवादी पार्टी। बीएसपी से लेकर कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी तक अपने शीर्ष नेताओ के फालोवरों की संख्या बढ़ाने में लगे हैं। कुछ नेताओं ने तो अपने ट्विटर व इंस्टाग्राम से लेकर फेसबुक तक को मैनेज करने के लिए निजी स्तर पर लोगों को लगा रखा है। बात करें भारतीय जनता पार्टी की तो फेसबुक से लेकर ट्विटर पर भाजपा के नेता सबसे ज्यादा हैं। कई नेताओ के फालोवर पिछले कुछ दिनों में बढ़े हैं।

भाजपा के शीर्ष नेताओ में पीएम नरेन्द्र मोदी का बोलबाला है। पीएम की एक ट्वीट सीधे करोड़ों फालोवर तक जाती है। इसके साथ ही पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को ट्विटर पर पीएम के बाद सबसे ज्यादा 28 मिलियन लोग फालो करते हैं। बात यूपी के नेताओ की करें तो इसमें यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ सबसे आगे है। उन्हें ट्विटर पर 16.9 मिलियन लोग फालो करते हैं। इसी क्रम में केशव मौर्य को 3.4 दिनेश शर्मा को 2.2 व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह को 1.1 मिलियन लोग फालो करते हैं। इसमें वह फालोवर भी शामिल हैं जो पार्टी के सभी टॉप लीडरशिप को फालों करते हैं।

भाजपा के शीर्ष नेताओ की तरह ही यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की भी धाक है। उनकी एक ट्वीट को 15.5 मिलियन लोग फालो करते हैं। इस मामले में कांग्रेस नेता व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी को 19.5 मिलियन लोग फालो करते हैं और ट्विटर पर लोकप्रिय नेताओ में फालोवर के लिहाज से वह पीएम मोदी व अमित शाह के बाद तीसरे स्थान पर आते हैं। यूपी कांग्रेस की प्रभारी व पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी भी साइवर स्पेस में अपनी जगह बनाये हैं। उनकी हर ट्वीट 4.4 मिलियन लोगों तक जाती है। इस मामले में हर दिन वह औसतन दस से ज्यादा ट्वीट करती हैं।

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व यूपी की पूर्व सीएम मायावती भी ट्विटर पर बेहद सक्रिय रहती हैं। आये दिन विपक्षी दलों पर हमले के लिए वह साइबर प्लेत्तटफार्म का सहारा लेती हैं। खास तौर पर कोविड काल में उन्होंने ट्विटर को एक मंच के रूप में इस्तेमाल किया है। इसी दल के राष्ट्रीय महासचिव एससी मिश्रा को 42 हजार से ज्यादा लोग ट्विटर पर फालो करते हैं। आम आदमी पार्टी के नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह इस मामले में 1.7 मिलियन फालोवर के साथ अपने दल के नेताओ में अग्रणी हैं।

अब दलों की बात करें तो भाजपा ने सबसे पहले 2014 के लोकसभा चुनाव में साइबर रूम बनाया और तभी से उनकी मीडिया टीम लगातार इस प्लेटफार्म के जरिये पार्टी और सरकार की आवाज को जनता के बीच ले जाती है। यूपी में युवा मतदाताओं की संख्या काफी ज्यादा है। पहली बार के मतदाता बने युवा भी अच्छी संख्या में हैं। यह मतदाता आमतौर पर सोशल मीडिया का भी जमकर इस्तेमाल करते हैं। हर दिन वह औसतन दो घंटे फेसबुक से लेकर ट्विटर व इंस्ट्राग्राम को देते हैं। ऐसे में इन मतदाताओ को आकर्षित करने के लिए कुछ नेता ट्विटर पर तेजी से आये हैं और कई दलों ने तो फेसबुक व ट्विटर पर 20 हजार फालोवर का मानक ही प्रत्याशी के लिए लगा रखा है। भाजपा के साथ ही कांग्रेस, समाजवादी पार्टी के भी अपने वाररूम हैं। इनमें कार्यकर्ताओ के माध्यम से साइबर स्पेस के जरिये अपनी बात को तेजी से रखने का काम हो रहा है। कोरोना काल में आयोग ने बड़ी रैलियों पर अभी रोक लगा रखी है। ऐसे में पीक टाइम कर भाजपा से लेकर सपा, बसपा कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के ट्वीट खासतौर पर देखे जा सकते हैं। किसी नेता की ज्वाइनिंग हो या फिर प्रत्याशियों के टिकटों का ऐलान। सब इसी मंच पर होने लगा है और उसको तेजी से वायरल भी कराया जा रहा है। ट्वीट व रिट्वीट से लेकर लाइक को इसका मानक बनाया जाने लगा है। चुनाव में किस दल को इसका फायदा सबसे ज्यादा मिला यह तो नतीजों के बाद ही तय होगा।

# दलितों को अपने पाले में करने की सभी दलों में होड़



**अभिषेक रंजन।** लखनऊ

## बीजेपी के चरखा दांव से विपक्षी दल हैरान

## पश्चिम यूपी में सरकार व संगठन के मंत्रियों-पदाधिकारियों ने डाला डेरा

**यूपी की** राजनीति में दलितों का वोट सरकार बनवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यही कारण है कि सभी दल इस वोट बैंक को अपने पाले में करने के लिए हर जतन कर रहे हैं लेकिन बीजेपी ने दलितों को लेकर जो चरखाा दांव चला है उससे विपक्षी दल परेशान हो गए हैं। इस दांव को बीजेपी अपने विभिन्न अभियानों के जरिए मूर्त रूप दे रही है। साथ ही बीजेपी ने अपने टिकट बंटवारे में जो रणनीति अपनाई है उससे प्रमुख विपक्षी दल सपा हैरान है। पश्चिम यूपी में सर्वाधिक सीटें जीतकर आई बीजेपी ने पहले और दूसरे चरण के मतदान को लेकर अपने टिकट बटवारे में दलितों को तव्वजो तो दी ही साथ ही टिकट काटने में कैची भी थोड़ी संभाल कर चलाई है। कांग्रेस के लड़की हूं लड़ सकती हूं के स्लोगन के मुकाबले बीजेपी ने भी महिलाओं के प्रतिनिधित्व को प्राथमिकता दी है। इसमें दलित समाज की महिलाओं को भी टिकट दिया है।

इन सबके बीच बीते 14 जनवरी को सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में झुंगिया गेट फर्टिलाइजर रोड स्थित दलित समाज के अमृतलाल भारती के घर सहभोज में शामिल होकर जाति के नाम पर जारी राजनीति के इस दौर में सामाजिक समरसता का बड़ा संदेश दिया। सीएम योगी ने जमीन पर बैठकर प्रेमभाव से खिचड़ी खाई और अपने दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और गुरु ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ की उस परंपरा को और समृद्ध किया जिसे उन्होंने जातीय भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में आगे बढ़ाया था। भारती के यहां आयोजित सहभोज में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री ने बिना किसी औपचारिकता के जमीन पर बैठकर भोजन किया। पत्तल में परोसी गई खिचड़ी और कुल्हड़ में पानी। यूपी में सीएम योगी द्वारा दलित के घर भोजन करने जाने को विपक्षी दलों ने चुनावी स्टंट बताया है। विपक्षी दल भी दलितों को साधने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं। दलितों के घर भोजन करने की रणनीति में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी पीछे नहीं हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पहली बार समाजवादी आंबेडकर वाहिनी का गठन कर दिया है। आंबेडकर जयंती पर अयोध्या की तरह दलित दीपावली मनाने का ऐलान किया था। हाथरस कांड के एक साल पूरा होने पर अखिलेश अपने कार्यकर्ताओं से हर महीने की 30 तारीख को हाथरस की बेटी का स्मृति दिवस मनाने के लिए कह चुके हैं। बीएसपी प्रमुख मायावती का तो कोई भाषण दलितों के हक की बात के बिना पूरा ही नहीं होता। वह दलित महापुरुषों के मान-सम्मान की बात करने के साथ खुद को भी दलितों के सम्मान से जोड़ती हैं। इसलिए यूपी विधानसभा चुनाव में सभी पार्टियों के दलित प्रेम की वजह साफ दिखाई देती है।

अब अगर बीजेपी के दलित एजेंडे की बात करें तो केंद्र से लेकर योगी सरकार के मंत्री और संगठन के लोग दलितों के घर मोदी-योगी सरकार के काम-काज की रिपोर्ट लेकर उनके घर पहुंच रहे हैं और सहभोज कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। सरकार और संगठन के लोग दलितों के घर जाकर उन्हें बीजेपी का पटका पहनाकर फोटो खिचवा रहे हैं। बीजेपी ने टिकट बटवारे से लेकर दलितों के घर पहुंचने की रणनीति का असर अब दिखे लगा है। पश्चिम यूपी में बीजेपी के नेतओं की आमद तेज हो गई है। बीजेपी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा नगीना, मुजफ्फरनगर, गजरौला,अमरोहा, मुरादाबाद व मेरठ विधानसभाओं के पदाधिकारियों के साथ बैठकें की और दलितों के घर-घर जाकर संपर्क अभियान को तेज कर दिया है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अलीगढ़, बुलन्दशहर में घर-घर सम्पर्क करके चुनाव प्रचार किया तो वहीं बुलन्दशहर में सामाजिक व्यक्तियों के साथ बैठक कर रहे है। इन सामाजिक व्यक्तियों में बीजेपी दलितों का प्रतिनिधित्व अधिक करवाती है। इसी प्रकार से बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष देवबंद में घर-घर सम्पर्क व प्रमुख सामाजिक व्यक्तियों के साथ बैठक कर रहे हैं। दोनों डिप्टी सीएम व सांसद और केंद्रीय मंत्रियों ने पश्चिम यूपी में डेरा डाल दिया है।

# अवसरवादिता की चाहत में बदलती गई इनकी निष्ठा

**सतीश सिंह।** लखनऊ



स्वामी प्रसाद मौर्य



डॉ. धर्म सिंह सैनी



दारा सिंह चौहान



रोशनलाल वर्मा



भगवती प्रसाद सागर



डॉ. मुकेश वर्मा



बृजेश कुमार प्रजापति



अवतार सिंह भड़ाना

**इस बार** उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव का रण सज चुका है। सभी दलों के अधिकतर प्रत्याशी मैदान में आ चुके हैं तो कुछ आने वाले हैं। इनमे कई ऐसे नेता हैं जिनकी कोई विचारधारा नहीं है सिर्फसरकार के साथ बने रहना ही इनकी महत्वाकांक्षा है। यह बात दीगर है कि उनके पार्टी की सरकार बहुमत न होने के चलते न बन पाई हो पर सियासत के केंद्र में यह हमेशा बने रहना चाहते हैं। इसमें बसपा से निकले नेताओं की एक सूची है। जिन्होंने 2012 से बसपा से चुनाव लड़ा तो 2017 में भाजपा में अब 2022 में सपा से मैदान में ताल ठोंक रहे हैं।

लगातार तीन चुनावों में अलग अलग पार्टियों से लड़ने वालों में प्रमुख रूप से स्वामी प्रसाद मौर्य, डॉ. धर्म सिंह सैनी, दारा सिंह चौहान, रोशनलाल वर्मा, भगवती प्रसाद सागर, ब्रजेश कुमार प्रजापति जैसे लोग शामिल है। बसपा छोड़ने के बाद इन नेताओ ने भाजपा का दामन थामा। चुनाव लड़े और विधायक बने फिर मंत्री। पांच साल भाजपा सरकार के साथ रहते हुए मलाई काटी और चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही इनकी विचारधारा समाजवादी हो गई। यानी तीसरे चुनाव में लगातार 2012 फिर 2017 और अब 2022। अब इस चुनाव में दलबदल करने वाले कितने जीतेंगे या फिर कितने किनारे लगेंगे यह तो चुनावी नतीजों के सामने आने के बाद पता चल पाएगा। पर लगातार तीन विधानसभा चुनाव अलग अलग पार्टियों से चुनाव लड़ने वाले नेता दलबदल के समय भले ही विचारधारा की आड़ लेते हों लेकिन सच यह है कि उनकी कोई विचारधारा नहीं होती। वे जिस दल में जाते हैं उसकी ही विचारधारा का गुणगान करने लगते हैं जबकि कुछ समय पहले तक उसकी निंदा.भर्त्सना कर रहे होते हैं। विडंबना यह है कि मतदाता भी इनके बहकावे में आ जाते हैं।

## स्वामी प्रसाद मौर्य

स्वामी प्रसाद मौर्य के बारे कथन है कि यह फैमिली फर्स्ट के फार्मूले पर जरूर अमल करते हैं। अक्टूबर 1996 में डलमऊ विधानसभा सीट से चुनकर विधानसभा पहुंचने वाले मौर्य ने वर्ष 2002 के विधानसभा चुनाव में भी इसी सीट से जीत दर्ज की थी। वर्ष 2007 से लेकर 2017 का विधानसभा चुनाव पडरौना विधानसभा सीट से लड़ा और लगातार तीन बार से वे वहां से जीत दर्ज करते आ रहे हैं। वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव में बसपा के टिकट पर चुने गए थे। स्वामी प्रसाद मौर्य पर ये आरोप रहा है कि वो पार्टी में अपने बेटे बेटियों को मनमुताबिक टिकट न मिलने पर पार्टी छोड़ते रहे हैं। बसपा में रहते हुए लगातार मंत्री बनते रहे स्वामी प्रसाद मौर्य को लेकर दावा है कि 2016 में उन्होंने इसलिए बसपा छोड़ी थी क्योंकि उनकी बेटी संघमित्रा और बेटे उत्कर्ष को मनमुताबिक सीट से पार्टी ने टिकट नहीं दिया था। 2017 विधानसभा चुनाव से पूर्व बीजेपी का दामन थामने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य की बेटी तो बदायूं से बीजेपी के ही टिकट पर सांसद बनीं लेकिन बेटा उत्कर्ष बीजेपी का टिकट पाकर भी हार गया। आरोप है कि इस बार भी टिकट चाह रहे थे लेकिन बीजेपी से न मिलते देख पाला बदल लिया और सपा में शामिल हो गए।

## डॉ. धर्म सिंह सैनी

स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ ही डॉ धर्म सिंह सैनी ने बसपा छोड़ कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। इसके बाद भाजपा ने 2017 के विस चुनाव में नकुड़ सीट से ही लड़वाया था जिसमें उन्होंने जीत दर्ज की थी। योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल में वह आयुष राज्यमंत्री थे। डॉ धर्म सिंह सैनी 2002 में सरसावां सीट से बसपा के टिकट पर पहली बार विधायक बने थे। इसके बाद 2007 में दोबारा सरसावां से बसपा के टिकट पर विधायक बने और बसपा सरकार में बेसिक शिक्षा मंत्री रहे। इसके बाद 2012 में तीसरी बार बसपा के टिकट पर ही नकुड़ से विधायक बने। इसके बाद 2017 में उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया और नकुड़ से विधायक बने। वहीं सैनी इस चुनाव में सपा के टिकट पर मैदान में हैं।

## दारा सिंह चौहान

दारा सिंह चौहान दल बदलने में माहिर हैं। डीएवी पीजी कॉलेज आजमगढ़ से राजनीतिक सफर की शुरूआत के बाद यह काफी दिनों तक कांग्रेस संगठन में बतौर पदाधिकारी रहे। 1996 में सपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने उन्हें राज्यसभा भेजा था। 2000 में कार्यकाल पूरा होने पर फिर 2000 से 2006 तक राज्यसभा में सपा का प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद वे बसपा में शामिल हो गए। बसपा सुप्रीमो मायावती ने उन्हें घोसी लोकसभा सीट से 2009 में चुनाव लड़ाया। जीतकर वे पहली बार लोकसभा सदस्य बने। 2014 में फिर बसपा के टिकट पर लोकसभा के लिए मैदान में उतरे लेकिन बीजेपी के हरिनारायण राजभर से हार गए। 2014 के बाद बदले समीकरण के चलते उन्होंने 2015 में बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कर ली। 2017 के विधानसभा चुनाव में वे बीजेपी के टिकट पर मऊ की मधुवन सीट से निर्वाचित हुए और योगी आदित्यनाथ के मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री बने। पांच साल कैबिनेट मंत्री रहने के बाद फिर सपा में लौट आये हैं।

## रोशनलाल वर्मा

रोशनलाल वर्मा ने 2007 में बसपा से निगोही सीट से पहला विधानसभा चुनाव लड़ा था। उन्हें जीत मिली थी। उसके बाद 2012 में उन्होंने बसपा से ही दूसरा चुनाव जीता। 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा में शामिल हुए और लगातार तीसरी जीत हासिल की इस बार सपा के टिकट पर मैदान में है। रोशनलाल वर्मा ने अपना राजनीतिक सफर 1985 में शुरू किया था। पहली बार निगोही किसान सेवा सहकारी समित के अध्यक्ष बने। लगातार तीन बार इसका चुनाव जीते। ग्राम विकास बैंक की शाखा अध्यक्ष का चुनाव जीता। उप ब्लाक प्रमुख का चुनाव जीते और फिर ब्लाक प्रमुख बने।

## भगवती प्रसाद सागर

बसपा सरकार में सेवायोजन राज्यमंत्री रहे भगवती प्रसाद सागर ने वर्ष 2007 का विधानसभा चुनाव मऊरानीपुर से लड़ा। विधायक बने फिर मंत्री रहे। 2012 में उन्होंने बसपा छोड़कर खुद को राजनीति से दूर कर लिया और योग गुरु से जुड़ गए। हालांकि यह स्थिति सिर्फ एक चुनावी सत्र तक ही रहा। 2017 में सागर भाजपा के टिकट पर बिल्हौर से लड़े और फिर से विधायक बने। इस बार सपा के टिकट पर मैदान में हैं।

## डॉ. मुकेश वर्मा

शिकोहाबाद से भाजपा के विधायक डॉ. मुकेश वर्मा इस बार सपा के टिकट पर मैदान में हैं। डॉ. मुकेश वर्मा 2017 के चुनाव से पूर्व भाजपा में शामिल हुए थे। इससे पहले वे बहुजन समाज पार्टी में थे। 2012 का विधानसभा चुनाव उन्होंने बसपा से लड़ा था और दूसरे नंबर पर रहे थे।

## बृजेश कुमार प्रजापति

स्वामी प्रसाद मौर्य ने जब पूर्व में बहुजन समाज पार्टी को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में आए थे तब बृजेश प्रजापति ने भी बहुजन समाज पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली थी। बृजेश कुमार प्रजापति ने 2012 का चुनाव बसपा के टिकट पर लड़ा था लेकिन हार गए थे। वह 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर तिंदवारी विधानसभा में विधायक बने थे। इस बार चुनाव में तिंदवारी विधानसभा में समाजवादी पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया है।

## अवतार सिंह भड़ाना

फरीदाबाद के रहने वाले 64 साल के अवतार सिंह भड़ाना का राजनीतिक सफर लंबा रहा है। कांग्रेस के टिकट पर वह फरीदाबाद से तीन बार और मेरठ से एक बार सांसद रह चुके हैं। इसके बाद साल 2017 में भाजपा के टिकट से मुजफ्फरनगर की मीरापुर विधानसभा सीट पर उन्होंने चुनाव लड़ा और चुनाव जीता। वह 2019 का लोकसभा चुनाव फरीदाबाद से कांग्रेस के टिकट से लड़े किंतु हार गए। इस बार अवतार सिंह भड़ाना आरएलडी से गौतमबुद्धनगर की जेवर सीट से विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 29 जनवरी, 2022



# घटतौली करने वाले कोटेदार के खिलाफ जांच हो: डीएम

## ● सफाईकर्मी को तत्काल प्रभाव से करें निलम्बित: डीएम

संवाददाता। चित्रकूट



डीएम शुभ्रांत शुक्ल

**जिलाधिकारी** शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने पहाडी ब्लाक के कांटी गांव में वैक्सीनेशन कार्य का निरीक्षण कर ग्रामीणों से कहा कि कोरोना को देखते हुए सभी लोग वैक्सीनेशन करा लें। जिन्हें पहली डोज लग चुकी है। वह दूसरी डोज लगवा लें। 15 से 18 वर्ष के बच्चों का भी वैक्सीनेशन करायें, ताकि बीमारी से बचा जा सके।

शुक्रवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने गांव में चौपाल लगाकर खाद्यान्न वितरण, पेंशन, राशन कार्ड, शौचालय, आवास, वरासत आदि बिन्दुओं पर ग्रामीणों से चर्चा की। ग्रामीणों ने बताया कि कोटेदार कम खाद्यान्न तौलकर दे रहा है। जिलाधिकारी ने एसडीएम से जांचकर कार्यवाही के निर्देश दिये। जिनके पास राशन कार्ड नहीं है, उनके राशन कार्ड बनवायें। अपात्रों के राशन कार्ड तत्काल निरस्त किये जायें। पेंशन योजनाओं पर प्रधान व सचिव को निर्देश दिये कि पात्रों को तत्काल पेंशन के आवेदन भरवायें।

ग्रामीणों से कहा कि अब पेंशन एक हजार रुपये प्रतिमाह शासन ने कर दी है। सभी लोग लाभ उठायें। लेखपाल से कहा कि खेल मैदान में कब्जा आज ही खाली करायें। प्रत्येक गांव में गौशाला व खेल मैदान अवश्य होना चाहिए। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में तैनात सफाई कर्मी आज तक सफाई करने नहीं आया। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को निर्देश दिये कि सफाई कर्मी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया जाये। पहाडी थानाध्यक्ष अजीत पाण्डेय ने ग्रामीणों से कहा कि भयमुक्त होकर विधानसभा चुनाव में मतदान करें। इस मौके पर एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां, तहसीलदार रामकेवल त्रिपाठी, प्रभारी डॉ उदयप्रताप सिंह समेत लेखपाल, प्रधान, आशा, एएनएम व आंगनबाडी मौजूद रहीं।

## अलग-अलग हादसों में युवक व किशोर की हुई मृत्यु

**चित्रकूट।** अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की जान चली गई। पहली घटना कोतवाली कर्वी के खोह रेलवे क्रासिंग के आगे मानिकपुर ब्लाक के कोठिलिहाई गांव में हुई। थाना रैपुरा के अहिरा गांव के पूर्व प्रधान गुड्डू सिंह (40) बुलेट मोटरसाइकिल से अपने घर अहिरा जा रहे थे। अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को खोह रेलवे क्रासिंग के आगे ठोकर मार दी। हादसे में गुड्डू सिंह की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। पूर्व प्रधान की मृत्यु से रैपुरा क्षेत्र में शोक की लहर है। दूसरी घटना रैपुरा थाने के बगरेही गांव में हुआ। बताया गया कि स्कार्पियो गाडी का अचानक टायर फटने से गाडी पलट गई। स्कार्पियो में आठ लोग सवार थे, जिनमें शीलू सिंह (16) पुत्र लाल सिंह निवासी अर्जुनपुर खण्डेहा मऊ की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। कार्तिक सिंह (2) पुत्र ज्ञान सिंह व चालक बुरी तरह घायल हो गये। घटना की जानकारी मिलते ही रैपुरा थानाध्यक्ष नागेन्द्र कुमार नागर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

# अपराधियों के खिलाफ एसपी धवल जायसवाल ने तेज किया अभियान

## ● चुनाव के चलते सात पर लगा मिनी गुण्डाएक्ट पांच जुआरी दबोचे



एसपी धवल जायसवाल

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सात लोगों पर पुलिस ने मिनी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। राजापुर पुलिस ने पांच जुआरियों को दबोचकर मालफ्ड से पांच हजार रुपये व जामा तलाशी में एक हजार रुपये तथा ताश के पत्ते बरामद किये हैं।

शुक्रवार को मानिकपुर थानाध्यक्ष गिरेन्द्र कुमार सिंह ने प्रमोद उर्फ बुइया पुत्र बडकू, भोला पुत्र महादेव, हसमुंख उर्फ करिया पुत्र मंगल कोल, बडकू कोल पुत्र मंगल, अनिल उर्फ अन्नी पुत्र जागेश्वर कोल निवासीगण नागर के खिलाफ मिनी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। बरगढ थानाध्यक्ष शिवमूरत यादव ने सत्यम पुत्र बसंतलाल निवासी सेमरा के खिलाफ मिनी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है।

इसी क्रम में राजापुर थाने के दरोगा इन्द्रजीत गौतम की टीम ने कस्बे में जुआ खेल रहे अजय गुप्ता पुत्र संतोष, हरिओम पुत्र देशराज निवासी हनुमानगंज, नानबाबू पुत्र पंचा निवासी छीबों, मोटा पुत्र सदुलिया व राजेश सोनकर पुत्र बाबूलाल निवासी कस्बा राजापुर को ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है। मालफ्ड से पांच हजार रुपये व ताश के 52 पत्ते और जामा तलाशी में एक हजार रुपये बरामद कर सभी का चालान किया है।

# दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई न हुई तो होगा आन्दोलन: रंजना बराती पांडेय

**चित्रकूट।** मारकुण्डी थाना क्षेत्र के पाटिन गांव के चन्द्रपाल पाण्डेय के घर में 25 जनवरी की रात पुलिस के उत्पात मचाने की घटना को लेकर कांग्रेस की मानिकपुर प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने जिलाधिकारी से भेंटकर चेताया कि पीड़ित परिवार को न्याय न मिलने पर कांग्रेस आन्दोलन को बाध्य होगी।



डीएम को ज्ञापन देती रंजना पांडेय

शुक्रवार को मऊ-मानिकपुर की कांग्रेस प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने पीड़ित चन्द्रपाल पाण्डेय को लेकर जिलाधिकारी से भेंट की। कहा कि 25 जनवरी की रात 12 बजे पुलिस ने दरवाजा तोडकर महिलाओं के साथ अभद्रता व मारपीट की है। मारकुण्डी थाना प्रभारी पर मुकदमा दर्जकर जेल भेजा जाये। रंजना पाण्डेय ने चेताया कि प्रशासन ने पीड़ित परिवार को न्याय नहीं दिया तो कांग्रेस आन्दोलन को बाध्य होगी।

उन्होंने कहा कि रक्षक ही जनता पर हमला बोलेंगे तो सुरक्षा कौन करेगा। तत्काल प्रभाव से दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की जाये। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के साथ बसंतलाल तिवारी, नरेन्द्र द्विवेदी, राजेन्द्र द्विवेदी, सुशील पाण्डेय, पंकज पाण्डेय, राजीव तिवारी, चुनकावन लाल, अरुण द्विवेदी, अशोक द्विवेदी, गंगा पाण्डेय, रमाकान्त पाण्डेय, मनीष, वृन्दावन कुशवाहा, आशीष साहू आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# लक्षणयुक्त व्यक्ति को मेडिकल किट देने के साथ कोविड जांच के लिए कर रहे प्रेरित: डॉ भुपेश द्विवेदी

**चित्रकूट।** कोरोना संक्रमण की रफ़्तार पर काबू पाने के लिए जिले में घर-घर अभियान चलाकर कोरोना लक्षण वालों (सर्दी, जुकाम , बुखार से ग्रसित) की पहचान की जा रही है। इसमें तीन दिनों में 169 लोग मिले हैंद्य कोविड के मिलते-जुलते लक्षण वाले लोगों को मेडिकल किट भी दी जा रही है, यह अभियान 29 जनवरी तक चलेगा।

शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य कोरोना की रफ्तार को रोकने के साथ-साथ ऐसे लोगों की पहचान करना है, जिन्होंने अब तक वैक्सीन नहीं लगवाई है। इसके साथ ही दो वर्ष से छोटे ऐसे बच्चों और गर्भवती को खोजना है जिन्हें अब तक नियमित टीका नहीं लगा है। टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि 60 वर्ष से ऊपर और 15 से 17 वर्ष के ऐसे लोग जिन्होंने अभी तक टीके नहीं लगवाए हैं को भी चिन्हित करेंद्य वहीँ



सीएमओ डा. भूपेश द्विवेदी

जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. आर के चौरिहा ने बताया कि कोरोना के लक्षण वाले व्यक्तियों की पहचान होते ही उन्हें मेडिकल किट दी जा रही है। इसके साथ ही उन्हें कोविड-19 परीक्षण के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है । उन्होंने बताया कि मेडिकल किट को चार कैटेगरी में विभाजित किया गया है। इसमें शून्य से एक साल के बच्चे, दो साल से पाँच साल, पाँच से 12 साल तक के बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा 12 वर्ष से अधिक के सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए किट बनाई गई है। उन्होंने बताया कि बच्चों की किट में सभी दवाएं सीरप के रूप में हैं, जबकि 12 वर्ष से ऊपर के सभी लोगों के लिए दवाई टेबलेट के रूप में है। किट में एक पर्ची डाली गई है, जिसमें किस आयु वर्ग के लोगों को कितनी मात्र में , कितनी बार और कितने क्षमता की दवाएं लेनी है इसका उल्लेख हैद्य उन्होंने बताया कि वयस्क वर्ग में पेरासिटामोल 500एमजी जो बुखार आने पर लेनी है। आईवरमेक्टिन 12एमजी, एजिथ्रोमायसिन 500एमजी के साथ मल्टी विटामिन शामिल है। एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ बिलाल अहमद ने बताया कि घर घर सर्वे के लिए कुल 196 टीमें लगाई गई हैं। टीम में आशा और आंगनबाडी कार्यकर्ता शामिल हैं द्य एक टीम को 75 से 125 घर सर्वे करना है। उन्होंने बताया कि तीन दिनों में 169 लोग मिले हैं।

## उदोतपुरा बिजली घर में आयी खराबी से विद्युत आपूर्ति रही बाधित

**जालौन ( उरई )।** उदोतपुरा बिजली घर में आयी खराबी के कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित रही है। ट्रांसफार्मर में लगी एल को बदल दिया गया है। शुक्रवार की सुबह उदोतपुरा पावर बिजली घर में अचानक खराबी आ गयी। बिजली घर में खराबी आने के कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्र की बिजली ठप्प हो गयी। ट्रांसफार्मर पर लगी एल के खराब होने से आसपास के गांवों समेत नगर की बिजली बंद होने पर हरकत में आये बिजली विभाग ने 2 घंटे की मशक्कत के बाद उसे बदल दिया। खराबी ठीक होने के बाद नगर की बिजली आपूर्ति सुचारू हुई तो 2 घंटे की रोस्टिंग हो गयी जिससे नगर की बिजली आपूर्ति लड़खड़ाती नजर आयी। बिजली लड़खड़ाने के कारण दुकानदारों को दिक्कत हुई। एस डी को कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि उदोतपुरा बिजलीघर में खराबी आने के कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित हो गयी थी।

# फसलों में कीट और रोग के लक्षण दिखने पर अन्नदाता तत्काल करें उपचार: बाल गोविन्द यादव

## ● उप कृषि निदेशक ने किसानो को दी फसल सुरक्षा की सलाह

संवाददाता। चित्रकूट



फसल का जायजा लेते उपकृषि निदेशक

**मौसम में** लगातार हो रहे बदलाव का प्रभाव फसलों पर पडने की संभावना है। पाला, कोहरा और नम वातावरण में रबी की आलू, सरसों एवं दलहनी फसलों में रोग लगने की स्थिति पैदा हो रहीं है। ऐसी विषम परिस्थिति में जिले के उप कृषि निदेशक बाल गोविंद यादव ने किसानो को फसलों में कीट व रोग के लक्षण होने पर तत्काल उनके उपचार करने की सलाह दी।

शुक्रवार को उप कृषि निदेशक बाल गोविन्द यादव ने बताया कि इस समय लगातार सर्दी में उतार चडाव हो रहा है। जिसका असर अब फसलों पर भी पडना शुरू हो गया है। सरसों की फसल में माहू कीट तथा फफूंदी झुलसा रोग से रोकथाम के लिये डाईमेथोएट 30 प्रतिशत ई0सी0 1.0 लीटर, कर्बेण्डाजिम 50 प्रतिशत,डब्लूपी एक किग्रा 600-700 लीटर पानी में घोल बनाकर छिडकाव करे। साथ ही आलू की फसल को अगेती एवं पछेती झुलसा रोग से बचाने के लिए मैन्कोंजेब 50 प्रतिशत डब्लू पी 2.0 से 2.50 किग्रा को 700 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिडकाव करें। साथ ही समय-समय पर पाला के दृष्टिगत रखते हुए फसल की सिंचाई भी करते रहे। बरसात की स्थिति में सिंचाई न करें। उप कृषि निदेशक ने बताया कि इस समय पाला पडने की भी संभावना है। किसानो को चेताते हुए कहा कि जिस समय वातावरण में नमी हो एवं दिन में हवा चले तथा शाम को हवा बन्द हो जाये उस समय रात को पाला पडने की संभावना अधिक रहती है। ऐसी स्थिति में कृषक बंधु शाम को फसल में हल्की सिंचाई तथा मेंडो पर धुआ करने से फसलों को पाला से बचा सकते है। दीर्घकालीन पाला से बचने के लिये खेत के उत्तर दिशा में वृक्ष का रोपण करे। कृषि रक्षा प्रभारी डॉ0 समीर प्रताप सिंह ने बताया कि कृषकों को अपनी फसल की सतत निगरानी करते हुये किसी भी कीट/रोग के लक्षण दिखने पर प्रभावित फसल की फोटो खीचकर व्हाट्सएप नं0 - 9452257111 एवं 9452247111 में समस्या डाले। जिसका ससमय निदान किया जा सके।

## कपड़े सिलाने घर से निकली युवती 48 घंटे से लापता

**जालौन ( उरई )।** दो दिन पूर्व घर से कपड़े सिलाने के लिए निकली युवती लापता हो गई। परिजनों ने युवती की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस युवती की तलाश कर रही है।

नगर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी पिता ने बताया कि उनकी 20 वर्षीय पुत्री दो दिन पूर्व घर से कपड़े सिलाने की बात कहकर निकली थी। देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरू की। उसकी सहेलियों, रिश्तेदारों और सभी संभावित जगहों पर तलाश करने के बाद भी बेटी का कहीं पता नहीं चला। दो दिन से बेटी को लेकर वह परेशान हैं लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चल रहा है। पिता ने पुलिस से बेटी की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस से गुहार लगाई है। पिता की तहरीर पर पुलिस युवती की तलाश कर रही है।

# कोचिंग पढ़ने जा रही छात्रा को मनचले ने जबरन कार में खींचा, की मारपीट

## ● पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर आरोपी युवक को किया सलाखों के पीछे

**उरई ( जालौन )।** शुक्रवार को एक मनचले आशिक की घिनौनी करतूत सामने आई जहां कोचिंग पढ़ने जा रही एक छात्रा को एक आशिक ने जबरन गाड़ी में उठा लिया और उसके साथ मारपीट करते हुए शादी का दबाव बनाया, छात्रा के शोर मचाने पर युवक छात्रा को सड़क पर फेंककर भाग जाने में सफल हो गया।

इसके बाद किसी तरह से अपने घर पहुंची पीड़ित छात्रा ने परिजनों को बतायी और बाद वह घर वालों के साथ मिलकर सदर कोतवाली में पहुंची और सारी घटनाक्रम की जानकारी पुलिस को दी इसके बाद हरकत में आयी पुलिस ने आनन फानन में आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया और उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना उरई कोतवाली क्षेत्र के कालपी रोड स्थित जायसवाल होटल के पास की है जहां एक छात्रा कोचिंग पढ़ने के लिए जा रही थी। उसी दौरान उसके मोहल्ले का रहने वाला शाहरुख नाम का लड़का गाड़ी लेकर आया और उसने जबरन छात्रा को पकड़ लिया तथा उसे गाड़ी में बैठाकर मारपीट करते हुए शादी का दबाव बनाने लगा, जब छात्रा ने इसका विरोध किया और शोर मचाना शुरू किया तो आरोपी ने छात्रा को सड़क पर फेंक दिया और मौके से भाग गया। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया, तत्काल छात्रा भागती हुई अपने परिजनों के पास पहुंची, जहां उसने आपबीती बताई। जिसके बाद पीड़ित छात्रा अपने परिजनों के साथ उरई कोतवाली पहुंची, जहां उसने पूरे घटना की जानकारी पुलिस को दी। इस पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक रवि कुमार का कहना है कि ऐसे सरफिरे आशिकों को कतई नहीं बख्शा जाएगा और मामले की जांच कर निहित धाराओं में युवक पर कार्रवाई की जाएगी।

# तमंचे की नोंक पर डम्पर लूटने वाले तीन अज्ञातों की तलाश में जुटी पुलिस

**जालौन ( उरई )।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर डंपर से मिट्टी खालीकर उरई की ओर आ रहे डंपर को कार सवार व्यक्तियों ने तमंचे की दम पर लूट लिया था। बाद में पुलिस ने डंपर को सातमील के बाद पकड़ लिया। पुलिस ने डंपर स्वामी की तहरीर पर तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

गुरुवार की दोपहर एट के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर कार्यरत डंपर मिट्टी खाली कर वापस उरई की ओर लौट रहा था। तभी भारत गैस एजेंसी के पास कार सवार कुछ व्यक्तियों ने कार को आगे लगाकर डंपर को रोक लिया था और डंपर चालक राजस्थान के भरतपुर निवासी कुलवीर सिंह को तमंचे की दम पर उतारकर डंपर को लेकर कार समेत भाग निकले थे। डायल 112 को सूचना देने के बाद पुलिस सक्रिय हुई। एसपी के निर्देश पर नाकाबंदी कर दी गई। तभी जालौन कोतवाली पुलिस के एसएसआई ने सातमील के पास उक्त डंपर को आता देखा तो डंपर को चालक समेत पकड़ लिया। पुलिस ने डंपर को कोतवाली में खड़ा कराया है। डंपर के स्वामी हरियाणा प्रदेश के हिसार जनपद के बालसमंद थाना क्षेत्र के ग्राम गावर निवासी कुलवीर सिंह की तहरीर पर पुलिस ने कार सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। उक्त संदर्भ में कोतवाल शैलेंद्र सिंह ने बताया कि वाहन स्वामी की तहरीर पर तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। शीघ्र ही तीनों आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# गौशाला में अव्यवस्था को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा शिकायती पत्र

## ● ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव पर कार्रवाई करने की उठायी मांग

संवाददाता। कदौरा (जालौन)



एसडीएम को शिकायती पत्र देने जाते बड़ागांव के ग्रामीण

**ब्लॉक क्षेत्र** की गौशालाओं के हाल बद से बदतर है। आए दिन गौशालाओ में भूसे चारे के अभाव व ठंड से मवेशियों की मौत हो रही है। शिकायत करने पर अधिकारी खानापूरी कर के उल्टा शिकायत कर्ताओं को ही धमकी दे रहे है। शुक्रवार को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बड़ागाँव के आधा दर्जन ग्रामीणो ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि प्रधान व सचिव गोशाला में बंद गोवंशियो को बगैर भूसे चारे के रख रहे है। खाने के नाम पर एक दो दिन में सूखा पुआल ही खिलाया जाता है। ठंड से पर्याप्त इंतजाम न होने के कारण गौवंशों की आये दिन मौत हो रही है। भरत सिंह भदौरिया, रामसिंह, रामअवतार, दिग्विजय सिंह, हर प्रसाद, प्रताप सिंह ने कहा कि ठंड से पूर्व गोशाला में दो सौ मवेशी थे। जबकि अब 90 से 100 मवेसी ही है। पूर्व में इसकी शिकायत की थी। लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। जांच के नाम पर जाने वाले अधिकारी अपना कमीशन लेकर सब दुरुस्त दिखाते है और शिकायत करने वालो को ही डांट डपट कर धमकी देते है। उन्होंने सक्षम अधिकारी से जांच करवा कर सचिव व प्रधान पर कार्यवाही की मांग कर गौशाला में व्यवस्था दुरुस्त करवाने की मांग की है।

### फोटो खींचने, वीडियो बनाने पर ग्रामीणों व चरवाहों में हो चुका विवाद

**कदौरा।** ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गौशाला में प्रतिदिन दो से तीन गौवंशों की मौत हो जाती है। जिसको प्रधान व सचिव जंगलों में फिकवा देते है। अगर कोई ग्रामीण गौशाला की फोटो व वीडियो बनाता है तो उसके साथ मे विवाद कर धमकी दी जाती है। विगत दिनों पूर्व मृत व बीमार पड़े गौवंशो की फोटो व वीडियो बनाने पर चरवाहों व ग्रामीणो में विवाद हो चुका है।

### डीएम के आदेशों का मखौल उड़ाने नहीं चूकते ब्लॉक अधिकारी

**कदौरा।** भीषण सीतलहर व बारिश को देखते हुए डीएम ने बीडीओ कदौरा को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश देकर जिले स्तर के अधिकारियों को निरीक्षण के निर्देश दिए थे। लेकिन बीडीओ के संरक्षण में सचिव पुरानी फोटो भेज कर गुमराह कर रहे है। जबकि निरीक्षण के नाम पर आने वाले अधिकारी सिर्फ एक गौशाला में जा कर 5 गौशालाओं का निरीक्षण दिखा कर फर्जी रिपोर्ट भर रहे है।

## क्विक न्यूज

### विधानसभा चुनाव में वोट की चोट से चुनें सुयोग्य जनप्रतिनिधि: अजीत सिंह



**चित्रकूट।** बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने विधानसभा चुनाव 2022 के लिए जनता से भयमुक्त होकर निष्पक्ष मतदान की अपील की है। उन्होंने कहा कि पांच साल पछताने से बेहतर है कि वोट की चोंट करें। जाति-पाति से ऊपर उठकर विकास के लिए वोट करें। युवा बहकावे में न आयें, दारु-मुर्गा और छलावे में न आयें। शत-प्रतिशत मतदान कर योग्य प्रत्याशियों को बागडोर सौंपें। शुक्रवार को बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि चुनावी रणभेरी बज रही है। प्रत्याशी चुनाव जीतने को तरह-तरह के हथकंडे अपनायेंगे। कोई दल की दुहाई देगा, कोई जाति की, कोई झूंठे सब्जबाग दिखायेगा तो कोई नोट और दारु-मुर्गा बांटने की कोशिश करेगा। ऐसे में मतदाताओं पर बडी जिम्मेदारी है कि प्रत्याशियों पर वोट की चोंट देनी होगी। पांच साल पछताने से बेहतर है कि चुनाव के समय योग्य अनुभवी जनसेवक का चुनाव करें। उन्होंने कहा कि मतदान के बाद पांच साल पहले ही ठोंकबजाकर प्रत्याशी को टटोल लिया जाये। चुनाव में एक-एक वोट बहुमूल्य है। शत-प्रतिशत मतदान को युवाओं को हर बूथ में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। प्रत्याशियों से घोषणा पत्र भी मांगिये। चुनाव जीतने के बाद विधायक अपने क्षेत्र में क्या विकास कार्य करेंगे। उनकी प्राथमिकतायें क्या होंगी, ये जनता को जानने का हक है। चुनाव दौरान युवा यह भी ध्यान रखें कि सोशल मीडिया में तमाम फर्जी चीजें भी डाली जाती हैं। कट-पेस्ट के चक्कर में कानूनी पचडे में फंस सकते हैं। झगडे-विवाद से दूर रहकर मुद्दों की बात करें और मुद्दों पर ही मतदान करें।

### मंदिर परिसर को अराजकतत्वों ने बनाया अड्डा, पुजारी ने दी तहरीर

**जालौन (उरई)।** मंदिर में बैठकर अराजक तत्व जुआ व शराब का सेवन करते है। मना करने पर पुजारी के साथ गाली, गलौज कर मारपीट की धमकी देते हैं। पीड़ित पुजारी ने मंदिर में आने से आराजक तत्वों को रोके जाने की मांग करते हुए कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी राजेश ने पुलिस को बताया कि वह हनुमान मंदिर में पुजारी का कार्य करते हैं। मंदिर एकांत में होने की वजह से गांव के कुछ अराजक किस्म के लोग मंदिर में आ जाते हैं और वहां बैठकर न सिर्फजुआ खेलते हैं बल्कि शराब आदि नशीले पदार्थों का सेवन भी करते हैं। नशे में कभी कभार लड़ाई झगड़ा भी करने लगते हैं। अराजक किस्म के लोगों के मंदिर में आने से मंदिर में पूजा के लिए आने वाले भक्तों को परेशानी होती है। महिलाएं भी मंदिर में आने से कतराती हैं। जब वह अराजक किस्म के लोगों को मंदिर में बैठकर जुआ व शराब के लिए मना करते हैं उक्त लोग उनके साथ भी गाली, गलौज करते हुए मारपीट की धमकी देने लगते हैं। साथ ही पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़ित पुजारी ने मंदिर में आराजक तत्वों को आने से रोकने के लिए कोतवाली पुलिस से मांग की है। वहीं, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिये 36 नामांकन पत्र खरीदे गये

**उरई (जालौन)।** सामान्य विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच शुक्रवार को 219 माधौगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 6 नामांकन पत्र खरीदे तथा 1 व्यक्ति ने नामांकन पत्र जमा किया। जबकि 220 कालपी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 8 नामांकन पत्र खरीदे तथा 1 नामांकन पत्र जमा किए। तो वहीं 221 उरई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 4 नामांकन पत्र खरीदे। 219 माधौगढ़ विधानसभा क्षेत्र से राजेश कुमार कांग्रेस, अशोक कुमार राठौर सपा, विनीत कुमार कांग्रेस, मीरा देवी कांग्रेस, सिद्धार्थ दिवोलिया कांग्रेस, अरविंद सेंगर कांग्रेस द्वारा नामांकन पत्र खरीदें गए तथा मूलशरण जन अधिकार पार्टी द्वारा नामांकन पत्र जमा किया गया। 220 कालपी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से छोटे सिंह चौहान भाजपा निषाद पार्टी, रामदर्शन तिवारी निर्दलीय, नरेंद्र पाल सिंह जादौन भाजपा, राजेश सिंह सेंगर भाजपा, संतराम सेंगर भाजपा, पुष्पेंद्र सिंह निर्दलीय, समर सिंह सपा, माया देवी वीआईवी द्वारा नामांकन पत्र खरीदे गए तथा वीरेंद्र सिंह परिहार राष्ट्रीय जनमंच द्वारा नामांकन पत्र जमा किए गए। 221 उरई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से चंद्रभान सिंह निर्दलीय, गुलाब सिंह निर्दलीय, सुशील चौधरी निर्दलीय जितेंद्र वर्मा निर्दलीय द्वारा नामांकन पत्र खरीदा गया।

### आठ फरवरी तक भरे जाएंगे स्नातक परीक्षा फॉर्म

**कोंच(जालौन)।** बुन्देलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक कक्षाओं के परीक्षा फॉर्म आगामी 8 फरवरी तक भरे जायेंगे। नगर के सेठ बद्रीप्रसाद महाविद्यालय, सूरज ज्ञान महाविद्यालय, एमपीडीसी महाविद्यालय व अशोक शुक्ला महिला महाविद्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि बीए, बीएससी प्रथम वर्ष में दाखिला लेने वाले सभी छात्र छात्राएं आगामी 2 फरवरी तक तथा द्वितीय व तृतीय वर्ष में अध्ययनरत छात्र छात्राएं 8 फरवरी तक अपने अपने विश्विद्यालय परीक्षा फॉर्म भरकर महाविद्यालय कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कर दें।निर्धारित तिथि तक फॉर्म भरकर जमा न करने पर संबंधित छात्र छात्राएं स्वयं जिम्मेवार होंगे।


### बच्चों, युवाओं ने क्षेत्रीय समस्याओं के लिये मतदान करने की अपील की

**कोंच(जालौन)।** सिनेमा से इतर सामाजिक सरोकारों से भी वास्ता रखने वाले कोंच इण्टरनेशनल फिल्म फेस्टिवल द्वारा वर्चुअल माध्यम से चलाया जा रहा कैम्पैन "मैं कोंच हूँ" आम जनमानस का समर्थन बटोरने में सफल साबित हो रहा है। फेस्टिवल से जुड़े बच्चों एवं युवाओं ने भी मतदाताओं से अपना जनप्रतिनिधि जात-पात या किसी प्रलोभन में आकर नहीं बल्कि क्षेत्रीय समस्याओं के निराकरण करने वाले को ही चुनने की अपील की है। विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों का ध्यान जनसुविधाओं और समस्याओं की तरफखींचने की दिशा में चलाये जा रहे कैम्पेन "मैं कोंच हूँ" के लिये बच्चों एवं युवाओं ने वीडियो जारी करते हुये कहा है कि सभी मतदाता अपना वोट किसी प्रलोभन में न आकर क्षेत्रीय समस्याओं के लिये ही करें।उक्त कैम्पेन को लीड कर रहे फेस्टिवल के संस्थापकध्संयोजक पारसमणि अग्रवाल ने कहा है कि बच्चों की अपील का मतदाताओं पर प्रभाव पड़ेगा और वह क्षेत्रीय समस्याओं के निराकरण हेतु ही अपना बहुमूल्य वोट करेगें। उन्होनें कहा कि इस कैम्पेन को लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है। कोंच नगर में व्यात समस्याओं और उनके निराकरण को लेकर विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों और राजनैतिक पार्टियों के जिम्मेदारों को भी अपना रूख स्पष्ट करना चाहिये।पारस ने अपील की कि इस कैम्पेन को सपोर्ट करने के लिये सोशल मीडिया पर कोंच से सम्बधित समस्या को लेकर "मैं कोंच हूँ" हैजटैग के साथ जरूर शेयर करें।

### डूडा विभाग का फर्जी अधिकारी बन जालसाज ने ठगने का किया प्रयास

**कोंच(जालौन)।** डूडा विभाग का फर्जी अधिकारी बनकर जालसाज द्वारा युवक को ठगने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। मामले के मुताबिक नगर के मुहल्ला मालवीय नगर निवासी जितेंद्र ने बीते कुछ समय पूर्व शासन की योजनांतर्गत आवास प्राप्ति हेतु जनपद के डूडा विभाग में आवेदन किया था जिसकी प्रक्रिया फिलहाल जारी है। शुक्रवार को जितेंद्र के मोबाइल फोन पर 8423179477 से फोन आया। फोन करने वाले जालसाज ने स्वयं को लखनऊ के डूडा ऑफिस का अधिकारी बताया और उसने जितेंद्र से बैंक पासबुक व आधार कार्ड की डिटेल मांगते हुए कहा कि तुम्हारे खाते में विभाग द्वारा पास 5 लाख रुपये भेजे जाने हैं।वहीं उक्त जालसाज की बातों पर शक होने पर जितेंद्र ने जिला डूडा अधिकारी अखिलेशचंद्र से संपर्क साधा। अखिलेशचंद्र ने बताया कि विभाग इस प्रकार का कोई फोन कर पासबुक आदि की जानकारी कभी नहीं मांगता है।उन्होंने अपना मोबाइल नंबर 8573002284 सार्वजनिक करते हुए कहा कि जालसाजों से बचें और अपनी कोई भी गोपनीय सूचना साझा न करें और न ही किसी को रुपये आदि दें।अगर कोई समस्या है तो स्थानीय स्तर पर जेई डूडा विभाग शिवम पाठक अथवा जिला मुख्यालय स्थित डूडा विभाग में सीधे आकर संपर्क करें।विदित हो कि इस प्रकार से फोन कर कई गरीब लोगों को ये जालसाज ठग चुके हैं।

### कैलिया क्षेत्र में अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने किया रूट मार्च



**कोंच(जालौन)।** आसन्न विधानसभा चुनाव में खलल डालने वालों को कड़ा संदेश देने और शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने के लिए थाना कैलिया पुलिस व अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने क्षेत्र के कई गांवों में रूट मार्च किया। शुक्रवार को थाना कैलिया पुलिस के साथ सैकड़ों की संख्या में कैलिया समेत सलैया बुजुर्ग, चटसारी, बरहल, खुटैला, सामी, असूपुरा, कूंडा, बरोदा कलां, पीपरी, देवगांव आदि गांव की सड़कों पर जब अर्द्धसैनिक बलों के भारी बूटों की थाप सुनाई दी तो अराजकतत्व सहम गए। थानाध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी व सीआरपीएफ अधिकारियों ने लोगों से भयमुक्त, सुरक्षित और निष्पक्ष वातावरण में बिना किसी प्रलोभन के मतदान करने तथा मादक पदार्थों के वितरण आदि की शिकायत एसडीएम, सीओ व थाना पुलिस से करने का आह्वान किया। साथ ही आदर्श चुनाव आचार संहिता व धारा 144 का पालन करने, कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने को भी प्रेरित किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले शरारती तत्वों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा और कठोर वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में मतदान कार्मिकों का हुआ प्रथम रेंडमाइजेशन

**संवाददाता।** अमेठी

**सामान्य** निर्वाचन.2022 को निष्पक्षए सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आज कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार मिश्र तथा मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर की उपस्थिति में मतदान कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के लिए आज एनआईसी में 8409 मतदान कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया है, जिनमें 2063 पीठासीन अधिकारी, 2063 मतदान अधिकारी प्रथम, 2209 मतदान अधिकारी द्वितीय तथा 2074 मतदान अधिकारी तृतीय शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण आगामी 2 फरवरी से 4 फरवरी 2022 तक दो पालियों में प्रात: 9.00 बजे से 12.00 बजे तक अपराहन् 1.00 बजे से 4.00 बजे तक मनीषी महिला महाविद्यालय एवं इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज में आयोजित होगा। इस दौरान एनआईसी में अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।



## बेसिक विभाग के 348 की लगी चुनाव में ड्यूटी

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार ब्लाक मे कुल 108 प्राथमिक व 27 पूर्व माध्यमिक विद्यालय है। जिसमें परिषदीय विद्यालय मे कुल 348 की विधानसभा चुनाव में ड्यूटी लगाई गई है।जिसमे 81 पीठासीन प्रथम मतदान अधिकारी 104 व द्वितीय मतदान अधिकारी 153 एवं अनुचरो को तृतीय हेतु 10 अनुचरो की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमे ब्लाक के कुल 30 परिषदीय विद्यालय ऐसे है जिनमे चारदिवारी तक नहीं है।

## लाला लाजपत राय की 157वीं जयन्ती हर्षोल्लास पूर्वक मनायी गयी

**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, त्रिपुला, में महान देशभक्त लाला लाजपत राय जी की 157वीं जयन्ती हर्षोल्लास पूर्वक मनायी गयी। विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ न्यू स्टैडर्ड ग्रुप ऑफ स्कूल्स की सह-प्रबन्धिका डॉ0 रश्मि शर्मा जी के द्वारा लाला लाजपत राय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं मे स्वीकृति सिंह व अंशिका सिंह ने विडियो सन्देश एवं हंस पटेल ने चित्र के द्वारा ऑनलाइन माध्यम अपने विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर राजीव सिंह (प्रधानाचार्य एन.एस.पी.एस., सलेथू), शिवलखन प्रजापति (प्रधानाचार्य एन.एस.पी.एस., त्रिपुला), विद्यालय परिवार से मो0 फैजान खान, सी.एस.दास मिश्रा, शिवकरन पाल, राकेश अवस्थी, बालजी पाण्डेय सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# भीषण सड़क हादसा, तीन लोगों की दर्दनाक मौत,एक घायल



**संवाददाता।** खीरों रायबरेली

**खीरों** थाना क्षेत्र भरवलिया में शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इसमें 3 लोगों की मौके पर मौत हो गई व एक घायल है। खीरों थाना क्षेत्र भरवलिया में गुरुवार को एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार सफारी गाड़ी साइकिल सवार को बचाने में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, सफारी में सवार 4 लोगो मे तीन लोगों जिया,अरशद,चास्मि की मौके पर मौत हो गई आशिफ कि हालत गंभीर स्थानीय लोगो ने गंभीर रूप से घायल युवक को एम्बुलेंस की सहायता से भेजा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज भेज दिया हैं। फतेहपुर जिले के रहने वाले है सभी सफारी गाड़ी सवार फतेहपुर से लखनऊ जा रहे थे सफारी गाड़ी सवार खीरों थाना क्षेत्र भरवलिया गांव के पास लखनऊ फतेहपुर हाईवे पर हुआ दर्दनाक सड़क हादसा। खीरों ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## कोटेदार पुत्र को दबंग ने पीटा, मामला दर्ज

**श्रावस्ती, भिनगा।** कोतवाली भिनगा अंतर्गत ग्राम खैरी कला मे राशन लेने पहुँचे मनबढ़ दबंग ने विवाद करते हुए कोटेदार की इलेक्ट्रॉनिक माप यंत्र को तोड़ दिया विरोध करने पर कोटेदार के पुत्र मनोज कुमार की पिटाई कर दी जिससे वह घायल हो गया। इस घटना की कोटेदार पुत्र ने भिनगा कोतवाली में नामजद तहरीर दी है। प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। भिनगा कोतवाली के खैरी कला गाँव मे गुरुवार को राशन वितरण के दौरान कोटेदार का बेटा मनोज कुमार राशन लेने आने वाले लोगो का अंगूठा लगवाकर पर्ची निकाल रहा था। तभी इस दौरान वहा पलटन पुरवा गाँव निवासी मयाराम व दो अन्य लोग पहुंचे और अपनी पर्ची पहले निकालने के लिए कहने लगे जिस पर कोटेदार पुत्र ने लाइन में लगने को बोला और कहा कि पहले से आये लोगो की पर्ची निकल आये तब तुम्हारी पर्ची निकाल देंगे।

# सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेटों को दिया गया प्रशिक्षण

**संवाददाता।** अमेठी

**विधानसभा** सामान्य निर्वाचन.2022 को निष्पक्षए सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आज मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विधानसभा अमेठी व तिलोई के सेक्टरध्जोनल मजिस्ट्रेटों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। आज कलेक्ट्रेट सभागार में दो पालियों में संपन्न हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में विधानसभा अमेठी के 36 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 03 जोनल मजिस्ट्रेटए विधानसभा तिलोई के 25 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 03 जोनल मजिस्ट्रेट शामिल रहे। सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों को प्रशिक्षण प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रभारी प्रशिक्षण अधिकारी अजय सिंह द्वारा दिया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद सेक्टरध्मजिस्ट्रेटों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान स्थल पर स्वतंत्रए निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित कराना सेक्टरध्जोनल मजिस्ट्रेटों का परम दायित्व है इसके लिए आप सभी को अधिकार प्रदान किए गए हैंए मतदान प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने में सेक्टरध्जोनल मजिस्ट्रेट की कार्यकुशलताए दक्षता तथा सजगता अत्यंत महत्वपूर्ण है इसके लिए आवश्यक है कि जोनलध्सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में नियोजितध्पदाविहित किए जाने वाले अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के विभिन्न उपकरणों से संबंधित आद्यतन आदेशोंध्निर्देशों तथा अनुदेशों एवं प्रत्येक उपक्रम पर की जाने वाली अपेक्षित कार्यवाही की सम्यक जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आप सभी सेक्टरध्जोनल मजिस्ट्रेट प्रशिक्षण प्राप्त कर पूरी तरह दक्ष हो लेंए ताकि विधानसभा निर्वाचन में किसी भी समस्या का सामना ना करना पड़े। इस दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह सहित सेक्टरध्जोनल मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।



प्रशिक्षण के दौरान सीडीओ व मजिस्ट्रेट पायनियर

## क्विक न्यूज

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**बछरावां रायबरेली।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर कोरोना प्रोटोकॉल के तहत प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के दिलीप यादव विद्यालय परिसर में झंडा फहराया। इस अवसर पर विद्यालय के सहायक अध्यापक अर्चना श्रीवास्तव, छाया यादव, अर्निका सचान, शिव शंकर व विद्यालय के रसोईया सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। वहीं इसके साथ ही साथ यशोदा देवी इंटर कॉलेज इचौली में कोविड प्रोटोकॉल के तहत झंडा फहराया कर हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक श्री राम आसरे गुप्ता मौजूद रहे। वही इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक पवन कुमार, रामप्रताप, नीतू पाल व सुरेश पाल आदि मौजूद रहे।

### बीजेपी ने दोनों विधानसभा से प्रत्याशी घोषित किए

**श्रावस्ती।** विधानसभा चुनाव चंद दिन शेष बचे हैं शुक्रवार को बीजेपी ने जिले की दोनो विधानसभा सीट के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। 289 भिनगा विधानसभा सीट के लिये पूर्व संसद पदमसेन चौधरी को प्रत्याशी बनाया है इस विधानसभा में कुर्मी मतदाता अच्छी तादाद में है वही ओबीसी वर्ग के मतदाता को सहेजने के लिए पार्टी ने यह चेहरा मैदान में उतारा है। वही 290 श्रावस्ती विधानसभा क्षेत्र के लिए पार्टी ने निवर्तमान विधायक रामफेरन पांडेय को फिर से मैदान में उतारा है यह सीट पहले से ही बीजेपी के पास थी पार्टी ने एक बार फिर से रामफेरन पांडेय पर भरोसा जताया हैए इस विधानसभा में सामान्य व ओबीसी मतदाता की संख्या ठीक ठाक है।

### श्रावस्ती से कांग्रेस के नए जिलाध्यक्ष बने वसीउल्ला चौधरी

**श्रावस्ती, इकौना।** अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी ने श्रावस्ती की दोनो विधानसभा पर अपने प्रत्याशी उतारने के तुरंत बाद ही अपने जिलाध्यक्ष को बदल दिया है पूर्व जिलाध्यक्ष नसीम चौधरी को हटाते हुए वसीउल्ला चौधरी को श्रावस्ती का नया जिलाध्यक्ष बनाया गया है। लोग विधान सभा चुनाव के दौरान जिला अध्यक्ष के बदले जाने को लेकर आश्चर्यचकित है। पार्टी के जिला कार्यालय पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनता जाति धर्म की राजनीति करने वाले दलों से तंग आ चुकी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आवाहन किया कि हम सभी लोग डोर टू डोर संपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए पूरी शक्ति के साथ जुट जाएं। सभी कार्यकर्ता दोनो प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प ले। इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विद्यामणि त्रिपाठीए संजीव नय्यरए भिन्गा विधानसभा प्रत्याशी वंदना शर्मा व श्रावस्ती विधानसभा की प्रत्याशी ज्योति वर्मा एव विजय मिश्रा बृज किशोर शुक्ला राम प्रताप सिंह असलम खां इमरान समेत अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### निर्वाचन में लगे कर्मचारियों के लिए आयोजित किया गया कोविड टीकाकरण कैंप

**बछरावां रायबरेली।** शासन के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा चुनाव में जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, उनके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोविड बचाव हेतु टीकाकरण कैंप का आयोजन नर्सिंग ऑफिसर विकास कुमार के नेतृत्व में विकासखंड परिसर अंतर्गतआयोजित किया गया। टीकाकरण में संलग्न स्टाफनर्स दीपा मनराल ने बताया बताया कि 2रू00 बजे तक 30 कर्मचारियों का टीकाकरण संभव हो पाया कुछ कर्मचारी अपने विभागीय कार्य हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में गए हुए हैं उनके वापस आने पर उन्हें टीके की डोज दी जाएगी।ज्ञात हो कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार चुनाव ड्यूटी में लगेसमस्त कर्मचारियों को टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराकर कोविड जैसी भयंकर महामारी से दूर रखने का प्रयास किया जा रहा है।

### रेलवे गेट की मरम्मत हुई

**ऊंचाहार।** लखनऊ से प्रयागराज रेलमार्ग पर ऊंचाहार रेलवे स्टेशन से रामचन्द्रपुर रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे गेट नंबर वन, किलोमीटर संख्या 76/11 व 76/12 के मध्य गांव सवैयाधनी के निकट है ये गेट ऊंचाहार से डलमऊ मार्ग पर पड़ता है।जिसमे गेट पर ट्रैक पैरामीटर खराब हो जाने के कारण समपार का मरम्मत हेतु दिनांक 28 जनवरी को भी मरम्मत कार्य करवाया गया जिसको लेकर मार्ग कानपुर का भी होने पर यातायात मार्ग सवैयातिराहा से चड़रईचौराहा होकर जमुनापुर होते हुए वाहन आते जाते रहे।जिसको लेकर आरपीएफव पुलिस की टीम लगी थी।जिसमे पीडब्ल्यूवाई सीनियर सईद ने पुष्टि करते हुए बताया कि मरम्मत कार्य करवा दिया गया है।29 जनवरी से मार्ग को वनए से ही बहाल कर दिया जाएगा।

### मतदाता पहचान पत्रों में सामने आ रहीं गड़बड़ियां

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार तहसील के अन्तर्गत ब्लाक ऊंचाहार;रोहनिया व जगतपुर आते है।जिसमे मतदाता पहचान पत्र पहुंचने के बाद उसपर उंगलिया भी उठने लगी है जिसमे पहचान पत्र डाक के माध्यम से जैसे जैसे घर घर पहुंच रहा है वैसे वैसे मतदाता सूची मे मतदाताओ का नाम गलत होने की पोल खुल रहा है।मतदाता सूची मे जाति तक बदल दिया जाता है पिता का नाम तक बदला हुआ है तो नाम तक गलत छापकर मतदाता पहचान पत्र बनाने के बाद पाए गए जिसमे ग्राम पंचायत पचखरा से लेकर समस्त ग्राम पंचायतो मे कुछ में कुछ गड़बड़ी है जिसको लेकर उनका मत कैसे मतदान के दिन पड़ेगा ये एक सवाल खड़ा कर रहा है जिसमे विभाग के लापरवाही के कारण कम्प्यूटर मे गलत फीडिंग किया गया है जिसके कारण मतदान का प्रतिशत तक मे गलत नाम से मत न पड़ने पर असर पड़ेगा।उधर एसडीएम ने बताया कि हम तो चुनावी दौर मे आए है फिलहाल जांच करके समस्या का समाधान निकाला जाएगा।

### चुनाव ड्यूटी काटने हेतु विकास भवन में प्रार्थना पत्र 31 जनवरी व एक फरवरी तक करें प्रस्तुत

**अमेठी।** जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह ने बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन.2022 के पोलिंग पर्सनल की ट्रेनिंग 02 फरवरी 2022 से प्रारम्भ हो रही है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि ऐसे अशक्त कर्मचारी जो अन्य किसी कारणवश चुनाव ड्यूटी करने में असमर्थ है वह अपने कार्यालयाध्यक्ष की संस्तुति सहित प्रार्थना पत्र विकास भवन सभागार में दिनांक 31 जनवरी 2022 व 01 फरवरी 2022 को सुबह 11 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर दे सकते है। उक्त तिथि के उपरान्त चुनाव ड्यूटी काटने पर विचार नही किया जायेगा।

### युवक मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के अन्तर्गत मार्गदुर्घटना में गंभीर रूप से बाइक सवार दिलीप कुमार 42वर्ष निवासी राही थाना मिलएरिया घायल हो गए जिनको प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती किया गया जहां से उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### भूमि विवाद में तनाव, तीन पर कार्रवाई

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव बेहरामऊ में भूमि विवाद मे तनाव होने पर पुलिस ने गांव निवासी बीरेन्द्र;धीरेन्द्र व दूसरे पक्ष से धनई को गिरफ्तार करके धारा 107/116 के तहत कार्यवाही किया है।

# डीएम व एसपी ने नामांकन से सम्बन्धित स्थल का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**संवाददाता।** श्रावस्ती

**जिला** निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने आगामी 1 फरवरी से कलेक्ट्रेट परिसर में होने वाले नामांकन से सम्बन्धित व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होने बैरिकेटिंग से लेकर अन्य सभी व्यवस्थाओं को चुस्त.दुरूस्त करने हेतु सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया। ज्ञातब्य हो कि आगामी 1 फरवरी को अधिसूचना जारी होते ही नामांकन प्रक्रिया प्रारम्भ हो जायेगी। उन्होने बताया कि जनपद श्रावस्ती में विधानसभा सामान्य निर्वाचन.2022 के अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 289.भिनगा के लिये नामांकन पत्र कलेक्ट्रेट श्रावस्ती ;भिनगाद्ध स्थित न्यायालय अपर जिलाधिकारी कक्ष संख्या.38 में तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 290 आवस्ती के लिये नामांकन पत्र कलेक्ट्रेट श्रावस्ती ;भिनगाद्ध स्थित न्यायालय बन्दोबस्त अधिकारीए चकबन्दी कक्ष संख्या.44 में द1 फरवरी से दिनांक 8 फरवरी के मध्य प्रत्येक कार्य दिवस में ;सार्वजनिक अवकाश को छोड़करद्ध निर्वाचन आयोग द्वारा निश्चित समयावधि में सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसरध्सहायक रिटर्निंग आफिसर द्वारा प्राप्त किये जायेंगे। उपरोक्त दोनों स्थलों पर नामांकन पत्रों की संवीक्षा 9 फरवरी को तथा नामवापसी 11 फरवरी को निर्वाचन आयोग द्वारा निश्चित समयावधि में होगी। निरीक्षण दौरान मुख्य विकास अधिकारीध्प्रभारी अधिकारी कार्मिक ईशान प्रताप सिंहए अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्रए ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट परीक्षित खटानाए अपर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामीए उपजिलाधिकारी प्रवेन्द्र कुमारए पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार चौबे एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी उपस्थित रहे।




# डलमऊ पुलिस पर संरक्षण देने का आरोप, अवैध खनन जोरों पर

**संवाददाता।** डलमऊ रायबरेली

**उत्तर** प्रदेश शासन द्वारा अवैध खनन पर कितने भी कड़े निर्देश जारी कर दें पर उसका पालन करने वाले ही अवैध खनन को अवैध कमाई का मुख्य जरिया बना लेते है जिससे शासन की मंशा पूर्णत: विफल हो जाती है उत्तर प्रदेश में सरकार बनते ही नियमों को सख्त करते हुए अवैध खनन का दोषी पाए जाने पर पहले की तुलना में 20 गुना ज्यादा जुर्माना देना जैसी व इस मामले में अब सजा की अवधि भी बढ़ा दी गई हो साथ ही दोषियों की सजा छह माह से बढ़ाकर पांच साल कर दी गई है। योगी कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश खनिज (42वां संशोधन) नियमावली, 2017 को मंजूरी दे दी गयी हो पर डलमऊ राजस्व विभाग व डलमऊ पुलिस को इसकी जरा भी परवाह नही है कोतवाली क्षेत्र में रात का अंधेरा होते ही दर्जनों ट्रैक्टर व जेसीबी अवैध खनन को अंजाम देने में लग जाते है आरोप है कि जिसके एवज में मोटी रकम हल्का इंचार्ज के माध्यम से प्रभारी की जेब मे पहुँच जाती है अवैध खनन पुलिस विभाग की पूर्णत: सरपरस्ती में कराया जाता है तभी अवैध खनन पर किसी तरह की कोई भी कार्यवाही करने की जहमत नही उठाई जाती और न ही उस दिशा में रात्रि गस्ती कराई जाती है यहां तक कि रास्ते पर खड़ी डायल 112 भी अवैध खनन में अपना हिस्सा लेकर अलग खड़ी हो जाती है।



# अटकलें खत्म, एक को टिकट, अन्य को निराशा

## ● पार्टी में भितरघात की आशंका

**जगदीशपुर, अमेठी।** अरसे से टिकट पाने का इन्तजार कर रहे प्रत्याशियों की अटकलें खत्म हुई पार्टी के एक व्यक्ति को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद अन्य प्रत्याशी हाथ पैर मारने के बाद भी हाथ पैर मल कर रह गये ।जिससे पार्टी में भितरघात होने की आशंका प्रबल होती नजर आ रही है। जगदीशपुर विधानसभा 184 जहाँ काँग्रेस भाजपा व सपा हाईकमान द्वारा अपना प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतार कर सीट पर कब्जा करने के लिए प्रत्याशी को फरमान जारी किया है वहीं टिकट की आस में दौड लगा रहे अन्य प्रत्याशी निराश नजर आ रहे हैं कुछ तो विरोध में भी उतर कर नारेबाजी तक करने से नहीं चूक रहे हैं जिसका खामियाजा पार्टी को भुगतना पड़ सकता है ग्रामीण जनता की माने तो उसी प्रत्याशी को विधायक चुने जाने की बात गली गलियारो दुकानों ढाबो व जनता के बीच चर्चा बनी हुई है कि हमें स्थानीय प्रत्याशी चाहिए जो हमारे ऐन मौके पर फोन उठाए व उसके आवास पर जाने के बाद मुलाकात हो जाए व हमारे सुख दुःख में काम आए ।पार्टी हाईकमान द्वारा भले ही किसी को प्रत्याशी बनाया गया हो उससे हमें कोई लेना देना नहीं है स्थानीय होगा तो जरूर मिलेगा ।अगर जगदीशपुर के अलावा दूसरी विधानसभा का प्रत्याशी जीत गया तो मुलाकात तो दूर की बात है फोन भी उठाना गंवारा नहीं करते तो ऐसा प्रत्याशी को चुनने से कोई मतलब नहीं है ।बताते चलें कि अभी तो चुनावी सरगर्मियां प्रारम्भ ही हुई है एशबाब पर आने के बाद किस प्रत्याशी के ऊपर क्या गुजरती है कौन कहाँ जाता है किसके साथ कितना भितरघात होता है इसको तो अभी कहना मुनासिब नहीं होगा आने वाला वक्त सबकुछ बयाँ कर देगा ।

# भाजपा ने तीसरी बार धीरेंद्र बहादुर सिंह पर जताया भरोसा

## ● कांग्रेस प्रत्याशी न घोषित होने से हो रही तरह-तरह की चर्चाएं

**संवाददाता।** लालगंज, रायबरेली

**182** सरेनी विधानसभा चुनाव अब दिलचस्प मोड़ में पहुंच गया है। कांग्रेस को छोडकर बाकी सभी पार्टियों ने अपने उम्मीदवारो की घोषणा कर दी है। भाजपा की आज जारी लिस्ट में धीरेंद्र बहादुर सिंह पर ही पार्टी ने फिर से भरोसा जताते हुए उन्हे अपना उम्मीदवार बनाया है। लगातार तीसरी बार भाजपा ने धीरेंद्र बहादुर सिंह पर अपना विश्वास जाहिर करते हुए तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया है। उनकी नाम की लिस्ट जारी होते ही जहां उनके समर्थको में हर्ष की लहर दौड़ गई वही अन्य दावेदारो में मायूसी भी छा गई। एक ओर जहां भाजपा से धीरेंद्र बहादुर सिंह, समाजवादी पार्टी से देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ राजा अजय तथा बसपा से ठाकुर प्रसाद यादव अधिकृत प्रत्यासी घोषित हो चुके है। जबकि कांग्रेस ने अभी तक अपने पत्ते नही खोलें है। जिससे काग्रेस कार्यकर्ताओं में मायूसी झलकने लगी है। नामांकन प्रक्रिया प्रारम्भ होने के बावजूद पार्टी द्वारा प्रत्यासी न घोषित करना कार्यकर्ताओं में हतासा पैदा कर रहा हैं। कांग्रेस के गढ़ में प्रत्यासी की घोषणा न होने के अनेक सियासी मायने माने जा रहे है।

कांग्रेस के पूर्व विधायक व वर्तमान में टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे अशोक सिंह ने चुनाव न लडने की इच्छा जताते हुए पार्टी नेतृत्व को एक खत भी लिखा है। सोशल मीडिया में वायरल लेटर को लेकर तरह-तरह की चर्चायें हो रही है। कुछ लोग उन्हे दूसरी पार्टी से टिकट का दावेदार मान रहे तथा कुछ कांग्रेस नेतृत्व से उनकी नाराजगी इसकी वजय बता रहे है। फिलहाल के परिदृश्य में उनकी दावेदारी सबसे मजबूत थी जिसका प्रमुख कारण उनका व्यक्तिगत वोट बैंक भी था। लेकिन उनके चुनाव न लडने की इच्छा के चलते अन्य दावेदारो की बाछें खिल गई है। सभी संभावित उम्मीदवार अपनी-अपनी टिकट पक्की होने की बात कह रहे है। लेकिन आने वाले वक्त में ही यह पता लग पायेगा कि कांग्रेस आखिर किस पर अपना भरोसा जतायेगी।

## जिले में भाजपा ने खोले पत्ते, चार में से दो सीटों पर प्रत्याशी घोषित



मयंकेश्वर शरण सिंह सुरेश पासी

**अमेठी।** जिले में भाजपा ने भी प्रत्याशियों को लेकर अपने पत्ते खोल दिए हैं। इससे पूर्व कांग्रेस सपा व बसपा ने अपने प्रत्याशी घोषित किए हैं। लोगों को भाजपा के प्रत्याशियों का इंतजार था। जिले की 4 सीटों में से 2 सीटों पर अपने पुराने सिटिंग विधायकों पर ही भरोसा जताया है। तिलोई से मयंकेश्वर शरण सिंह व जगदीशपुर सुरक्षित से प्रदेश में मंत्री सुरेश पासी पर पार्टी ने एक बार फिर भरोसा जताते हुए प्रत्याशी बनाया है। वहीं जिले की दो सबसे महत्वपूर्ण सीटों गौरीगंज, अमेठी पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं। सूत्रों की माने तो एक दो दिन में इन सीटों पर भी प्रत्याशी घोषित कर दिए जाएंगे। उक्त दोनों सीटों पर प्रत्याशियों की लंबी लाइन है। जिससे भाजपा नेतृत्व को प्रत्याशी चुनने में काफी गहन मंथन करना पड़ रहा है। मौजूदा समय में भाजपा का अमेठी में सिटिंग विधायक है, वही गौरीगंज में सपा का कब्जा है। राजनीतिक दृष्टि से यह जिला काफी महत्वपूर्ण है, जहां गांधी परिवार के साथ केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की साख भी दांव पर लगी है।

# जिला पंचायत को चला रहा ठेकेदारों का 'काकश'!

- जिला पंचायत की बदनामी और बदहाली का कारण रहे बदनाम ठेकेदार
- अभी तक एक भी अध्यक्ष ने काकश को तोड़ने का प्रयास तक नहीं किया
- ठेकेदारों को बढ़ावा देने में जिला पंचायत अध्यक्षों और एएमए का रहा बड़ा हाथ
- ठेकेदारों की मर्जी के बिना जिला पंचायत में पत्ता तक नहीं हिलता

संवाददाता। बस्ती

**आज** जिस तरह जिला पंचायत में धन का बंदरबांट हो रहा है, और उसकी बदनामी हो रही है, उसके लिए जिला पंचायत सदस्य और आमजन ठेकेदारों को काफी हद तक जिम्मेदार मान रहे हैं। इन ठेकेदारों के काकश के आगे एएमए तो क्या जिला पंचायत अध्यक्षों तक की नहीं चलती। जब भी किसी डैमेज को कंट्रोल करने का समय आता है, तो उसके लिए इन्हीं ठेकेदारों का सहारा लिया जाता है। बताया जाता है कि जिला पंचायत में ठेकेदारों का काकश इतना आर्थिक और राजनैतिक रुप से मजबूत है, कि इनके बिना जिला पंचायत में एक पत्ता तक नहीं हिल सकता। इनकी मजबूती का आलम यह है, कि आज तक एक भी अध्यक्ष और एएमए ने इनके काकश को तोड़ने तक का प्रयास नहीं किया। जिला पंचायत पर एक तरह से सालों से कुछ बदनाम ठेकेदारों का कब्जा हो गया, इनकी मर्जी के बिना एक भी बाहरी ठेकेदारों का पंजीकरण तक नहीं हो सकता। इनकी हैसियत और ताकत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता हैं, कि अध्यक्षों के चुनाव में इनकी भूमिका एक शुद्व कारोबारी की तरह रहती है, जिला पंचायत सदस्यों की खरीद फरोख्त में इन्हीं ठेकेदारों का धन सबसे अधिक लगा रहता है, यह धन करोड़ों में होता है। परिणाम स्वरुप यह लोग पूरे पांच साल तक जिला पंचायत को नीबूं की तरह निचोड़ते में लगे रहते हैं। एक तरह से अध्यक्ष ठेकेदारों की मजबूरी बन गएं हैं।

वैसे देखा जाए तो पीडब्लूडी, आरइडी, डूडा, नगर पंचायतें और पालिका में ठेकेदारों की लाबी काम करती है। यह लाबी यह तक तय करती है, किस ठेकेदार को कौन सा और कितने कमीशन पर ठेका मिलना है। बिडंबना यह है, कि इन सभी विभागों में माननीयों की दखंलदाजी रहती है। यह कई बार साबित भी हो चुका है। ठेकेदारों की माने तो उक्त विभागों में 50 से 60 फीसद तक कमीशन चलता है। जिसने अधिक कमीशन दिया, उसे उतना ही अधिक ठेका पटटी मिला। हालही में जिस तरह जिला पंचायत सदस्यों ने विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर मुखर उसे देख कहा जा सकता है, कि जिला पंचायत में उक्त सभी विभागों से अधिक भ्रष्टाचार है। यहां पर तो अधिकतर काम ही नहीं होता, और शतप्रतिशत धन का बंदरबांट हो जाता है। अन्य विभागों की तो जांच-पड़ताल हो भी जाती है, मगर जिला पंचायत के कार्यो की कभी जांच नहीं होती, और न ही किसी प्रशासन ने जांच करवाने की जरुरत ही महसूस की। यही कारण है, कि अन्य विभागों में ठेकेदार 30 से 40 फीसद काम करा भी देते हैं, मगर जिला पंचायत में तो बिना काम कराए ही भुगतान हो जाता है। इसके ठेकेदार, एई, जेई और एएमए मिलकर दूसरे विभाग की सड़क पर निर्माण दिखाकर शतप्रतिशत धन का बंदरबांट करते है। खुले आम इस लिए जिजला पंचायत में धन की लूट होती है, क्यों कि यहां के लोगों अच्छी तरह मालूम है, जांच और कार्रवाई तो होना ही नहीं है। इसके पीछे भी माननीयों का हाथ रहता है। चूंकि यह लोग और इनके चहेते भी गाहे-बगाहे लाभ उठाते रहते हैं, यही कारण रहता है, कि इनके दबाव में प्रशासन जांच और कार्रवाई दोनों करने से कतराता रहा हैं। प्रशासक के रुप में भले ही पूर्व डीएम ने कार्रवाई करने का प्रयास किया, मगर उनके प्रयास पर बाद में उगंलिया भी उठने लगी। उन्होंने कई ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड और अवर अभियंताओं के खिलाफ कार्रवाई के आदेश भी दिए मगर उनका आदेश भी धरा का धरा रह गया। जानकारों और कुछ जिला पंचायत सदस्यों का कहना है, कि जबतक जिला पंचायत से ठेकेदारों का काकश समाप्त नहीं होगा, तब तक ठेकेदार, एएमए, एई, जेई और अध्यक्ष मालामाल होते रहेगें। अभी तक जितने भी जिला पंचायत अध्यक्ष हुए हैं, उन्होंने इस प्लानिगं के साथ पांच साल तक जिला पंचायत को चलाया कि उनकी आने वाली पीढ़ी को कभी किसी चीज की कोई कमी न होने पाए। यही स्थित पालिका, नगर पंचायत और ब्लॉक प्रमुखों की भी रहती आई है।

# धनघटा में भाजपा ने खोला पहला पत्ता

- गणेश चन्द्र चौहान बने भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी

संवाददाता। संतकबीरनगर



भाजपा प्रत्याशी गणेश चन्द्र चौहान

**जनपद** के धनघटा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी में पहला पत्ता खोलते हुए गणेश चन्द्र चौहान को अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा की है। जबकि यहां रहे राज्यमंत्री श्रीराम चौहान को गोरखपुर के खजनी से चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशी बनाया गया। जनपद के धनघटा विधानसभा सुरक्षित सीट पर अभी तक समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी व कांग्रेस पार्टी सहित अन्य राजनैतिक दलो ने अपने प्रत्याशी की घोषणा नही की है। गणेश चन्द्र चौहान जमीनी नेता है वे अभी हाल ही में पंचायत चुनाव में ब्लाक प्रमुखी चुनाव में उनकी पत्नी को हार का मुॅह देखना पड़ा। बताया जाता है कि सियासी समीकरण ने लोगो ने द्ववेष भावना से गणेश चन्द्र चौहान को हराने का काम किया लेकिन लगातार संघ में जुड़कर भाजपा का प्रचार-प्रसार करने में गणेश चन्द्र चौहान ने कोई कोर कसर नही छोड़ी है। पार्टी ने विश्वास जताते हुए उन्हें उम्मीदवार बनाया है।

# भट्ठे में इस्तेमाल होने के लिए हरे पेड़ों पर चला आरा

- गांव वालों ने की एसडीएम, वन विभाग और पुलिस में शिकायत
- कुदरहा ब्लॉक के ग्राम पंचायत कड़सरी मिश्र के गांव तिघरा का मामला

संवाददाता। बस्ती


काटा हुआ हरा पेड़

**कुदरहा** ब्लॉक के ग्राम पंचायत कड़सरी मिश्र के गांव तिघरा में फारचूनर वाले मनरेगा मजदूर के नाम से प्रसिद्व हो चुके के भठठा मालिक के भठठे पर हरा पेड़ काटकर इस्तेमाल करने की शिकायत गांव वालों ने एसडीएम, पुलिस और वन विभाग से की है। काटे गए हरे पेड़ की फोटो और वीडियो भी साक्ष्य के दिया गया। शिकायत पर एसडीएम ने पुलिस भी भेजा था, मगर ठेकेदार और मजदूर टाली और कटा हुआ पेड़ जोड़कर भाग गए। इससे पहले भी तिघरा के बासदेव पुत्र राम आंनद इसकी शिकायत डेढ़ माह पहले कर चुके हैं, मगर राजनैतिक पहुंच और पैसे के बल पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत में लगभग एक दर्जन पेड़ काटने वालों का नाम दिया गया है। बासदेव ने बताया कि पुलिस और वन विभाग की मिली भगत से सरकारी हरे पेड़ को काटकर ले जाया जा रहा है। बताया कि यह लकड़ी मनरेगा मजदूर फारचूनर वाले के भठठे पर इस्तेमाल करने के लिए ले जाया जा रहा था। बताया कि लगभग डेढ़ माह पहले भी इसकी शिकायत पुलिस और वन विभाग में की गई, मगर पैसे और राजनैतिक दबाव में कोई भी कार्रवाई नहीं हुई, जिसका नतीजा इन लोगों के द्वारा एक दिन पहले फिर से तिघरा में हरा पेड़ काटा गया। बताया कि हरा पेड़ काटने वालों में कुछ लोग गांव तिघरा के हैं। यह लोग जंगल से महुआ के हरे पेड़ों की कटान करते रहते है। पत्र में हरे पेड़ काटने वाले माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई, ताकि पर्यावरण की सुरक्षा हो सके। बताया कि वन विभाग को जहां हरे पेड़ों के कटान को रोकना चाहिए, वहीं इस विभाग के लोग खुद पैसालेकर हरा पेड़ कटवाते है। यही कारण है, कि जिले से लेकर तहसील तक शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। कहा कि अगर इस बार गांव वालों की नहीं सुनी गई तो वह लोग इसे उपर तक ले जाएगें। शिकायत करने वालों में लालचंद्र, राम सागर, सालू प्रसाद, लवकुश एवं मनिराम का नाम शामिल है।

# अधिकारी और मतदान कर्मी टीम भावना से काम करें: सीडीओ

- विकास भवन में चल रहा प्रशिक्षण

संवाददाता। बस्ती




**कार्मिक** प्रभारी सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति ने मतदान कार्य में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को टीम भावना के साथ चुनाव को संपन्न कराने को कहा। ताकि शान्तिपूर्ण, स्वतंत्र एंव पारदर्शी चुनाव कराया जा सकें। वे विकास भवन सभागार में लगभग 100 मास्टर टेऊनर्स को ईवीएम तथा वीवीपैट मशीनों एवं मतदान प्रक्रिया के ट्रेनिंग सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। कहा कि विधानसभा चुनाव में पीठासीन एंव मतदान अधिकारियों की टेऊनिंग किसान डिग्री कालेज में करायी जायेंगी, जिसके लिए एक हाल एवं 20 कमरें आरक्षित कर लिए गए है। मास्टर ट्रेनर्स 50-50 के बैच में पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण देंगे। इस दौरान वे मतदान प्रक्रिया की सैद्धांतिक एवं मशीनों पर मतदान कराकर प्रैक्टिकल जानकारी भी देंगे। इसलिए आवश्यक है कि सभी मास्टर ट्रेनर्स भली-भांति ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन के क्रियाकलापों से पूरी तरह परिचित हों। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर मास्टर ट्रेनर्स को सेक्टर मजिस्ट्रेट भी बनाया जाएगा ताकि वे फील्ड में रहकर मशीनों में आई खराबी को तत्काल ठीक कर सकें। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ0 विवेक ने ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन से मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी दिया। बैलट यूनिट को वीवीपैट से जोड़ने तथा वीवीपैट को कंट्रोल यूनिट से जोड़ने की बात बताई गई। माकपोल में 50 मतों का मतदान कराए जाने की जानकारी दी गई। पीठासीन अधिकारी को माकपोल का प्रमाण पत्र भी देना होगा। उन्होने प्रॉक्सी मत टेंडर वोट, अब्सेण्ट शिफ्टेड तथा डुब्लीकेट मतदाताओं के बारे में जानकारी दिया। उन्होने कहा कि अब्सेण्ट शिफ्टेड तथा डुब्लीकेट का मतदान कराने पर उसका हस्ताक्षर तथा अगूॅठा दोनों लगवाया जायेगा तथा पीठासीन अधिकारी उसकी फोटो भी खिचेंगे। जिला विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के बाहर के मतदान कार्मिको को प्रपत्र 12 भरना होंगा, जिसे वे अपने ड्यूटी प्रमाण पत्र के साथ जमा करेगे। उन्हें पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा दी जायेंगी। स्थानीय मतदान कार्मिको को दूसरे प्रशिक्षण के दौरान मतदान करने की सुविधा दी जायेंगी। प्रशिक्षण के दौरान राजाशेर सिंह तथा प्रशिक्षार्थीगण उपस्थित रहें। उन्होने बताया कि दिनॉक 29 जनवरी को विकास भवन में 10.00 बजे से जोनल एंव सेक्टर मजिस्टेऊट की टेऊनिंग करायी जायेंगी।

# 'अ' अक्षर के तीन धुरंधर अंकुर, आफताब व अय्यूब मैदान में

- सपा, कांग्रेस ने नहीं खोला पत्ता, खलीलाबाद मे भाजपा, बसपा व पीस पार्टी आयी सामने

संवाददाता। संतकबीरनगर




भाजपा प्रत्याशी अंकुर राज तिवारी, बसपा प्रत्याशी आफताब आलम खॉ व पीस पार्टी से राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 अय्यूब।

**जनपद** संतकबीरनगर के खलीलाबाद विधानसभा में ''अ'' अक्षर के तीन प्रत्याशी मैदान में आ चुके है। शुक्रवार को भाजपा की सूची जारी होने के बाद खलीलाबाद विधानसभा में राजनीति की गर्माहट शुरू हो गई है। बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी आफताब आलम पहले से ही मैदान में मजबूती के साथ डट कर लगातार जनता से जुड़ रहे है। अभी हाल ही में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद साफ-सुथरा चेहरा के रूप में देखे जाने वाले युवा भाजपा नेता अंकुर राज तिवारी ने प्रदेश संगठन में अपनी पैठ बनाते हुए खलीलाबाद विधानसभा से प्रत्याशी बनाये गये। वहीं पीस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक खलीलाबाद डॉ0 मोहम्मद अय्यूब दुबारा अपना भाग्य आजमाने के लिए मैदान में है हालांकि उन्होंने 2017 मैदान में रहकर दूसरे स्थान को प्राप्त किया था। जनपद के मेंहदावल विधानसभा व धनघटा विधानसभा में भी चुनावी रंग छा गया है। हालांकि अभी जनपद में 6वें चरण में चुनाव है लेकिन भाजपा के प्रत्याशियों की सूची जारी करने के बाद अब समाजवादी पार्टी व कांग्रेस पार्टी के उतरने वाले प्रत्याशियों के नाम को जानने के लिए जनता लालाईत है। अंकुर राज तिवारी के नाम की घोषणा होने के बाद भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। गोला बाजार पार्टी कार्यालय पर जश्न मनाया जा रहा है। अंकुर राज तिवारी बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ है।

## प्री-प्राईमरी के दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ें

**बस्ती।** दिव्यांग बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शुक्रवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय कटेश्वर पार्क में स्पेशल एजुकेटर्स व एआरपी की प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने प्री प्राईमरी कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों को की दिव्यांगता के प्रति समझ विसकित करने व उनके उपचार के विविध तरीकों पर चर्चा की। कार्यशाला का उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जगदीश शुक्ला ने किया। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सुनील कुमार त्रिपाठी ने कहा कि प्री प्राइमरी मे पढने वाले तीन से पांच वर्ष के बच्चों में दिव्यांगता की पहचान करके उनका सही समय पर उपचार व निदान किया जा सकता है। प्रशिक्षक एसआरजी डॉ. सर्वेष्ट मिश्रा ने कहा कि छोटे बच्चों में दिखने वाले विभिन्न संकेतक उनकी दिव्यांगता की श्रेणी को प्रदर्शित करते हैं। इस संकेतकों की पहचान सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व शिक्षकों को करने हेतु समझ बनाने की जरूरत है।

# 31 जनवरी तक अवश्य लगवाएं बूस्टर डोज: डीएम

- विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर डीएम ने दिया निर्देश

संवाददाता। संतकबीरनगर


बैठक करतीं जिला निर्वाचन अधिकारी
पायनियर

**जिला** निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में गुरुवार देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के कार्य में लगे अधिकारियों एवं सम्बन्धित के साथ बूस्टर डोज लगवाने के सम्बन्ध में बैठक आयोजित हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार गत 10 जनवरी 2022 से प्रदेश में कोविड वैक्सीन के द्वितीय डोज से आच्छादित 39 सप्ताह अथवा 09 माह की अवधि पूरी करने वाले हेल्थ केयर वर्कर, फ्रंटलाइन वर्कर, 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों एवं निर्वाचन ड्यूटी में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को कोविड संक्रमण से बचाव हेतु बूस्टर डोज दिया जा रहा है। उक्त के क्रम में भारत सरकार से प्राप्त दिशानिर्देशानुसार निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये बूस्टर डोज की शर्तो को शिथिल करते हुये 39 सप्ताह अथवा 09 माह के शर्त के पूर्व ही परन्तु द्वितीय डोज के आच्छादित होने के 03 माह या 90 दिन बाद ही निर्वाचन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बूस्टर डोज/प्रीकाशन डोज आच्छादित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस हेतु कोविन पोर्टल पर आवश्यक संशोधन किये जा चुके हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी नें चुनाव ड्यूटी में तैनात समस्त हेल्थ केयर वर्कर एवं फ्रंटलाइन वर्कर को बूस्टर डोज से आच्छादन हेतु चुनाव ड्यूटी प्रमाण पत्र सत्यापन हेतु अपलोड किये जाने के भी निर्देश दिये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समीक्षा बैठक में पाया कि अभी तक जनपद में 53 प्रतिशत ही अधिकारी एवं कर्मचारी बूस्टर डोज से आच्छादित हुये हैं। शीघ्र सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बूस्टर डोज लगवाये।

# गौ-आश्रय स्थल को लेकर फिर सक्रिय हुए अधिकारी

- सरकार की सख्ती के बाद जागे अधिकारी निरीक्षण में जुटे
- सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति ने किया दो गौ-आश्रय स्थल का निरीक्षण

संवाददाता। बस्ती


गौ-आश्रय स्थल का निरीक्षण करते सीडीओ
पायनियर

**गौ-आश्रय** स्थल की दुर्दशा देख जब शासन ने सख्ती की तो अधिकारी आश्रय स्थल की स्थित जानने के लिए कड़ाके की ठंड में भागे-भागे जा रहे है। कहीं कोई कमियां मिल रही है, तो अधिकारी सख्ती करने से भी परहेज नहीं कर रहे हैं। सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति ने एक दिन पहले बस्ती एवं बहादुरपुर ब्लॉक के दो गौ-आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया। हांलाकि निरीक्षण में काई बड़ी कमियां नहीं मिली, फिर भी सीडीओ ने दोनों बीडीओ को चारा, भूसा, पानी और इंड से बचने के उपाय करने के निर्देश दिए। सबसे पहले सदर ब्लॉक के ग्राम भौसिंहपुर का निरीक्षण किया।

बीडीओ, एडीओ पंचायत, सचिव प्रधान और गौसेवक मौजूद रहे। फार्मासिस्ट ने बताया कि कुल 32 पशु हैं, जिसमें एक बीमार है। जिसका उपचार कर दिया गया। चारों तरफ कटीले तार से घेराबंदी किया गया था। ठंड से बचने के लिए चारों ओर बड़ी पालीथीन लगाया गया था। एक और नया शेड बनाने का निर्देश दिया गया। बीडीओ से कहा कि वह खुद निरीक्षण करे। इसके बाद बहादुरपुर ब्लॉक के ग्राम कनैला के गौ-आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। यहां पर कुल 18 पशु पाए गए। स्थल से सटे तालाब की खुदाई की आवश्यकता पाई गई। ताकि पानी की कोई दिक्कत न होने पाए। बीडीओ से कहा कि मनरेगा से तालाब की खुदाई कराई जाए। परिसर के बगल हरे चारे की व्यवस्था की गई थी। नैपियर घास लगाने के निर्देश दिए गए। सोलर लाइट क्रियाशील मिला। हैंडपंप भी चालू हालत में मिला। कोई पशु बीमार नहीं मिला। यहां पर भी एक और नया शेड बनाने को कहा गया। यहां पर भी व्यवस्था में कोई कमी नहीं पाई गई।

# दबंग व मनबढ़ किस्म के व्यक्तियों पर करें कड़ी कार्रवाई : एसपी

- एसपी ने धनघटा व महुली के उपनिरीक्षकों के साथ बैठक कर दिया निर्देश

संवाददाता। संतकबीरनगर


बैठक करते पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ
पायनियर

**पुलिस** अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ द्वारा क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश की उपस्थिति में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को निष्पक्ष, सकुशल, भयमुक्त एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत थाना महुली व थाना धनघटा के प्रभारी निरीक्षक / चौकी प्रभारियों व थानों के अन्तर्गत बनाए गये क्लस्टर प्रभारियों के साथ थाना महुली पर गोष्ठी आयोजित की गयी। पुलिस अधीक्षक ने समस्त क्लस्टर प्रभारियों से उनके क्षेत्र में पड़ने वाले संवेदनशील / अतिसंवेदनशील बूथों के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी व इस बात की समीक्षा की गयी कि सभी क्लस्टर प्रभारियों द्वारा उनके क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन व प्रत्याशियों व मतदाताओं से मिलकर उन्हे चुनाव की आदर्श आचार संहिता से अवगत करा दिया गया है या नही तथा यह भी बताया गया कि चुनाव के दिन सभी मतदान केन्द्रों व सम्बन्धित गाँवों में भ्रमणशील रहेंगें जिससे कोई भी मनबढ़ / दबंग किस्म का व्यक्ति किसी भी व्यक्ति को मतदान करने से रोक न सके तथा मतदान को प्रभावित करने वाले कार्य यथा पैंसो का प्रलोभन, शराब आदि का वितरण न कर सके साथ ही चुनाव के दौरान ड्रोन का समुचित प्रयोग करने व चुनाव पूर्व क्षेत्र में एरिया डामिनेशन हेतु फ्लैग मार्च करने हेतु बताया गया। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी चुनाव आचार संहिता की गाइडलाइन के शत प्रतिशत पालन करवाने व आचार संहिता के उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लाने व बूथों के आस-पास बैरियर / बैरिकेड़िग कराने हेतु बताया गया। गोष्ठी के दौरान क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश, प्रभारी निरीक्षक थाना महुली कृष्णदेव सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा विनय कुमार पाठक, पीआरओ पुलिस अधीक्षक अमित कुमार कुशवाहा सहित चौकी प्रभारी व अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सुरक्षा व्यवस्था के बीच दूसरे दिन हुए नामांकन...

# ज्ञान तिवारी, सुरेश, राधेश्याम, नरेन्द्र वर्मा, अनूप गुप्ता ने किया नामांकन

● हरगांव सेउता से भाजपा प्रत्याशी व सदर, महमूदाबाद, महोली से सपा प्रत्याशी ने किया नामांकन

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-नामांकन करने जाते सेउता से भाजपा प्रत्याशी ज्ञान तिवारी



सीतापुर-रिक्शा चलाकर नामांकन करने जाते सपा प्रत्याशी राधेश्याम जायसवाल।



नामांकन करने जाते सपा प्रत्याशी महमूदाबाद नरेन्द्र वर्मा



नामांकन करने जाते महोली सपा प्रत्याशी अनूप गुप्ता

**सीतापुर में** नामांकन के दूसरे दिन सदर तहसील में गहमा-गहमी रही। आज कुल छह प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। सदर सीट से सपा प्रत्याशी राधेश्याम जायसवाल और उनके बेटे सचिन जायसवाल ने निर्दल उम्मीदवार के रूप में परचा भरा। महोली से सपा प्रत्याशी अनूप गुप्ता, हरगांव से भाजपा प्रत्याशी सुरेश राही, महमूदाबाद से सपा प्रत्याशी नरेंद्र सिंह वर्मा तथा सेवता सीट से भाजपा प्रत्याशी ज्ञान तिवारी ने अपना-अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष दाखिल किया। सीतापुर में नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन आज कुल 50 परचे बिके। सदर सीट के लिए 5, महोली-13, हरगांव-2, लहरपुर-1, बिसवां-2, महमूदाबाद-3, सिधौली-16, मिश्रिख के लिए 8 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों ने खरीदे। नामांकन स्थल पर सदर तहसील सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से छावनी में तब्दील रही। एएसपी उत्तरी डा. राजीव दीक्षित, एएसपी दक्षिणी एनपी सिंह, सीओ सिटी पियुष कुमार सिंह की अगुवाई में कई थानों के प्रभारी दल-बल के साथ मुस्तैद रहे। सदर विधानसभा क्षेत्र से सपा के पूर्व विधायक और प्रत्याशी राधेश्याम जायसवाल और महोली के सपा प्रत्याशी अनूप गुप्ता आज जिस अंदाज में नामांकन दाखिल करने पहुंचे कि सबकी निगाहें उन्हीं पर टिक गईं। दरअसल, सपा प्रत्याशी रिक्शा चलाते हुए जबकि अनूप गुप्ता साइकिल से नामांकन स्थल पहुंचे। रिक्शे पर सपा का झंडा लगाए और साइकिल को वोट देने की अपील करते हुए राधेश्याम जायसवाल ने नामांकन करने पहुंचे तो आकर्षण का केन्द्र बन गए। महमूदाबाद विधायक और सपा प्रत्याशी ने नामांकन से पहले आज सुबह क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में जाकर माथा टेका। विधायक नरेंद्र वर्मा ने सुबह 8 बजे श्री संकटा देवी मंदिर, हनुमान मंदिर, परमहंस मंदिर में दर्शन पूजन किया। उन्होंने महाराजा छीता पासी, सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, उसके बाद नामांकन के किये सीतापुर पहुंचे। इस दौरान जगह-जगह कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय नागरिकों ने विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया। अहमद अंसारी, साकेन्द्र यादव, शरद मिश्र, मनोज गुलशन, विनीत यादव, प्रवीण यादव, सपा अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष मोहम्मद शफीक आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। लहरपुर विधानसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी अनिल वर्मा 31 जनवरी को अपना नामांकन करेंगे। इससे पूर्व वह देवाधिदेव महादेव के दरबार में मत्था टेकेंगे। विधानसभा क्षेत्र महमूदाबाद से भाजपा प्रत्याशी आशा मौर्या एक फरवरी को अपना नामांकन पत्र जमा करेंगी। उन्होंने बताया उनके राजनैतिक गुरु पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई व लालजी टंडन हैं। महमूदाबाद विधानसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी मीसम अम्मार रिजवी 31 जनवरी को अपना नामांकन करेंगे। विधानसभा क्षेत्र सेवता से सपा प्रत्याशी पूर्व विधायक महेंद्र सिंह झीन बाबू पहली फरवरी को नामांकन पत्र जमा करेंगे। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व वह मां भगवती के दरबार में माथा टेकेंगे। वहीं उनकी इष्टदेव है। हरगांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ममता वर्मा 30 जनवरी को अपना नामांकन पत्र जमा करेंगी। कांग्रेस प्रत्याशी ने बताया कि इससे पहले वह बजरंग बली के चरणों में शीश नवाकर विजयश्री प्राप्त करने का आशीर्वाद मांगेंगी।

भाजपा ने बिसवां व सपा ने सिधौली से मैदान में उतारे प्रत्याशी...

# भाजपा से निर्मल वर्मा, सपा से हरगोविन्द भार्गव बने प्रत्याशी

संवाददाता। सीतापुर





**सीतापुर की** बिसवां विधानसभा सीट पर भाजपा ने आज अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। जैसी संभावनाएं जताई जा रही थीं, पार्टी हाईकमान ने बिसवां के भाजपा विधायक महेन्द्र यादव का टिकट काट दिया है। भाजपा ने बिसवां से निर्मल वर्मा को उम्मीदवार बनाया है। निर्मल वर्मा 2007 में पहली बार बसपा के टिकट पर विधायक बने थे। 2012 में निर्मल को सपा के रामपाल यादव ने हरा दिया था। इसके बाद वह सपा में शामिल हो गए। हाल में ही साइकिल से उतरकर निर्मल वर्मा भाजपा में शामिल हुए थे।

बिसवां सीट पर बीजेपी के टिकट को लेकर चल रही तमाम अटकलों, कयासों और संभावनाओं पर आज विराम लग गया। भाजपा ने विवादों में घिरे रहने वाले अपने विधायक महेन्द्र यादव का टिकट काट दिया है। इस बार बिसवा से निर्मल वर्मा पर भाजपा ने दांव खेला है। हांलाकि अभी तीन सीटों सदर, महोली और सिधौली से भाजपा ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। इन तीन सीटों पर फिलहाल भाजपा होल्ड किए है।

सीतापुर की सिधौली विधानसभा सीट पर सपा के टिकट को लेकर गहराते जा रहे रहस्य से आज परदा हट गया। समाजवादी पार्टी ने आखिरकार बसपा से निष्कासित होने के बाद साइकिल पर सवार हुए विधायक डा. हरगोविंद भार्गव पर भरोसा जताया है। टिकट की रेस में शामिल सपा के पूर्व विधायक मनीष रावत को पार्टी हाईकमान ने दरकिनार कर दिया। मनीष ने सपा से ही अपना सियासी सफर शुरू किया था। अब सपा से टिकट कटने के बाद हर किसी की नजरें मनीष रावत पर टिक गई हैं कि उनका अगला कदम क्या होगा। संभावनाएं ये भी जताई जा रही हैं कि मनीष रावत भाजपा का दामन थामकर चुनावी दंगल में ताल ठोंक सकते हैं। फिलहाल हर किसी को उनके फैसले का इंतजार है।

## बसपा ने उतारे अपने महावत

बसपा ने शुक्रवार को चौथे चरण के लिए 53 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। सीतापुर की नौ विधानसभा सीटों में से सात पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान बसपा ने कर दिया है। सीतापुर की सदर सीट से खुर्शीद अंसारी, महोली से डा. राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, हरगांव से रानू चौधरी, लहरपुर से मोहम्मद जुनैद अंसारी, बिसवां से हाशिम अली, महमूदाबाद से मीसम अम्मार रिजवी और मिश्रिख से श्याम किशोर को बसपा ने प्रत्याशी बनाया है।

## अभाविप सीतापुर नगर इकाई ने किया सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

संवाददाता। सीतापुर

**अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद सीतापुर नगर इकाई के द्वारा प्रतिभा संगम के निमित्त सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ जिसमें जिला प्रमुख मनु शर्मा, विभाग संयोजक आकाश अवस्थी, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य आस्था गुप्ता, प्रांत कार्यसमिति सदस्य अविनाश मिश्रा स्वामी विवेकानंद व मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया ।

प्रांत कार्यसमिति सदस्य अविनाश मिश्रा ने बताया कि विद्यार्थी परिषद व्यक्तित्व विकास को लेकर विभिन्न प्रकार की कार्यक्रमों का आयोजन अपने स्थापना काल से करते आ रही। विभाग संयोजक आकाश अवस्थी ने बताया कि सीतापुर जिले के द्वारा प्रतिभा संगम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी नगर इकाइयों पर छात्रों के व्यक्तित्व विकास को लेकर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जा रही हैं । कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर नगर सह मंत्री अलखकान्त व अनुराग व आलोक आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## क्विक न्यूज

### आईआईए ने की संजीव गर्ग हत्या कांड के खुलासे की मांग

**बरेली।** गत 21 जनवरी को हुए संजीव गर्ग महावीर प्लाईवुड इण्डस्ट्रीज ए परसाखेड़ा के मालिक का शव कार में संदिग्ध हालत में मिला था आईआईए बरेली चैप्टर का एक प्रतिनिधि मण्डल नीरज गोयल के नेतृव में एस पी आर ए से मिला । एस 0 पी राज कुमार अग्रवाल ने दो . तीन दिन में केस को खोलने का आश्वासन दिया ए आई आइए ने कहा आज तक पुलिस प्रशासन द्वारा संजीव हत्याकाण्ड केस को नहीं खोला गया है । इस वजह से हमारे उद्यमियों में भय का माहौल बना हुआ है । अगर उद्यमियों के साथ इस तरह की घटनायें होंगी तो उद्यमी अपने परिवार व व्यवसाय को कैसे सुरक्षित महसूस करेगा । संजीव गर्ग हत्याकाण्ड का खुलासा खुलवाने की मांग की जिससे इसघटना का अनावरण हो सके और अपराधी को दंड मिले।

### रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी एक की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई दूसरी की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक के विरूद्ध कार्रवाई शुरू दीं। भूता थाना क्षेत्र के गांव सीमरा बाहोर नगला निवासी भगवान दास पुत्र त्रिवेणी तक कि कल शामण् मीरगंज थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि भगवान दास की बेटी का विवाह 18 फरवरी को है और वह बेटी के विवाह की तैयारियों में जुटा था वह कल दिन में मीरगंज निवासी अपने एक रिश्तेदार के घर विवाह का आमंत्रण देने गया था उसके साथ उसका भतीजा जसवीर भी था दोनों जब घर वापस लौट रहे थे तभी कुछ दूर चलने के बाद उनकी बाइक को सामने से आ रही रोडवेज बस में टक्कर मार दी जिससे दोनों घायल हो गए भगवान दास गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा लेकिन भगवान दास की रास्ते में मौत हो चुकी थी पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और दुर्घटना की सूचना घरवालों को दी तब जिला अस्पताल पहुंचे घर वालों ने भगवान दास के शव की शिनाख्त कर ली वो तीन बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम ब्रिजा देवी है लाश को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### ट्रेन से कटकर किशोरी की मौत

**बरेली।** ट्रेन से कटकर एक किशोरी की मौत हो गई। पुलिस ने लाश को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गांव कजरौटा निवासी विनोद कुमार की 17 वर्षीय बेटी सोनम कि कल दोपहर फरीदपुर थाना क्षेत्र के वीरपुर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई उसके घर वालों ने बताया कि सोनम कल दोपहर में सामान खरीदने के लिए घर से निकली थी लेकिन कुछ दूर जाने के बाद वीरपुर रेलवे स्टेशन के पास में ट्रेन की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई उसके पास मिले मोबाइल फोन से दुर्घटना की सूचना पुलिस ने घरवालों को दी जो मौके पर पहुंचे और लाश की शिनाख्त कर ली पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतका की मां का नाम मंजू शर्मा है वह आठ भाई बहन थे।

### एक कांड ने छीन लिया बच्चों का सहारा

**निघासन खीरी।** इलाके के झौव्वापुरवा गांव के समीप टपरी नामक गाँव में बीते बाइस दिन पूर्व दो पक्षो में मोबाइल को लेकर मारपीट हुई थी। जिसमें एक पक्ष की तरफसे महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी और पिताए पुत्र गंभीर घायल हो गए थे। पुलिस कार्रवाई में छह हत्यारोपियों जेल भेजे गए। घायल पिता पुत्र का इलाज लखनऊ में चल रहा था। वहीं घर के मुखिया गुरदीप सिंह की बीते गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गई और पुत्र कुलदीप की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है। घर के मुखिया का साया छूट जाने के बाद पूरा परिवार बेहाल है।वहीं शुक्रवार सुबह जब गुरदीप का शव गांव लाया गया तो परिवार में मातम छा गया। मोबाइल को लेकर पनपे विवाद में दो जाने ऐसी गई है जिसे सोंचकर लोग बेसहारा हुए बच्चों को ढांढस बधाते है। बीते छह जनवरी की रात इन बच्चों के लिए सदैव काली रात बनी रहेगी। जैसे तैसे पेट पालने वाले परिवार पर दुखो का बोझ टूट पड़ा है। घर के बड़े बुजुर्गों का साया उठने से बच्चे बेसहारा हो गए है। हालांकि परिवार में एक सयानी बेटी के अलावा दो बच्चे और है जिसमे से कुलदीप की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। इस बावत प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान यादव ने बताया कि आरोपी जेल में बंद है उनके ऊपर पहले से 302 व अन्य धाराओं में कार्रवाई हो चुकी है।तकरीबन बाइस दिनों के बाद गुरदीप सिंह की मौत हुई है। परिवार के साथ पुलिस की संवेदनाएं है। जितना हो सकेगा परिवार मदद के लिए पुलिस तत्पर रहेगी।

### धौराहरा, श्रीनगर व मोहम्मदी में एक-एक नामांकन पत्र दाखिल

**लखीमपुर खीरी।** जिला निर्वाचन अधिकारीए जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि शुक्रवार को विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के लिए विस निर्वाचन क्षेत्र धौराहरा में भाजपा से विनोद शंकरए श्रीनगर विस निर्वाचन क्षेत्र में सपा के रामशरन व मोहम्मदी विस निर्वाचन क्षेत्र से ऐक्शन पार्टी के अनुराग एम सारथी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके अलावा कस्ता से एक व्यक्ति ने 3 नामांकन पत्र, पलिया से 6 व्यक्तियों ने दस नामांकन पत्र, धौराहरा से 3 व्यक्तियों ने 3 नामांकन पत्र, मोहम्मदी से 2 व्यक्तियों ने 5 नामांकन पत्र, सदर से 4 व्यक्तियों ने 8 नामांकन पत्र, श्रीनगर से 3 व्यक्तियों ने 9 नामांकन पत्र, निघासन से 3 व्यक्तियों ने 7 नामांकन पत्र, गोला से 5 व्यक्तियों ने 6 नामांकन पत्र प्राप्त किए।

### 24 घंटे में 223 लीटर अवैध कच्ची शराब

**लखीमपुर खीरी।** अवैध शराब के निष्कर्षण एवं बिक्री के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में विगत विगत 24 घंटो में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए 223 लीटर अवैध कच्ची शराबए 3 अवैध शराब भट्ठी व शराब बनाने के विभिन्न उपकरण बरामद कर 21 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 19 अभियोग पंजीकृत किए गए।

### दो अस्पतालों पर हुई कार्रवाई





**मोहम्मदी खीरी।** नगर मोहम्मदी मे अबैध रूप से सचालित अस्पताल पर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई हुई। दो अस्पताल किऐ सीज हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य अधीक्षक डॉ सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुवायां रोड पर स्थित सहारा हॉस्पिटल तथा अशोक चौराहे पर स्थित रामजीवन अस्पताल को सीज करने की कार्यवाही की गयी है।जिसमे एक अस्पताल मे कोई रजिस्ट्रेशन नहीं पाया गया। वहीं दूसरे अस्पताल में कोई डाक्टर नहीं मिला।अस्पताल सीज होने से अन्य मानक विहीन अस्पताल के सचालकों में हड़कंप मचा है।

# घर-घर दस्तक देकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग करेंगी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं

● 90 फीसद पार मतदान के लिए हर बूथ और घर-घर पर जिला प्रशासन की नज़र

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**उत्तर प्रदेश** के खीरी जिले में विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में स्वयं समूह की महिलाएं वोट का परसेंटेज बढ़ाएंगी। अपने हुनर से जीवन का अंधेरा दूर करने में जुटीं 12182 स्वयं सहायता समूह से जुड़ी करीब एक लाख 30 हजार महिलाएं अब मतदान के दिन जिले को प्रथम श्रेणी में पास कराने का जिम्मा भी संभालेंगी। आकर्षक उत्पाद तैयार करने वाले ये हुनरमंद हाथ घर.घर से वोटर ;मतदाताद्ध निकालकर बूथ तक लाएंगे और मतदान प्रतिशत बढ़ाने में योगदान करेंगे। इसके लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सभी स्वयं सहायता समूहो को पत्र भी भेजा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ाकर 90 फीसद पार करने का लक्ष्य रखा है और इसके लिए कई स्तरीय कार्ययोजना भी बनाई गई है। इसमें सबसे अहम होगा स्वयं सहायता समूहों का सहयोग। स्वयं सहायता समूहों को लगातार सक्रिय करने पर काम किया गया है। इन समूहों से जिले में बड़ी संख्या में महिलाएं जुड़ी हैं। आजीविका के लिए इन महिलाओं को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया है। प्रशासन का मानना है कि हर बूथ पर मतदान बढ़ाने के लक्ष्य से पूरे जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सफलता मिलेगी।

**महिला समूह ने बनाई अलग पहचान:** सक्रियता के चलते इन महिलाओं की गांव में पहचान होती है। इसी बात का सकारात्मक प्रयोग करने की योजना जिला प्रशासन ने बनाई है। ये महिलाएं अपने गांव में घर.घर जाएंगी और मेरा मतदानए मेरा अधिकारए मेरा गौरव की तर्ज पर परिवार के सदस्यों को जागरूक करेंगी। उनका प्रयास होगा कि लोग घर से जरूर निकलें और बूथ पर आकर वोट दें। जिला निर्वाचन अधिकारीए जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र बहादुर सिंह बताते हैं कि कम मतदान वाले बूथों को चिह्नित किया गया है। घर.घर जाकर महिलाएं उन कारणों की भी तलाश करेंगीए जिसके चलते लोग घरों से नहीं निकलते हैं। कोशिश है कि इस बार जिले में कम से कम 90 प्रतिशत पार मतदान जरूर हो।

**मतदान बढ़ाने को होंगे उपाय:** डीएम का कहना है कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई स्तरीय कार्ययोजना बनाई गई है। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं इस अभियान का प्रमुख अंग होंगी। कोरोना संक्रमण में काम करने वाली निगरानी समितियों के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आशा बहू भी इस अभियान से जुड़ी रहेंगी। बूथ लेवल आफिसर ;बीएलओद्ध भी घर.घर जाकर वोट देने की अपील करेंगे। अच्छा काम करने वालों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस पूरे अभियान की निगरानी सीडीओ अनिल कुमार सिंह करेंगे।

## भाजपा के मैलानी जनसंपर्क कार्यालय का हुआ उद्धघाटन



**मैलानी-खीरी।** भारतीय जनता पार्टी गोला विधानसभा प्रत्याशी अरविंद गिरि क्षेत्र में लगातार कार्यकर्ताओं व जनमानस के बीच आगामी 2022 विधानसभा चुनाव को लेकर सक्रिय है उसी क्रम में नगर पंचायत मैलानी में भाजपा का जनसम्पर्क कार्यालय का भव्य उद्धघाटन हुआ। इस अवसर पर अपने संक्षिप्त उद्बबोधन में अरविंद गिरि ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया व कहा कि सभी पूरी निष्ठा से पार्टी की नीतियों तक जन जन तक पहुँचाने का कार्य करे। साथ ही चुनाव तक अपना बहुमूल्य समय प्रदान कर पार्टी के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए पूर्णतया समर्थित होकर आने बूथ को जिताने का प्रयास करे क्योकि बूथ जीता तो चुनाव जीता। कार्यालय उद्धघाटन के पश्चात रविमद गिरि ने जनसंपर्क कर पार्टी के पक्ष में वोट मांगे। उक्त अवसर पर अमित अरोड़ा मैलानी व्यापार मंडल, शत्रुधन मिश्र गोला भाजपा नगर अध्यक्षद्ध, अनूप वर्मा,कुलदीप वर्मा मैलानी मंडल अध्यक्ष, आसमा बानो मैलानी मंडल महामंत्री, हरीश भारती कार्यालय प्रभारी, सरदार यशपाल सिंह गोला नगर अध्यक्ष, श्रीमती सत्यवती देवी मैलानी नगर अध्यक्षा, नीरज वाजपेयी पूर्व मैलानी नगर अध्यक्ष, आनंद कुमार मौर्य पूर्व मंत्री ज़िला पिछड़ावर्ग, प्रताप सिंह रावत अध्यक्ष मैलानी, शिवगोविंद कुशवाहा सेक्टर मैलानी अध्यक्ष, कफील अहमद सभासद गोला, अय्यूब खान सभासद गोला, उमाचरण सभासद गोला, भारतीय जनता युवा मोर्चा, भाजपा पार्टी पदाधिकारीगण व प्रमुख साथी उपस्थित रहे।

## राजापुर मंडी पहुंचे जिलाधिकारी

● विधानसभावार मतगणना स्थल, स्ट्रांग रूम का किया मुआयना, दिए निर्देश



**लखीमपुर खीरी।** शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र बहादुर सिंहए सीडीओ अनिल कुमार सिंहए एडीएम संजय कुमार सिंह के संग कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर पहुंचेए जहां उन्होंने विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के लिए जिले की आठो विधानसभाओ के लिए मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम की तैयारियां परखी।

जिला मजिस्ट्रेट ने अफसरों से निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया को लेकर गहन मंथन कियाए संबंधित को निर्देशित किया कि सारी तैयारी पुख्ता हो ताकि मतगणना के दौरान कोई असुविधा व समस्या न होने पाए। डीएम ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के मद्देनजर कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर में प्रस्तावित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने अफसरों के संग पूरे मंडी परिसर का पैदल भ्रमण कर मतगणना स्थलए स्ट्रांग रूम की तैयारियां देखी। संबंधित अधिकारियों से उन्होंने प्रस्तावित मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम के लिए आवश्यक सुविधाओंए व्यवस्थाओं और सुरक्षा प्रबंध के संदर्भ में जारी तैयारियों के बारे में भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सीडीओ अनिल कुमार सिंह, डिप्टी डीईओध् एडीएम संजय सिंह, आरओ राजेश कुमार, विनीत उपाध्याय, पंकज श्रीवास्तव, श्रद्धा सिंह, विधेश, डॉ अमरेश, धीरेंद्र सिंह, अविनाश चंद्र मौर्य समेत डिप्टी कलेक्टर इला प्रकाश मौजूद रही।

# गुजरात के पदाधिकारियों ने ली बूथ कमेटी की बैठक



**गोला-खीरी।** गोला के सिद्धि विनायक गेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित मेरा बूथ सबसे मज़बूत कार्यशाला का आयोजन हुआ।

बैठक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रशाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ ही बैठक का शुभारंभ हुआ। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्र, दयाशंकर मौर्य ;विधानसभा प्रभारीद्ध, गुजरात राज्य से आए प्रभारिगणों में गुजरात के विधायक राजेन्द्र छाबड़ा, ज्योतिर्मय बरतरिया ; ज़िला महामंत्रीद्ध, अमूल समूह के अध्यक्ष अशोक चौधरी, रमेश उकानी, प्रवीण माली सहित अनूप विस्तारक, भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारीगण व सदस्य, नगर के बूथ अध्यक्ष, महिला संगठन के पदाधिकारीगण भारी संख्या में युवा बूथ सदस्य उपस्तिथ रहे।

उक्त बैठक में बूथ को मजबूत करने विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की।

बैठक में गुजरात के विधायक राजेन्द्र छाबड़ा ने कहा कि गुजरातके कॉंग्रेस का अस्तित्व समाप्त हो चुका है उसका कारण है भाजपा की नीतियां व उनका सशक्त क्रियान्वन व कार्यकर्ता का समस्त प्रकार के भेदभाव को भुलाकर चुनाव के समय संगठित होकर कार्य करना। यही कारण है कि पिछले कई वर्षों से गुजरात मे भाजपा की सरकार है इसका श्रेय निश्चित तौर पर कार्यकर्ताओं को जाता है जो दिन रात मेहनत कर भाजपा की नीतियों को जनता के बीच पहुँचाने का कार्य करते है। उन्होंने कहा इन्ही कार्यकर्ताओं की सहायता से मोदी जी गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर भारत के प्रधानमंत्री पद की गरिमा बढ़ा रहे है। उन्होंने आगे कहा कि सभी बूथ अध्यक्ष व सदस्यों को आने बूथ को जिताने का भरसक प्रयास करना है क्योंकि अगर आपका बूथ जीता तो भाजपा का प्रत्याशी जीता और भाजपा प्रत्याशी जीता तो माननीय योगी आदित्यनाथ पुन: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे साथ ही 2024 के लोकसभा चुनाव में इसका जो संदेश जाएगा उस बलबूते मोदी पुन: भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे। उक्त अवसर पर अमूल डेयरी के चेयरमैन अशोक चौधरी ने भी गोला विधानसभा के समस्त बूथों के महिला व पुरुष अध्यक्ष व सदस्यों को संबोधित किया।

बैठक में भाजपा प्रत्याशी अरविंद गिरि ने कहा कि उन्होंने 1984 से एक प्रधान बनने से लेकर विधायक बनने के सफर में आज तक कभी भी क्षेत्र की जनता के साथ जातिए धर्मए सम्प्रदाय के आधार पर भेदभाव नही किया। उनका एक ही उद्देश्य रहा कि गोला का कैसे सर्वगीड़ विकास हो। विधायक ने कहा यह चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण चुनाव है इसलिए सभी बूथ अध्यक्ष महिला व पुरुष समूह अत्यंत गंभीरता से दरवाजे दरवाज़े जाकर पार्टी के लिए कार्य करे। विधायक ने कहा कि यह बूथ कमेटी ही होती है जो अपने प्रत्याशी को जिताने का काम करती है और हर तरह के विवादों को अकेले सामना करतु है पररयाशी तो बाद में पहुंचता है। गिरि ने खचाखच भरे सभागार में सभी पदाधिकारियों जिनमे महिलाओं व पुरुष सभी उपस्तिथ थे सभी से निवेदन किया कि यदि आने ऊना बूथ जीत लियी तो आने चुनाव जीत लिया इसके लिए तबतक आराम से नही बैठना है जब तक चुनाव पूरा न कर लिया जाए। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की गंगा देवी ज़िला मंत्री, सीमा सक्सेना ज़िला उपाध्यक्ष, गीता विश्वकर्मा गोला नगर अध्यक्ष, प्रीति गुप्ता पूर्व जिला उपाध्यक्ष, सरला सिंह वरिष्ठ कार्यकत्री, मैलानी भाजपा मोर्चा की मंत्री अनीता शर्मा व पुरुष बूथ पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा ने किया।

# नडाल रिकार्ड 21वें खिताब से एक जीत दूर

आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस

## ●मेदवेदेव से होगा खिताबी मुकाबला

एपी। मेलबर्न

**रफेल** नडाल अब रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच को पछाड़कर पुरुष टेनिस में रिकॉर्ड 21वें एकल ग्रैंडस्लैम खिताब से महज एक जीत दूर हैं। स्पेन के 35 वर्ष के इस धुरंधर ने इटली के माटियो बेरेत्तिनी को 6-3, 6-2, 3-6, 6-3 से हराकर छठी बार आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना दूसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव से होगा।

यूएस ओपन चैंपियन मेदवेदेव ने एक अन्य सेमीफाइनल में स्टेफनोस सिटसिपास को 7-6 (5), 4-6, 6-4, 6-1 से पराजित किया। मेदवेदेव ओपन युग में पहले ऐसे खिलाड़ी बनने की कवायद में हैं जिन्होंने अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने के बाद अगले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में भी जीत दर्ज की। अब तक सिर्फ एक बार 2009 में आस्ट्रेलियाई ओपन


जीत के बाद भावुक नडाल

जीत सके नडाल ने पहले दोनों सेटों में दबदबा बनाए रखा और इतालवी प्रतिद्वंद्वी को कोर्ट के चारों ओर दौड़ाया। दूसरे सेट में उन्होंने 4-0 की बढत बना ली।

सातवीं वरीयता प्राप्त बेरेत्तिनी 11 प्रयासों में सिर्फ एक बार अपनी दूसरी सर्विस पर अंक बना सके। भारी बारिश के कारण रॉड लेवर एरेना की छत बंद कर दी गई जिससे भीतर काफी उमस हो गई थी। ऐसे में गेंद भारी और सपाट हो गई थी। पहले दो सेट में सभी लंबी रेलियां छठी वरीयता प्राप्त स्पेनिश धुरंधर नडाल के पक्ष में


स्टेफनोस सिटसिपास को हराने के बाद दानिल मेदवेदेव

गई। तीसरे सेट में बेरेत्तिनी ने वापसी की और आठवें गेम में तीन ब्रेक प्वाइंट बनाकर दूसरे को भुनाया और 5-3 की बढत बना ली। उन्होंने अगले गेम में सर्विस बरकरार रखते हुए लगातार चार अंकों के साथ मैच को चौथे सेट में खिंचा।

चौथे सेट के आठवें गेम में नडाल ने उनकी सर्विस फिर तोड़ी और मैच अपने नाम कर लिया। क्वार्टर फाइनल में दो सेट से पिछड़ने और मैच प्वाइंट बचाने वाले रूसी खिलाड़ी मेदवेदेव के लिए दो दिन बाद सिटसिपास के खिलाफ मैच भी भावनात्मक रहा। उन्होंने दूसरे सेट में सर्विस गंवाने के बाद चेयर अंपायर पर अपनी नाराजगी भी जताई। उन्होंने मांग की थी कि सिटसिपास को दर्शकों के बीच बैठे उनके पिता कोचिंग दे रहे हैं और इसके लिए यूनानी खिलाड़ी को चेतावनी दी जानी चाहिए।

मेदवेदेव यह सेट हार गए। उन्होंने पांच मिनट का विश्राम लिया और अधिक जज्बे के साथ कोर्ट पर उतरे। उन्होंने तीसरे सेट के आखिर में ब्रेक प्वाइंट लिया और फिर अगले सेट में लगातार पांच अंक बनाकर जीत दर्ज की।


# आईसीसी ने ब्रेंडन टेलर पर साढ़े तीन साल का प्रतिबंध लगाया

## ●स्पॉट फिक्सिंग की पेशकश की रिपोर्ट सही समय पर नहीं करने पर आईसीसी ने की कार्रवाई

भाषा। दुबई

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान ब्रेंडन टेलर पर 2019 में भारतीय व्यवसाई द्वारा स्पॉट फिक्सिंग की पेशकश की रिपोर्ट समय पर नहीं करने के लिए शुक्रवार को साढ़े तीन साल का प्रतिबंध लगाया। आईसीसी ने इसके साथ ही टेलर को इसी प्रकरण के दौरान कोकीन लेने के कारण डोप परीक्षण में विफल रहने के लिए एक महीने के लिए निलंबित किया है। विश्व संस्था ने अपने बयान में कहा कि टेलर ने स्वीकार किया है कि उन्होंने आईसीसी की भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के प्रावधानों को उल्लंघन किया।

आईसीसी ने कहा कि जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान ब्रेंडन टेलर को



आईसीसी भ्रष्टाचार रोधी संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन करने के चार आरोपों और आईसीसी डोपिंग रोधी संहिता के एक आरोप को स्वीकार करने के बाद साढ़े तीन साल के लिए सभी तरह की क्रिकेट से प्रतिबंधित कर दिया गया है। टेलर ने 24 जनवरी को खुलासा किया था कि एक भारतीय व्यवसाई के साथ बैठक के दौरान मूर्खतापूर्वक कोकीन लेने के बाद उन्हें ब्लैकमेल किया गया था। टेलर ने कहा था कि उन्हें भारतीय व्यवसाई द्वारा 2019 में भ्रष्ट पेशकश की रिपोर्ट समय पर नहीं करने के कारण कई साल का प्रतिबंध झेलना पड़ सकता है।

टेलर ने दावा किया था कि भारतीय व्यवसाई ने उन्हें भारत में प्रायोजक दिलाने और जिम्बाब्वे में एक टी-20 टूर्नामेंट की संभावित योजना पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया था। उन्होंने व्यवासाई के नाम का खुलासा किए बिना कहा था कि उन्हें अक्टूबर, 2019 में 15,000 डॉलर की पेशकश की गई थी। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल संन्यास लेने से पहले 205 एकदिवसीय, 34 टेस्ट और 45 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उन्हें बेंजोइलकोगनाइन के सेवन का दोषी पाया गया था जिसकी वजह कोकीन का सेवन होता है। आईसीसी ने कहा कि आईसीसी भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के तहत साढ़े तीन साल के प्रतिबंध के साथ ही एक महीने का निलंबन चलेगा। टेलर 28 जुलाई 2025 के बाद खेल से जुड़ी गतिविधियों में शामिल होने के लिए स्वतंत्र होंगे।

# भारत ने चीन को हराकर कांस्य जीता

## महिला एशिया कप हॉकी

भाषा। मस्कट

**पिछली** बार की चैम्पियन भारतीय टीम ने चीन को 2-0 गोल से हराकर महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में तीसरे स्थान से संतोष किया। भारतीय खिलाड़ियों ने कोरिया से सेमीफाइनल में मिली निराशा को पीछे छोड़ते हुए पहले दो क्वार्टर में नियंत्रण बनाए रखा और इसी दौरान दो गोल कर दिए जिससे मध्यांतर तक उसने चीन पर 2-0 गोल तक की बढ़त बना ली थी। हालांकि दूसरे हाफ में टीम कोई गोल नहीं कर सकी। भारतीय खिलाड़ियों ने अच्छी शुरूआत की और दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए जिसमें से एक में शर्मिला देवी ने 13वें मिनट में अपनी टीम को बढ़त दिला दी। गुरजीत कौर के फ्लिक को चीन की रक्षात्मक पंक्ति ने रोक दिया और इसके रिबाउंड पर शर्मिला ने गोल दाग दिया।

भारत ने दूसरे क्वार्टर में भी इसी लय में खेलना जारी रखा। भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार सेंध लगाकर चीन की रक्षात्मक पंक्ति पर दबाव बनाए रखा और फिर 19वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। गुरजीत ने शानदार ड्रैग फ्लिक से इसे गोल में बदलकर स्कोर 2-0 कर दिया। चीन ने भी जवाब देते हुए एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन भारतीय कप्तान और गोलकीपर सविता पूनिया ने इसे शानदार तरीके से नाकाम कर दिया। दो गोल से पिछड़ने के बाद चीन की टीम छोर बदलने के बाद काफी आक्रामक हो गई और उसने भारतीय रक्षात्मक पंक्ति पर दबाव बनाने का प्रयास किया लेकिन वे सफल नहीं हो सकीं। चौथे और अंतिम क्वार्टर में भारतीयों ने दबाव तो बना लिया था, पर वे कोई भी सटीक मौका ढूंढने में सफल नहीं हो सकीं।

चीन ने निर्धारित समय से 10 मिनट पहले एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, पर भारतीयों ने अच्छा बचाव करते हुए इसे नाकाम कर दिया। मैच के अंत में चीन ने लगातार कोशिश जारी रखीं और इसी प्रक्रिया में लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर भी प्राप्त किए लेकिन उसकी खिलाड़ी इनका फायदा नहीं उठा सकीं। जापान की टीम फाइनल में कोरिया से भिड़ेगी। टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रहने के बाद कोविड-19 महामारी के कारण मैच अभ्यास की कमी का खामियाजा गत चैम्पियन भारत को भुगतना पड़ा।

# रोहित की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट सुरक्षित : सैमी

## ●कोहली मैदान में अपने प्रदर्शन से शानदार रहा

भाषा। मस्कट

**वेस्टइंडीज** के पूर्व कप्तान डेरेन सैमी को लगता है कि रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है और उन्होंने टीम के साथी खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ निकालने की काबिलियत के मामले में भारत के इस सीनियर बल्लेबाज को महान क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के बराबर ही रखा।

पांच बार इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब जीतने वाली टीम के कप्तान रोहित अब फिट हो चुके हैं और छह फरवरी से अहमदाबाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही



आगामी तीन वनडे और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में भारत की सीमित ओवरों की टीम की जिम्मेदारी उठाएंगे। बीसीसीआई ने विराट कोहली को वनडे कप्तानी से हटा दिया था जिसके बाद रोहित को कप्तान बनाया गया। सैमी ने यहां लीजेंड्स लीग क्रिकेट के मौके पर कहा कि कोहली मैदान पर अपने प्रदर्शन में शानदार रहा है। मुझे नहीं लगता कि इससे टीम प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि रोहित मुंबई इंडियंस के साथ शानदार कप्तान रहा है, जो काफी प्रेरणादाई कप्तान है। मैंने आईपीएल में उसे मुंबई की कप्तानी करते हुए देखा है। वह जीत दर्ज करने वाले कप्तानों जैसे एमएस धोनी, गौतम गंभीर के साथ शामिल है। 38 साल के इस खिलाड़ी ने कहा कि सभी खिलाड़ी अपनी टीम के साथियों से अच्छा प्रदर्शन करा सकते हैं। कप्तान नतीजे के साथ ट्राफियां भी जीतते हैं। मैं भारतीय क्रिकेट के बारे में चिंतित नहीं हूं। यह सुरक्षित हाथों में है। सैमी ने 2021 में चेन्नई सुपर किंग्स को चौथा आईपीएल खिताब जीतने वाले कप्तान धोनी का उदाहरण देते हुए कहा कि धोनी जैसे खिलाड़ी को देखिए। उसने पूरे सत्र में ज्यादा अच्छा नहीं किया लेकिन टीम को जब प्लेऑफ में उसकी जरूरत थी तो उसने धमाल कर दिया। धोनी ने पिछले सत्र के सेमीफाइनल में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अंतिम ओवर में तीन चौके लगाकर छह गेंद में नाबाद 18 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। आगामी श्रृंखला के बारे में बात करते हुए सैमी ने कहा कि भारत के लिए कीरोन पोलार्ड की अगुआई वाली टीम के खिलाफ चीजें आसान नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि पोलार्ड की टीम को इसका फायदा उठाना चाहिए। वेस्टइंडीज ने आयरलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में 1-2 से मिली हार के बाद वापसी करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय घरेलू श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली है।

# क्वार्टरफाइनल में भारत व बांग्लादेश आमने-सामने

अंडर-19 विश्व कप

भाषा। ओसबोर्न (एंटीगा)

**कोविड-19** संक्रमण से प्रभावित भारतीय टीम कप्तान यश धुल सहित अपने महत्वपूर्ण खिलाड़ियों की वापसी से मजबूत होगी और रिकॉर्ड चार बार की चैम्पियन टीम का इरादा शनिवार को अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के तीसरे क्वार्टरफाइनल में गत चैम्पियन बांग्लादेश के खिलाफ जीत से अगले दौर में पहुंचने का होगा।

भारतीय टीम के आधा दर्जन खिलाड़ी कोरोना वायरस की चपेट में आ गए थे जिसमें से ज्यादातर संक्रमण से उबर चुके हैं और इस महत्वपूर्ण मुकाबले में खेलने के लिए तैयार हैं। हालांकि धुल की अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने वाले निशांत सिंधू पॉजिटिव आए हैं और वह मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। टीम में उनकी जगह अनीश्वर गौतम लेंगे। छह खिलाड़ी - कप्तान धुल, उप कप्तान शेख रशीद, सिद्धार्थ यादव, अराध्य यादव, वासु वत्स और मानव पारिख - आयरलैंड के मैच से पहले आरटी पीसीआर जांच में पॉजिटिव आए थे। सभी शनिवार को मैच के लिए उपलब्ध होंगे। धुल और अन्य संक्रमित खिलाड़ी त्रिनिदाद में सात दिन के पृथकवास के बाद शुक्रवार की सुबह एंटीगा पहुंच गए।

यह खिलाड़ी आयरलैंड के खिलाफ भारत के दूसरे लीग मैच से पहले पृथकवास में चले गए थे जिससे चार बार की चैम्पियन टीम को बड़ा झटका लगा था।

इनमें से पांच आरटी पीसीआर जांच में पॉजिटिव पाए गए थे और युगांडा के खिलाफ अंतिम लीग मैच नहीं खेल पाए थे। हालांकि टीम में अच्छे खिलाड़ियों की मौजूदगी की बदौलत भारत इन मैचों में आसानी से जीतकर ग्रुप की शीर्ष टीम के तौर पर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गया। युगांडा के खिलाफ मैच विजई शतक जड़ने के बाद सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी और आल राउंडर राज बावा का आत्मविश्वास काफी बढ़ा होगा। बाएं हाथ के स्पिनर विक्की ओस्तवाल सात विकेट लेकर टूर्नामेंट में भारत के बेहतरीन गेंदबाज रहे हैं। एक अन्य बाएं हाथ के स्पिनर सिंधू ने भी कसी गेंदबाजी की है, उन्होंने 2.76 रन प्रति ओवर के इकोनोमी रेट से चार विकेट झटके हैं। टूर्नामेंट के 2020 चरण के फाइनल में भी बांग्लादेश का सामना भारत से हुआ था, जिसमें उसने प्रबल दावेदार को हराकर उलटफेर करते हुए पहला खिताब जीता था। बांग्लादेश के कप्तान रकीबुल हसन उस यादगार फाइनल का हिस्सा थे।

बांग्लादेश का नॉकआउट तक का सफर भारत जितना आसान नहीं रहा। इंग्लैंड ने उन्हें पहले मैच में हरा दिया था लेकिन उसने कनाडा और संयुक्त अरब अमीरात पर जीत के बाद क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

### अफगानिस्तान सेमीफाइनल में, इंग्लैंड से होगी भिड़ंत

कूलिज (एंटीगा)। अफगानिस्तान ने श्रीलंका को चार रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली जहां उसका सामना इंग्लैंड से होगा। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई अफगानिस्तान टीम 134 रन पर आउट हो गई। इसके बाद उसके गेंदबाजों ने हालांकि शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत की इबारत लिखी और श्रीलंका को 46 ओवर में 130 रन पर आउट कर दिया। श्रीलंका के कप्तान दुनिथ वेल्लालागे ने 61 गेंद में 34 रन बनाए और लग रहा था कि वे टीम को जीत तक ले जाएंगे लेकिन ऐसा हुआ नहीं। अब सेमीफाइनल में एक फरवरी को अफगानिस्तान का सामना इंग्लैंड से होगा। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाजों नांगेयालिया खरोटे और बिलाल सैयदी ने अच्छी शुरूआत की लेकिन ट्राविन मैथ्यू ने सैयदी को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ओवर में खरोटे भी अपना विकेट गंवा बैठे।

## दो चरण में खेली जाएगी रणजी ट्रॉफी : बीसीसीआई

**नई दिल्ली**। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने शुक्रवार को कहा कि स्थगित की गई रणजी ट्रॉफी अगले महीने से दो चरण में खेली जाएगी। पिछले साल कोरोना महामारी के कारण टूर्नामेंट का आयोजन नहीं किया गया था। समझा जाता है कि 38 टीमों का यह टूर्नामेंट फरवरी के दूसरे सप्ताह में शुरू होगा और पहला चरण एक महीने तक चलेगा।

पहले इसका आयोजन 13 जनवरी से होना था लेकिन कोरोना महामारी की तीसरी लहर के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था।

शाह ने एक बयान में कहा कि बोर्ड ने रणजी ट्रॉफी का आयोजन दो चरण में करने का फैसला किया है। पहले चरण में लीग स्तर के मैच होंगे और नॉकआउट जून में खेले जाएंगे। उन्होंने कहा कि मेरी टीम महामारी के कारण स्वास्थ्य को लेकर किसी तरह के जोखिम से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर रही है। शाह ने कहा कि बीसीसीआई रणजी ट्रॉफी के महत्व को समझती है।

# रणजी ट्रॉफी की उपेक्षा करने पर रीढहीन हो जाएगा भारतीय क्रिकेट : रवि शास्त्री

## ●पूर्व कोच का यह बयान बोर्ड की रणजी ट्राफी को दो चरणों में कराने के फैसले से पहले आया

भाषा। नई दिल्ली

**पूर्व** मुख्य कोच रवि शास्त्री ने शुक्रवार को कहा कि रणजी ट्रॉफी की उपेक्षा करने पर भारतीय क्रिकेट रीढहीन हो जाएगा। शास्त्री ने यह बयान रणजी ट्रॉफी अगले महीने से दो चरण में कराने की बीसीसीआई की घोषणा से कुछ समय पहले ही दिया।

रणजी ट्रॉफी 13 जनवरी से खेली जानी थी लेकिन कोरोना महामारी की तीसरी लहर के कारण इसे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। शास्त्री ने ट्वीट किया



कि रणजी ट्रॉफी भारतीय क्रिकेट की रीढ है। इसकी उपेक्षा करने पर आप रीढहीन हो जाएंगे।

शास्त्री के ट्वीट के एक घंटे बाद ही बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक बयान में टूर्नामेंट के दो चरण में आयोजन की पुष्टि की। शाह ने एक बयान में कहा कि बोर्ड ने रणजी ट्रॉफी का आयोजन दो चरण में करने का फैसला किया है। पहले चरण में लीग स्तर के मैच होंगे और नॉकआउट जून में खेले जाएंगे। समझा जाता है कि 38 टीमों का टूर्नामेंट फरवरी के दूसरे सप्ताह से शुरू होकर एक महीने तक चलेगा। बीसीसीआई कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने बृहस्पतिवार को बोर्ड की बैठक के बाद कहा था कि बोर्ड दो चरण में रणजी ट्रॉफी का आयोजन कर सकता है। इसकी वजह यह है कि 27 मार्च से आईपीएल शुरू हो रहा है और ऐसे में एक बार में रणजी ट्रॉफी करा पाना संभव नहीं है।

बैठक में बोर्ड अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह भी मौजूद थे। बोर्ड की योजना रणजी ट्रॉफी का पहला सत्र फरवरी से मार्च और दूसरा सत्र जून जुलाई में कराने की है। महामारी के कारण पिछले सत्र में बीसीसीआई सिर्फ विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी करा पाया था।

बीसीसीआई ने पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी नहीं होने पर सभी प्रथम श्रेणी क्रिकेटरों को मैच फीस का 50 फीसदी भुगतान किया था।

# महिला विश्व कप के कार्यक्रम में कोई फेरबदल नहीं होगा: आईसीसी

भाषा। दुबई

**आईसीसी** महिला वनडे विश्व कप की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) आंद्रिया नेल्सन ने शुक्रवार को कहा कि मेजबान देश न्यूजीलैंड में हाल में कोविड-19 के वैरिएंट ओमिक्रोन के फैलने के बावजूद टूर्नामेंट के कार्यक्रम या स्थलों की संख्या में कोई बदलाव नहीं होगा। महिला विश्व कप का आयोजन चार मार्च से न्यूजीलैंड में कराया जाना है जिसमें टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में मेजबान का सामना वेस्टइंडीज से होगा। नेल्सन ने कहा कि हम यहां पिछले कुछ समय से 2022 में विश्व कप की मेजबानी की तैयारी कर रहे हैं जिसे पहले 2021 में कराया जाना था। हम निर्धारित समय के अनुसार ही चल रहे हैं और तौरंगा में शुरूआती मैच से 35 दिन और क्राइस्टचर्च में



हेगले ओवल में फाइनल से 66 दिन दूर हैं। उन्होंने शुक्रवार की सुबह चुनिंदा पत्रकारों के ग्रुप से कहा, पहली बात तो टूर्नामेंट का कार्यक्रम वही है और जिसमें न्यूजीलैंड में कई स्थल पर मैच खेले जाने हैं। उन्होंने कहा कि हम जैव सुरक्षित माहौल के बारे में आईसीसी के साथ काम कर रहे हैं, लेकिन टूर्नामेंट पूरे देश में ही आयोजित किया जाएगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कोविड-19 संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए कुछ पुरुष और महिला टूर्नामेंट में कुछ बदलाव की घोषणा की थी ताकि टीमों को ज्यादा यात्रा नहीं करनी पड़ें पर महिला विश्व कप के लिए कोई बदलाव नहीं किया जाएगा जिसके मैच छह स्थल तौरंगा, डुनेडिन, हैमिल्टन, वेलिंगटन, ऑकलैंड और क्राइस्टचर्च में ही खेले जाएंगे।

## इराक को हराकर ईरान ने विश्व कप में जगह बनाई

एपी। तेहरान

**मेहदी** तारेमी के गोल की मदद से ईरान ने इराक को एशिया क्षेत्र ग्रुप ए के मैच में 1-0 गोल से हराकर लगातार तीसरी बार विश्व कप फुटबाल में जगह बना ली। एफसी पोर्तो के स्ट्राइकर तारेमी ने मैच का एकमात्र गोल 48वें मिनट में दागा। उन्होंने मिडफील्डर अली रजा जहांबख्श के पास पर गोल किया। ईरान ने छठी बार विश्व कप में जगह पक्की की है। कोरोना संक्रमण के बढते मामलों के बावजूद सरकार ने एक लाख की क्षमता वाले स्टेडियम में एक दर्शकों को प्रवेश की अनुमति दी थी, जिनमें दो हजार से अधिक महिलाएं थी। फीफा लंबे समय से ईरान से यह आश्वासन मांगता आया है कि महिलाओं को 2022 विश्व कप फुटबॉल के क्वालीफायर देखने की अनुमति मिलेगी।

# किरण उलटफेर कर ओडिसा ओपन के सेमीफाइनल में

भाषा। कटक

**किरण** जॉर्ज ने शुक्रवार को यहां तीसरे वरीय शुभंकर डे को हराकर उलटफेर करते हुए ओडिशा ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरूष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया जबकि फॉर्म में चल रही शटलर मालविका बंसोड़ भी महिला स्पर्धा के अंतिम चार में पहुंच गईं।

गैर वरीयता प्राप्त जॉर्ज ने अपने से उंची रैंकिंग वाले शुभंकर को 21-16, 10-21, 21-19 से हराया। शुभंकर पुरूष एकल स्पर्धा में अंतिम वरीय खिलाड़ी बचे थे।

अब 21 साल के जॉर्ज का सामना अंसल यादव और थारून मानेपल्ली के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल के विजेता से होगा। सैयद मोदी इंटरनेशनल के फाइनल में पहुंचकर पीवी सिंधू से हारने वाली मालविका ने प्रभावित करना जारी रखा, उन्होंने 58 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में साथी भारतीय तान्या हेमंत पर 21-13 16-21 21-17 से जीत हासिल की। मालविका ने इस महीने के शुरू में इंडिया ओपन में अपनी आदर्श साइना नेहवाल को हराया था।

अब मालविका का सामना सेमीफाइनल में उन्नति हुड्डा से होगा। पांचवीं वरीय अश्मिता चालिहा ने रूचा सावंत को 21-17, 21-15 से हराकर महिला एकल के अंतिम चार में स्थान पक्का किया जिसमें वह हमवतन स्मित तोश्निवाल से भिड़ेंगी जिन्होंने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अमेरिका की इशिका जयसवाल को 8-21, 21-9, 21-14 से हराया था।

एक अन्य महिला एकल क्वार्टरफाइनल में उन्नति हुड्डा ने साथी भारतीय सामिया इमाद फारूखी को 26 मिनट में 21-10, 21-15 से हराया।

# मुल्तान ने कराची को हराकर धमाकेदार शुरुआत की

पीएसएल

एपी। कराची

**गत** चैम्पियन मुल्तान सुल्तांस ने पाकिस्तान सुपर लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में कराची किंग्स को सात विकेट से हरा दिया। लीग की शुरूआत पर हालांकि कोरोना का साया पड़ गया है चूंकि कई खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य पॉजिटिव पाए जाने के बाद पृथकवास में हैं।

मोहम्मद रिजवान के 47 गेंद में नाबाद 52 रन की मदद से मुल्तान ने दस गेंद बाकी रहते तीन विकेट पर 126 रन बनाकर जीत दर्ज की। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के लेग स्पिनर इमरान ताहिर ने 16 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिसकी वजह से कराची पांच विकेट पर 124 रन ही बना सकी। कोरोना संक्रमण की वजह से पेशावर जाल्मी के वहाब रियाज और कामरान अकमल जबकि कराची के इमाद वसीम पृथकवास में हैं। स्टार हरफनमौला शाहिद अफरीदी गुरूवार को पॉजिटिव पाए गए और क्वेटा ग्लैडिएटर्स के लिए पहले चार मैच नहीं खेल सकेंगे।

कराची के प्रमुख तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर भी बाजू में खिंचाव के कारण पहले मैच से बाहर थे। पहली बार कराची की कप्तानी कर रहे बाबर आजम और शरजील खान लय नहीं बना सके।

मुल्तान के लिए डेविड विली और शाहनवाज दहानी ने शुरूआत में काफी किफायती गेंदबाजी की। इसके बाद ताहिर ने मध्यक्रम की बखिया उधेड़ डाली।

शरजील ने 43 और बाबर ने 29 गेंद में 23 रन बनाए। कराची के चारों विदेशी बल्लेबाज नाकाम रहे।